सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 06 नवम्बर , 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 299, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## व्यापक स्वर्ण नीति अपनाने का समय

भारत सबसे बड़े सर्राफा बाजारों में एक है जो स्वर्ण के प्रति सांस्कृतिक लगाव व निवेश मांग से प्रभावित है, और भारत के लिए व्यापक स्वर्ण नीति अपनाने का समय है। } 14

## व्यापार पर चर्चा कर रहे हैं भारत-अमेरिका : गोयल

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और अमेरिका प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए लगातार चर्चा जारी है। } 16



## सुरक्षा बलों में आरक्षण की मांग करना अराजकता फैलाने की साजिश : राजनाथ

एजेंसी



बांका/जमुई/गयाजी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी रक्षा बलों में आरक्षण की मांग कर देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। सिंह ने बिहार में चुनाव प्रचार के दौरान राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता के पास अब तालाब में कूदने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। उन्होंने हाल में कांग्रेस नेता के चुनावी अभियान के दौरान मछली पकड़ने की कोशिश पर तंज कसा। रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि राहुल गांधी बिना किसी आधार के निर्वाचन आयोग जैसे संवैधानिक संस्थानों पर निशाना साध रहे हैं। बिहार के जमुई जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा, राहुल जी को क्या हो गया है? वे रक्षा बलों में आरक्षण की ...शेष पृष्ठ 14 पर

## पीएम मोदी ने विश्व विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम से की मुलाकात

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को विश्वकप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम से अपने निवास पर मुलाकात की और विश्व कप में लगातार तीन हार के कठिन दौर से गुजरने के बाद दृढता और शानदार वापसी के लिये खिलाड़ियों की तारीफ भी की। प्रधानमंत्री मोदी ने लगातार हार के बाद सोशल मीडिया पर हुई ट्रोलिंग के बारे में भी खिलाड़ियों से बात की और जबर्दस्त मानसिक दृढता का परिचय देकर शानदार वापसी करने और इतिहास रचने के लिये उनकी सराहना भी की।

कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 2017 में ट्रॉफी के बिना प्रधानमंत्री से हुई मुलाकात को भी याद किया। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि अब वे और सफलता अर्जित करके आगे भी मिलते रहना चाहेंगे। उपकप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि प्रधानमंत्री ने उन्हें प्रेरित किया है और उन सभी के लिये प्रेरणास्रोत रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम प्रधानमंत्री से मिलने मंगलवार की शाम यहां पहुंची थी। भारत ने रविवार को नवी मुंबई में खेले गए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर पहली बार आईसीसी खिताब जीता। बातचीत के दौरान प्लेयर आफ द टूर्नामेंट दीप्ति शर्मा ने प्रधानमंत्री मोदी को बताया कि वह 2017 से ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### सात को वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर जश्न मनायेगी भाजपा

नयी दिल्ली/गुरुग्राम। राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में देश भर में 150 महत्वपूर्ण स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में सामूहिक रूप से वंदे मातरम गाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सात नवंबर को दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में ऐसे ही एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। यहां पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि पार्टी इस उपलब्धि को उत्सव के रूप में मनाने की योजना बना रही है। चुघ ने कहा, इस अवसर को मनाने के लिए सात नवंबर से 26 नवंबर (संविधान दिवस) तक देश भर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सात नवंबर को 150 महत्वपूर्ण स्थानों पर वंदे मातरम गाया जाएगा, जिसके बाद स्वदेशी उत्पादों के उपयोग की शपथ ली जाएगी। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने आईजी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के शामिल होने की जानकारी साझा की।

### सड़क हादसों में 15 की मौत, 13 घायल

लखनऊ। बहराइच, भदोही, कानपुर, उन्नाव, जौनपुर और प्रतापगढ़ जिले में हुए सड़क हादसों में 15 लोगों की मौत हो गई जबकि 13 अन्य घायल हो गए। बहराइच-लखनऊ राजमार्ग पर बुधवार की सुबह घने कोहरे के बीचमदन कोठी के पास बजरी से लदे ट्रक और मोटरसाइकिल की टक्कर में एक परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान लालूही गांव निवासी करण (32), उसकी पत्नी सेनू (28), बेटे विक्की (तीन) और मानिकपुर भगवानपुर के निवासी सेनू के भाई चंद्रकिशोर (35) के रूप में हुई है। वे कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मोटरसाइकिल से बाराबंकी जिले के कोटवाधाम में वार्षिक मेले में शामिल होने जा रहे थे। वहीं, ...शेष पृष्ठ 14 पर

# देव दीपावली पर 25 लाख दीपों से रोशन हुए काशी के घाट

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपक जलाकर किया शुभारंभ, थ्रीडी प्रोजेक्शन मैपिंग शो से प्रस्तुत की गयी कथा





जिला संवाददाता

वाराणसी (उप्र)। वाराणसी में गंगा के पावन तट पर आस्था, संस्कृति एवं परंपरा के महापर्व देव दीपावली की शुरुआत बुधवार शाम वैदिक मंत्रोच्चार और हर हर महादेव के उद्घोष के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीप प्रज्वलित करके की। इससे पहले सुबह कार्तिक पूर्णिमा पर वाराणसी में गंगा घाटों पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पवित्र नदी में डुबकी लगाई। देव दीपावली के पावन पर्व पर बुधवार शाम काशी के अर्धचंद्राकार गंगा घाटों पर जब शाश्वत ज्योति की लौ प्रज्वलित हुई, तो पूरा शहर दिव्यता और भव्यता के अद्भुत संगम में डूब गया। गंगा तट की सीढ़ियों पर जलते लाखों दीपों की रोशनी ने ऐसा दृश्य प्रस्तुत ...शेष पृष्ठ 14 पर

## मुख्यमंत्री योगी ने सौंपी मुख्तार की अवैध जमीन पर बने फ्लैटों की चाबी



लखनऊ। कार्तिक पूर्णिमा के पर्व पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में माफिया से मुक्त कराई गई भूमि पर सरदार वल्लभभाई पटेल आवासीय योजना का लोकार्पण किया। जियामऊ, डालीबाग स्थित एकता वन में आयोजित भव्य समारोह में सीएम ने दुर्बल आय वर्ग के 72 परिवारों को फ्लैट के आवंटन पत्र वितरित किए। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि यह केवल आवास वितरण नहीं, बल्कि संदेश है कि माफिया से छीनी गई भूमि पर गरीबों का आशियाना बनेगा। उन्होंने कहा कि यह उन लोगों के लिए चेतावनी है जो माफिया को ...शेष पृष्ठ 14 पर

## भारतीय मूल के जोहरान होंगे न्यूयार्क के नये मेयर




एजेंसी

न्यूयॉर्क। भारतीय मूल के 34 वर्षीय जोहरान ममदानी ने मंगलवार को न्यूयॉर्क सिटी के मेयर चुनाव में निर्णायक एवं ऐतिहासिक जीत हासिल की। उन्होंने अपने विजय भाषण के दौरान पूर्व भारतीय प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के शब्दों को उद्घृत करते हुए कहा कि शहर पुराने से नए युग की ओर बढ़ रहा है।

ममदानी ने रिपब्लिकन उम्मीदवार कर्टिस स्लिवा तथा दिग्गज नेता एवं न्यूयॉर्क के पूर्व गवर्नर एंड्रयू कुओमो को हराया, जो निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे थे। ममदानी प्रसिद्ध भारतीय फिल्म निर्माता मीरा नायर और ...शेष पृष्ठ 14 पर

## धामी को 'देवभूमि के धर्म-संरक्षक' की उपाधि

### सीएम हाउस बना आध्यात्मिक ऊर्जा व सामाजिक समरसता का केन्द्र

प्रमुख संवाददाता



देहरादून (उत्तराखंड)। देवभूमि उत्तराखंड का मुख्यमंत्री आवास आज आध्यात्मिक ऊर्जा और सांस्कृतिक समरसता का केंद्र बन गया। जहां देश के प्रमुख संतों ने एक स्वर में मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व और उनके अध्यात्मनिष्ठ दृष्टिकोण की प्रशंसा की। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बुधवार को देशभर के प्रतिष्ठित संत-महात्माओं, धमार्चार्यों और आध्यात्मिक गुरुओं ने 'देवभूमि के धर्म-संरक्षक' की उपाधि से सम्मानित किया।

संत समाज एक स्वर में कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड ने अपने 'देवभूमि स्वरूप' को और अधिक सशक्त और उज्ज्वल किया है। सीएम धामी द्वारा धार्मिक-सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने, तीर्थ स्थलों के विकास और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के जो प्रयास किए जा रहे हैं, वे वास्तव में सराहनीय और प्रेरणास्पद हैं। संत समाज ने राज्य सरकार की उन नीतियों की प्रशंसा की जिनसे धार्मिक स्थलों का संरक्षण, आध्यात्मिक पर्यटन को प्रोत्साहन, सांस्कृतिक धरोहरों का पुनरोद्धार और सामाजिक समरसता का विस्तार हुआ है। संतों ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## मिर्जापुर : ट्रेन की चपेट में आने से आठ महिलाओं की मौत

जिला संवाददाता

मिर्जापुर। चुनार रेलवे स्टेशन पर बुधवार को ट्रेन की चपेट में आने से आठ की मौत हो गई। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब साढ़े नौ बजे हुई जब महिला यात्री 13309 चोपन-प्रयागराज पैसेंजर ट्रेन से पटरी वाली तरफ उतर गईं। इस दौरान वे सामने से आ रही 12311 नेताजी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गईं। त्रिपाठी ने बताया कि ये महिलाएं कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए यहां आई थीं। पुलिस अधीक्षक रेलवे प्रशांत वर्मा ने बताया कि मरने वाली पांच महिलाओं की पहचान हो गई है। अधेड़ उम्र की एक महिला का शव बुरी तरह से क्षत-विक्षत है। इसलिए उसकी पहचान नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि पांच महिलाओं की पहचान सविता (37) साधना (16), शिव कुमारी (12), अंजू देवी (20), और कलावती (50) व दो अन्य के रूप में हुई है। सभी शव पोस्टमार्टम के लिये मिर्जापुर भेज दिये गए हैं। इस हादसे में कोई घायल नहीं हुआ है। रेलवे ने कहा कि चोपन प्रयागराज पैसेंजर ट्रेन प्लेटफॉर्म संख्या चार पर रुकी और यात्री फुटओवर ब्रिज होने के बावजूद दूसरी तरफ पटरी की ओर उतरने लगे। प्रयागराज मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अमित ...शेष पृष्ठ 14 पर

❍ ट्रेन से विपरीत दिशा में उतरे यात्री, नेताजी एक्सप्रेस की चपेट में आये

विशेष खबर

### बीबीडी परिसर में आयीं मिस इंडिया निकिता पोरवाल

# बीबीडी में 14 दिसंबर को होगा फेमिना मिस इंडिया का राज्य स्तरीय ऑडिशन










लखनऊ। फेमिना मिस इंडिया उत्तर प्रदेश 2025 का राज्य स्तरीय ऑडिशन की तैयारियों को लेकर लखनऊ पहुंची मिस मिस इंडिया निकिता पोरवाल से बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता की शिष्टाचार भेंट हुई। इस अवसर पर श्रीमती अलका दास गुप्ता ने निकिता पोरवाल को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया और बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट सोनाक्षी दास गुप्ता ने पुष्पगुच्छ देकर निकिता पोरवाल का स्वागत किया। फेमिना मिस इंडिया उत्तर प्रदेश 2025 का राज्य स्तरीय ऑडिशन 14 दिसंबर को बीबीडी यूनिवर्सिटी, लखनऊ में आयोजित किया जाएगा। लखनऊ में आयोजित एक प्रेसवार्ता में उक्त जानकारी देते हुए आयोजकों ने बताया कि ...शेष पृष्ठ 14 पर

# गुरु नानक देव जी के उपदेश आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोतः योगी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को सिख पंथ के संस्थापक एवं प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 556वें प्रकाश पर्व पर राजधानी लखनऊ के डीएवी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने

- **556वें प्रकाश पर्व पर बोले योगी आदित्यनाथ– जब देश विदेशी आक्रांताओं से कांप रहा था, तब गुरु नानक देव जी ने समाज को आध्यात्मिक शक्ति और एकता का संदेश दिया**
- **गुरु नानक देव जी उच्च कोटि के आध्यात्मिक महापुरुष, 500 वर्ष पहले ही समाज के संगठन, समानता और सेवा का दिया संदेशः योगी**

सिख गुरुओं के सम्मान में अपना शीश नवाया और दर्शन किए। समारोह में कमेटी की ओर से मुख्यमंत्री का स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु नानक देव जी भारत के एक उच्च कोटि के आध्यात्मिक महापुरुष थे, जिन्होंने 500 वर्ष पहले समाज के संगठन, समानता और सेवा का जो संदेश दिया, वही आज भारत की सामाजिक व्यवस्था की नींव है। सीएम योगी ने कहा कि उस काल में जब देश बाबर जैसे विदेशी आक्रांताओं की बर्बरता झेल रहा था, जब मंदिर तोड़े जा रहे थे, आस्था पर प्रहार हो रहे थे, तब भी गुरु नानक देव जी बिना भय, बिना दबाव समाज को मार्गदर्शन दे रहे थे। उन्होंने मिल-बांटकर खाने, गरीबों की मदद करने और एकजुट समाज बनाने का संदेश दिया।

**भारत के संतों ने संकट के समय भी राष्ट्र की आत्मा को जीवित रखा :** मुख्यमंत्री ने गुरु नानक देव जी की आध्यात्मिकता का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि भारत संतों और महापुरुषों की उस परंपरा का देश है, जिसने संकट के समय भी राष्ट्र की आत्मा को जीवित रखा। योगी ने कहा कि जब विदेशी आक्रांताओं के आगे कई राजा-रजवाड़े झुक गए, तब गुरु नानक देव जी ने बाबर को ह्यजाबरह्न यानी जल्लाद कहने का साहस दिखाया। यही भारत की संत परंपरा की शक्ति थी।

**समाज में एकता और धर्म की मजबूती का आह्वान :** मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर समाज में एकता और धर्म की मजबूती का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज जब कुछ क्षेत्रों में धर्मांतरण जैसी गतिविधियां दिखाई देती हैं, तो हमें सिख पंथ की मूल भावना – एकता, संगठन और सेवा को और सशक्त करना होगा। योगी ने कहा कि अगर कहीं कोई कमी है, तो हमें उसे दूर करना होगा। गुरु गोविंद सिंह जी महाराज ने जब खालसा पंथ की स्थापना की, तब उन्होंने समाज के हर वर्ग को जोड़ा। उसी भावना को हमें फिर से जीवंत करना होगा।

**मजबूत रहेंगे तो हर कोई आस्था का सम्मान करेगा :** मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हम मजबूत रहेंगे, तो हर कोई हमारी आस्था का सम्मान करेगा। सिख गुरुओं और महापुरुषों का बलिदान हमारे लिए प्रेरणा है। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को प्रकाश पर्व की हार्दिक बधाई दी और कहा कि गुरु नानक देव जी की शिक्षाएं हमारे जीवन और समाज को दिशा देती रहें।

# सरकार हर नगर को बना रही है आदर्श नगर, विकास कार्यों की गति और तेज होगी : एके शर्मा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने अपने मऊ भ्रमण के दौरान आदर्श नगर पंचायत दोहरीघाट में सरयू नदी के तट पर आयोजित एक भव्य जनसमारोह में 36 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 79 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।इन परियोजनाओं में वंदन योजना, दीनदयाल नगर विकास योजना तथा अन्य नगर विकास योजनाओं के

- **मंत्री ए.के. शर्मा ने 36 करोड़ की 79 परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास**
- **दोहरीघाट (मऊ) में 36 करोड़ की योजनाओं से नगर का होगा कायाकल्प, जनता को मिलेगी आधुनिक सुविधाएं**

अंतर्गत कई महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं कृ जैसे पेयजल आपूर्ति नेटवर्क का विस्तार, जल निकासी एवं नाली निर्माण, सड़क सुदृढ़ीकरण, ओपन जिम, पार्क एवं हरित क्षेत्र विकास, सॉलिड वेस्ट प्रबंधन, स्ट्रीट लाइटिंग, सार्वजनिक शौचालय और नगर सौंदर्यीकरण के कार्य।

इस दौरान मंत्री एके शर्मा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि विकास जनता की सेवा का माध्यम है, इसे रुकने नहीं देंगे।मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार पूरे प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। विकास कार्य जनता की सेवा का सबसे सशक्त माध्यम है। यह सरकार न तो कार्य से पीछे हटती है और न ही जिम्मेदारी से। हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक नगर, प्रत्येक मोहल्ला और प्रत्येक नागरिक को बेहतर जीवन-स्तर और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में नगर विकास विभाग ने ह्यस्वच्छ नगर द्द स्वस्थ नागरिक द्द सशक्त प्रदेशह्न के संकल्प को लेकर कार्य प्रारंभ किया है।हर नगर में पेयजल, जल निकासी, सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट और स्वच्छता जैसी बुनियादी सुविधाएँ तेजी से विकसित की जा रही हैं।सरकार का उद्देश्य केवल ईंट और सीमेंट से निर्माण कराना नहीं है, बल्कि लोगों के जीवन में वास्तविक सुधार लाना है। हर नागरिक को सुविधाजनक, सुरक्षित और सम्मानजनक शहरी जीवन देना हमारी प्राथमिकता है।उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सोच है सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, और इसी भावना के साथ सरकार गांवों से लेकर नगरों तक विकास की अलख जगा रही है।

मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि जनता की भागीदारी के बिना कोई भी योजना पूर्ण नहीं हो सकती। नगरों के विकास में नागरिकों की सक्रिय भूमिका बहुत आवश्यक है। सरकार योजनाएं बनाती है, लेकिन उन्हें सफल तभी बनाया जा सकता है जब जनता उन्हें अपनी जिम्मेदारी समझे। दोहरीघाट के नागरिकों ने जिस समर्पण से स्वच्छता और विकास में योगदान दिया है, वह पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने स्थानीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि प्रत्येक कार्य में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

श्री शर्मा ने उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं आप सबको विश्वास दिलाता हूं कि विकास की यह गति और तेज होगी। दोहरीघाट ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के हर नागरिक तक विकास की किरणें पहुंचेगी। यही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकसित उत्तर प्रदेश विकसित भारत के संकल्प का मूलमंत्र है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, संबंधित अधिकारी एवं भारी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। लोगों ने मंत्री श्री शर्मा का गर्मजोशी से स्वागत किया और सरकार की विकासपरक नीतियों की सराहना की।

# सभी पात्र लोगों का नाम मतदाता सूची में जुड़वाना है

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने बुधवार को मतदाता पुनरीक्षण अभियान की बैठक को सम्बोधित करते कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता पदाधिकारी तथा जनप्रतिनिधि को

- **भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन ने मंडल अध्यक्षों एवं विधानसभा संयोजको को किया सम्बोधित**

अभियान में मुस्तैदी से जुटना है और हर गांव, हर घर, हर व्यक्ति तक पहुंचकर सभी पात्र लोगों का नाम मतदाता सूची में जुड़वाना है। कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता बनने से छूटे न और किसी भी अपात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में रहे न, इसी संकल्प की सिद्धि के लिए सबको अभियान में प्रभावी रूप से सम्मिलित होना है।



धर्मपाल सिंह बाराबंकी में मंडल अध्यक्षों एवं विधानसभा संयोजको को सम्बोधित कर रहे थे। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण अभियान सबसे महत्वपूर्ण अभियान है। मतदाता पुनरीक्षण में एक भी पात्र सूची में न छूटने पाएं इसका पूरा ध्यान रखना है तथा बोगस मतदाता के नाम सूची में शामिल न हो सके इसको भी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत जिला एवं विधानसभा स्तर पर वॉर रूम बनाना है। जो प्रदेश स्तर पर बनने वाले वॉर रूम से जुडेगें। उन्होंने कहा कि बीएलए-1 का काम विधानसभा के बीएलए-2 से सम्पर्क बनाने तथा उनके काम में सहयोग करने का है। उन्होंने कहा कि बीएलए-2 चुनाव आयोग की ओर भाजपा का अधिकृत प्रतिनिधि होगा इसलिए बीएलए-2 का चयन बहुत गंभीरता और सतर्कता से करना होगा।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत आत्मरक्षा प्रशिक्षण सत्र का आयोजन

**लखनऊ।** बीबीडी विश्वविद्यालय के डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ऑडिटोरियम में मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिला छात्राओं, स्टाफ एवं संकाय सदस्यों के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण सत्र का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन बीबीडी विश्वविद्यालय की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं प्रो. चांसलर विराज सागर दास के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

यह कार्यक्रम बीबीडी विश्वविद्यालय की एनसीसी उप इकाई एवं 67 यूपी बटालियन एनसीसी की ओर से महिलाओं में सशक्तिकरण, आत्मविश्वास और सुरक्षा की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) एस.के. श्रीवास्तव, प्रतिकुलपति प्रो. (डॉ.) सतीश चंद्र शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो.






(डॉ.) एस.म.के रिजवी, तथा एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट (डॉ.) शुभम प्रताप सिंह की उपस्थिति में हुआ। प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को स्वयं की सुरक्षा हेतु आवश्यक तकनीकों और आपातकालीन परिस्थितियों में आत्मरक्षा के व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी। प्रशिक्षण सत्र में न केवल आत्मरक्षा की शारीरिक तकनीकों का प्रदर्शन किया गया, बल्कि मानसिक दृढ़ता और आत्मविश्वास बढ़ाने पर भी विशेष बल दिया गया। बीबीडी विश्वविद्यालय की महिला छात्राओं, शिक्षिकाओं और कर्मचारियों ने इस प्रशिक्षण सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी ने यह अनुभव किया कि आत्मरक्षा केवल एक कौशल नहीं, बल्कि एक मानसिक शक्ति है जो हर महिला को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाती है।कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों ने आयोजकों और प्रशिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण न केवल महिलाओं को सुरक्षित रहने की दिशा में सक्षम बनाते हैं, बल्कि समाज में महिला सशक्तिकरण और समानता के संदेश को भी सशक्त रूप से आगे बढ़ाते हैं। मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत आयोजित यह आत्मरक्षा प्रशिक्षण सत्र निश्चय ही महिलाओं की सुरक्षा, आत्मविश्वास और स्वावलंबन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। सशक्त नारी सुरक्षित समाज के इस संदेश के साथ बीबीडी विश्वविद्यालय ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि जब महिलाएँ साथ आती हैं, तो हर कदम पर बदलाव संभव है।

# यूपी के 18 स्थानों पर आज होगा वंदे मातरम का सामूहिक गायन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने बुधवार को भाजपा राज्य मुख्यालय, लखनऊ में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित

- **भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, विधानसभा और मंडल स्तर पर भी सांसदों, विधायकों और वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में होंगे कार्यक्रम**

करते हुए कहा कि राष्ट्रगीत वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा की आवाज है।यह वह स्वर है जिसने गुलामी की बेड़ियों में जकड़े भारत को आजादी की राह दिखाई। जब-जब देश पर संकट आया, यह गीत हर भारतीय के हृदय में नई ऊर्जा, साहस और एकता का संचार करता रहा।उन्होंने बताया कि वंदे मातरम का सृजन वर्ष 1875 में बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने किया था और इसका प्रथम वाचन वर्ष 1896 में रवीन्द्रनाथ टैगोर ने कोलकाता में किया था। वर्ष 1950 में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने इसे राष्ट्रगीत का दर्जा प्रदान किया। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान यह गीत राष्ट्रवाद, एकता और ब्रिटिश शासन के विरुद्ध प्रतिरोध का प्रतीक बना। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने 1 अक्टूबर 2025 को वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रव्यापी उत्सव मनाने का निर्णय लिया है। स्वतंत्रता संग्राम



में इस गीत की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए भाजपा ने भी इस अवसर पर विविध कार्यक्रमों की शृंखला शुरू करने का निर्णय लिया है।उन्होंने कहा कि राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर 7 नवम्बर को उत्तर प्रदेश के 18 स्थानों पर 150 कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक वंदे मातरम गायन एवं सभा का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही 8 से 15 नवम्बर तक सभी जिला मुख्यालयों पर सामूहिक गायन एवं सभाओं का आयोजन होगा। विधानसभा और मण्डल स्तर पर भी माननीय सांसदों, विधायकों और वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में कार्यक्रम होंगे, जिनमें आमजन की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इसके अतिरिक्त अभियान के तहत तिरंगा यात्राएं, प्रभात फेरियां, बाइक रैलियां तथा प्रदर्शनियां और साहित्यिक गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। प्रदेश की राजधानी सहित सभी जिलों में प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जबकि विद्यालयों और महाविद्यालयों में निबंध, कविता और चित्रकला प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी, ताकि नई पीढ़ी राष्ट्रगीत की प्रेरणा और उसके महत्व से परिचित हो सके।

# मृतक दिखाये गये लाभार्थी की पेंशन हुई चालू

**लखनऊ।** वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और हित में समाज कल्याण विभाग द्वारा एक संवेदनशील पहल की गई है।लखनऊ के मोहनलालगंज क्षेत्र में मृतक दिखाकर लाभार्थी की रोकी गई वृद्धावस्था पेंशन को समाज कल्याण

- **राज्यमंत्री असीम अरुण के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग की तत्पर कार्रवाई**
- **डीएसडब्ल्यूओ ने लाभार्थी को घर जाकर सौंपा स्वीकृति पत्र**

राज्यमंत्री असीम अरुण के निर्देश पर तत्काल प्रभाव से पुनः चालू किया गया। मोहनलालगंज तहसील दिवस के दौरान ग्राम निगोहां निवासी राम स्वरूप पुत्र रामचरण की पेंशन मृतक दिखाकर रोक दी गई थी। मामला संज्ञान में आने पर राज्यमंत्री असीम अरुण ने तत्काल सत्यापन के निर्देश दिए। इसके बाद सहायक विकास अधिकारी द्वारा सत्यापन के बाद लाभार्थी को जीवित पाया गया, जिसके आधार पर उनकी वृद्धावस्था पेंशन पुनः स्वीकृत की गई। डीएसडब्ल्यूओ ने घर जाकर सौंपा स्वीकृति पत्र राज्यमंत्री के निर्देश के क्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी, लखनऊ अंजनी कुमार ने देर रात लाभार्थी के घर पहुंचकर स्वयं वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृति पत्र सौंपा। राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि समाज कल्याण विभाग का उद्देश्य प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुंचाना है।



# बिहार में तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बनेंगेः अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बिहार विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में चार चुनावी जनसभा को सम्बोधित कर जिताने की अपील की। उन्होंने बुधवार को नवादा विधानसभा क्षेत्र में प्रत्याशी कौशल यादव, जमुई विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी शमशाद

- **सपा अध्यक्ष ने बिहार में कई विधानसभा में जनसभाओं को किया सम्बोधित**

आलम, बांका जिला के बेलहार विधानसभा क्षेत्र प्रत्याशी चाणक्य प्रकाश, भागलपुर के नाथनगर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी शेख जियाउल हसन के समर्थन में विशाल चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया।



अखिलेश यादव ने कहा कि पूरे बिहार में इंडिया गठबंधन के पक्ष में बदलाव की बयार चल रही है। पूरा देश बिहार की तरफ देख रहा है। बिहार की जनता ने हमेशा देश को संदेश देने का काम किया है। बिहार में सरकार बदलेगी। इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बनेंगे। बिहार की जनता इस बार नौजवान मुख्यमंत्री बनाने जा रही है। नयी सरकार में नौजवानों को नौकरी और रोजगार मिलेगा।उन्होंने कहा कि बिहार के चुनाव में जनता के बीच तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनने को लेकर विशेष उत्साह है। तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बनेंगे। सामाजिक न्याय के राज की स्थापना करेंगे। सभी को नौकरी और रोजगार मिलेगा, सभी को सम्मान और न्याय मिलेगा। हर घर को 200 यूनिट बिजली मुफ्त देंगे। बिहार में कानून का शासन होगा। भाजपा जब से सरकार में आई है उसने महंगाई और बेरोजगारी को बहुत बढ़ा दिया है। डीजल, पेट्रोल, गैस सिलेंडर से लेकर खाने पीने की चीज सब महंगी हो गई। भाजपा सरकार ने जीएसटी बढ़ाकर बरसों तक जनता की जेब काटी। उन्होंने कहा कि समाजवादियों ने भाजपा को अयोध्या समेत अवध में हराया है। बिहार की जनता भाजपा को मगध में हरायेगी। बिहार में सरकार बदलेगी तो बिहार बदलेगा। भाजपा से सावधान रहना है। यह चुनाव, नौजवानों के भविष्य के साथ देश के भविष्य का चुनाव है। बिहार की जनता भाजपा को विधानसभा चुनाव में हरायेगी। हम समाजवादी लोग भाजपा को यूपी में 2027 में हरायेंगे। 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादियों ने भाजपा को हरा दिया। लोकसभा चुनाव में भाजपा के बड़े-बड़े नेता हार गये। प्रधानमंत्री दस लाख वोट से जीतने का दावा कर रहे थे। वे वाराणसी में हारते-हारते बचे है।

# छपरा से आनंद विहार और एलटीटी के लिए चलेंगी विशेष ट्रेनें

**लखनऊ।** छठ महापर्व के पश्चात यात्रियों की वापसी यात्रा हेतु रेलवे प्रशासन द्वारा 05589/05590 छपरा-आनन्द विहार टर्मिनस-छपरा अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचलन 07 एवं 08 नवम्बर को छपरा से तथा 08 एवं 09 नवम्बर को आनन्द विहार टर्मिनस से किया जायेगा।

05589 छपरा-आनन्द विहार टर्मिनस अनारक्षित विशेष गाड़ी 07 एवं 08 नवम्बर को छपरा से 15.00 बजे प्रस्थान कर मशरख से 16.02 बजे, दिधवा दुबौली से 16.24 बजे, थावे से 17.55 बजे, पडरौना से 19.22 बजे, रामकोला से 19.44 बजे, कप्तानगंज से 20.15 बजे, गोरखपुर से 21.25 बजे, खलीलाबाद से 22.05 बजे, बस्ती से 22.47 बजे, गोण्डा से 23.55 बजे, दूसरे दिन बुढ़वल से 01.32 बजे, सीतापुर से 03.20 बजे, शाहजहाँपुर से 04.52 बजे, बरेली से 06.15 बजे, मुरादाबाद से 07.55 बजे तथा गाजियाबाद से 10.15 छूटकर आनन्द विहार टर्मिनस 10.45 बजे पहुंचेगी।

वापसी यात्रा में 05590 आनन्द विहार टर्मिनस-छपरा अनारक्षित विशेष गाड़ी 08 एवं 09 नवम्बर, 2025 को आनन्द विहार टर्मिनस से 13.00 बजे प्रस्थान कर गाजियाबाद से 13.32 बजे, मुरादाबाद से 16.00 बजे, बरेली से 17.47 बजे, शाहजहाँपुर से 19.10 बजे, सीतापुर से 20.50 बजे, बुढ़वल से 22.32 बजे, दूसरे दिन गोण्डा से 00.10 बजे, बस्ती से 01.22 बजे, खलीलाबाद से 01.57 बजे, गोरखपुर से 02.40 बजे, कप्तानगंज से 03.45 बजे, रामकोला से 04.12 बजे, पडरौना से 04.34 बजे, थावे से 06.30 बजे, दिधवा दुबौली से 07.30 बजे तथा मशरख से 07.52 बजे छूटकर छपरा 09.00 बजे पहुंचेगी। इसी क्रम में 05587/05588 छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा विशेष गाड़ी का संचलन 07 नवम्बर को छपरा से तथा 09 नवम्बर को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से किया जायेगा। 05587 छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस विशेष गाड़ी 07 नवम्बर को छपरा से 22.45 बजे प्रस्थान कर सीवान से 23.55 बजे, दूसरे दिन देवरिया सदर से 01.10 बजे, गोरखपुर से 02.25 बजे, बस्ती से 03.37 बजे, गोण्डा से 05.00 बजे, गोमतीनगर से 07.35 बजे, बादशाहनगर से 08.10 बजे ऐशबाग से 08.55 बजे, कानपुर सेंट्रल से 10.55 बजे, उरई से 13.20 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी) से 16.20 बजे, बीना से 19.35 बजे, रानी कमलापति से 22.25 बजे, तीसरे दिन इटारसी से 00.12 बजे, खण्डवा से 02.42 बजे, भुसावल से 04.45 बजे, नासिक रोड से 08.15 बजे, इगतपुरी से 09.35 बजे तथा कल्याण से 11.08 छूटकर लोकमान्य तिलक टर्मिनस 12.00 बजे पहुंचेगी।

वापसी यात्रा में 05588 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा विशेष गाड़ी 09 नवम्बर को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 14.00 बजे प्रस्थान कर कल्याण से 14.45 बजे, इगतपुरी से 17.10 बजे, नासिक रोड से 17.42 बजे, भुसावल से 21.50 बजे, दूसरे दिन खण्डवा से 00.40 बजे, इटारसी से 03.25 बजे, रानी कमलापति से 05.40 बजे, बीना से 07.45 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी) से 09.55 बजे, उरई से 11.07 बजे, कानपुर सेंट्रल से 14.05 बजे, ऐशबाग से 15.45 बजे, बादशाहनगर से 16.12 बजे, गोमतीनगर से 16.55 बजे, गोण्डा से 19.25 बजे, बस्ती से 20.45 बजे, गोरखपुर से 22.05 बजे, देवरिया सदर से 23.25 बजे तथा तीसरे दिन सीवान से 00.40 बजे छूटकर छपरा 01.45 बजे पहुंचेगी।

# फ्लैट पाकर खुश हुए लाभार्थी, सीएम का जताया आभार

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** डालीबाग में अवैध कब्जे से खाली करायी गयी लगभग 2,322 वर्गमीटर भूमि पर एलडीए ने सरदार वल्लभ भाई पटेल आवासीय योजना लांच की। मंगलवार को लॉटरी प्रक्रिया को पूरी की गई थी। बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 10 आवंटियों को आवंटन पत्र सौंपा साथ ही उन्हें गृह प्रवेश के लिए सामान गिफ्ट किया। फ्लैट पाकर खुश हुए लाभार्थियों ने सीएम योगी के समक्ष अपनी भावनाएं व्यक्त की। उन्होंने भावुक होकर सीएम योगी का आभार व्यक्त किया और आशीर्वाद दिया। लोगों ने कहा कि वो सालों से लखनऊ में किराए के मकान में रहकर रोजी-रोटी कमा रहे हैं, लेकिन अपना आवास नहीं बना पाए। सीएम योगी की वजह से आज उनको अपना घर मिला है। इसमें प्रमुख रूप से सोनू कुमार कनौजिया, तारा देवी, शिखा अग्रवाल, सचिन कुमार सिंह, सुमन गुप्ता आदि लाभार्थी शामिल रहे। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि योजना में ग्राउंड प्लस थ्री स्ट्रक्चर के 3 ब्लॉक में 36.65 वर्गमीटर क्षेत्रफल के कुल 72 फ्लैट बनाये गये हैं। योजना की लोकेशन काफी प्राइम है। 20 मीटर चौड़ी बंधा रोड पर स्थित इस योजना से बालू अड्डा, 1090 चौराहा, नरही, सिकन्दरबाग एवं हजरतगंज चौराहा महज पांच से 10 मिनट की दूरी पर है। ईडब्ल्यूएस श्रेणी के इन भवनों की कीमत 10.70 लाख रुपये रखी गयी थी। योजना में स्वच्छ जल एवं विद्युत आपूर्ति, सुरक्षा व्यवस्था व दो पहिया वाहनों के लिए पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था की गयी है। यहां पर बाह्य विकास कार्य जैसे रोड और पार्क का निर्माण भी किया है।

**जहां कभी माफिया का था कब्जा, वहीं गरीबों को मिला अपना घर : बृजलाल**

सरदार वल्लभभाई पटेल आवासीय योजना के लोकार्पण कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद और उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी बृजलाल ने माफियाराज की भयावह कहानियां साझा की। उन्होंने कहा कि कैसे पूर्व समाजवादी पार्टी सरकार में माफिया खुलेआम गुंडागर्दी करते थे, पुलिस-प्रशासन सलाम ठोकता था और गरीब-व्यापारी असहाय थे। उन्होंने कहा कि आज जो भूमि गरीबों को आवास दे रही है, कभी यहां मुख्तार अंसारी जैसे माफियाओं का कब्जा था। प्रदेश के पूर्व डीजीपी बृजलाल ने कहा कि एक समय था जब डीजीपी कार्यालय के सामने तक माफियाओं का राज चलता था। उन्होंने खुलासा किया कि पूर्व की सरकारों में पुलिस और प्रशासन अपराधियों के सामने बेबस था। मुख्तार अंसारी जैसे माफिया की दहशत ऐसी थी कि बड़े-बड़े पुलिस अधिकारी और आईएएस अधिकारी उसके घर जाकर सलाम करते थे। पूर्व डीजीपी ने बताया कि वर्ष 2005 में बीजेपी विधायक कृष्णानंद राय की हत्या की साजिश के पीछे भी मुख्तार अंसारी का हाथ था। बृजलाल ने कहा कि सपा सरकार के संरक्षण में अपराधियों ने समानांतर सरकार चला रखी थी। मऊ दंगे के दौरान मुख्तार खुलेआम राइफल लेकर खुलीगाड़ी में सड़कों पर घूम रहा था और सरकार आंखें मूंदे बैठी थी। उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वह माफियागिरी समाप्त हो चुकी है। कुछ अपराधी मारे जा चुके हैं, कुछ जेल में हैं, कुछ प्रदेश छोड़ भाग गए हैं और कुछ अब माला जप रहे हैं। योगी सरकार में कानून का राज स्थापित हुआ है, इसलिए आज निवेशक भी उत्तर प्रदेश पर भरोसा कर रहे हैं। कभी जहां रंगदारी और अपहरण उद्योग चलता था, वहीं आज 40 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आ रहा है। बृजलाल ने कहा कि जहां कभी माफियाओं के गैंग का अड्डा था, आज वहां 72 गरीब परिवारों के सपनों का घर बस रहा है। यह बदलाव योगी आदित्यनाथ की दृढ़ इच्छाशक्ति और ईमानदार शासन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जब कानून व्यवस्था दुरुस्त होती है, तभी विकास होता है। योगी सरकार ने यूपी को अपराध और अराजकता से मुक्त कर निवेश, विकास और सुशासन का प्रतीक बना दिया है।

# निर्माण श्रमिकों की बेटियों के विवाह का अनुदान योगी सरकार ने बढ़ाया

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने निर्माण श्रमिकों के हित में बड़ा निर्णय लिया है। राज्य के भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड से संचालित कन्या विवाह सहायता योजना में आर्थिक सहायता राशि में बढ़ोतरी की गई है। अब सामान्य विवाह के लिए 65,000 रुपये, अन्तजार्तीय विवाह के लिए 75,000 रुपये और सामूहिक विवाह के लिए 85,000 रुपये प्रति जोड़े की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके अतिरिक्त 15,000 रुपये आयोजन के लिए पृथक से उपलब्ध कराया जाएगा।

- **निर्माण श्रमिकों की बेटियों के विवाह का अनुदान सरकार ने बढ़ाया**
- **प्रदेश सरकार ने बढ़ाई कन्या विवाह सहायता राशि, श्रमिक परिवारों को मिलेगा सीधा लाभ**
- **सामान्य विवाह पर 65,000, अंतर्जातीय विवाह पर 75,000, सामूहिक विवाह पर 85,000 रुपये तक की सहायता**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना है कि श्रमिक परिवार समाज की रीढ़ हैं। उनकी बेटियों के विवाह में आर्थिक सहयोग देना सरकार का मानवीय कर्तव्य है। सरकार का प्रयास है कि कोई भी श्रमिक बेटी बिना चिंता के अपने जीवन का नया अध्याय शुरू कर सके। इसी क्रम में सामूहिक विवाह कार्यक्रमों की संपूर्ण व्यवस्था श्रम विभाग एवं बोर्ड द्वारा की जाएगी ताकि श्रमिक परिवारों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। विवाह आयोजन में सुरक्षा, आवास, परिवहन और भोजन की सभी व्यवस्थाएं विभाग द्वारा सुनिश्चित की जाएंगी। बोर्ड की सचिव पूजा यादव ने बताया कि भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड का उद्देश्य हर पंजीकृत श्रमिक तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। कन्या विवाह सहायता राशि में वृद्धि से श्रमिक परिवारों को सीधा और ठोस लाभ मिलेगा। वर्तमान में 1.88 करोड़ से अधिक श्रमिक बोर्ड में पंजीकृत हैं। पंजीकृत श्रमिक मात्र 20 रुपये एकमुश्त पंजीकरण शुल्क और 20 रुपये वार्षिक अंशदान देकर योजनाओं के पात्र बन सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन एवं निःशुल्क है। वेबसाइट या जन सेवा केंद्रों के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

# यूपीसीडा ने 50 भूखंडों की ई-नीलामी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने ई-नीलामी से 50 भूखंडों की नीलामी की है। इस ई-नीलामी में 12 औद्योगिक क्षेत्रों के कुल 50 भूखंड (लगभग 30.5 एकड़ भूमि) की सफल नीलामी हुई। इनमें 46 भूखंड औद्योगिक इकाइयों, 3 हाउसिंग प्रोजेक्ट्स और एक होटल निर्माण के लिए आवंटित किए गए। नीलामी में भोगांव (मैनपुरी), एम.जी. रोड (हापुड़), बेगराजपुर (मुजफ्फरनगर), ट्रांस गंगा सिटी (उन्नाव), उरई (जालौन), उतेलवा (अमेठी) सहित विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों के भूखंड शामिल थे। इस ई-नीलामी में नामी कंपनियों के साथ कई स्थानीय उद्यमियों ने भी भाग लिया, जिससे प्रदेश में हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार अवसर सृजित होने की संभावना है। महिला निवेशकों की सशक्त भागीदारी इस नीलामी में 6 महिला निवेशकों ने सफलतापूर्वक भाग लिया जो उत्तर प्रदेश में नारी उद्यमिता और आर्थिक सशक्तिकरण का प्रतीक है। यूपीसीडा की पारदर्शी एवं डिजिटल प्रक्रियाएं महिला निवेशकों के लिए उद्योग स्थापना को और अधिक सरल और विश्वसनीय बना रही हैं। निवेशकों का बढ़ता भरोसा यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विजय किरण आनंद ने कहा, ह्लहमारा उद्देश्य प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र में संतुलित औद्योगिक विकास को बढ़ावा देना है। इस ई-नीलामी में प्राप्त निवेश प्रस्ताव यूपीसीडा की पारदर्शी नीतियों और त्वरित स्वीकृति प्रक्रिया पर निवेशकों के बढ़ते विश्वास का प्रमाण हैं। यह पहल मुख्यमंत्री के वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यूपीसीडा की इस ई-नीलामी ने प्रदेश में औद्योगिक निवेश के नए अवसरों को साकार किया है। पारदर्शी, डिजिटल और निवेशक-हितैषी नीतियों के माध्यम से यूपीसीडा ने उद्योग जगत में विश्वास और उत्साह दोनों को मजबूत किया है। आने वाले समय में ये निवेश न केवल प्रदेश के औद्योगिक परिदृश्य को गति देंगे बल्कि रोजगार सृजन, क्षेत्रीय संतुलन और आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# भारत की गरीबी उन्मूलन और सामाजिक सुरक्षा में ऐतिहासिक प्रगति : डॉ. मांडविया

विशेष संवाददाता (vol)




**दोहा (कतर)।** श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने दोहा में आयोजित द्वितीय विश्व सामाजिक विकास शिखर सम्मेलन में भारत का राष्ट्रीय वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की परिवर्तनकारी यात्रा को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक प्रगति तभी संभव है जब विकास की नीतियों के केंद्र में जनता हो और विकास सबका साझा प्रयास बने।

डॉ. मांडविया ने कहा कि भारत की विकास यात्रा अंत्योदय के दर्शन पर आधारित है। पिछले दस वर्षों में निरंतर सुधारों, कल्याण योजनाओं के एकीकरण और डिजिटल नवाचार के माध्यम से भारत ने लगभग 25 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकाला है। उन्होंने बताया कि भारत में आज 11.8 करोड़ बच्चों को पौष्टिक मध्यान्ह भोजन मिल रहा है, 80 करोड़ से अधिक लोगों को खाद्य सुरक्षा दी जा रही है, 42.5 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य बीमा कवर मिला है और 3.7 करोड़ से अधिक गरीब परिवारों को आवास प्रदान किया गया है। भारत सरकार की स्किल इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसी योजनाओं ने युवाओं में आत्मनिर्भरता और उद्यमिता की भावना को मजबूत किया है। वर्ष 2017-18 से 2023-24 के बीच बेरोजगारी दर 6 प्रतिशत से घटकर 3.2 प्रतिशत रह गई है और महिलाओं की रोजगार दर लगभग दोगुनी हुई है। लाखों महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बनी हैं।

श्रम क्षेत्र में सुधारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि 29 श्रम कानूनों को मिलाकर चार नए श्रम संहिता लागू की गई हैं। भारत की सामाजिक सुरक्षा कवरेज 2015 में 19 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 64.3 प्रतिशत हो चुकी है। इसी योगदान के लिए भारत को अंतरराष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संघ की ओर से उत्कृष्ट उपलब्धि पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पाकिस्तान द्वारा भारत के विरुद्ध की गई अनुचित टिप्पणियों पर कड़ा आपत्ति जताते हुए डॉ. मांडविया ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंचों का दुरुपयोग कर गलत जानकारी फैलाना अस्वीकार्य है। पाकिस्तान को अपनी विकास समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए, न कि दूसरों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप। उन्होंने यह भी कहा कि भारत की विकास यात्रा ग्लोबल साउथ के लिए एक प्रेरणादायी मॉडल है और भारत विश्व के साथ अपने श्रेष्ठ अनुभव साझा करने और वैश्विक साझेदारी मजबूत करने के लिए सदैव तत्पर है।

# जितना लोड उतनी बिजली, नही तो होगी पावर कट

**लखनऊ।** प्रदेश के 60 प्रतिशत बिजली उपभोक्ताओं के घर में स्मार्ट मीटर लग चुका है। लेकिन कोई तेज तो कोई बिल अधिक आने की शिकायत कर रहा है। ऐसे में बिजली विभाग स्मार्ट मीटर में ऐसा विकल्प देने जा रहा है जिससे कोई भी उपभोक्ता निर्धारित लोड़ से ज्यादा बिजली उपयोग करते ही पावर कट हो जायेगा। इसके बाद न तो ओवर लोड का बिल बनेगा न ही कोई जुर्मान देना होगा। यूपीपीसीएल प्रबंधन की माने तो इन नियम को लागू करने के लिए तैयारिया शुरु कर दिया गया है। स्मार्ट मीटर को लेकर पावर कार्पोरशन जल्द ही उपभोक्तओं की लोड़ बढ़ने पर जुर्माने को समाप्त करने की योजना बना रहा है। स्मार्ट मीटर का कनेक्शन किसी ने लिया है और वह क्षमता से ज्यादा बिजली उपयोग कर रहा है। लेकिन उपभोक्ता को मालुम नही चल पा रहा है तो अब घबराने की बात नही है। स्मार्ट मीटर में एक ऐसा वर्जन लगा हुआ है जिसको शुरु कर देने से जैसे ही क्षमता से ज्यादा लोड़ उपभोक्ता उपयोग करेगा तो उसके घर की बिजली गुल हो जायेगी। इसके बाद उपभोक्ता जैसे ही अपना बिजली लोड़ कम करेगा तो बिजली अपने आप मीटर में आ जायेगी।

# फाइलेरिया की दवा जरूर खायें

लखनऊ। फाइलेरिया कि रोकथाम के लिए स्वास्थ विभाग के तरफ से दवा दिया जा रहा है। बच्चों को दवा देने के लिए अलग दवा है और 18 वर्ष से ऊपर वालो के लिए दूसरी दवा दिया जा रहा है। लोकबन्धु, बलरामपुर अस्पताल और सिविल अस्पताल में दवाई निशुल्क दिया जा रहा है। फाइलेरिया से शरीर का वजन बढ़ जाता है। फाइलेरिया की दवा लेने के लिए किसी भी सरकारी अस्पताल से ले सकते है दवा को किस तरह से खाना है यह भी दवा लेते समय जानकारी लेना होगा। सिविल अस्पताल के प्रभारी ने बताया कि ज्यादा से ज्यादा लोगो को दवा देना है जिससे फाइलेरिया पूरी तरह से समाप्त हो जाये। उन्होने बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होता है यह मच्छर दिन में ही काटता है और यह मच्छर ज्यादा दूरी तक नही उड़ सकता है। मच्छर का प्रकोप ज्यादातर आलमबाग, सरोजनीनगर, नादरगंज और अन्य क्षेत्र मच्छर ज्यादा है। लोकबन्धु के सीएमएस ने बताया कि जिन महिलाओं के बच्चा होने वाला है वह इस दवा का उपयोग न करे। इसके साथ ही छोटे बच्चों को दवा का डोज कम देना है।

# कचरे और कृषि अवशेषों को स्वच्छ ऊर्जा में बदलने की जरूरत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारत का भविष्य कचरे और कृषि अवशेषों को स्वच्छ ऊर्जा में बदलने में है। यह अभियान सिर्फ कचरा प्रबंधन तक सीमित नहीं है, बल्कि हमारे पर्यावरण की रक्षा, जनस्वास्थ्य में सुधार और भारत के विकास दृष्टिकोण को मजबूत करने का भी माध्यम है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सीआईआई की 10वीं अंतरराष्ट्रीय वेस्ट टू वर्थ टेक्नोलॉजी कॉन्फ्रेंस के लिए भेजे अपने वीडियो संदेश में उक्त बात कही। श्री गडकरी ने अपने संदेश में कहा कि भारत का भविष्य कचरे और कृषि बायोमास को स्वच्छ ऊर्जा में परिवर्तित करने में है जो एक आयात-विकल्प, किफायती और प्रदूषण-मुक्त समाधान है, जिससे देश आत्मनिर्भर बन सकेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि फसल अवशेषों को जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण को रोकने और सर्कुलर इकॉनमी की ओर बदलाव को तेज करने के लिए जैव ऊर्जा में नवाचार बेहद जरूरी है।

भारत के संसाधन-कुशल और टिकाऊ सर्कुलर इकॉनमी की ओर बदलाव को तेज करने के लिए, वेस्ट टू वर्थ टेक्नोलॉजी पर आयोजित 10वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में नेशनल सर्कुलर इकॉनमी फ्रेमवर्क के तीसरे संस्करण का भी शुभारंभ किया गया।

- **अंतरराष्ट्रीय वेस्ट टू वर्थ टेक्नोलॉजी कॉन्फ्रेंस में कचरा प्रबंधन पर हुई चर्चा**

यह फ्रेमवर्क भारत को संसाधन-कुशल और सतत सर्कुलर इकॉनमी की ओर ले जाने के प्रयासों को तेज करेगा। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए वी. के. चौरसिया, सलाहकार (प्रभारी), सीपीएचईईओ, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने कहा कि कचरा प्रबंधन और सकुर्लैरिटी में वास्तविक प्रगति तभी संभव है जब उद्योग, नवप्रवर्तक और सरकार मिलकर सतत विकास के लिए एक सहयोगी ढांचा तैयार करें। इस मौके पर सीआईआई नेशनल कमेटी ऑन वेस्ट टू वर्थ टेक्नोलॉजीज के चेयरमैन और री-सस्टेनेबिलिटी के मेनेजिंग डायरेक्टर एवं ग्रुप सीईओ मसूद मलिक ने कहा कि प्रसंस्करण और मूल्य सृजन को बेहतर बनाने की आवश्यकता है, जिससे भारत सतत और निम्न-कार्बन अर्थव्यवस्था की ओर तेजी से बढ़ सके। उन्होंने पारदर्शी सकुर्लैरिटी मापन प्रणाली की स्थापना, ग्रीन नौकरियों के सृजन और अंतरराष्ट्रीय मिशनों के माध्यम से वैश्विक सहयोग को मजबूत करने का आह्वान किया। सम्मेलन के दौरान 'सीआईआई 4आर अवॉर्ड्स 2025' के छठे संस्करण में लगभग 50 संगठनों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने रिड्यूस, रीयूज, रीसायकल और रिपेयर के क्षेत्र में नेतृत्व दिखाया। इस अवसर पर नवाचार आधारित सर्कुलर इकॉनमी मॉडल और स्केलेबल वेस्ट टू वर्थ समाधानों पर आधारित श्रेष्ठ प्रथाओं का संकलन भी जारी किया गया। इस बार सम्मेलन में पहली बार 'यंग 4आर अवॉर्ड्स' की शुरूआत की गई।

# डालीगंज पुल से हटायीं गयीं झुग्गियां व ठेले



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर निगम के जोन तीन में बुधवार को बड़े स्तर पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। यह अभियान जोनल सेनेटरी अधिकारी मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में डालीगंज पुल से सटे पुल क्षेत्र में संचालित किया गया, जहां लंबे समय से अस्थायी झुग्गियां, फल के गोदाम और ठेले-खोमचे लगने के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा था। साथ ही क्षेत्र में कूड़ा जमने, गंदगी फैलने और सुचारु यातायात में बाधा की शिकायतें भी लगातार प्राप्त हो रही थीं। अभियान के दौरान नगर निगम की टीम ने पुल किनारे बनी 25 से अधिक झुग्गियों, 10 फल गोदामों, 35 ठेलों और लगभग 100 काउंटरों को हटवाया। कार्रवाई के समय कुछ अवैध कब्जेदारों द्वारा विरोध प्रयास भी किया गया, जिसे सफाई सुपरवाइजरों की टीम ने शांतिपूर्ण तरीके से नियंत्रित किया और अभियान बिना रुकावट जारी रखा गया। जोनल सेनेटरी अधिकारी ने बताया कि डालीगंज पुल के दोनों ओर वर्षों से अस्थाई रूप से अतिक्रमण किया जा रहा था, जिसके कारण मार्ग संकुचित हो गया था तथा स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। नगर निगम द्वारा कई बार नोटिस दिए जाने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया, जिसके बाद यह कार्रवाई आवश्यक हो गई थी। स्थल को नगर निगम अब नवाचार के रूप में विकसित करेगा, जिससे क्षेत्र की साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण और यातायात व्यवस्था बेहतर हो सके। यहां हरियाली, सार्वजनिक उपयोग के स्थल और पथ-मार्ग को व्यवस्थित करने की योजना पर काम शुरू किया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान एसएफआई पुष्कर पटेल, प्रमोद गौतम, प्रशांत मिश्र (एलएसए), विनय सहित नगर निगम के अनेक अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# निःशुल्क सेनेटरी पैड का भी वितरण किया



**लखनऊ।** आज पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल के अधिकारी क्लब बंदरिया बाग में पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रुति गुप्ता की अध्यक्षता में मासिक धर्म पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में उपस्थित स्थानीय निम्न वर्ग की किशोरियो एवं महिलाओं को अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. दीक्षा चौधरी द्वारा इससे संबंधित हो सकने वाली बीमारी और इसके रोकथाम के उपाय के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया गया। इस दौरान पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन लखनऊ द्वारा निःशुल्क सेनेटरी पैड का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन, लखनऊ की उपाध्यक्ष मानसी सिंह, सचिव स्मृति सचान, संयुक्त सचिव अदिति नंदा एवं महिला समिति के अन्य सदस्याऐं भी उपस्थित थी।

# स्काउट और गाइड ने निकाली ओपन यूनिट रैली

**लखनऊ।** 1 से 5 नवम्बर तक जिला प्रशिक्षण केंद्र ऐशबाग, लखनऊ में चल रहे भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा राष्ट्रीय स्तरीय ओपन यूनिट रैली के भव्य कैंप फायर समारोह का आयोजन मंगलवार देर शाम को मुख्य अतिथि पूर्वोत्तर रेलवे भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ अध्यक्ष मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के आतिथ्य में किया गया। इस रैली में विभिन्न राज्य से लगभग 142 स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स, एवं यूनिट लीडर्स ने प्रतिभाग किया। कैंप फायर समारोह का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। पाँच दिवसीय रैली मे आयोजित विभिन्न रोचक कार्यक्रम का नेतृत्व बिमला खाती, लीडर्स आफ द कोर्स भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली द्वारा सम्पन्न किया गया।

# एजीएम ने किया गोमतीनगर और लखनऊ जं. स्टेशनों का निरीक्षण



**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल रेल यात्रियों की सुरक्षा एवं यात्री सुविधा हेतु निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में आज पूर्वोत्तर रेलवे के अपर महाप्रबंधक विनोद कुमार शुक्ल ने मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल, अपर मण्डल रेल प्रबंधक (इंफ्रा0) भुवनेश सिंह, अपर मण्डल रेल प्रबंधक (परिचालन) श्रीमती नीतू एवं मण्डल के शाखाधिकारियों तथा रेल भूमि विकास प्राधिकरण (आरएलडीए) के मुख्य परियोजना प्रबन्धक पावस यादव की उपस्थिति में लखनऊ जं. व गोमतीनगर रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

निरीक्षण के आरम्भ में अपर महाप्रबंधक विनोद कुमार शुक्ल ने लखनऊ जं0 स्टेशन पर यात्री सुविधा की अंतर्गत स्टेशन पोर्टिको, सकुर्लेटिंग एरिया, कानकोर्स एरिया, सेकंड क्लास प्रतीक्षालय, उच्च श्रेणी प्रतीक्षालय, टी.टी.लॉबी तथा कैब-वे प्लेटफार्म संख्या 06 पर पर हो रहे विकास कार्यो का निरीक्षण किया। इसके पश्चात मुख्य परियोजना प्रबन्धक (आरएलडीए) पावस यादव ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से लखनऊ जं. तथा लखनऊ (उत्तर रेलवे) स्टेशन पर हो रहे एकीकृत पुनर्विकास कार्य योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

निरीक्षण के अगले चरण अपर महाप्रबन्धक ने गोमतीनगर स्टेशन पहुॅचने पर प्रथम इंट्री फ्लाईओवर एवं एयर कॉनकोर्स तथा द्वितीय इंट्री पर सरकुलेटिंग एरिया, पार्किंग तथा साफ-सफाई का अवलोकन किया। इसके पश्चात स्टेशन के ले-आउट प्लान व प्रथम इंट्री पर चल रहे रिटेल ब्लाक, वाणिज्यिक ब्लाक के आधारभूत संरचनाओं के विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान रेल भूमि विकास प्राधिकरण (आरएलडीए) के मुख्य परियोजना प्रबन्धक पावस यादव ने गोमतीनगर स्टेशन पर चल रहे आधारभूत संरचनाओं के विकास कार्यो से अपर महाप्रबंधक महोदय को अवगत कराया। निरीक्षण के अन्त में अपर महाप्रबन्धक ने संबंधित अधिकारियों को उक्त स्टेशनों पर भविष्य की आवश्यकताओं के दृष्टिगत यात्री सुविधाओं को और बढ़ाये जाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, वरिष्ठ मण्डल संरक्षा अधिकारी, जनसम्पर्क अधिकारी, वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबन्धक/सा., वरिष्ठ मण्डल यॉत्रिक इंजीनियर/ ईएनएचएम, वरिष्ठ नगर इंजीनियर, स्टेशन निदेशक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गाड़ी के नंबर प्लेट पर 'जाति' या उपनाम लिखने पर होगी कार्यवाही

**लखनऊ।** अगर आपने अपने वाहन पर अपनी जाति लिख रखी है तो इसे तत्काल मिटा दें। अगर ऐसा नहीं करते हैं तो या तो चालान के रूप में भारी-भरकम जुमार्ना लगेगा या फिर गाड़ी से ही हाथ धो बैठेंगे। दरअसल, परिवहन विभाग ने उत्तर प्रदेश की सड़कों पर जातिसूचक शब्द लिखी गाड़ियों पर कड़ा एक्शन लेने का मन बना लिया है। ऐसी गाड़ियों को मौके पर ही सीज कर दिया जाएगा। ऐसे में बेहतर होगा कि जाति सूचक शब्द गाड़ी से हटा दें नहीं तो गाड़ी पर धारा 177 के तहत कार्रवाई होना तय है। उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग के अपर परिवहन आयुक्त (प्रशासन) ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। उत्तर प्रदेश के अपर परिवहन आयुक्त (प्रशासन) ने जाति लिखे वाहनों के खिलाफ अभियान चलाने और उन्हें जब्त करने का आदेश दिया है। एडिशनल ट्रांसपोर्ट कमिश्नर ने बताया कि अब वाहनों पर जाति सूचक शब्द होने पर धारा 177 में चालान या सीज करने की कार्रवाई होगी। ये आदेश प्रदेश के सभी आरटीओ कार्यालयों को भेज दिया गया है। निर्देश दिया है कि नंबर प्लेट पर जाति लिखने वालों के खिलाफ सख?ती से कार्रवाई करें। उन वाहनों को सीज करने के साथ जुमार्ना भी करें। चेकिंग में दोबारा पकड़े जाने पर उन वाहनों पर दोगुना जुमार्ना की कार्रवाई की जाए। तीसरी बार पकड़े जाने पर उनके खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराएं। परिवहन विभाग की मोटरयान नियमावली के अनुसार वाहनों की नंबर प्लेट पर नंबर के अलावा कुछ भी नहीं लिखा जा सकता है। गाड़ी पर लिखे नंबर स्पष्ट दिखाई पड़ना चाहिए, लेकिन लोग नंबर प्लेट पर जो मन करता है वही लिखवा लेते हैं। परिवहन विभाग के मुताबिक वाहनों के नंबर प्लेट पर कोई जाति सूचक शब्द लिखता है तो वह अपराध की श्रेणी में आता है। अपर परिवहन आयुक्त (प्रशासन) बताते हैं कि नंबर प्लेट पर जाति सूचक शब्द लिखने वाले समाज में गलत संदेश देते हैं। वाहन स्वामी अक्सर ब्राह्मण, क्षत्रिय, यादव आदि लिखे रहते हैं जो पूरी तरह से गलत है, ऐसे लोगों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई किए जाने के आदेश दे दिए गए हैं।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें सिंगल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं0 | 106-टेली / टेंडर / 15 / 2025-26 |
| कार्य का नाम | लखनऊ मंडल के उत्तर रेलवे के ON-BQP सेक्शन पर लेवल क्रॉसिंग गेटों पर लास्ट माइल कनेक्टिविटी के लिए VHF आधारित वायरलेस संचार प्रणाली का कार्य। |
| अनुमानित लागत | रु 84,90,264.08 / - |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु 1,69,900.00 / - |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 180 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 25.11.2025 15.30 बजे |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय / मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर / उत्तर रेलवे / लखनऊ |

ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.u के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू0सं0 – 106-टेली / टेंडर / 15 / 2025-26 दिनांक 04.11.2025 3440/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# सड़क हादसे में बाइक चालक की मौत




● पत्नी, 15 दिन का नवजात बेटा और चचेरी बहन गंभीर घायल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र में देर शाम एक सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। दुर्घटना में उसकी पत्नी 15 दिन का नवजात बेटा और चचेरी बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने मजदूर को मृत घोषित कर दिया। क्षेत्र के सैदपुर-पुरही निवासी 21 वर्षीय विशाल रावत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था।

लगभग डेढ़ साल पहले उसने उन्नाव जिले की गुड़िया से प्रेम विवाह किया था। 15 दिन पहले ही गुड़िया ने एक बेटे को जन्म दिया था। सोमवार रात विशाल अपनी पत्नी गुड़िया, नवजात बेटे और 15 वर्षीय चचेरी बहन नैना के साथ मोटर साइकिल से कहीं जा रहा था।

रात करीब आठ बजे नरायणपुर-सैदपुर पुरही रोड पर स्थित तालाब के पास पहुंचते ही सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सड़क किनारे जा गिरी। विशाल खेत के किनारे लगे लोहे के तारों पर जा गिरा.। जिससे उसकी गर्दन पर गंभीर चोटें आ गई। इस हादसे में विशाल, गुड़िया, नवजात और नैना गंभीर रूप से घायल हो गए।

ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और एंबुलेंस से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।जहां चिकित्सकों ने विशाल को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों को लोकबंधु अस्पताल रेफर किया गया। वहां गुड़िया और उसके नवजात बेटे को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। जबकि नैना का इलाज अभी भी लोकबंधु अस्पताल में जारी है। पुलिस ने विशाल के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार मामले में अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बाइक सवार युवक सड़क हादसे में घायल, डायल 112 ने किया निराश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सुशील कुमार मौर्या अपने पुत्र रोहित मौर्या के साथ अपनी बाइक से लखनऊ से फैजाबाद मार्ग होते हुए बाराबंकी जा रहे थे बीबीडी कॉलेज के पास लगभग 12 बजे दोपहर इनके वाहन और स्कूटी मे टक्कर हो गई जिसमे सुनील कुमार मौर्या बुरी तरह घायल हो गए घटना मे इनके बाया हाथ बुरी तरह चोटिल हो गया टूट भी गया था पुत्र रोहित भी घायल हुवा घटना की सुचना 4112500281 व पीवीआर 2910को दी गई कुछ देर मे घटना स्थल पर पहुंची पीवीआर कर्मियों ने फोटो खींचे और घटना स्थल से कुछ दूर खड़े वाहन पर रोहित को यह बतला अपना पल्ला झाड लिया की यह एरिया मेरे अधिकार क्षेत्र में नहीं है

सरकार द्वारा सृजीत उक्त योजना मे सम्भवतः इस तरह का यह पहला मामला है जहाँ डायल 112 कर्मियों ने घटना स्थल अधिकार क्षेत्र का जिक्र किया हो किंतु जो भी हो यह घटना गंभीर सवाल जरूर उठा रही गनीमत यह रही की घटना मे पीड़ित व्यक्ति के तमाम जानकार व्यक्ति आस पास ही रहते थे डायल 112 से निराश हो पीड़ित ने मौके पर अपने परिचितों को बुलाना ही बेहतर समझा उनका निर्णय बेहतर ही साबित हुवा पीड़ित और उनके पुत्र को जल्द ही बेहतर इलाज मुहैया हो सका कुछ हालात मे सुधार होने पर आज पीड़ित सुनील मौर्या ने मुख्यमंत्री मंत्री पोर्टल पर शिकायत भी दर्ज कराई है ।

## विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने स्मार्ट क्लास का किया उद्घाटन



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** एनवायरनमेंट वॉरियर्स संस्था के तत्वावधान में बुधवार को एक विकासोन्मुख कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सरोजनी नगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र में शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और सतत विकास को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के दौरान डॉ. राजेश्वर सिंह ने प्राथमिक विद्यालय, चौखापुरी में उनके द्वारा पूर्व में दान की गई स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय के समग्र विकास हेतु 1 लाख की धनराशि देने की घोषणा की। शैक्षणिक उन्नति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जारी रखते हुए, डॉ. सिंह ने प्राथमिक विद्यालय, हुसैन नगर को ?25,000 की सहायता राशि प्रदान की तथा वहाँ डिजिटल स्मार्ट क्लास की स्थापना की भी घोषणा की।

## पूजा के हत्यारों को पुलिस ने किया गिरफ्तार




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**माल।** माल थाना क्षेत्र के बसहरी( चकई गांव )गांव के आम की बाग के बीच झाड़ियों में महिला का अज्ञात शव मिला था। जिसकी पहचान पूजा देवी के रूप में उसकी बेटी ने फोटो सैंडिल और साड़ी देखकर अपनी माता के रूप में पहचान की थी। जिसके हत्यारोपितों को पुलिस ने ककराबाद पुल के नीचे से मंगलवार रात में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक नबाब अहमद नेअपनी टीम के साथ हत्यारोपितों की तलाश में दबिश दी, तो सभीआरोपित क्षेत्र के ककराबाद में किसान पथ के पुल के नीचे से धर दबोचा जब वह कहीं जाने की फिराक में खड़े थे। मृतका के पति राजू गुप्ता ने बताया कि पूजा देवी पुत्री पुतान निवासी असुआमऊ थाना संदना जनपद लखनऊ की थी। जिसकी शादी पहले सुरेश के साथ हुई थी। जिसकी हत्या हो गयी थी। सुरेश की हत्या की आशंका में पूजा तीन वर्ष जेल में भी रही थी। जेल से छूटने के बाद पूजा तीन वर्ष पूर्व अपने तीन बच्चों सुमन, मोनू और बेटा कृष्णा को लेकर लखनऊ दुबग्गा आ गयी थी। राजुगुप्त ने बताया कि मेरी पत्नी की दो वर्ष पूर्व मृत्यु हो गयी थी, पत्नी के मरने के बाद मैं अपने को अकेला महसूस करने लगा था और मैं भी असुआमऊ गांव का ही रहने वाला था, जिससे पूजा से शादी कर ली थी। पूजा पहले तो ठीक ठाक रहा लेकिन फिर परेशान करने लगी थी।जबकि पूजा के नाम माने दो प्लाट भी खरीदा था। मेरे ऊपर कर्ज हो गया था तो मैने एक प्लाट दस लाख के बेचा था कर्ज अदा किया कुछ पैसे बचे थे तो रोज रुपए मांग थी।लड़ाई झगड़ा करती थी। मै परेशान हो गया था दूसरे वह बच्चों से भी मिलने नहीं देती थी। उसे रास्ते से हटाना है। यह बात मैने अपने साथी अनीस से बताई फिर उसने शकील, राजेश और सर्वेश से मिलावाया थाऔर पूजा के मारने की योजना बनाई थी। पुलिस ने पांचों आरोपितों को धारा103(2)/238बी एन एस में निरुद्ध के जेल भेज दिया।

## युवक ने धर्म छिपा छात्रा से की दोस्ती, बनाया अश्लील फोटो व वीडियो



● वीडियो वायरल करने की धमकी दे किया दुष्कर्म का प्रयास, असफल होने पर की छेड़खानी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**आलमबाग।** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में रहने वाली एक बीए तृतीय वर्ष की छात्रा ने पुलिस उपायुक्त से एक विशेष समुदाय युवक पर जाती छुपा उससे दोस्ती कर उसका आपत्तिजनक वीडियो फोटो बना वायरल करने की धमकी दे दुष्कर्म का प्रयास करने और असफल होने पर छेड़छाड़ व मारपीट करने का आरोप लगा नामजद शिकायत की है ।

कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में रहने वाली एक बीए तृतीय वर्ष की छात्रा ने सुहेल सिद्दीकी पुत्र मुमताज सिद्दीकी निवासी गुप्ता बूंदी बालागंज, थाना-ठाकुरगंज पर आरोप लगाते हुए शिकायत की है कि आरोपित अपनी जाती धर्म छुपा मिश्रा बन उससे दोस्ती किया था और साथ में घूमता फिरता था इस दौरान उसने उसकी कई आपत्तिजनक फोटो वीडियो बना ली जिसके सही नाम और जाती की जानकारी उसे काफी समय बाद हुई जिससे उसने युवक से दूरी बनाना शुरू कर दिया ।आरोप है कि आरोपित कई बार उसके घर पर पहुंच उसकी फोटो वीडियो को दिखा वायरल करने की धमकी देने लगा और जबरन संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा और छेड़खानी शुरू कर दी आरोप है कि आरोपित उसके घर पर आए दिन आकर भद्दी भद्दी गालियां धमकी देने लगा रास्ते में निकलना दुर्भर कर दिया और रास्ते में रोक कर छेड़खानी करने लगा। जिसकी शिकायत छात्रा ने परिजनों संग पुलिस उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित छात्रा की शिकायत पर छेड़छाड़ मारपीट धमकी आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपित युवक को कस्टडी में ले विधिक कारवाई की जा रही है।

## शादी का झांसा दे म्यूजिक टीचर ने अपनी छात्रा को किया यौन शोषण

आलमबाग। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके के सिंधु नगर में किराए पर रहकर म्यूजिक क्लास चलाने वाले एक युवक ने म्यूजिक सिखाने के दौरान अपनी छात्रा को प्रेम जाल मे फसा शादी का झांसा दे कई बार शारीरिक संबंध स्थापित किया और शादी से इंकार कर दिया। जिसपर युवती ने कृष्णा नगर थाने पर पहुंच पुलिस से आरोपित युवक के खिलाफ नामजद शिकायत की है । कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि मूलरूप से रायबरेली का रहने वाला आरोपित नीरज वर्मा पुत्र अज्ञात कृष्णा नगर क्षेत्र के सिंधु नगर में किराए पर रहकर लखनऊ में म्यूज़िक की पढ़ाई कर रहा था और अपने घर पर ही म्यूजिक का कोचिंग क्लास चलाता था । आरोप है कि प्रयागराज की रहने वाली युवती आरोपित के घर पर म्यूजिक सीखने आती थी और इस दौरान दोनों में प्रेम संबंध हो गया । आरोपित ने शादी का झांसा दे युवती संग शारीरिक सम्बन्ध स्थापित किए अलग अलग जाती के होने के कारण दोनों में विवाद हो गया। आरोप है दो दिन पूर्व शादी से इंकार करने पर दोनों में जमकर विवाद हुआ जिसके पश्चात युवती ने स्थानीय कृष्णा नगर थाने पर पहुंच आरोपित युवक के खिलाफ नामजद शिकायत की। पुलिस के अनुसार पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित युवक को कस्टडी में ले विधिक कारवाई की जा रही है।

## 10वें बिटिया विवाह उत्सव का आयोजन आज

लखनऊ। दसवां बिटिया विवाह उत्सव का आयोजन 6 नवम्बर दिन गुरुवार को रामाधीन सिंह लॉन निरालानगर डालीगंज मे किया जायेगा। कार्यक्रम मुख्य संयोजक व बिटिया फाउंडेशन के अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने बताया कि 6 नवम्बर को 21 बेटियों का कन्यादान होगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं Ishtiyaque Ahmad पुत्र Ziyaullah नि.- थर्ड फ्लोर, 302, निशात अपार्टमेंट, अबरार नगर, कल्याणपुर, लखनऊ। मेरा पहले नाम Ishtiyaq Ahmad था जिसे मैने बदलकर Ishtiyaque Ahmad रख लिया है। भविष्य में मुझे Ishtiyaque Ahmad के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**

इन्द्रसेन यादव पुत्र राम नाथ यादव निवासी ग्राम लोकेपुर पोस्ट कूरेभार थाना कूरेभार तहसील सदर जिला सुलतानपुर। मै ARMY MEDICAL CORPS में नायक के पद पर कार्यरत हूँ मेरे हाईस्कूल अंकपत्र में मेरा नाम INDRSEN YADAV अंकित था जिस कारण मेरे सर्विस बुक में मेरा नाम INDRSEN YADAV अंकित है जबकि हाईस्कूल में अपना नाम संशोधित करवा लिया इसके तहत मेरा नाम आधार कार्ड नं0-307229868020 व हाईस्कूल की मार्कशीट (अनुक्रमांक 1946907 उत्तीर्ण वर्ष 2009) में मेरा नाम INDRASEN YADAV अंकित है जो कि सही एवं सत्य है। INDRSEN YADAV व INDRASEN YADAV दोनो नाम एक ही व्यक्ति के है। अत: मेरे सर्विस बुक में मेरा नाम INDRSEN YADAV के स्थान INDRASEN YADAV अंकित किया जाय।

## किशोरी को प्रेमजाल में फंसा किया तीन माह की गर्भवती

आलमबाग। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके मे रहने वाली एक 14 वर्षीय किशोरी को पड़ोस में ही रहने वाले ई रिक्शा चालक ने अपने प्रेमजाल में फंसा दुष्कर्म कर तीन माह की गर्भवती कर दिया। जिसकी जानकारी होने पर परिजनों ने किशोरी पुत्री संग स्थानीय कृष्णा नगर थाने पहुंच पुलिस से लिखित नामजद शिकायत की है।

कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित भोला खेड़ा में रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी अपने परिवार संग रहती है। पीड़ित किशोरी के परिजनों के अनुसार बीते करीब छः माह से पडोस मे रहने वाला ई रिक्शा चालक हर्षित कश्यप पुत्र अज्ञात झांसे में लेकर उनकी 14 वर्षीय पुत्री को अपने प्रेमजाल में फंसा शारीरिक संबंध बना उनकी पुत्री के तीन माह की गर्भवती कर दिया। जिसकी जानकारी होने पर पुत्री से पूछताछ की तो आरोपित की करतूते सामने आई। जिसपर उन्होंने मंगलवार शाम पुत्री संग स्थानीय कृष्णा नगर थाने पर पहुंच आरोपित पडोसी ई रिक्शा चालक के खिलाफ नामजद शिकायत की है।

## 10 से पांव-पांव-शहर, गली, गांव तक पहुंचेगी पदयात्रा

**लखनऊ।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह के साथ प्रदेश, क्षेत्र एवं जिला टीम के साथ वर्चुअल संवाद किया। प्रदेश महामंत्री एवं अभियान के प्रभारी संजय राय ने संचालन किया। सरदार पटेल 150वीं जयंती समारोह अभियान के तहत 10 नवम्बर से विधानसभा स्तर पर शुरू होने वाली पदयात्राओं की तैयारियों की समीक्षा के साथ प्रभावी कार्यक्रमों की कार्ययोजना पर चर्चा हुई।भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने कहा कि सरदार पटेल 150वीं जयंती समारोह अभियान के तहत कार्यक्रमों की बड़ी श्रृंखला है, जो राष्ट्रसेवा में समर्पित उनके जीवन को लोकव्यापी बनाने का माध्यम बनेगें। उन्होंने कहा कि 10 नवम्बर से शुरू होने वाली पदयात्राएं प्रत्येक विधानसभा में 8 किलोमीटर की यात्रा तय करते हुए पांव-पांव-शहर, गली, गांव तक पहुंचेगी। भाजपा के 1000 से अधिक कार्यकर्ता यात्रा प्रारम्भ स्थान से लेकर समापन तक साथ रहेंगे। इसके साथ ही विभिन्न सामाजिक संगठन, व्यापारी संगठन, एनजीओ, मजदूर, किसान, अधिवक्ता, शिक्षक, युवा तथा महिलाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले संगठन भी पदयात्रा में साथ चलेंगे।

उन्होंने कहा कि पद यात्राओं में प्रत्येक 2 किलोमीटर पर पड़ाव रहेगा। इस तरह पूरी यात्रा के दौरान कुल 4 पड़ाव होंगे। प्रथम पडाव पर वृक्षारोपण के कार्यक्रम आयोजित किये जाएगें। द्वितीय पड़ाव पर किसी खिलाड़ी, साहित्यकार, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारी नेता, अभिनेता, अधिवक्ता जैसे किसी विशिष्ट व्यक्ति का उद्बोधन होगा। जबकि तृतीय पड़ाव पर गायन, नाटक सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से सरदार पटेल द्वारा राष्ट्र नवनिर्माण में किये गए योगदान का मंचन किया जाएगा।

## अंतरराष्ट्रीय प्रोस्थेटिक्स एवं ऑर्थोटिक्स दिवस पर हुई जागरूकता रैली और नुक्कड़ नाटक



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के प्रोस्थेटिक्स एवं ऑर्थोटिक्स विभाग के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय प्रोस्थेटिक्स एवं ऑर्थोटिक्स दिवस के उपलक्ष्य पर बुधवार को 1090 चौराहा लखनऊ में एक जागरूकता रैली का आयोजन हुआ।

रैली का शुभारंभ विश्वविद्यालय के पैरामेडिकल एवं रिहैबिलिटेशन साइंसेज संकाय के अधिष्ठाता प्रो. वीके सिंह ने किया। इस जागरुकता रैली मेंकृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केंद्र के कार्यशाला प्रबन्धक डॉ. रणजीत कुमार, संत प्रकाश गौतम, रोहिणा कुमारी, गार्गी खरे, स्थिर प्रज्ञान बिस्वाल, अनुप्रिया त्रिपाठी, राजकमल सहित बैचलर एवं मास्टर इन प्रोस्थेटिक्स एंड ऑर्थोटिक्स के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। रैली 1090 चौराहे से शुरू कर अम्बेदकर पार्क चौराहे से होते हुए वापस 1090 चौराहे पर समाप्ति की गयी। प्रतिभागियों ने विभिन्न रैली में विभिन्न प्रकार के नारों और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से संदेश दिया कि दिव्यांगता कोई कमी नहीं, बल्कि क्षमता को दिशा देने का अवसर है।

इस अवसर पर प्रो. वीके सिंह ने कहा कि दिव्यांगजनों को समान अवसर और सशक्तिकरण प्रदान करना हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है। डॉ. रणजीत ने भी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में संवेदनशीलता और जागरूकता दोनों को बढ़ाते हैं। कार्यक्रम का समापन उत्साह और सामाजिक जागरूकता के साथ हुआ, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने यह संकल्प लिया कि वे समाज में दिव्यांगता के प्रति सकारात्मक सोच को आगे बढ़ाएंगे।

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अमरनाथ अग्रवाल का निधन, जताया शोक

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता वरिष्ठ नेता अमरनाथ अग्रवाल की बुधवार को गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया। वे पिछले एक महीने से बीमार चल रहे थे। इस दुखद घटना पर शोक व्यक्त करते हुए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि अमरनाथ अग्रवाल की मृत्यु से पूरा कांग्रेस परिवार स्तब्ध और आहत है। उन्होंने कहा कि ईश्वर से प्रार्थना करेंगे की श्री अग्रवाल को अपने श्री चरणों में स्थान दें और परिवार को इस असीम दुख को सहने का साहस दें। अजय राय ने कहा कि अग्रवाल का जाना कांग्रेस के लिए एक अपूर्णीय क्षति है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

खुली ई-निविदा सूचना संख्या: SrDEE-TRD-BSB-2025-26-T15, दिनांक:03-11-2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

**क्रम सं.-01,** कार्य का नाम: पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी मंडल के अंतर्गत बनारस सिटी स्टेशन पर यातायात सुविधा फेज-II के प्रावधान के सम्बन्ध में 25 केवी विद्युतीकरण का कार्य। टेंडर रिफरेंश नं.: SrDEE-TRD-BSB-2025-26-T15, कार्य का अनुमानित लागत रूपया में: ₹ 1,47,19,664.90, धरोहर राशि (रू. में): ₹ 2,23,600/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया में: शून्य, निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय: 25-11-2025 up to 14:45 Hrs., कार्य पूरा करने की अवधि: 09 माह।

- खुली ई-निविदा दिनांक 25-11-2025 को 14:45 बजे तक जमा कर सकेंगे।
- पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत-175 वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

## गुमशुदा की तलाश



मैं विद्या पुत्र स्व. द्रगपाल निवासी हनुमान पुरी अमौसी रोड़ सरोजनीनगर लखनऊ का निवासी हूँ। मेरा पुत्र **राजू वर्मा** दिनांक 24/06/2025 की रात 9:00 बजे से लापता है जिसका **हुलिया-** उम्र करीबन 40 साल कद 5 फुट 04 इंच, रंग गेहुंआ **पहने हुए कपड़े-** हॉफ टी-शर्ट, लाल रंग की हॉफ पैन्ट, गमछा नीला हैं जो कि किसी काम के लिए निकला था जिनका मानसिक संतुलन थोड़ा ठीक नहीं है, अभी तक कुछ अता पता नहीं चला है।

**विद्या**
**मो.-8127363793**

**श्री संन्यासी संस्कृत महाविद्यालय**
(सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी से सम्बद्ध)
रजादेपुरमठ जीयनपुर, (सगड़ी)- आजमगढ़

पत्रांक मेमो/2025-26 दिनांक 05.11.2025

**प्रकाशनार्थ / सूचनार्थ**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सन्यासी संस्कृत महाविद्यालय रजादेपुर, मठ जीयनपुर, सगड़ी जनपद आजमगढ़ में जिला विद्यालय निरीक्षक आजमगढ़ के पत्रांक संस्कृत/ 05-06/2024-25 दिनांक 07.02.2024 के द्वारा आधुनिक विषय (अंग्रेजी) एवं व्याकरणाचार्य के एक-एक रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र पूर्व में दिनांक 24 अगस्त 2024 को दैनिक वायस ऑफ लखनऊ (लखनऊ) तथा दैनिक देश की आन आजमगढ़ में प्रकाशित विज्ञापन के अनुसार मांगे गये थे जो कि अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती है।

**प्रबन्धक**
**श्री सन्यासी संस्कृत महाविद्यालय रजादेपुर,**
**मठ जीयनपुर, सगड़ी जनपद आजमगढ़।**

## सूर्य आज गोचर करेंगे गुरु के नक्षत्र में, 3 राशियों के लिए शुभ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सूर्य देव 6 नवंबर को अपनी चाल में बदलाव करेंगे। इस समय सूर्य तुला राशि में विराजमान रहकर गुरुवार के दिन नक्षत्र परिवर्तन करेंगे। दोपहर के वक्त सूर्य देव विशाखा नक्षत्र में प्रवेश करने वाले हैं, जिसके स्वामी गुरु ग्रह हैं। सूर्य का नक्षत्र परिवर्तन सभी राशियों पर अपना प्रभाव डालेगा। दृक पंचांग के अनुसार, सूर्य देव का अगला नक्षत्र परिवर्तन 6 नवंबर को दिन में 02:59 पी एम पर होगा। सूर्य स्वाती नक्षत्र से विशाखा नक्षत्र में एंटर करने जा रहे हैं। ऐसे में सूर्य की बदलती चाल 19 नवंबर तक कुछ राशियों को मालामाल कर सकती है तो कुछ को मुश्किलों का सामना भी करना पड़ सकता है। आइए जानते हैं ग्रहों के राजा सूर्य के नक्षत्र परिवर्तन से किन राशि के जातकों को लाभ हो सकता है।

**सिंह राशि:** ग्रहों के राजा सूर्य के नक्षत्र परिवर्तन करने से सिंह राशि के लोगों को फायदा हो सकता है। कानूनी मामलों में आपको जीत हासिल हो सकती है। बिजनेस कर रहे लोगों को गुड न्यूज मिल सकती है। प्रॉपर्टी में किया गया कोई पुराना निवेश आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएगा। काम के सिलसिले में यात्रा करनी पड़ सकती है। वहीं, अपनी सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या राशि:** कन्या राशि के जातकों के लिए ग्रहों के राजा सूर्य का यह नक्षत्र परिवर्तन फायदेमंद माना जा रहा है। आपके सालों से रुके हुए काम अपनी रफ्तार पकड़ लेंगे। धन संपत्ति में वृद्धि होने की भी संभावना दिख रही है। मां की सेहत से जुड़ा कोई शुभ समाचार मिल सकता है। वहीं, कारोबारी के लिए दिन बेहद ही शुभ माना जा रहा है।

**मेष राशि:** मेष राशि वालों के लिए ग्रहों के राजा सूर्य का गोचर शुभ माना जा रहा है। घर-परिवार और पूर्वजों का आपको आशीर्वाद मिलेगा। सूर्य की कृपा से समाज में आपकी पद-प्रतिष्ठा में चार-चांद लग सकते हैं। व्यापारिक मुद्दों में आपको लाभ मिल सकता है। रुपए-पैसों से जुड़ी दिक्कतें भी धीरे-धीरे दूर होने लगेंगी।

## काव्य संग्रह अज्ञात के प्रति का लोकार्पण

लखनऊ। योगेंद्र सिंह के काव्य संग्रह अज्ञात के प्रति का लोकार्पण आमोद आश्रम के हाल में हुआ। लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन डॉक्टर नरेंद्र श्रीवास्तव अध्यक्ष आमोद आश्रम द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर पूर्णिमा पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि सर्वश्री विनोद शंकर चौबे से0 नि0 आईएएस और प्रसिद्ध हास्य कवि सर्वेश अस्थाना थे।

**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ0रे0-मण्डल-वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PnU-LKO-BSB-WRL-105-24-1 (Pay and Use-Lounges/ Waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.11.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.11.2025 at 11:30 hrs. |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3429/25


गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर अरदास करते श्रद्धालु


प्रकाश पर्व पर प्रसाद ग्रहण करते भक्तगण


गुरुद्वारों में उमड़ा भक्तों का हुजूम

फोटो-समरी भटनागर

# प्रकाश पर्व : सतिगुर नानक प्रगटिआ मिटी धुंध जगि चानणु होआ...

## हर्षोल्लास के साथ मना गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व, शहर भर के गुरुद्वारों में श्रद्धालुओं ने चखा गुरु का प्रसाद





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सतगुरु नानक प्रगट्या, मिटी धुंध जग चानन होया, कलतारण गुरु नानक आया, ज्यों कर सूरज निकलया तारे छपे अंधेर पोलावा...। गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर यह शबद गुरुद्वारों में गूंजायमान हो रहे थे। कथा वाचक अपनी वाणी व रागी ढाडी जत्थे अपने कीर्तन से गुरु की महिमा का जो बखान कर रहे थे उसे गुरु घर में पहुंची संगत आस्था के समंदर में गोते लगा रही थी। बुधवार को राजधानी के गुरुद्वारों में ऐसा ही नजारा था, जहां हजारों की तादाद में संगत माथा टेकने को उमड़ी।

कार्तिक पूर्णिमा के दिन लखनऊ में गुरुनानक जी का 556वां प्रकाश पर्व श्रद्धा व धूमधाम से मनाया गया। शहर भर के गुरूद्वारों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। कानपुर रोड एलडीए कालोनी गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा मानसरोवर, सदर गुरुद्वारा, नाका हिण्डोला गुरूद्वारा, यहियागंज गुरूद्वारा, हरिओम मंदिर, आशियाना गुरूद्वारा, इंदिरानगर गुरूद्वारा सहित कई जगहों पर गुरूनानकदेव जी का प्रकाशपर्व धूमधाम से मनाया गया।

जगत गुरु साहिब श्री गुरू नानक देव जी महाराज का प्रकाश उत्सव (जन्मोत्सव) बुधवार को श्री गुरु सिंह सभा नाका हिंडोला की ओर से डीएवी इण्टर कालेज ऐशबाग रोड, लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

श्री अखण्ड पाठ साहिब जी की समाप्ति के पश्चात पाँच प्यारों की अगुवाई में समूह साध संगत द्वारा श्री गुरूग्रन्थ साहिब जी की शाही सवारी को शबद कीर्तन गायन करते हुए गुरूद्वारा साहिब से नाका हिण्डोला होते हुए डीएवी इण्टर कालेज ऐशबाग रोड में सजे पंडाल में ले जाया गया। भव्य पंडाल को बहुत खूबसूरती से सजाया गया था जिसमें फूलों से सुसज्जित भव्य स्टेज पर श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी का प्रकाश किया गया। रागी जत्था भाई दिलेर सिंह जी द्वारा पवित्र आसा की वार के अमृतमयी कीर्तन से कार्यक्रम आरम्भ हुआ। बहुत सुबह से ही लखनऊ एवं आस-पास के इलाकों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु डीएवी इण्टर कालेज में पहुँचने लगे तथा पक्तियों में खडे.होकर श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी के दर्शन के पश्चात अपना स्थान ग्रहण कर गुरूबाणी का रसपान किया। आकाशवाणी लखनऊ केन्द्र द्वारा आधे घन्टे का सीधा प्रसारण करके प्रदेश भर की संगतों को कार्यक्रम का रसास्वादन कराया गया। श्री गुरू सिंह सभा के अध्यक्ष डा. अमरजोत सिंह ने इस अवसर पर उपस्थित संगतों को प्रकाश पर्व की बधाई दी तथा बधाई संदेश आकाशवाणी लखनऊ द्वारा भी प्रसारित किया गया। विशेष रूप से पधारे भाई गुरविंदर सिंह जी हजूरी रागी श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर साहिब वालों ने अपनी मधुरवाणी में सतिगुर नानक प्रगटिआ मिटी धुंध जगि चानणु होआ।। शबद कीर्तन गायन कर समूह साध संगत को निहाल किया। प्रचारक गुरजिंदर सिंह जी मलकपुर वालों ने साहिब श्री गुरू नानक देव जी के जीवन पर दिल को छू देने वाले विचार व्यक्त किये। रागी जत्था भाई रकम सिंह जी बनारस वालों ने शबद कलि तारण गुरु नानक आइया।। शबद कीर्तन गायन कर संगतों को मन्त्रमुग्ध कर दिया। सिमरन साधना परिवार के बच्चों एवं माता गुजरी सत्संग सभा,लखनऊ की सदस्याओं ने भी इस कार्यक्रम में शबद कीर्तन गायन किया। डीएवी इण्टर कालेज में दिन भर गुरबाणी कीर्तन तथा गुरमत विचारों का कार्यक्रम चला जिसका संचालन धार्मिक सचिव सरबजीत सिंह ने किया। समागम में लंगर के वितरण की सेवा सिख यंग मेन्स एसोसियेशन एवं दशमेश सेवा सोसाइटी द्वारा की गयी। कई स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा संगत की सेवा आइसक्रीम, चाय/काफी, ब्रेड छोले, जलेबी, कड़ी चावल, गन्ने के रस की खीर आदि अनेक तरह के व्यंजनों के स्टाल लगाकर की गई। लंगर पकवाने एवं वितरण की व्यवस्था स. हरमिन्दर सिंह टीटू, तजिन्दर सिंह एवं इंदरजीत सिंह देखरेख में हुई। दोपहर 12:00 बजे से गुरू का लंगर संगत में वितरित किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने लंगर ग्रहण किया। अरदास के उपरान्त उपस्थित श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम की समाप्ति पर श्री गुरू सिंह सभा के अध्यक्ष डा. अमरजोत सिंह एवं महामंत्री स. मनमीत सिंह बन्टी ने सभी सिख संगठनों/जत्थेबन्दियों को गुरू जी की कृपा सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया।

**हजारों भक्तों ने छका लंगर:** गुरुनानक प्रकाश पर्व पर डीएवी कॉलेज मैदान में हुए भव्य आयोजन के दौरान हजारों भक्तों ने पांत में बैठकर लंगर छका। संगत को दही जलेबी, छोला, चावल, ब्रेड कॉफी का प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर सेवाभाव की मिसाल भी देखने को मिली। सिख समुदाय के बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी संगत को लंगर छकाने में अपना योगदान देते नजर आए। एलडीए कालोनी में मानसरोवर स्थित गुरू सिंह सभा में ग्रंथी भाई राजदीप सिंह ने पाठ किया व हुजूर रागी भाई लाखन सिंह ने आरती गायन किया।

**आशियाना गुरुद्वारा:** आशियाना गुरुद्वारा में सुबह सखुमनि साहिब से दीवान का आरंभ हुआ। इसके बाद हिमाचल रागी जत्थे ने कीर्तन गायन कर संगत को निहाल किया। आशियाना गुरुद्वारे के प्रधान सरदार जसवीर सिंह ने सभी को गुरु पर्व की बधाई दी। अंत मे सभी के बीच गुरु का लंगर वितरित किया गया।

**हरिओम मंदिर में भी मना प्रकाश पर्व:** हरिओम मंदिर में भी गुरुनानक देव का प्रकाश पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रकाश पर्व पर विभिन्न कार्यक्रम हुए। इस मौके पर अखंड साहब का पाठ किया गया।

**गुरुद्वारा श्री गुरू सिंह सभा मानसरोवर:** गुरुद्वारा श्री गुरू सिंह सभा मानसरोवर, एलडीए कालोनी, कानपुर रोड लखनऊ में सिक्खों के प्रथम गुरू साहिब धन-धन श्री गुरू नानक देव महाराज जी का पावन पवित्र प्रकाश उत्सव बड़ी श्रद्धा एवं धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गुरूद्वारा साहिब में बड़ी ही खूबसूरती से अन्दर हाल लाईटों, फूलों एवं गुब्बारों से सजाया गया। विशेष कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। सायंकाल 6 बजे से विशेष कीर्तन दरबार का शुभारम्भ हेड ग्रन्थी भाई राजदीप सिंह ने श्री रहरास साहिब जी के पाठ से किया। तत्पश्चात हजूरी रागी भाई एवं साथियों द्वारा आरती का गायन किया गया एवं भाई दिनेश सिंह के जत्थे द्वारा गंग बनारस हिन्दुवा मुसलमानां मक्का काबा..., सतगुरू नानक प्रगटिया मिटी धुन्ध जग चांनण होवा...,गायन करके संगतों को निहाल किया।

## सदर गुरुद्वारे में शबद कीर्तन सुन संगत हुए निहाल



**लखनऊ।** सदर गुरुद्वारा में साहिब श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व बड़े श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया गया। इस शुभ अवसर की जानकारी सरदार तेजपाल सिंह रोमी, अध्यक्ष गुरुद्वारा सदर ने दी। कार्यवाहक अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह जग्गी, सचिव गुरुद्वारा सदर एवं लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत भाई गुरविंदर सिंह जी द्वारा आसा की वार के मधुर कीर्तन से की गई। विशेष रूप से श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर से पधारे हजूरी रागी भाई अरविंद सिंह नूर जी ने कल तारण गुरु नानक आया... शब्द का कीर्तन प्रस्तुत कर संगत को आत्मिक आनंद से सराबोर कर दिया। यश भारती सम्मानित वीर दविंदर सिंह जी ने जाहर पीर जगत गुरु बाबा शब्द का रसपूर्ण गायन कर दीवान को रूहानी भावनाओं से भर दिया। हेड ग्रंथी ज्ञानी हरविंदर सिंह जी ने अपने विचारों में साहिब श्री गुरु नानक देव जी के जीवन, उपदेशों और मानव कल्याणकारी संदेशों को कथा के माध्यम से संगत के समक्ष रखा। सेवा और सेहत के क्षेत्र में योगदान देते हुए गुरु हर राय डायग्नोस्टिक सेंटर द्वारा एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया, जिसमें डॉ. सरजीत सिंह ने संगत की स्वास्थ्य जांच एवं प्रशिक्षण किया। दीवान के उपरांत गुरु का अटूट लंगर वितरित किया गया, जिसमें भारी संख्या में संगत ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। इस आयोजन में गुरुद्वारा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरदार इंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलबीर सिंह कोहली, सरदार जसविंदर सिंह बेदी, अमृतपाल सिंह भल्ला, रंजीत सिंह लाली, कोषाध्यक्ष सरदार इंद्रजीत सिंह खालसा, सरदार गुरमीत सिंह राजपाल, सरदार आई.एस. बिंद्रा, सरदार भूपेंद्र पाल सिंह सहित अन्य वरिष्ठ सदस्यों ने तन-मन-धन से सेवा करते हुए आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## यहियागंज गुरुद्वारे में सजा विशेष दीवान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** श्री गुरु नानक देव जी का 556 वां प्रकाश पर्व पर ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी यहियागंज में श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर आज शाम को 7:00 बजे से देर रात तक विशेष दीवान सजाया गया। गुरुद्वारा साहब को विशेष प्रकार के फूलों एवं लाइटों से सजाया गया था। गुरुद्वारा सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि डॉ गुरमीत सिंह के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में विशेष रूप से श्री दरबार साहब अमृतसर से भाई निर्भय सिंह जी एवं भाई जगतार सिंह खालसा ने शबद कीर्तन एवं ज्ञानी सतनाम सिंह राजपुरा ने कथा द्वारा संगतो को निहाल किया। हेड ग्रंथी ज्ञानी परमजीत सिंह जी ने सभी को गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर शुभकामनाएं दी। देर रात्रि 1:00 बजे श्री गुरु ग्रंथ साहब जी के ऊपर गुलाब के फूलों से फूलों की वर्षा की गई। कार्यक्रम की समाप्ति पर विशेष मिष्ठान प्रसाद एवं गुरु का अटूट लंगर वितरित किया गया।

**मवैया गुरुद्वारा:** आज मवैया गुरुद्वारे में गुरु नानक देव जी के जन्म दिवस के अवसर पर धूमधाम से पूजा पूजा एवं कीर्तन आयोजन किया गया जिसमें पूरा सिंधु समाज सिंधु समाज के सम्मानित मुखी साहब गुरुद्वारा अध्यक्ष रमेश तलरेजा हरीश तालरेजा अमरनाथ चौधरी गौतम राजपाल एवं समस्त सिंधी समाज के सभी लोगों ने पूजा अर्चना किया इसमें मुख्य अतिथि आलमबाग आश्रम से साईं हरीश जी शामिल सम्मिलित हुए।

## सीएम योगी ने कृपाल सिंह ऐबट को किया सम्मानित



**लखनऊ।** श्री गुरुनानकदेव जी के 556वें प्रकाशोत्सव के शुभ अवसर पर श्री गुरु सिंह सभा, गुरुद्वारा नाकाहिंडोला द्वारा डी ए वी कॉलेज में धार्मिक दीवान सजाये गये। इस अवसर पर प्रदेश वासियों को 556वें प्रकाश पर्व की हार्दिक बधाईयाँ देते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने अपने भाषण की समाप्ति की। बाद में नीचे आकर कुर्सी पर बैठे कृपाल सिंह ऐबट को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। गौरतलब है कि ऐबट गत 54 वर्षों श्री सुखमनी साहिब सेवा सोसाइटी में सक्रिय योगदान दे रहे हैं। इन्हीं सेवाओं हेतु उन्हें सम्मानित किया गया।

# कार्तिक पूर्णिमा पर गोमती में लगी आस्था की डुबकी



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान कर दान पुण्य करने की सनातन परपंरा का निर्वहन भी किया जाता है। बुधवार को सुबह-सुबह श्रद्धालुओं ने गोमती में डुबकी लगाई और स्नान के बाद आदि गंगा गोमती के घाटों पर श्रद्धालुओं ने गरीबों को दान दिया।

कुड़ियाघाट पर पिछले साल के मुकाबले स्नान करने वालों की संख्या अधिक रही। झूलेलाल घाट के साथ ही संझिया व अग्रसेन घाट पर भी लोगों ने स्नान किया। लक्ष्मण मेला घाट के अलावा खदरा के शिव मंदिर घाट ओम ब्राह्मण समाज के धनंजय द्विवेदी ने स्नान कर आदि गंगा गोमती को निर्मल व स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया। गंगा समग्र लखनऊ महानगर व श्री बड़ी काली जी मंदिर के संयुक्त तत्वावधान में आदि गंगा मां गोमती की भव्य आरती का आयोजन कुड़िया घाट लखनऊ में प्रातः सूर्योदय के समय किया गया। कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान के अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से विभोर हो मां गोमती की आरती संपन्न की। जिसमें मुख्य रूप में श्री मनकामेश्वर मंदिर की महंत श्रद्धेय दिव्या गिरी जी अहिमर्दन पातालपुरी लेटे हुए हनुमान जी मंदिर के महंत डॉक्टर विवेक तागड़ी श्री बड़ी काली जी मंदिर चौक के महंत ने आरती की। कार्तिक पूर्णिमा से करीब डेढ़ महीने तक लगने वाला ऐतिहासिक कतकी मेला भी नजर आया। पं. बिन्द्रेस दुबे ने बताया कि मान्यता है कि भगवान शिव ने त्रिपुरासुर नामक असुर का वध कार्तिक पूर्णिमा को ही किया था और विष्णु जी का मत्स्य अवतार भी इसी दिन को हुआ था। देवताओं ने इसी दिन दीपावली मनाई थी।

**भजनों के बीच नावें हुई प्रवाहित :** उड़िया समाज की ओर से बोइटो वंदना के तहत बुधवार को झूलेलाल घाट पर भोर में केले के तने से बनी नावों को प्रवाहित किया गया। समाज के डीआर साहू ने बताया कि जल मार्ग से व्यापार की शुरूआत का पर्व बोइटो वंदना है। सुबह झूलेलाल घाट पूजन के साथ नाव प्रवाहित की गई। इस अवसर पर उप्र पावर कारपोरेशन के महानिदेशक सतर्कता एसएन साबत सहित समाज के लोग मौजूद थे।

# अखिल भारतीय वार्षिक कला प्रदर्शनी में भूपेंद्र अस्थाना होंगे शामिल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** ईस्टर्न फाउंडेशन ऑफ आर्ट एंड कल्चर ने विद्या ज्ञान, सीतापुर के सहयोग से अपनी 9वीं अखिल भारतीय वार्षिक कला प्रदर्शनी एवं आर्ट कैंप 2025 का आयोजन किया है। यह भव्य आयोजन 6 से 8 नवम्बर 2025 तक विद्याज्ञान, सीतापुर (उत्तरप्रदेश) परिसर में आयोजित हो रहा है, जिसमें देशभर से आए प्रतिष्ठित प्रोफेशनल कलाकारों और विद्यार्थियों की उत्कृष्ट कलाकृतियाँ प्रदर्शित की जा रही हैं। यह प्रदर्शनी भारतीय कला की विविधता, रचनात्मकता और सृजनशील अभिव्यक्ति का सशक्त मंच बन रही है। कला शिविर में लखनऊ के कलाकार भूपेंद्र कुमार अस्थाना के अलावा देश के वरिष्ठ और प्रतिभाशाली कलाकार अमित कला (जयपुर), डॉ. शगुफ्ता खानम (लखनऊ), प्रतीक मिश्रा (सीतापुर), डॉ. नीरजा चंदना पीटर्स (नई दिल्ली), टिकम खंडप्पा (जोधपुर), आर्यप्रज्ञा बसबदत्ता (बालासोर), अर्चना जेना (ओडिशा), सस्मिरेखा पात्रा (रांची), यथीषा कसारगोड (केरल) और प्रदीप्ता के. दास (जोधपुर) भाग ले रहे हैं, जो अपने अनुभव और सृजनशील दृष्टिकोण से कला संवाद को नई दिशा दे रहे हैं। भूपेंद्र अस्थाना, जो लखनऊ के चित्रकार और कला समीक्षक हैं, इस कला शिविर में अपनी रचनात्मक उपस्थिति देंगे। उनकी कला दृष्टि और मार्गदर्शन से यह शिविर और अधिक अर्थपूर्ण तथा संवादमूलक बनेगा। इस आयोजन के क्यूरेटर रघुनाथ जेना हैं। इस अवसर पर कला के विविध रूपों का एक सुंदर संगम देखने को मिल रहा है, जहाँ युवा सृजनशीलता और अनुभवी कलात्मक दृष्टि एक ही मंच पर संवाद करती दिखाई देती हैं। प्रदर्शनी के अंतर्गत पुरस्कृत कलाकारों की घोषणा भी की गई है। प्रोफेशनल श्रेणी में ग्राफिक कैश अवॉर्ड अंकुर कुमार (दिल्ली), पेंटिंग कैश अवॉर्ड डॉ. सूर्यस्नता मोहंती (नई दिल्ली) और प्रीता गडकरी (इंदौर), ड्रॉइंग कैश अवॉर्ड डॉ. नीरजा चंदना पीटर्स (नई दिल्ली) तथा हाईली कमेंडेड अवॉर्ड सस्मिरेखा पात्रा (रांची) को प्राप्त हुआ है। छात्र श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनी कैश अवॉर्ड शंकसुभ्र जन (पूर्व मेदिनीपुर), सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग कैश अवॉर्ड कृष्णपद मैती (पूर्व मेदिनीपुर), सर्वश्रेष्ठ ड्रॉइंग कैश अवॉर्ड मधुस्मिता उपाध्याय (बालासोर) और राजकिशोर डिंडा (ओडिशा), तथा सर्वश्रेष्ठ ग्राफिक कैश अवॉर्ड स्तिति प्रज्ञा साहू (बालासोर) को मिला है। इसके अतिरिक्त हाईली कमेंडेड अवॉर्ड के अंतर्गत संजुक्ता घोष (झाड़ग्राम, पश्चिम बंगाल), चिन्मय पांडा (बालासोर), टिन्नी मोहापात्र (पश्चिम मेदिनीपुर), भूमिका बाग (बालासोर) और अभिजीत दास (चंडीगढ़) को सम्मानित किया गया है।

# पूजन-हवन व भंडारे के साथ श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर का वार्षिकोत्सव संपन्न

- श्री शनिदेव न्याय के देवता हैं, कर्मों के आधार पर फल देते हैं: महंत विशाल गौड़

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** श्री शनिदेव जी महाराज न्याय के देवता हैं, और कर्मों के आधार पर व्यक्ति को फल देते हैं। शनि देव और हनुमान जी के बीच परम मित्र का रिश्ता है। यह मित्रता कई पौराणिक कथाओं पर आधारित है।

जिनमें एक कथा के अनुसार हनुमान जी ने रावण की कैद से शनि देव को बचाया था। यह जानकारी देते हुए चौक कोतवाली स्थिति श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर के महंत विशाल गौड़ ने श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में श्री शनिदेव महाराज जी का 25 वां वार्षिकोत्सव समारोह में दी महंत ने बताया कि प्रातःकाल श्री शनिदेव महाराज को गंगा जल से स्नान कराया गया।

नये वस्त्र धारण कराने के बाद पूजा अर्चना के बाद भोग लगाया गया। सुबह 10 बजे से वेद पाठ, हवन पूजन का आयोजन वैदिक मंत्रों से किया गया। पूजा संपन्न होने के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व उप मुख्यमंत्री, पूर्व मेयर राज्य सभा सांसद डा दिनेश शर्मा ने कहा एक अन्य मान्यता के अनुसार, शनि देव हनुमान जी के गुरु सूर्य देव के पुत्र हैं, और हनुमान जी भगवान शिव के अवतार होने के नाते शनि देव के गुरु भाई (या पुत्र) हैं।

इस कारण से, हनुमान जी की पूजा शनि के दुष्प्रभाव को शांत करने और शनि दोष से मुक्ति पाने का एक प्रभावी तरीका माना जाता है। समारोह में भाजपा नेता विनय कटियार ने आभार जताते हुए बताया कि ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार शनि जी को कृष्ण जी का अवतार माना जाता है, जहाँ कृष्ण कहते हैं कि वे ₹ग्रहों में शनि₹ हैं। उन्हें शनिश्वर भी कहा जाता है। इस अवसर पर स्थानिय पार्षद, श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर से जुड़े सेवादार अजय अग्रवाल, सोनू अग्रवाल, आनंद रस्तोगी, अजय खन्ना, संदीप अग्रवाल, अंकुर दीक्षित, पंकज अग्रवाल, अवध अग्रवाल, आशीष मिश्रा, डॉ राज कुमार वर्मा, अनुराग मिश्रा, निखिल अग्रवाल, आचार्य राजेश शुक्ला, नीरज अवस्थी आदि भक्तगणों ने सहयोग किया। दोपहर बाद शुरू हुए भंडारे में भारी संख्या में श्रद्धालु ने प्रतिभाग कर प्रसाद ग्रहण किया।

# कार्तिक पूर्णिमा : देव दीपावली पर दीयों से जगमगा उठा गोमती तट



देव दीपावली पर मनकामेश्वर उपवन घाट पर दीयों से सजाया गया



गोमती आरती करती महंत देव्यागिरि



घाट पर दीये जलाते लोग    फोटो–समीर भटनागर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** झिलमिल रोशनी से टिमटिमाते लाखों दीप, वेदियों पर आसीन पुजारी हाथों में आरती लिए हुए, पीछे विशेष प्रकार के परिधानों में साज सज्जा कर खड़ी महिलाएं और लड़कियां संगीत यंत्र बजाती हुईं, कार्तिक पूर्णिमा की पावन बेला पर शाम होते ही ऐसा मनभावन दृश्य देखकर लग रहा था कि गोमती तट पर मानों देवता उतर आए हों। पूरी भव्यता के साथ फूलों और रंग बिरंगी लाइटों से जगमगाते मनकामेश्वर उपवन तट पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ महंत देव्या गिरि की अगुवाई में देव दीपावली पर महाआरती हुई। वहीं, शहर के अन्य घाटों पर भी देव दीपावली के आयोजन हुए। कार्तिक पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर सोमवार को देव दीपावली हर्षोल्लास के साथ शहर भर में मनाई गई। दीपों की झिलमिल रोशनी से गोमती किनारे विभिन्न तट जगमगाते रहे। घर-घर भगवान विष्णु के साथ तुलसी माता का पूजन हुआ। मंदिरों में पूजा.अर्चना के लिए भीड़ उमड़ती रही। पटाखों से एक बार फिर आसमान गूंजे। साथ ही सैकड़ों श्रद्धालुओं ने देवों को दीपकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। लखनऊ के पावन मनकामेश्वर उपवन घाट पर इस वर्ष की देव दीपावली 2025 का आयोजन अद्भुत भव्यता और श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ।

पूरे घाट को लगभग 2 लाख 51 हजार दीपों से सजाया गया, जिससे सम्पूर्ण गोंमती तट दिव्य प्रकाश से जगमगा उठा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही गोंमती माँ की भव्य आरती, जिसे महंत दिव्या गिरि जी द्वारा विधि-विधानपूर्वक संपन्न किया गया। उनकी मंगलमय उपस्थिति और भावपूर्ण आरती ने पूरे वातावरण को भक्ति और शांति से भर दिया। आरती के साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ हुईं, जिनमें नृत्य, भजन और लोक संस्कृति की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम की सफलता में कार्य समिति के सदस्यों –जगदीश गुप्त अग्रहरि, सत्य प्रकाश गुलहरे, दीप प्रकाश, शेखर कुमार, राजीव श्रीवास्तव, अजय तिवारी, प्रेम तिवारी, अमित श्रीवास्तव, और मालिनी चतुर्वेदी –का विशेष योगदान रहा। इन सभी के समर्पण, सहयोग और व्यवस्थापन के कारण आयोजन अत्यंत सफल और अनुशासित रूप से सम्पन्न हुआ। घाट पर स्वच्छता, सुरक्षा और सेवा कार्यों की उत्कृष्ट व्यवस्था रही, जिसके लिए स्वयंसेवकों और आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की गई। देव दीपावली के इस अवसर पर लखनऊ वासियों ने एकता, आस्था और प्रकाश का सुंदर संदेश दिया। दीप से दीप जलाने की यह परंपरा गोंमती तट पर भारतीय संस्कृति और श्रद्धा का जीवंत प्रतीक बन गई।

**रोशनी से नहाया मनकामेश्वर उपवन घाट :** दो लाख 51 हजार दीपकों की रोशनी से नहाया मनकामेश्वर उपवन घाट, परंपरा, आस्था और विश्वास की बही त्रिवेणी, नमोस्तुते मां गोमती से गुंजायमान वातावरण के साथ आदि गंगा गोतमी की आरती करते श्रद्धालु। बुधवार को कुछ ऐसा ही माहौल देव दीपावली पर शाम-ए-अवध में नजर आया। कार्तिक मास की पूर्णिमा के महात्म के बखान के बीच मनकामेश्वर मंदिर की महंत देव्या गिरि ने आरती कर माहौल को भक्ति से सराबोर कर दिया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच आचार्यो ने विधान कराए तो पूरे परिसर में हजारों साल पुरानी सनातन संस्कृति एक बार फिर मुस्कुरा उठी। एक ओर जहां मनकामेश्वर उपवन घाट पर पहली बार गोबर के दीपकों से आरती कर उन्हें गोमती में प्रवाहित किया गया तो दो लाख मिट्टी के दीपकों से पूरा परिसर रोशनी से सराबोर हो उठा।

**खदरा में देव दीपावली:** खदरा के शिव मंदिर घाट प ओम ब्राह्मण समाज के संयोजक धनंजय द्विवेदी के सानिध्य में आरती हुई। आशियाना परिवार के अध्यक्ष आरडी द्विवेदी के संयोजन में द्विवेदी पार्क के तुलसी वाटिका में देव दीपावली पर महापौर संयुक्ता भाटिया के अलावा अंजू रघुवंशी, शशि शर्मा, रमा द्विवेदी, नीलम शुक्ला, बीना अग्रवाल, प्रीति जैन व दीपा दीक्षित समेत परिस के सदस्यों ने आरती में हिस्सा लिया। राजेंद्र नगर के महाकाल मंदिर में श्रृंगार के साथ आरती की गई।

## यमुनाझील पार्क में सजे दीप, मनी देव दीपावली

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर ऐशबाग के यमुनाझील पार्क में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मोतीझील सनातन सेवा समिति एवं झील बचाओ अभियान के प्रयासों से देव दीपावली उत्सव पर्व का आयोजन किया गया जिसमे सैकड़ो की तादाद मे लोगों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के मुख्य आयोजक गौरव वाजपेयी ने बताया कि हर वर्ष कार्तिक पूर्णिमा के दिन हम सब यहाँ देव दीपावली उत्सव मनाते हैं जिसमें पार्क में बने वरदानी हनुमान जी के मंदिर में महिलाओं द्वारा रंग बिरंगी रंगोलियां सजा कर तुलसी पूजन किया जाता है। इसके उपरांत मंदिर में पूजा अर्चना कर मंदिर परिसर व पार्क में सजे मिटटी के 7100 दीपों को जलाया गया। झील के किनारे रंगबिरंगी झालर और रंगीन फौव्वारों के बीच झिलमिल करते हजारों दीप और आकाशीय आतिशबाजी के दृश्य देख लोग अपने मोबाइल कैमरों में इस क्षण को कैद करते दिखे तो कुछ सेल्फी लेते भी दिखाई दिए। देव दीपावली उत्सव में हर आयु वर्ग के चेहरे पर खुशी दिखाई दे रही थी। कोई मंच पर चल रही सांस्कृतिक संध्या में भजन और नृत्य का आनंद ले रहा था तो कोई दीपोत्सव व आतिशबाजी का भजन संध्या गायक एसपी साहू व उनके साथी कलाकारों ने प्रस्तुत की। भजन संध्या का शुभारंभ गणपति वंदना से हुआ इसके बाद हनुमान चालीसा कर दीपोत्सव आरंभ किया गया। कार्यक्रम मे गौरव वाजपेयी, गनेश कनौजिया, दिनेश, संतोष श्रीवास्त, संजय श्रीवास्तव, जितेंद्र राजपूत, उमाशंकर सिंह, सचिन जयसवाल, घनश्याम गुप्ता, रमेश दीक्षित, अमन त्रिपाठी समेत सैकड़ो गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## असंख्य दीपों से रोशन हुआ झूलेलाल घाट

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सनातन महासभा की ओर से कार्तिक पूर्णिमा पर सनातन समागम एवं 144 वीं आदि गंगा माँ गोमती महाआरती का आयोजन बुधवार को झूलेलाल वाटिका, गोमती तट पर किया गया। मंगलाचरण, स्वस्तिवाचन, पुष्पांजलि व शंखनाद के साथ 07 भव्य मंचो से पूज्य स्वामी आनंद नारायण जी, स.परविंदर सिंह, कुमार अशोक पांडेय, पूर्व आईएएस आशा सिंह के सानिध्य में हुई। महाआरती में मृदंग, मंजीरा, ढोल, तासे, शंख की ध्वनि से पूरा प्रांगण गुंजायमान रहा। अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने बताया कि महाआरती के पूर्व कार्तिक पूर्णिमा पर गोमती बचाव को लेकर सामूहिक संकल्प और गुरु नानकदेव जी की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद श्री गणेश वंदना के साथ प्रकृति संवर्धन हेतु गोमती बचाव अभियान को आगे बढ़ाने हेतु चर्चा की गयी।

बाद में शुभम व श्वेता के नेतृत्व में भरतनाट्यम नृत्य के साथ सामूहिक नृत्य प्रस्तुति हुई साथ ही शशि सिंह, मीरा तिवारी व गीता निगम ने भजन प्रस्तुत किये और महिलाओं व बच्चो ने सनातन संस्कृति के जानने हेतु रामायण, गीता, शरीर विज्ञान प्रतियोगिता में भाग लिया और उनमें से कुछ लोगो को पुरुस्कार भी दिए गए। महाआरती का संयोजन कर रहे महासभा के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण व प्रदेश अध्यक्ष रवि कचरू ने बताया महाआरती के बाद संकल्पों के साथ 1101 दीपो से घाट दीवाली की तरह जगमगा उठा। संचालन प्रवक्ता विकास मिश्र ने किया। अंत में कार्तिक पूर्णिमा पर लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर 11 सनातन पदाधिकारियों व सदस्यों को गंगाजल व कृपाण व तलवार देकर धर्म विस्तार हेतु संकल्पित कराया गया तथा पूर्व वाईस चैयरमैन, अल्पसंख्यक आयोग स0 परविंदर सिंह व समाजसेवी श्वेता को सनातन गौरव सम्मान से सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर प्रवक्ता विकास मिश्र, प्रदेश अध्यक्ष रवि कचरू, सुधांशु शुक्ल, तेजस्वी गिरी, पल्लवी सिंह, अंजनी पांडेय, रामकिशोर शुक्ल, एड0 शैलेन्द्र श्रीवास्तव, संजीव पांडेय, विजय मिश्र, पूनम शर्मा, रेनू सिंह, मधुबाला, अर्जुन द्विवेदी, शोभित सिंह, सुनीता गोस्वामी, रेनू शर्मा, पूनम तिवारी, आरती पांडेय, रामकिशोर मिश्र,, विजय मिश्र,, विश्वनाथ शुक्ल, मीरा तिवारी, अतुल तिवारी, राकेश अग्रवाल, अंजलि तिवारी शक्ति सिंह, आदि मौजूद रहे।

## रहस्यमय रूमानी फिल्म 'लाल दाना' का मुहूर्त

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** मंत्र पढ़े गये। फेरे हुए और शादी सम्पन्न होते ही सहनायिका अनन्या और नायक अनिल कृष्णा ने बड़ों का आशीर्वाद लिया। भोजपुरी फीचर फिल्म 'लाल दाना'' का मुहूर्त शाट आज सुबह बक्शी का तालाब क्षेत्र के श्याम मंदिर में लिया गया।

रियल आर्ट आफ नेशनल इंटरटेनमेंट के बैनर पर शूट होने वाली इस फिल्म में आज अनिल-अनन्या के साथ सुनीता राय, रितु सिंह, अर्चना, उमाकांत राय, आभा, तरुष और माला चौबे आदि कलाकारों ने हिस्सा लिया। गायिका अनन्या सिंह की ये पहली फिल्म होगी। फिल्म निर्माता राजीव प्रकाश और राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि रियल आर्ट ऑफ नेशनल एंटरटेनमेंट के बैनर की रहस्य, रोमांच और रोमांस से भरी राहुल दुबे की कथा पटकथा पर बन रही ये फिल्म लखनऊ, बख्शी तालाब, काकोरी, सिधौली, सीतापुर, कानपुर सहित आसपास की लोकेशन पर सत्येन्द्र एन दुबे के निर्देशन में सिनेमेटोग्राफर विजय पाण्डेय शूट करेंगे।

भोजपुरी सिनेमा की सबसे खूबसूरत हीरोइन मानी गयी अदाकारा रूपा मिश्रा इस फिल्म की नायिका हैं। वह स्वर्ग जैसन घर हमार, पिया मिलन, एसपी देवी, अनाड़ी, हम हैं निरहुआ की दीवानी और काली दुल्हन जैसी फिल्में कर चुकी हैं। नायक अनिल कृष्णा बुलडोजर वाली सास, कलयुगी ब्रह्मचारी, तेरा मेरा साथ रहे, सौगंध भोले नाथ की, मोटली दुल्हनिया और बबुनी हमार जैसी सफल फिल्में दे चुके हैं। संगीत अनुज कुमार तिवारी का है। एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर नरेंद्र कनौजिया और क्रियेटिव डाइरेक्टर संजय शुभंकर के साथ प्रोडक्शन टीम में दुर्गेश चौहान, राजवीर रतन, देवेन्द्र मोदी, रमेश यादव, मशहूर और अशोक शामिल हैं। कलाकारों में गौरव कुमार के साथ स्थानीय बीना वर्मा, सीएसआर सिंह, बालकृष्ण शर्मा, इशिता वार्ष्णेय, ज्योति, शालिनी चंद्रा, पंकज सक्सेना अनुपमा, मोनिका अग्रवाल आदि हैं। फिल्म की थ्रिल भरी प्रेम कहानी में दीनानाथ उर्फ डैनी मल्टीनेशनल कंपनी में जॉब करते हुए जूनियर श्रीति से शादी करना चाहता है। लेकिन इसमें एक अड़चन है कि डैनी का बाल विवाह पुतान की सुपुत्री संभावी से हो चुका है।

## मिस्टर फ्रेशर बने आदि और मिस फ्रेशर कृतिका

विशेष संवाददाता (vol)




लखनऊ। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एफओईटी) में नए बीटेक बैच के छात्रों के स्वागत के लिए आरंभ 3.0 फ्रेशर्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा एवं प्रॉक्टर डॉ. नीरज शुक्ला के प्रेरणादायक संबोधन से हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं नवाचार के प्रति सतत प्रयासरत रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मिस्टर और मिस फ्रेशर प्रतियोगिता रही, जिसमें प्रथम वर्ष के छात्रों ने अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास का बेहतरीन प्रदर्शन किया। मिस्टर फ्रेशर का खिताब आदि सक्सेना (बीटेक एआई एवं एमएल, प्रथम सेमेस्टर) को प्रदान किया गया। वहीं, मिस फ्रेशर का खिताब कृतिका यादव (बीटेक एआई एवं एमएल, प्रथम सेमेस्टर) को प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का समापन उल्लासपूर्ण प्रस्तुतियों, जोश और उत्साह के बीच हुआ। एफओईटी परिवार ने नए विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। यह कार्यक्रम निदेशक डॉ. राजेन्द्र त्रिपाठी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। साथ ही विभागाध्यक्षगण डॉ. सुमन कुमार मिश्र, डॉ. ममता शुक्ला, इंजीनियर खुशलेश शाह और डॉ. एसएएच रिजवी के सहयोग से आयोजन को सुव्यवस्थित रूप से संचालित किया गया। कार्यक्रम के समन्वयन में डॉ. शान-ए-फातिमा एवं इंजीनियर विवेक बाजपेयी का विशेष योगदान रहा।

## 7 को वार ऑफ बैंड्स एवं आठ को डांडिया का धमाल गोमती तट पर

लखनऊ। उत्तराखंड महापरिषद द्वारा आयोजित उत्तराखंड महोत्सव उत्तराखंड स्थापना दिवस की हीरक जयंती के अवसर पर 9 नवंबर से 18 नवंबर तक 10 दिवसीय कार्यक्रम पंडित गोविंद बल्लभ पंत पर्वतीय सांस्कृतिक उपवन, बीरबल साहनी मार्ग पर होगा, उससे पूर्व 7 नवम्बर को वार ऑफ बैंड्स और 8 को उत्तराखंडी गानों पर डांडिया से शामएअवध गुलजार होगी। राजेश बिष्ट सचिव उत्तराखंड महापरिषद ने बताया कि लखनऊ में पहली बार हो रहे इस वार ऑफ बैंड्स इवेंट्स में 25 में से 6 बैंड्स को 7 तारीख की प्रस्तुति देने के लिए सिलेक्ट किया गया है, इनमें आपस में जबरदस्त कंपटीशन होगा, जिससे दर्शकगण मंत्र मुग्ध होंगे। विजेता बैंड को विनर ट्रॉफी के साथ-साथ 25000 इनाम, 4 दिन का उत्तराखंड टूर, महोत्सव के दौरान बैंड का प्रचार तथा बैंड का एक गाना स्वरांजली स्टूडियो द्वारा कंपोज किया जाएगा। उपविजेता बैंड को रनर अप ट्रॉफी तथा महोत्सव के दौरान उसका भी प्रचार किया जाएगा। राजेश बिष्ट सचिव द्वारा वार ऑफ बैंड्स के इवेंट के अलावा एक शाम डांडिया का धमाल भी सजाई गई है। उत्तराखंडी गानों में डांडिया का धमाल होगा। इसमें हमारे उत्तराखंड, लखनऊ के तमाम कलाकार तथा अन्य लोग सज धज के साथ डांडिया बिटस लेकर अपनी प्रस्तुतियां देकर गोमती तक को गुंजायमान करेंगे। इसके साथ-साथ गोमती तट पर स्टालों से विभिन्न प्रकार के लजीज खाने, कपड़े, ऊनी वस्त्र, उत्तराखंड के बाल मिठाई, दालें, गड़ेरी, मूली, ड्राई फ्रूट्स, ज्वैलरी आदि से सजने लगेगा। उत्तराखंड महोत्सव लखनऊ में भव्य रूप लेता जा रहा है, यह लखनऊ महोत्सव के बाद का लखनऊ की जमीं पर लगने वाला भव्य कार्यक्रम है जिसे सजाने में सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं।

## निर्माण श्रमिकों को मिलेगा नवीनीकरण का रिमाइंडर संदेश




● विज्ञान फाउंडेशन ने किया श्रमिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विज्ञान फाउंडेशन द्वारा इंडिया लेबर लाइन कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को आश्रय गृह, पलटन छावनी, अलीगंज (लखनऊ) मेंएक श्रमिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न वर्गोंके श्रमिकों की समस्याओं को समझना और उनके समाधान के लिए नीति स्तर पर सुझाव एकत्र करना था। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन विभाग डॉ. एमके शन्मुगा सुंदरम उपस्थित रहे। इसके अलावा जिला श्रम न्यायालय के पीठासीन अधिकारी बीके राय, दत्तोपंत ठेंगड़ी श्रमिक शिक्षा बोर्ड के प्रतिनिधि सीपी सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य परमानंद, नगर निगम जोन-3 की अवर अभियंता नीतू वर्मा, विज्ञान फाउंडेशन के सचिव संदीप खरे तथा संतोष यादव भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव डॉ. एमके शन्मुगा सुंदरम ने कहा कि जब मजदूरों के बीच आया तो उनका दर्द पता चला है। शासन और कार्यालय में तो सिर्फ मीटिंग होती है और हम मजदूरों के असली मुद्दे को जान भी नहीं पाते। मेरी पूरी कोशिश रहेगी कि जिन मुद्दों को श्रमिकों ने उठाया है, उस पर सरकार की मदद से पूरी सहायता पहुंचा सकूं। उन्होंने कहा कि सरकार श्रमिकों की वास्तविक समस्याओं के समाधान के लिए गंभीर है। निर्माण श्रमिकों के नवीनीकरण (रिन्यूअल) को सरल बनाने के लिए पंजीकृत श्रमिकों के मोबाइल नंबर पर रिमाइंडर संदेश भेजने की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि गिग श्रमिकों के लिए आगामी दिनों में बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। डॉ. सुंदरम ने यह भी घोषणा की कि आश्रय गृह, पलटन छावनी में भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (बीओसीडब्ल्यू) द्वारा दो दिवसीय पंजीकरण और नवीनीकरण शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिससे श्रमिकों को सुविधा मिल सके। उन्होंने विज्ञान फाउंडेशन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था द्वारा आश्रय गृह में ठहरने वाले श्रमिकों को दी जा रही सुविधाओं से उन्हें काफी लाभ मिल रहा है।

जिला श्रम न्यायालय के पीठासीन अधिकारी बीके राय ने कहा कि श्रमिकों को सजग रहना चाहिए और यदि उन्हें किसी तरह की परेशानी होती है तो वे श्रम न्यायालय या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सहायता प्राप्त कर सकते हैं। मजदूरों से संवाद के बाद विज्ञान फाउंडेशन के संदीप खरे ने प्रमुख सचिव श्रम डॉ एमके शंमुन्गा सुंदरम को शेलटर होम की पूरी व्यवस्था दिखाई। इस दौरान प्रमुख सचिव ने मजदूरों के खाने की व्यस्वस्था, सोने की व्यवस्था, शौचालय आदि का निरीक्षण किया। प्रमुख सचिव श्रम ने अपने कैमरे में कैद की तस्वीरें निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव श्रम डॉ एमके शंमुन्गा सुंदरम को विज्ञान फाउंडेशन के संदीप खरे ने मजदूरों के लिए तैयार होने वाले भोजन की सूची दिखायी। प्रमुख सचिव श्रम ने अपना मोबाइल निकालकर उस भोजन सूची को अपने मोबाईल में कैद कर लिया।

## कार्यकर्ता घर-घर जाकर मतदाताओं के नाम जुड़वाने का कार्य करें : डॉ. के लक्ष्मण

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** पूर्वी विधानसभा मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यशाला का आयोजन महानगर स्थित होटल में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ओबीसी अध्यक्ष डॉ के लक्ष्मण, एमएलसी एवं प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला, भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी उपस्थित रहें।

राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष एवं सांसद डॉ के लक्ष्मण ने कहा कि लगभग 20 साल के बाद मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण का काम चल रहा हैं। मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण करके कहीं न कहीं चुनाव आयोग शुद्धिकरण करने का कार्य किया जा रहा है। पीएम मोदी का एजेंडा जो विकास कार्य का मॉडल वह जन-जन तक कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से पहुंच रहा है, उससे विपक्षी पार्टी बहुत विचलित है। उसके पास कोई मुद्दा नहीं होता तो वहां सुधार कार्यों पर खामियां निकलकर जनता तो गुमराह करने का काम करते हैं। विपक्षी पार्टी घुसपैठियों को जिस तरह आधार कार्ड दे सकते उनको मतदाता बनाकर के लोकतंत्र को सुरक्षा में सेंध लगाने का कार्य किया जा रहा है उसे चुनाव आयोग द्वारा शुद्धिकरण का कार्य किया जा रहा है। 2027 का चुनाव इन्हीं मतदाता सूची के आधार पर ही निश्चित होगा और हम सभी कार्यकर्ताओं को सतर्क होकर के पूरे एक महीने लग करके यह बीएलओ के साथ सहयोग करते हुए घर-घर जाकर के मतदाताओं से संपर्क कर उनके नाम जुड़वाने का कार्य करना है। बूथ अध्यक्ष अपने क्षेत्र में कार्य समिति बनाकर के कार्य का विभाजन करते हुए करें। हमारे पार्टी के विचारधारा से जुड़े हुए मतदाताओं का पूरा प्रयास करें उनका नाम नहीं छूटना चाहिए। ऑनलाइन के माध्यम से भी अपने मतदाताओं को जागरुक कर उनका नाम जुड़वाने का कार्य किया जा सकता है। प्रदेश महामंत्री एवं एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ला ने कहा कि बूथ अध्यक्षों का सबसे पहले काम बीएलओ से संपर्क करें और क्षेत्र में स्थित परिवारों से पूरे 30 दिन उनके साथ लग करके कार्य करना है। मतदाता सूची लेकर के परिवारों को चिन्हित करना है और उनको उन परिवार के घरों पर ले जाना है और दिया गया प्रारूप फॉर्म उनका घर पर देना है। एक बूथ पर 1200 ही मतदाता होंगे। और इस बात की चिंता भी करनी है कि क्षेत्र के एक बूथ पर स्थित परिवारों के नाम एक ही बूथ पर ही हो दूसरे बूथ पर न जाए इसका प्रयास करना है। जो मतदान केंद्र बने वह आपके पास ही बने कहीं दूसरी जगह ना बने। 4 दिसंबर तक नाम बढ़ाने घटाने का कार्य किया जाएगा, इस पर विशेष तौर पर ध्यान देना होगा। बूथ अध्यक्ष समय सीमा के अंदर अपने मतदाताओं का नाम बढ़ाने एवं घटाने का कार्य कर सकते हैं। प्रत्येक बूथ पर मतदाताओं को बढ़ाने का अधिक से अधिक प्रयास करना होगा। कम से कम 50 नए वोट बढ़ाने का काम प्रत्येक बूथ पर किया जाने का प्रयास किया जाए। बीएलओ से संपर्क करके एक दिन विशेष अभियान चलाकर के 50 नए मतदाताओं को बनाने का कार्य किया जाए। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि पूर्वी विधानसभा के 417 बूथ के अध्यक्षों को पूरे 30 दिन एक एक मतदाता को चिंता करना है। कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी मानते हुए अपने बूथ को सशक्त करना है इसी अभियान के तहत भाजपा लखनऊ महानगर भी प्रत्येक बूथ स्तर पर एक कार्यकर्ता को बीएलए टू के रूप में नियुक्त कर चुकी हैं। बीएलए टू अपने संबंधित बूथ लेवल अधिकारी बीएलए के साथ घर-घर जाकर मतदाता सूची का पुनरीक्षण करेगा। कार्यक्रम में महामंत्री राम अवतार कन्नौजिया, उपाध्यक्ष धनश्याम दास अग्रवाल, संयोजक चेतन विष्ट, केके जायसवाल, अनुराग साहू, पंकज सक्सेना, मंडल अध्यक्ष रीना चौरसिया, समित खन्ना, अभिषेक राय, नरेंद्र देवड़ी पार्षदगण एवं बड़ी संख्या में बूथ अध्यक्षगण मौजूद थे।

संक्षेप

## लावारिश छोड़ गया ई रिक्शा वाला

**अयोध्या।** जिला अस्पताल परिसर में बुधवार को एक ई रिक्शा चालक एक अधेड़ को लावारिश हाल में छोड़कर भाग गया। मामले की जानकारी पर अस्पताल प्रशासन ने उसका मेडिकल परीक्षण करवा इलाज के लिए भर्ती कराया है। मामले की सूचना नगर कोतवाली पुलिस को भेजी है। डाक्टर का कहना है कि अधेड़ शराब के नशे में था और कुछ बोल बता नहीं पा रहा था। उसके होश में आने का इंतजार किया जा रहा है।

## युवती ने खाया जहरीला पदार्थ, भर्ती

अयोध्या। कैंट थाना क्षेत्र के निषाद नगर रेतिया निवासी प्रिया निषाद (30 वर्ष) पुत्री अनिल को बुधवार दूसरी पहर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डाक्टर का कहना है कि युवती को उनका परिचित राजेश लेकर आया था। युवती ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया था। भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। सूचना पुलिस को भेजी गई है।

## दीवान ने जीआरपी में किया हंगामा

अयोध्या। जीआरपी थाना अयोध्या कैंट पर तैनात एक मुख्य आरक्षी धीरज शुक्ल ने मंगलवार की रात हंगामा किया। शराब के नशे में थाने में तैनात एक सहयोगी से भिड़ गया।

काफी देर तक गाली-गलौच और कहासुनी हुई। मामले की जानकारी पर मुख्य आरक्षी को जिला अस्पताल भेज उसका अल्कोहल परीक्षण कराया गया है। जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक समर सिंह ने बताया कि मेडिकल रिपोर्ट कार्रवाई के लिए अधिकारियों को प्रेषित की जाएगी।

# कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगायी आस्था की डुबकी



**कुशीनगर।** यूपी-बिहार सीमा से सटे ऐतिहासिक बांसी धाम घाट व नारायणी के विभिन्न घाटों पर बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डूबकी लगाकर पूजा अर्चना की। इस दौरान तमाम श्रद्धालुओं ने गौ दान भी किया। महिलाओं और बच्चों ने मेले मे खूब खरीदारी की। इस दरम्यान पुलिस प्रशासन पूरी तरह चौकस रहा ऐतिहासिक बांसी मेले को लेकर यूपी-बिहार प्रशासन सतर्क रहा। घाट पर भीड़ न हो, इसके लिए पूरी व्यवस्था की गई थी। महिला व पुरुष कांस्टेबल के साथ पीएसी के जवान भी तैनात किए गए थे।काबिलेगोर है कि कीर्तिक पूणिमा पर बासी नदी व नारायणी नदी मे स्नान की महत्ता को ध्यान मे रखते हुए बुधवार को भोर से ही श्रद्धालु बांसी व नारायणी नदी के दोनों तटों पर बने घाट पर पहुंचने लगे। सुबह के पांच बजते ही यूपी बिहार की सीमा पर स्थित बासी नदी के दोनों तरफ बने घाटो श्रद्धालुओं की भीड़ इकट्ठा हो गयी।इस दौरान हर हर गंगे की जयघोष के साथ श्रद्धालुओं ने बासी नदी मे स्थान कर भगवान सूर्य देव को जल अर्पित किया। तत्पश्चात विधिवत पूजा-अर्चना के बाद गौदान किया।इस दौरान श्रद्धालुओं की उत्साह देखने लायक थी।

### श्रद्धालुओं ने किया दान

मंगलवार को देर शाम से ही बासी, पनियहवां, शिवाघाट व हेतिमपुर घाट पर श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। रात में प्राचीन रामजानकी मंदिर और आसपास के भवनों में ठहरे लोगों ने भजन, कीर्तन किया। बुधवार को सुबह स्नान का क्रम शुरू हुआ जो दोपहर तक चला। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने दान किया। महंत ने बताया कि बड़ी संख्या में लोगों ने स्नान किया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए हेतिमपुर चौकी की पुलिस मुस्तैद रही।

### बांसी-नारायणी के संगम स्थल पर लगा मेला

सेवरही में बांसी नदी के शिवा घाट व पिपराघाट में बांसी व नारायणी नदी के संगम स्थल पर श्रद्धालुओं ने स्नान किया।इसके अलावा पांडेयपट्टी, गौरी घाट, बीरवट व अहिरौली दान में भी लोगों ने स्नान और दान किया।बांसी घाट पर श्रद्धालुओं ने की गंगा आरती की, घाटों पर मेला जैसा माहौल रहा। नगर पंचायत की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मुकम्मल इंतजाम कराया गया था। थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

### आकर्षण का केंद्र बना झूला

बांसी मेले में बाहर से आए झूला, सर्कस, जादूगर आदि आकर्षण का केंद्र बने रहे। जिसमें खासकर बच्चों एवं युवाओं की अच्छी खासी भीड़ देखी गई। वहीं देर रात तक झूला के लिए लोगों का तांता लगा रहा।

### राजनीतिक दलों का रहा सहयोग

बांसी मेले में आए श्रद्धालुओं के निशुल्क भोजन और विश्राम के लिए राजनीतिक दलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसमें विधानसभा पडरौना के विधायक मनीष जयसवाल मंटू व नगर पालिका अध्यक्ष पडरौना विनय जायसवाल की तरफ से बांसी घाट पर स्नान करने आए श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क भोजन और ठहरने की व्यवस्था की गई थी।

बांसी मेले में आए श्रद्धालुओं तबीयत बिगड़ने पर स्वयंसेवी संगठन व जिला अपराध निरोधक समिति के तरफ से चिकित्सा कैंप लगाकर मेले में आए श्रद्धालुओं में निःशुल्क दवा वितरण किया गया।

### प्रशासन की रही कड़ी चौकसी

ऐतिहासिक बांसी मेले को लेकर स्थानीय बासी पुलिस द्वारा विशेष चौकसी बरती गई। इस दौरान महिला पुलिस व पुरुष पुलिस को मेले में तैनात किया गया था। पुलिस प्रशासन के डर से शराब का सेवन करने वालों में भय का आलम रहा। मेले में आए लोग यूपी में पहुंचकर शराब का सेवन करने के बाद बिहार के सीमा पर पुलिस की तैनाती को देखकर सीमा पार करना मुनासिब नहीं समझे।

## रत्नापुर में नहीं थम रहा चोरियों का सिलसिला

सिधौली (सीतापुर)। कोतवाली के गांव रत्नापुर में चोरियों का सिलसिला थम नहीं रहा है। बुधवार को बीती रात बालक सिंह पुत्र ओमप्रकाश सिंह के बंद मकान में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर तीन कमरों का ताला तोड़कर हजारों का गृहस्थी का सामान लेकर चलते बने। जानकारी के अनुसार बालक सिंह पुत्र ओमप्रकाश सिंह निवासी रत्नापुर थाना कोतवाली सिधौली जो लखनऊ में रहकर जीविका चलाते हैं। जिनका मकान बंद पड़ा था बीती रात अज्ञात चोर घर में घुसे तीन कमरों के ताले तोड़कर रखें तांबे, पीतल के बर्तन आदि गृहस्थी का सामान चोरी कर ले गए। खास बात यह रही कि गृहस्वामी पहले ही खास जरुरी कीमती सामान कुछ दिन पहले ही उठा ले गया था।

# देव दीपावली पर दीपोत्सव से जगमगाया मंदिर और घाट

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय विकास खण्ड के मन्दिरों सहित छोटी गण्डक नदी पर बने घाटो पर देव दीपावली व कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व के अवसर पर दीप प्रज्जवलित किये जाने व रोशनी से जगमगाया नदी घाट व मन्दिर महाआरती में उमडा भक्तों का विशाल जनसमूह ।क्षेत्र के ग्राम साहोपार टोला महदेवा में स्थित प्राचीन मन्दिर व काली मन्दिर पर दीपो के श्रँखला बनाकर दीप सजाकर भव्य बना दिया ।विजयप्रताप सिंह विनोद सिंह विरेन्द्र कुशवाहा पृथ्वी कुशवाहा पूनीत गिरी अभिषेक गिरी विपिन सिंह की भूमिका मन्दिर सजाने व दीप प्रज्वलन में अहम भूमिका रही।

**महा आरती मे.भक्तों का उमडा जनसमूह**

महाआरती में महिलाओं सहित ग्रामीणों ने बढ चढ कर भाग लिया ।पावन पर्व के अवसर पर भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया ।प्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ ।इसी क्रम में नगर पंचायत जंगली जलपामाता मन्दिर के पास छोटी गण्डक नदी के तट पर दीपोत्सव के साथ महाआरती का आयोजन किया गया ।जिसमें नगर पंचायत के अध्यक्ष विजय कुमार गुप्त सहित नगर पूर्व चेयरमैनों सभासद पूर्व सभासदो मन्दिर समिति के अध्यक्ष हरेन्द्र वर्मा व्यापार मण्डल के अध्यक्ष अधिवक्ता नवीन कुमार गुप्त राजकुमार वर्मा स्वर्ण समाज के अध्यक्ष बृजेश वर्मा अशोक कुमार वर्मा विवेक गुप्ता अधिवक्ता के अलावे नगर व ग्रामीण क्षेत्रो के पुरुष व महिलाओं ने बढ चढ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम देर तक चला। छोटी गण्डक नदी के पानी और दीप की छटा उपस्थित लोगो का मन मोह लिया।

### दीपों से जगमगाये देवस्थान, घर दुआर

**देवरिया।** आज देव दीपावली के अवसर पर जिले के विभिन्न नदी नालों के घाटों , देवस्थानों और घरों में दीप जलाकर देव दीपावली मनाई गई । आज चारों तरफ दीपावली का ही दृश्य देखने को मिल रहा था।

देवस्थानो को आज देव दीपावली पर विशेष रूप से दीपों से सजाया गया और भगवान की पूजा अर्चना की गई । घरों में और घरों के बाहर दिए जलाकर देवताओं की पूजा किया गया ।देव दीपावली में बड़ी संख्या में लोग मंदिरों में पहुंचकर दीपदान किया। जिला मुख्यालय पर बड़े हनुमान मंदिर ,गायत्री मंदिर सोमनाथ मंदिर ,बालाजी मंदिर अहिल्यापुर स्थित दुर्गा मंदिर ,सहित छोटे-बड़े सभी दीवालयों में देव दीपावली मनाई गई । वहीं छोटी गंडक के कुशहरी में गुरु पूर्णिमा पर रात को मेला लगा और हजारों लोगों ने डुबकी लगाकर पूण्य अर्जित किया वहीं जिले के विभिन्न स्थानो पर देव दीपावली ,पूर्णिमा के अवसर पर दिन में मेले लगे और शाम को देव दीपावली मनाई गई।

पिछले कुछ वर्षों से जिले में देव दीपावली का पर्व भी धूमधाम से मनाया जा रहा और न केवल देवस्थानों बल्कि लोग अपने घरों में भी दीए जलाकर पूजा अर्चना कर रहे हैं।

# पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ का दीक्षा संस्कार, महा प्रसाद के साथ हुआ समापन



**कुशीननगर।** जिले के फाजिलनगर क्षेत्र के ग्रामसभा लछिया स्थित श्री रामेश्वरम परमार्थ ट्रस्ट (देवभूमि हरिद्वार, उत्तराखंड) द्वारा संचालित प्राचीन सिद्धपीठ श्री रामेश्वरम महादेव धाम (मतवा जी की कुटी) के दिव्य प्रांगण में गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार की प्रेरणा व गायत्री शक्तिपीठ फाजिलनगर के सहयोग से पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ ।इस अवसर पर अवधेश पाण्डेय मुख्य संरक्षक, श्री रामेश्वरम परमार्थ ट्रस्ट के मार्गदर्शन में धाम परिसर में मुण्डन व दीक्षा संस्कार सम्पन्न हुए। जिसमें अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मुख्य यजमान सम्पादक पं. राजेश्वर द्विवेदी सपत्नीक तथा सह-यजमान रामनारायण यादव सेवानिवृत्त शिक्षक रहे।

**● श्री रामेश्वरम महादेव धाम लछिया में पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ**

गायत्री परिवार की महिला टोली श्रीमती दौपदी गुप्ता व श्रीमती निर्मला कुशवाहा ने वैदिक मंत्रोच्चारण व भजन से पूरे प्रांगण को गुंजायमान कर दिया। संचालन डा. रामएकबाल कुशवाहा ने किया। बताया कि अब प्रत्येक माह के प्रथम सोमवार को यह दिव्य अनुष्ठान नियमित रूप से होगा। इस दौरान चि. आदित्य सिंह का मुण्डन संस्कार भी सम्पन्न हुआ। जिसका प्रमाणपत्र वरिष्ठ पत्रकार राजेश्वर द्विवेदी द्वारा प्रदान किया गया। श्री द्विवेदी ने कहा कि वर्तमान समय में संस्कारों के प्रति जागरूकता आवश्यक है ।कार्यक्रम में 51 प्रकार की सब्जियों से निर्मित ह्यअमृतासनह्ल महाप्रसाद भंडारा सम्पन्न हुआ, जिसकी व्यवस्था अरविन्द सिंह ने की। मुन्नीलाल मिस्त्री ने श्रमदान किया। धाम के व्यवस्थापक सन्यासी स्वामी बैरागी जी ने बताया कि ट्रस्ट के संरक्षक अवधेश पाण्डेय के निर्देशन में प्रत्येक शुक्रवार को आध्यात्मिक चौपाल का आयोजन होता है। कार्यक्रम में त्रियुगी नारायण पाण्डेय, पं. कैलाश मिश्र, पर्सन कुशवाहा, डा. हीरालाल श्रीवास्तव, आमोद कुमार उपाध्याय, पं. सुभाष पांडेय, रमेश कुमार वर्मा, गनेश गुप्ता, रामप्रीत यादव, सुलोचन यादव, मीरा देवी, तारा देवी, सिंधु बरनवाल आदि उपस्थित रहे।

## जातिगत जनगणना व बूथ अध्यक्ष को लेकर बैठक

**पहला (सीतापुर)।** कांग्रेस कमेटी ब्लॉक पहला की मासिक बैठक सरैयां कादीपुर बाजार में आज सम्पन्न हुई। बैठक में जातिगत जनगणना व बूथ अध्यक्ष को लेकर बैठक हुई। बैठक में सभी कांग्रेस जनों को जानकारी दी गई कि आगामी पंचायत चुनाव की तैयारी में लगें व भारत सरकार द्वारा कराई जा रही एसआईआर को पूरे उत्तर प्रदेश में लागू की जाएगी।

इसकी तैयारी सभी कांग्रेस कार्यकताओं को पहले से रखनी है। अपने पूरे डॉक्यूमेंट तैयार कर लें ताकि कोई वोटर बनने से छूट न जाए और अपने सभी साथियों को तैयार करने में मदद करें और स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में वोटर बनने को लेकर चर्चा हुई। ब्लॉक कमेटी के सभी सदस्य मिलकर कराये जाने पर सभी को जिम्मेदारी दी। ब्लाक प्रभारी जिला सचिव रजनीश कुमार मिश्र एडवोकेट व ब्लाक अध्यक्ष राहुल रस्तोगी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

# यूपी बोर्ड परीक्षा केंद्रों का अब होगा ऑनलाइन निर्धारण

जिला संवाददाता

अयोध्या। माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने नकल की कॉपी-पेस्ट संस्कृति को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए डिजिटल व्यवस्था लागू की है। 2026 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं के केंद्रों का निर्धारण अब शत प्रतिशत ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के माध्यम से होगा, जिसमें कोई मानवीय हस्तक्षेप नहीं रहेगा।

यह डिजिटल दांव नकल माफियाओं पर सीधा प्रहार है, जो वर्षों से परीक्षा केंद्रों में हेराफेरी कर छात्रों को फायदा पहुंचाते आए हैं। नया सॉफ्टवेयर पूरी तरह स्वचालित होगा। यह स्कूलों की दूरी, छात्र संख्या, आधारभूत सुविधाएं और पिछले रिकॉर्ड पर आधारित केंद्र आवंटित करेगा। इससे मनमानी और भ्रष्टाचार की गुंजाइश समाप्त हो जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी ने राजकीय, सहायता प्राप्त और वित्तविहीन स्कूलों के प्रधानाचार्यों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि केंद्र निर्धारण में किसी भी प्रकार की सिफारिश या दबाव स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी स्कूलों को ऑनलाइन पोर्टल पर सटीक डेटा अपलोड करना अनिवार्य है। गलत जानकारी देने पर कड़ी कार्रवाई होगी। प्रधानाचार्यों से अपील की कि वे छात्रों के हित में इस प्रक्रिया का समर्थन करें। यह कदम पिछले वर्षों की नकल की घटनाओं से सबक लेते हुए उठाया गया है। 2025 परीक्षाओं में कई केंद्रों पर पकड़े गए नकल गिरोहों ने बोर्ड की साख को धक्का पहुंचाया था। विशेषज्ञों का मानना है कि डिजिटल सिस्टम से न केवल नकल रुकेगी, बल्कि परीक्षा की विश्वसनीयता बढ़ेगी। शिक्षाविद् डॉ. आरके सिंह ने कहा यह तकनीकी हस्तक्षेप शिक्षा व्यवस्था में क्रांति लाएगा। जिले में 446 माध्यमिक विद्यालयों में से करीब 200 कॉलेज ऐसे हैं जो नकल के लिए बदनाम हैं। अब इस बार डिजिटल निर्धारण से केंद्र के लिए पैरवी नहीं कर पायेंगे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर

पहला (सीतापुर)। थाना सदरपुर क्षेत्रांतर्गत बिसवां-महमूदाबाद मार्ग पर मंगलवार शाम करीब साढ़े सात बजे बिसवा एजेंसी से काम कर घर आ रहे बाइक सवार को अज्ञात ने कोठीपुरवा पुलिया के निकट जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाइकिल सवार दूर जाकर गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया।

जिसे तत्काल सीएचसी बिसवां लाया गया। खबर लिखे जाने तक इलाज चल रही थी। मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सरैंया महीपत सिंह निवासी 30 वर्षीय सुधीर पुत्र शिवबालक बिसवां से मंगलवार देर शाम करीब साढ़े सात बजे घर बाइक से आ रहा था कि कोठीपुरवा पुलिया के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाइकिल दूर जा गिरी तथा सुधीर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे तत्काल सीएचसी बिसवां लाया गया। जहां खबर लिखे जाने तक इलाज चल रहा था।

## प्रार्थना पत्र देकर लगाई जानमाल की गुहार

सिधौली (सीतापुर)। कस्बे के प्रेमनगर उत्तरी मोहल्ले निवासी प्रतिष्ठित व्यक्ति अमन मिश्रा पुत्र राजेश मिश्रा ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अपनी जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

# ठगों के डिजिटल अरेस्ट से पुलिस ने शिक्षक के बचाये 36 लाख

जिला संवाददाता

**बांदा।** साइबर पुलिस की तत्परता से रिटायर्ड शिक्षक के डिजिटल अरेस्ट के नाम पर 36 लाख रुपये ठगी का प्रयास नाकाम हो गया है। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि चार नवंबर को एक्सिस बैंक शाखा प्रबंधक ने साइबर थाना को जानकारी दी कि एक रिटायर्ड शिक्षक के साथ साइबर ठगी की गंभीर घटना हुई है। इस जानकारी के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए जानकारी की गयी तो पता चला कि साइबर ठगों ने खुद को दिल्ली पुलिस अधिकारी बताकर शिक्षक को फोन किया और बताया कि उनके नाम से संदीप कुमार नामक व्यक्ति के नाम पर संदिग्धता पाई गयी है।

**साइबर ठगों ने खुद को दिल्ली पुलिस अधिकारी बताकर शिक्षक को फोन किया**

ठगों ने भय पैदा कर यह भी कहा कि उन्होने कुरियर के जरिए ड्रग्स मंगवाए हैं और उनके नाम से खोले गये बैंक खाते के माध्यम से अवैध लेनदेन हुआ है। ठगों ने सीबीआई व दिल्ली पुलिस के नाम पर जांच का भय दिखाकर कहा कि उन्हे डिजिटल अरेस्ट किया जा रहा है। वह अपने खातों की सभी धनराशि को जांच के लिए रिजर्व बैंक के खाते में जमा करें। ठगों के भय में आकर पीड़ित शिक्षक ने करीब 36 लाख रुपये का आरटीजीएस के तहत ट्रांजैक्शन कर दिया। पुलिस की बैंकों से समन्वय के चलते संदिग्ध लेनदेन की जानकारी पुलिस को तत्काल मिलती है। इसी के चलते साइबर पुलिस टीम व बैंक अधिकारियों के त्वरित प्रयास से 36 लाख रुपये की धनराशि को तुरंत रोका गया। जांच के दौरान शिक्षक को दिखाया गया कि वीडियो कॉल पर जो व्यक्ति स्वयं को पुलिस, सीबीआई अधिकारी बता रहे थे वह पूरी तरह से फर्जी थे। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि कोई भी व्यक्तिगत अथवा बैंक संबंधी जानकारी किसी अनजान व्यक्ति को साझा न करें और संदिग्ध कॉल की सूचना तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दें।

# विश्वविद्यालय उत्कृष्ट शोध कार्यों के लिए निर्मित करेगा परिवेश: डॉ. बिजेंद्र सिंह

**अयोध्या।** डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के गणित एवं सांख्यिकी विभाग के प्रो. सीके मिश्र, डॉ. पीके द्विवेदी एवं सचिन कुमार के शोधपत्र ने नेचर इंडेक्स संस्थागत रैंकिंग 2024- 25 में राज्य विश्वविद्यालयों में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। अवध विश्वविद्यालय ऑल इंडिया रैंकिंग समग्र श्रेणी में 137 वां स्थान फिजिकल साइंसेज डिसिप्लिन में 85 वां एवं एकेडमिक रैंकिंग के तहत 114वां स्थान हासिल कर शोध उत्कृष्टता का प्रतिमान स्थापित किया है। वर्ष 2024- 25 में पहली बार अवध विश्वविद्यालय को यह उपलब्धि हासिल हुई है। इससे यह सिद्ध होता है कि गुणवत्ता परक शोध कार्यों में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है। प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालय अब वैश्विक एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहुंच बना रहे हैं। वर्ष 2024- 25 में दो राज्य विश्वविद्यालय ने यह उपलब्धि हासिल की है इसमें प्रथम डीडीयू गोरखपुर विश्वविद्यालय एवं द्वितीय स्थान अवध विश्वविद्यालय को प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय के शिक्षकों की इस उपलब्धि पर कुलपति कर्नल



डॉ. बिजेंद्र सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि नेचर इंडेक्स रैंकिंग में विश्वविद्यालय को प्रदेश स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त होना गौरव का पल है। इससे विश्वविद्यालय में उत्कृष्ट शोध कार्यों में कार्य करने का परिवेश निर्मित होगा। विश्वविद्यालय में गुणवत्तापरक शोध कार्यों को करने के लिए शैक्षिक वातावरण तैयार किया जाएगा जो विश्वविद्यालय को वैश्विक पटल पर अपनी गरिमापूर्ण उपस्थिति दर्ज कराए। कुलसचिव विनय कुमार सिंह ने उपलब्धपूर्ण शोध कार्य के लिए शिक्षकों को बधाई दी है। विश्वविद्यालय की इस उपलब्धि के लिए शिक्षकों एवं अधिकारियों ने भी हर्ष व्यक्त किया है। नेचर इंडेक्स सिंप्रगर नेचर द्वारा प्रकाशित एक डेटाबेस है जो दुनिया के 145 प्रतिष्ठित वैज्ञानिक जर्नलों में प्रकाशित शोध लेखों को ट्रैक करता है। इसका उपयोग संस्थानों और देशों को उनके शोध आउटपुट और योगदान के आधार पर रैंक करने के लिए किया जाता है, जो वैश्विक उच्च-गुणवत्ता वाले अनुसंधान के संकेत के रूप में काम करता है। सिंप्रगर नेचर एक अकादमिक प्रकाशन संस्था है जो विज्ञान और चिकित्सा से संबंधित कई जर्नलों, पत्रिकाओं और ऑनलाइन डेटाबेस का प्रकाशन करती है।

**● गणित एवं सांख्यिकी विभाग के प्रो . सीके मिश्र, डॉ . पीके द्विवेदी व सचिन कुमार के शोधपत्र ने राज्य विश्वविद्यालयों में प्राप्त किया द्वितीय स्थान**

# कोरिया मॉनेस्ट्री ने भिक्षुओं को चीवर और जरूरतमंदों को कम्बल भेंट किया



**कसया, कुशीनगर।** बुद्ध मार्ग की स्थित कोरिया मॉनेस्ट्री में कार्यक्रम आयोजित कर भिक्षुओं को चीवर और एक हजार जरूरतमन्दो को कंबल वितरित किया गया।

बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भिक्षुओं ने बुद्ध वंदना किया। इसके पश्चात कोरिया मंदिर के प्रमुख भिक्षु सोंग क्वांग सन ने सभी भिक्षुओं को चीवर दान दिया। इसके पश्चात बुद्ध स्थली क्षेत्र से आए जरूरतमन्दो को कंबल भेंट किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक कुशीनगर रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने कहा कि कोरिया भंते का गरीब परिवारों को दशकों से लगाव रहता है और सहयोग करते रहते हैं। शुरू हो रहे ठंड को देखते हुए कम्बल वितरण सराहनीय है ।श्रद्धालुओं के दल ने सबको नमस्ते बोलकर धन्यवाद दिया। सभी के प्रति आभार कोरिया मंदिर के स्थानीय व्यवस्थापक भंते सागर ने व्यक्त किया। इस मौके पर ओम प्रकाश कुशवाहा, अंबिकेश त्रिपाठी, अमोद कुमार सिंह, सूरज यादव, सुनील, रविन्द्र सिंह, आंचल कुशवाहा आदि ने सहयोग किया। इस अवसर पर भंते महेंद्र, तिब्बती भंते कंचुक लामा, भिक्षुणी धम्म नैना, विनय कीर्ति, भंते उपाली, भंते मुलायम, भंते यश, फ्रा पी पविन, फ्रा अनुवत, पी नलोंग, भंते सन्नी, फ्रा डॉ किटिफान, भंते बौद्धयांग गौतम आदि भिक्षु, कोरियाई किम मान हे, किम उन सूक, सरदार पटेल पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बच्चे मौजूद थे।

## मंजरी त्रिपाठी बनी चार्टर्ड एकाउंटेंट : बधाइयों का तांता

**देवरिया।** देवरिया रामनाथ उत्तरी की निवासी, डा० दिवाकर प्रसाद तिवारी (पूर्व प्राचार्य, दीनानाथ पाण्डेय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, देवरिया) की ज्येष्ठ पौत्री कु० मंजरी त्रिपाठी ने सी ए अंतिम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हैं और इस प्रकार वह चार्टर्ड एकाउंटेंट बन गयी हैं। मंजरी ने सी ए की पढ़ाई मुम्बई के मीरा रोड में अपने माता पिता के साथ रहकर पूरी की । उनके पिता भास्कर देव त्रिपाठी वहाँ एक औद्योगिक प्रतिष्ठान में मुख्य कार्यपालक अधिकारी हैं और माँ गृहिणी हैं। मंजरी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने बाबा, दादी, मम्मी, पापा, चाचा चाची को दिया है। उनकी इच्छा अपना व्यवसाय करने की है। मंजरी की इस सफलता पर भाजपा नेता निशिरंजन तिवारी, माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार त्रिपाठी, दिग्दर्शक मासिक के सम्पादक परमेश्वर जोशी, नागरीप्रचारिणी सभा के अध्यक्ष डा०जयनाथ मणि, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इन्द्र कुमार दीक्षित, कार्यकारिणी समिति के सदस्य रवीन्द्र नाथ तिवारी, दुर्गा पाण्डेय, विश्व भोजपुरी सम्मेलन के सचिव जगदीश नारायण उपाध्याय, विश्व भोजपुरी सम्मेलन के अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव डा० सुधाकर तिवारी, उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सिद्धार्थ मणि, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक मकसूदन मिश्र, सन्त विनोबा कालेज के प्रबन्धक अशोक मिश्र, डा० वीरेंद्र मणि, नाजिश बानो, प्रोफेसर शैलेन्द्र राव आदि ने बधाई दी है।

## छोटी नाव पर सवार थे तेरह लोग, पानी कम होने से बची जान

**बरहज, देवरिया।** कार्तिक पूर्णिमा के स्नान पर्व के अवसर पर बरहज नदी के थाना घाट पर छोटी नाव पर सवार होकर स्नान के लिए जा रहे स्नानार्थियों से भरी नाम अनियंत्रित होकर पलट गई। पानी कम होने के कारण बड़ा हादसा टल गया। नाव में तरह लोग सवार थे। नाव अनियंत्रित होकर पलट गई। घाट पर मौजूद लोगों ने स्नानार्थियों को बचा लिया। स्नानार्थियों का सामान नदी में डूब गया। लोग घाट पर प्रशासनिक व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने की बात कह रहे हैं।

कार्तिक पूर्णिमा स्नान के अवसर पर बरहज नगर के थानाघाट के सामने बुधवार की सुबह करीब नौ बजे सरयू नदी में स्नानार्थियों से भरी छोटी नाव अचानक पलट गई। नाव पर करीब 13 लोग सवार थे, जिसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। अधिक लोगों के सवार हो जाने से असंतुलित होकर नाव पलट गई। इस दौरान लोगों में चीख पुकार मची रही। लोगों ने बताया कि थानाघाट के सामने चार धारा बह रही है। आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। मौके पर पहुंची बरहज पुलिस ने भी राहत कार्य में मदद की। लोगों की सक्रियता से बड़ी दुर्घटना टल गई।

## फर्जी जाति प्रमाण पर मुकदमा लिखाना महंगा पड़ा : लटकी सरकारी धन वसूली की तलवार

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय विकास खण्ड के एक व्यक्ति द्वारा तुरहा के स्थान पर तूरैहा का जाति प्रमाण पत्र बनवाकर गाँव के ही एक व्यक्ति पर अनुसूचित जन जाति अधिनियम के तहत मुकदमा लिखाकर सरकारी धन लेना महंगा पडा ।जाँच में जाति प्रमाण पत्र फर्जी निकला ।जिससे अब सरकारी धन की तलवार लटकी हुई है । बताया गया है कि क्षेत्र के भाजपा नेताएवं ग्राम चोरिया निवासी प्रवीण कुमार राय के विरुद्ध ग्राम रायबारी निवासी नेबुलालपुत्र चन्द्रदेव निवासी रायबारी थाना भटनी द्वारा भटनी थाने मे अनुसूचित जनजाति अधिनियम के तहत के मुकदमा दर्ज कराया ।उस पर प्रवीण कुमार राय द्वारा उसके जाति प्रमाण पत्र परही सवाल खडी कर जिला समाज कल्याण अधिकारीउपजिलाधिकारी सदर एवं मुख्य राजस्व अधिकारी देवरिया एवं जिलाधिकारी को जातिप्रमाण को फर्जी होने का आरोप लगाते हुए जाँच की माँग किया ।जिलाधिकारी ने तहसीलदार भाटपाररानी एवं कानूनगो विशाल की देखरेख में एक जाँच कमेटी बैठा दिया ।राय ने आरोप लगाया थाकि तुरहा जाति के होने के बावजूद तूरैहा जातिप्रमाण बनवा लिया ।जाँच कमेटी ने आरोप सही पाया ।जिसके बाद जातिप्रमाण को ही निरस्त कर दिया ।अब अनुसूचित जनजाति अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज होने के बाद जो सरकारी सहायता मिली है ।अब उसके वसूली की तलवार वादी पर लटकी हुई है ।

## प्रादेशिक विद्यालयी खो-खो प्रतियोगिता में अव्यवस्थाओं का बोलबाला



अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में प्रादेशिक विद्यालयी खो-खो प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों और कोचों के लिए आवासीय व्यवस्थाएं बेहद खराब हालत में हैं।अयोध्या के एमएलएम इंटर कॉलेज में रह रहे खिलाड़ियों ने खराब हालात, अंधेरे और अपर्याप्त सुविधाओं को लेकर नाराजगी जताई है। खिलाड़ियों का आरोप है कि उन्हें खराब हालात में रखा जा रहा है, जिससे उनका स्वास्थ्य और प्रदर्शन प्रभावित हो सकता है। विद्यालय में चार्जिंग पॉइंट, सुलभ शौचालय और अन्य मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं। शौचालयों की स्थिति बेहद खराब है और नहाने के लिए टूटी बाल्टियों का इस्तेमाल करना पड़ रहा है।

इस प्रतियोगिता में 18 मंडलों की टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें से 17 मंडलों की टीमें अयोध्या पहुंच चुकी हैं। खिलाड़ियों का कहना है कि और शहरों में गए तो वहां की स्थिति बेहतर मिली, लेकिन अयोध्या की स्थिति सबसे खराब है। या प्रतियोगिता अयोध्या शहर के अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम भीमराव अंबेडकर में आयोजित हो रही है। सरकार और प्रशासन को खिलाड़ियों के स्वास्थ्य और सुविधा का ध्यान रखना चाहिए। अयोध्या जैसे शहर में ऐसी स्थिति होना दुर्भाग्यपूर्ण है। उम्मीद है कि जल्द ही इस समस्या का समाधान होगा और खिलाड़ियों को उचित सुविधाएं मिलेंगी।

संक्षेप

## ओवर रेट दर पर सुबह सात बजे से बेची जा रही धड़ल्ले से शराब

**फतेहपुर** ।जनपद के बिंन्दकी तहसील क्षेत्र के दरवेशाबाद में ठेका के बगल से ही धडाल्ले से ओवर रेट दर पर सुबह सात बजे से ही शराब की ब्रिकी जोरों से शुरू हो जाती है ।यह बात हम नहीं दारू बेचने वाला व्यक्ति खुद बता रहा है कि सुबह के साथ बजे




से ही शराब बेंचने में लग जाते हैं ।जब कि दुकान खोलने से लेकर बन्द करने का समय दरवेशाबाद के देशी शराब की दुकान पर बड़े अक्षरों में साफ साफ लिखा हुआ है ।फिर भी सुबह सात बजे से शराब बिकने लगतीं है। आखिर किसके इशारे पर शराब ब्रिकी सुबह से ही होने लगती है। शराब बेंचने वाले व्यक्ति ने बताया कि 20 से 25 पौधा हम 90 रुपए में ठेकेदार से ले लेते हैं और हम 100रुपए में बेचते हैं ।आखिर 25 पौवा बताए गए व्यक्ति के अनुसार ठेकेदार अपनी दुकान से इस व्यक्ति को कैसे बेचने के लिए दे देता है ।बड़ा सवाल यहां खड़ा होता है कि आखिर शराब के दुकान के बगल से शराब ब्रिकी आखिर कैसे हो रही है। ओवर रेट का हिस्सा में आखिर कौन कौन शामिल हैं !

# कारागार राज्यमंत्री ने फीता काटकर की कार्तिक पूर्णिमा मेले की शुरुआत



**हरगांव (सीतापुर)**। आदर्श नगर पंचायत हरगांव के प्राचीन सूर्यकुंड तीर्थ पर सदियों से लगते चले आ रहे ऐतिहासिक एवं पौराणिक कार्तिक पूर्णिमा मेले का मंगलवार देर शाम वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक रीति-रिवाजों के बीच फीता काटकर क्षेत्रीय विधायक एवं उत्तर प्रदेश सरकार के कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने भव्य शुभारम्भ किया। मेला के शुरूआत होने से पूरे नगर में श्रृद्धा, भक्ति और उल्लास का वातावरण व्याप्त रहा। कार्यक्रम का शुभारम्भ क्षेत्रीय विधायक एवं कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने किया।उनके साथ नगर पंचायत अध्यक्ष गफ्फार खाँ, प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश वर्मा, पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रेम सुन्दर अवस्थी, उप जिलाधिकारी धामिनी एम.दास, अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर नेहा त्रिपाठी, समाजसेवी पण्डित चंद्रशेखर मिश्र व अधिशाषी अधिकारी श्रीश मिश्र उपस्थित रहे।

सभी ने एतिहासिक सूर्यकुण्ड तीर्थ, भगवान गौरीशंकर भोलेनाथ और नीलकंठ महादेव की विधिवत पूजा-अर्चना कर महाआरती सम्पन्न कराई। श्रृद्धालुओं ने भगवान गौरीशंकर भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार किया।दीपदान किया और भजन संध्या में शामिल होकर पूरा वातावरण भक्ति रस से सराबोर कर दिया।इसी के साथ कार्तिक पूर्णिमा मेला 2025 की रंगारंग और आध्यात्मिक शुरूआत हुई। लगभग एक माह तक चलने वाला यह मेला सांस्कृतिक कार्यक्रमों, धार्मिक आयोजनों और स्थानीय प्रतिभाओं के प्रदर्शन से आगंतुकों को आकर्षित करेगा। मेले में दूर-दूर से व्यापारी एवं दुकानदार पहुंचे हैं। झूले, खाने-पीने की स्टॉलें और रंग-बिरंगी दुकानों से पूरा परिसर सज चुका है। राज्यमंत्री सुरेश राही ने कहा सूर्यकुण्ड तीर्थ की महिमा अद्वितीय है। यह मेला हमारी पौराणिक परम्परा और आस्था का प्रतीक है। हमारी सरकार ने पौराणिक स्थलों को भव्य स्वरूप देने का कार्य किया है। नगर पंचायत ने प्राचीन ऐतिहासिक सूर्यकुण्ड तीर्थ एवं भगवान गौरी भोलेनाथ को आकर्षक रूप से सजाया है। उपजिलाधिकारी सदर मेला अधिकारी धमनी एम दास नगर पंचायत के अध्यक्ष गफ्फार खां एवं अधिशाषी अधिकारी श्रीश मिश्र ने नगर वासियों सहित सभी श्रृद्धालुओं को गंगा स्नान पर्व की शुभकामनाएं। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री उदित बाजपेई सुनील मिश्र बब्बू, सभासद अशोक मिश्र, शोएब खां, ऋषभ गुप्ता, श्रीमती राजेश्वरी देवी, पूर्व सभासद सुभाष जोशी, भारतीय जनता पार्टी के हरगांव मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल, जिला सहकारिता प्रकोष्ठ के पूर्व संयोजक विजय मिश्र, सचिन मिश्र, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरुणेश त्रिपाठी, गन्ना समिति हरगांव के संचालक समर बहादुर सिंह, प्रदीप सिंह, अनुपम सिंह, प्रदीप मिश्र, शांतनु मिश्र, योगेंद्र मिश्र, जुग्गी भोले बाबा के अनन्य भक्त मूलेंद्र शुक्ल उर्फ मुल्लू विनय मिश्र समेत हजारों श्रृद्धालु मौजूद रहे।

### लाखों श्रद्धालुओं ने लगायी गुरु भक्ति के सागर में डुबकी

सीतापुर। उत्तर प्रदेश उज्जैन से पधारे महान सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज ने देश के कोने-कोने से पधारे अपने भक्तों को उपदेश दिया कि आज कार्तिक पूर्णिमा के दिन यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है कि इसमें कुछ मार्गदर्शन मिलेगा।जो भटकाव हो रहा है, सुख शांति का रास्ता नहीं मिल रहा है वह मिलेगा। आपको सतसंग में जो बातें बताई जा रही हैं। उसको मानो, अमल करो, उसके अनुसार चलो तब तो सुख शांति मिलेगी, आत्मा का कल्याण होगा नहीं तो इसी तरह से दुरूख के संसार में पड़े रहना पड़ेगा। रोते हुए पैदा हुए रोते ही जिंदगी बीत रही है और रोते-रोते चले जाओगे। आप भी सुनिए जीवन में सुख शान्ति पाने के ये अनमोल वचन, स्वयं गुरूजी के श्री मुख से।

### बाबा उमाकान्त जी महाराज के वचन

बाबाजी ने बताया कि हाथ जोड़ कर विनय हमारी, तजो नशा बनो शाकाहारी। शाकाहारी, नशामुक्त, सदाचारी और चरित्रवान बनो। पराये धन और परायी नारी से दूर रहो।मेहनत ईमानदारी से कमाई करो, उसमें आपको बरकत मिलेगी। और वक्त के गुरु से जीते जी प्रभु प्राप्ति, मुक्ति मोक्ष का रास्ता नामदान लेकर रोज 24 घंटे में से कम से कम 3 घंटे उनकी बताई साधना सुमिरन ध्यान भजन करो तो आपके जीवन का हर पहलु सुधर जाएगा, आपकी टेंशन, तकलीफों में आराम मिलने लगेगा। जिनको अभी तक नामदान नहीं मिला है, वो जयगुरुदेव की नामध्वनि रोज सुबह शाम 1 घंटा बोलो और परिवार वालों को बुलवाओ और इसका लाभ स्वयं अनुभव कर लो। महाराजजी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी सहयोगियों, कार्यकताओं, अधिकारियों, कर्मचारियों, पधारे राजनेताओं, स्थानीय निवासियों समेत सबका आभार प्रकट किया।



## कार्तिक पूर्णिमा पर भक्तों ने किया गंगा स्नान



**फतेहपुर चैरासी, उन्नाव**। क्षेत्र के गंगा नदी तट पर स्थित बंदीमाता घाट, सेंग घाट और दबौली घाट पर सुबह से कार्तिक पूर्णिमा स्नान करने वालों की सुबह से भीड़ रही। सरैया घाट मार्ग बाढ़ में कट जाने से पुल के पास स्नान घाट न होकर दबौली बाजार के पास से निकली धारा को स्नान घाट का रूप दिया गया। जहां लोगों ने स्नान किया। वहीं दो प्राचीन प्रमुख घाटों में बंदीमाता तथा सेंग घाट पर कटरी वासियों ने स्नान किया और वहां लगे मेले में वस्तुओं की खरीददारी की।

## बस में धुंआ उठने पर यात्रियों को सकुशल बाहर निकाला

**फतेहपुर चैरासी**। थाना क्षेत्र के अन्तर्गत हरदोई उन्नाव रोड पर एक बस में सवार यात्री हादसे का शिकार होते होते बचे। बुधवार भोर पहर तीर्थ यात्रा कर लौट रहे दर्शनार्थियों से भरी बस हरदोई की तरफ हरदोई उन्नाव रोड पर जा रही थी तभी उत्मानपुर गोन्दरी गांव के बीच सामने बस से अचानक धुआं उठता देख यात्रियों में हड़कंप मच गया। उसी समय वहीं पास में मौजूद लोगों ने देखा तो बस को रोककर सभी यात्रियों को सकुशल बाहर निकलने में मदद की साथ ही बस में आई खराबी को ठीक कराकर यात्रियों को सकुशल रवाना किया जिससे यात्रियों ने राहत की सांस ली।

## गंगा नहाने जा रहे तीन सगे भाइयों की हादसे में मौत

**पाटन, उन्नाव**। उन्नाव-लालगंज हाइवे पर बिहार थाना क्षेत्र के गढी गांव के पास लोडर की टक्कर से एक ही बाइक में सवार तीन सगे भाई बुरी तरह घायल हो गये। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस तीनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर लायी जहां चिकित्सकों ने दो भाइयों तो मृत घोषित कर एक का प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जब कि उसकी भी मृत्यु उपचार के दौरान हो गयी। मिली जानकारी के मुताबिक मौरांवा थाना क्षेत्र के बखतखेडा अकोहरी निवासी तीन सगे भाई अरूण (26), सचिन (22), छोटू (18) पुत्रगण जगन्नाथ घर से एक ही बाइक में सवार होकर अपने अन्य बाइक सवार साथियों के साथ गंगा स्नान करने बक्सर जा रहे थे। तभी बिहार थाना क्षेत्र के उन्नाव लालगंज राजमार्ग पर पहुंचते ही गढी गांव के पास लोडर ने टक्कर मार दी। जिससे तीनों बुरी तरह घायल हो गये। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस तीनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर लायी। जहां चिकित्सकों ने सचिन व छोटू को मृत घोषित कर घायल अरूण का प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल अरूण की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। वही सूचना पाकर पहुंचे परिवारी जनों में हाहाकार मंच गया।

# युवा क्रिकेट यूनियन की कार्यकारिणी का हुआ गठन




जिला संवाददाता

**फतेहपुर**। अमर शहीदों की याद और सम्मान में स्थापित राष्ट्रीय सामाजिक एवं स्पोर्ट्स संस्था ग्रामीण युवा क्रिकेट यूनियन (ऋउव) ने आज जनपद फतेहपुर की जिला कार्यकारिणी का गठन किया ।संस्था का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के उभरते हुए युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना, उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है ।इस अवसर पर संस्था परिवार ने घोषणा की कि अब संगठन जिले सहित अन्य जनपदों में भी खेल प्रशिक्षण केंद्र और स्किल डवलपमेंट कार्यक्रम शुरू करेगा, ताकि युवाओं को सुनियोजित मार्गदर्शन और अवसर मिल सके। संस्था के वरिष्ठ संरक्षक के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी अशोक तपस्वी एवं डॉ. अनुराग श्रीवास्तव को मनोनीत किया गया ।दोनों संरक्षकों ने कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए बताया कि अमित मौर्या को जिला अध्यक्षआदित्यांश को जिला उपाध्यक्षचेतन यादव को जिलाकोषाध्यक्षअनीश अहमद को वरिष्ठ महासचिव,शोबी कासिम को स्टेट ट्रेनर,मो. मारूफ को जिला सचिवअभिषेक राणा को महासचिवगोविन्द पटेल को अनुशासन प्रभारीमुकेश कुमार को मीडिया प्रभारी,एड. नमिता सिंह को जिला महासचिव महिला प्रकोष्ठतथा कंचन धर्मकांति को जिला सचिव महिला प्रकोष्ठनियुक्त किया गया। वरिष्ठ संरक्षक अशोक तपस्वी ने सभी नवगठितपदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा संस्था के उद्देश्यों को सच्चे समर्पण और निष्ठा से पूरा करना ही हम सभी का ध्येय होना चाहिए। युवाओं में देशभक्ति अनुशासन और खेल भावना को मजबूत बनाना ही ऋउव का वास्तविक मिशन है ।वहीं राष्ट्रीय महानिदेशक श्री ए.बी. बाबू एवं राष्ट्रीय वरिष्ठ संरक्षक श्री शिव स्वरूप सेवानिवृत्त डिप्टी एस.पी. ने कहा ह्लसंस्था क्रिकेट ही नहीं बल्कि विभिन्न खेल आयोजनों और सामाजिक अभियानों के माध्यम से जिले के प्रतिभाशाली युवाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का कार्य कर रही है ।ह्वकार्यक्रम के दौरान सभी पदाधिकारियों को संस्था परिवार से औपचारिक रूप से परिचित कराया गया, शपथ दिलाई गई एवं सम्मान प्रमाण पत्र प्रदान किए गए ।फतेहपुर की यह जिला कार्यकारिणी आने वाले समय में ग्रामीण और शहरी प्रतिभाओं को एक मंच देने के लिए मील का पत्थर साबित होगी

### कई देशों के साथ संबंधों को सुधारने के लिए कूटनीतिक दृष्टिकोण अपनाया: राजेश शुक्ला

**सीतापुर**। नैमिष धाम में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जन्म शताब्दी समारोह स्टेशन रोड नैमिषाशण्य के नगर पालिका सत्संग हॉल में आयोजित किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष भाजपा राजेश शुक्ला, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय भार्गव, विपुल सिंह आशीष, प्रशांत सिंह, अमित दीक्षित, समाजसेवी करुणा निधि पाण्डेय, शालिनी पाण्डेय आदि ने दीप प्रज्ज्वलित संगीतमय संस्कृतिक कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। संस्था के प्रबंधक श्याम कुमार भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर चर्चा करते हुए बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर 1924 को ग्वालियर में हुआ था। उन्होंने ग्वालियर के विक्टोरिया कॉलेज से राजनीति विज्ञान में स्नातक की उपाधि प्राप्त की ।

# गुरु नानक देव की मनायी गयी जयंती

**फतेहपुर** ।गुरु नानक देव का जन्मकार्तिक पूर्णिमा के दिन सन-1469 में तलवंडी वर्तमान ननकाना साहिब पाकिस्तान में हुआ था। उन्होंने मानवता समानता सत्य और प्रेम का संदेश देकर समाज को एक नई दिशा प्रदान की ।गुरु नानक देव ने अपने उपदेशों से भेदभाव अंधविश्वास और अन्याय का विरोध करते हुए समाज में भाईचारे और मानवता का संदेश फैलाया। उनके विचार आज भीविश्वभर में प्रेरणा स्त्रोत हैं और सच्चे मानव मूल्यों की स्थापना में मार्गदर्शक बने हुए हैं।

इस पावन अवसर पर सरकार और समाज के सभी वर्ग गुरु नानक देव के उपदेशों का अनुसरण करने और उनके संदेश सर्बत दा भला सबका कल्याण हो को जीवन में अपनाने का आह्वान करते हैं ।गुरु नानक देव के 556वें प्रकाश पर्व के अवसर पर स्थानीय गुरुद्वारा फतेहपुर में हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस शुभ अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल आदर्श व्यापार मंडल के प्रदीप गर्ग राष्ट्रीय अध्यक्ष आदर्श व्यापार मंडल सपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव कुलदीप भदौरिया, नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार मौर्य, राजू रावत, मनोज घायल, रामू शुक्ला विक्रम सिंह चंदेल सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर गुरु नानक देव के उपलक्ष्य में भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें बाहर से आए श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई ।गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी फतेहपुर के अध्यक्ष सरदार संतोख सिंह, सह-अध्यक्ष सरदार नरिंदर सिंह रिक्की, ज्ञानी सरदार कुलदीप सिंह, सरदार परमजीत सिंह सरदार सोनी सिंह, सरदार सुरिंदर सिंह, सरदार नरेंद्र सिंह रिंकू सरदार जसबीर सिंह, सरदार गोविंद सिंह सरदार चरणजीत सिंह, सरदार गुरमीत सिंह उमंग पम्मी ग्रेटी नामी हरमंगल सिंह वीर सिंह कुलवीर सिंह आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।महिला संगत में ईश्वर कौर, रनदीप कौर मनजीत कौर, खुशी, सुमीत कौर सतनाम कौर अमरजीत कौर परमजीत कौर हरविंदर कौर सतबीर कौर, शिम्पी नवतेज कौर, कंवलजीत कौर आदि का विशेष योगदान रहा ।पूरे कार्यक्रम में निरंकार एक हैह्व और नाम जपो कीरत करो वंड छको का संदेश गूंजता रहा।

श्रद्धालुओं ने गुरु नानक देव की शिक्षाओं को आत्मसात करने का संकल्प लिया और मानवता एकता व सेवा के मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया।

## डीएम ने महर्षि दधीचि कुंड का किया निरीक्षण



**सीतापुर**। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने मिश्रिख स्थित दधीचि कुंड का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने पूजन अर्चन कर सभी के कल्याण की कामना भी की। साथ ही दधीचि कुंड पर धर्मगुरुओं से वार्ता कर समस्याओं की जानकारी भी ली एवं समस्याओं के समुचित निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने नैमिषारण्य में रुद्रावर्त का निरीक्षण किया एवं पूजन अर्चन भी किया। जिलाधिकारी ने संपर्क मार्गो के दुरुस्तीकरण एवं पर्यटन सुविधाओं के विकास हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु समुचित कार्यवाही की जाये। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी मिश्रिख शैलेन्द्र मिश्रा, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग रीमा सोनकर, सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# एक दिवसीय विधायक खेल प्रतियोगिता में गांधी विद्यालय रहा अव्वल



सिधौली (सीतापुर)। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के तत्वावधान में बुधवार को एक दिवसीय विधायक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज के क्रीड़ागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक मनीष रावत, ब्लॉक प्रमुख राम बक्श रावत तथा बीडीओ कसमण्डा राकेश श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर युवा कल्याण अधिकारी नम्रता श्रीवास्तव ने अतिथियों का बुके व कैप पहनाकर स्वागत किया।

अतिथियों का बैच अलंकरण अवधेश नन्दन पाण्डेय ने किया। जिन्होंने प्रतियोगिता का सफल संचालन भी किया। प्रतियोगिता के ट्रैक निर्माण व कबड्डी मैदान की तैयारी में भूषण मिश्रा और सद्दाम का विशेष योगदान रहा। निर्णायक मंडल में प्रदीप वर्मा, भूषण मिश्रा, सद्दाम, मुख्तार, हरिओम शुक्ला, प्रीति पांडे, अमरेश वर्मा, सौरभ सिंह, शालिनी यादव, अनूप सिंह, फसी अहमद और राजेश पाल शामिल रहे। पुरस्कार वितरण विधायक श्री मनीष रावत, युवा कल्याण अधिकारी नम्रता श्रीवास्तव, अनमोल सिंह और जिला क्रीड़ा सचिव अवधेश नन्दन पाण्डेय द्वारा किया गया।

इस अवसर पर गांधी विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. के.के. शुक्ला ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में खेल भावना और अनुशासन का संचार करते हैं। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन किया। सब जूनियर वर्ग (बालक) 100 मीटर, अमित 800 मीटर, गौरव सिंह विजयी रहे। कबड्डी विजेता गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज, उपविजेता नेशनल इंटर कॉलेज, बैडमिंटन विजेता गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज रहा। प्रतियोगिता के अंत में ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज ने अपने नाम किया।

## खंड शिक्षा अधिकारी बिसवां का हुआ भव्य विदाई समारोह



**बिसवां नगर (सीतापुर)**। नगर क्षेत्र बिसवां में शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा नवागत खंड शिक्षा अधिकारी ओंकार सिंह तथा सेवानिवृत्त खंड शिक्षा अधिकारी शिव मंगल वर्मा का स्वागत एवं भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। सेवानिवृत्त खंड शिक्षा अधिकारी शिव मंगल वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षकों के सहयोग से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। उन्होंने सभी शिक्षकों को साधुवाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नवागत खंड शिक्षा अधिकारी ओंकार सिंह ने कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। वे उच्च कोटि की शिक्षा प्रदान कराने हेतु सदैव प्रयत्नशील रहेंगे। इस अवसर पर शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं ने दोनों अधिकारियों को स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। दोनों अधिकारियों ने एक-दूसरे को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में रजनी श्रीवास्तव, शकील अहमद अंसारी, अबु लईक, सुनील कुमार बाजपेयी, अजय कुमार श्रीवास्तव, इंतेखाब आलम, मोहम्मद आकिब अजहर अंसारी, रेहाना बानो, सर्वेश अवस्थी, अनुज जोशी, मलय मधुर मिश्रा, शाबीर अली सहित नगर क्षेत्र के अनेक सम्मानित शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# हिस्ट्रीशीटर अपराधियों के लिए महोली पुलिस की विशेष क्लास

**महोली,सीतापुर**। महोली कोतवाली में पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर वुधवार एक अनोखी पहल के तहत हिस्ट्रीशीटर अपराधियों के लिए विशेष जागरूकता क्लास का आयोजन किया गया। इस विशेष बैठक में पुलिस अधिकारियों ने अपराधियों को नए आपराधिक कानूनों की जानकारी दी और उन्हें अपराध छोड़कर समाज की मुख्यधारा

● **नए आपराधिक कानूनों की दी जानकारी, दिलाई अपराध छोड़ने की शपथ**

से जुड़ने के लिए प्रेरित किया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता सीओ नागेंद्र चौबे ने की। उन्होंने उपस्थित बीस हिस्ट्रीशीटरों को भारत न्याय संहिता और भारत नागरिक सुरक्षा संहिता के नवीन प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया। अधिकारियों ने समझाया कि नए कानूनों में अपराधियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई और कठोर सजा के प्रावधान किए गए हैंए इसलिए अपराध से दूर रहना ही समझदारी है ।थाने में अपराधियों को प्रभारी निरीक्षक जेबी पांडेय ने




श्अपराध न करने की शपथश दिलाई। उन्होंने कहा कि श्पुलिस का उद्देश्य केवल सजा देना नहींए बल्कि सुधार और पुनर्वास की दिशा में कार्य करना है ।श उन्होंने अपराधियों से कहा कि जो लोग अपराध छोड़कर ईमानदारी से जीवन यापन करेंगेए उन्हें समाज में सम्मान मिलेगा और शासन की योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया जाएगा ।सीओ नागेंद्र चौबे ने अपराधियों से उनके परिवारए आजीविका और रोजगार की स्थिति के बारे में जानकारी ली तथा वैकल्पिक रोजगार उपलब्ध कराने में प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया ।साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि भविष्य में यदि कोई व्यक्ति किसी भी आपराधिक गतिविधि में संलिप्त पाया गयाए तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी ।इस कार्यक्रम में नगर कोतवाल पुलिस उपनिरीक्षक भी उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी हिस्ट्रीशीटरों ने एक स्वर में अपराध मुक्त जीवन जीने और समाज के हित में कार्य करने की शपथ ली। त्त

## बैंक कर्मचारियों की मिलीभगत से आम जनता की जेब पर डाका

**फतेहपुर**। सरकडी मानवा गांव का बैंक ऑफ बड़ौदा आजकल चर्चा में है, लेकिन वजह शर्मनाक है। जो बैंक जनता की सेवा और सुविधा के लिए खुला था, अब वह दलालों के लिए कमाई का अड्डा बन चुका है। वायरल हुए वीडियो में साफ-साफ देखा और सुना जा सकता है कि किस तरह एक पीड़ित व्यक्ति से पैसे की मांग की जा रही है, और बैंक से जुड़ा दलाल खुलेआम कहता है बिना पैसे के काम नहीं होगा ।यह वीडियो न सिर्फ एक भ्रष्ट कर्मचारी या दलाल का चेहरा दिखाता है, बल्कि पूरे बैंकिंग सिस्टम में फैली सड़ांध और लापरवाही की पोल खोलता है।

दलालों का राज बैंक के अंदर चलता पैसे दो काम लो सिस्टम ग्रामीणों के मुताबिक, बैंक में जब कोई गरीब किसान या बुजुर्ग महिला अपनी रकम निकालने या खाते का कोई कार्य करवाने आती है, तो उसे घंटों तक लाइन में खड़ा रखा जाता है। वहीं कुछ खास लोग जो दलालों के संपर्क में रहते हैं सीधे अंदर जाते हैं और कुछ मिनटों में काम निपटा लेते हैं ।रिश्वत दो, वरना फाइल रुकी रहेगीयह मानो बैंक का नया नियम बन गया है ।बैंक के बाहर हमेशा कुछ लोग घूमते रहते हैं जो खुद को सहायता करने वालाह्व बताते हैं लेकिन असल में वही रिश्वतखोरी की डोर खींचने वाले दलाल हैं ।वीडियो में साफ सुनाई दे रही है दलाल की आवाज वायरल वीडियो में पीड़ित शख्स बार-बार कह रहा है कि उसने पहले भी पैसे दिए थे, फिर भी काम पूरा नहीं हुआ। दलाल उसे आश्वासन देता है कि अब दोबारा देना पड़ेगा ।वीडियो इतना स्पष्ट है कि कोई भी समझ सकता है यह पूर्व-नियोजित लेन-देन है जिसमें बैंक कर्मचारियों की मिलीभगत के बिना संभव नहीं ।जनता का गुस्सा उफान पर बैंक नहीं, दलाली केंद्र है यहस्थानीय लोगों ने बैंक प्रशासन और प्रबंधक पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि बैंक अधिकारियों की जानकारी के बिना यह सब मुमकिन ही नहीं है ।गांव के वरिष्ठ नागरिक ने कहा लेकिन अब तो वही जनता का दुश्मन बन बैठा है। बिना दलाली कोई काम नहीं होताग्रामीणों ने प्रशासन और बैंक हेड ऑफिस से मांग की है किपूरे बैंक स्टाफ की जांच की जाएजनता की मेहनत पर क्यों हो रही है दलालीयह सवाल सिर्फ फतेहपुरसरकडी मानवा गांव का नहीं है, बल्कि हर उस बैंक का आईना है जहाँ जनता को सेवा के नाम पर ठगा जा रहा है।

## पूरी निष्ठा के साथ शासकीय कार्यों का सम्पादन सुनिश्चित करें: जिलाधिकारी

**सीतापुर**। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता ने कलेक्ट्रेट सभागार में विकासखण्डों के माध्यम से संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी खण्ड विकास अधिकारी पूरी निष्ठा के साथ शासकीय कार्यों का सम्पादन सुनिश्चित करें। कोई भी पत्रावली अनावश्यक रूप से लम्बित न रखी जाये। उन्होंने कहा कि टीम भावना से कार्य करते हुये बेहतर अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुये जनपद के सर्वांगीण विकास हेतु कार्य करें। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि सभी खण्ड विकास अधिकारी प्रत्येक सप्ताह दो ग्राम पंचायतों का स्थलीय निरीक्षण कर ग्राम पंचायतों में स्वच्छता व्यवस्था, आर0आर0सी0 संचालन की स्थिति, कूड़ा उठान, सामुदायिक शौचालयों के संचालन, निर्माण कार्यों, डिजिटल लाइब्रेरी के संचालन आदि की नियमित रूप से समीक्षा करें।

जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये कि वार रूप स्थापित करते हुये आर0आर0सी0 संचालन की नियमित निगरानी करें। स्वयं सहायता समूहों के प्रभावी संचालन के निर्देश देते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि सभी खण्ड विकास अधिकारी, ए0डी0ओ0 पंचायत एवं डी0एम0एम0 राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से संबंधित समस्त रिकार्ड 15 दिनों के भीतर अद्यतन करना सुनिश्चित करें।

## देव दीपावली पर मन्दिर में दीप दान का आयोजन



**उन्नाव**। नगर के प्राचीन बड़े हनुमान मन्दिर व शिव मन्दिर मे देव दीपावली के शुभ अवसर पर गोपाल बाजपेई व राजेंद्र नाथ शुक्ल द्वारा दीप दान का आयोजन किया गया। जिसमे 1100 दीपो से मन्दिर प्रांगण को सजाया गया व महारती के उपरान्त प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक व भाजपा नेता विमल द्विवेदी, शिवम बाजपेई, रवी बाजपेई, आचार्य कृष्णा तिवारी, सतोष मिश्रा, मुकुंद बाजपेई दिलीप बाजपेई, राकेश राजपूत, दीपू मिश्रा, अभिषेक तिवारी, जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, राकेश राजपूत सहित सैकड़ो भक्तो ने दीप जलाकर दीप दान किया।

# कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए गंगा तट पर उमड़े श्रद्धालु



**बिजनौर।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर स्नान के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब देखने को मिला। विदुर कुटी गंगा स्नान मेले में लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान लगाया गया है। श्रद्धालुओं ने स्नसन के बाद मां गंगा को खिचड़ी का भोग लगाकर सुख-समृद्धि की कामना की। बुधवार की तडके से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते सड़कों पर जाम लगा रहा है। श्रद्धालु पिछले कई दिनों से अपने ट्रैक्टर ट्रालियों, बैल-बुग्गी, भैंसा बुग्गी से गंगा स्नान मेले में पहुंचने शुरू हो गए थे। छोटे-छोटे बच्चों ने मेले में जमकर खरीदारी की। श्रद्धालुओं न छोटे बच्चों का मुंडन भी कराया गया। सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल भी तैनात रहा। कोई अप्रिय घटना न घट सके इसके लिए गोताखोरों की टीम को भी लगाया था। जिला प्रशासन द्वारा विदुर कुटी गंगा में कई दिन पहले ही गंगा में बेरीकेटिंग की गई थी और एनाउंसमेंट के माध्यम से लोगों नेशनल को बेरीकेटिंग पार न करने की भी लगातार अपील की जा रही थी। इसके अलाव गंगा बैराज पर भी श्रद्धालुओं ने गंगा मैया में डुबकी लगाई। गंगा बैराज पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। श्रद्धालुओं के गंगा बैराज पहुंचने से मेरठ-पौड़ी नेशनल हाइवे जाम की चपेट में रहा है। इस कारण श्रद्धालुओं को वहां से आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। नांगल सोती में बालावाली गंगा घाट पर भी श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाकर खिचड़ी का भोग लगाया।

## नीलकण्ठ मंदिर पहुंची श्रद्धालुओं की भारी भीड़, किए दर्शन

बांदा। प्राचीन कालिंजर दुर्ग स्थित भगवान नीलकण्ठ महादेव मंदिर में बुधवार को सवेरे से ही दर्शनार्थियों का तांता शुरू हो गया। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार भगवान नीलकण्ठ महादेव के लगभग 1 लाख से अधिक भक्तों ने दर्शन व पूजा-अर्चना की। सवेरे से ही बांदा के अलावा मध्य प्रदेश से भारी तादाद में श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। मंदिर के पुजारी रामकुमार सिंह ने कहा कि इस वर्ष बीते वर्ष की तुलना में दो गुना श्रद्धालु दर्शनों के लिए आए। सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए थे। पुलिस क्षेत्राधिकारी नरैनी कृष्ण कुमार मिश्रा दुर्ग के ऊपर सवेरे से ही किले के द्वार पर मौजूद रहे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ की वजह



से पेयजल और यात्री बसों की भारी कमी देखी गयी। दुर्ग के ऊपर भी पेयजल की तलाश में श्रद्धालु परेशान रहे। सुरक्षा इंतजामों के अलावा प्रशासन की लचर व्यवस्था के चलते जल संस्थान की टंकियों के भरोसे पहुंचे श्रद्धालु प्यासे ही लौट गये। टैंकरों की व्यवस्था दिखाई नही पड़ी। बीते वर्ष की अपेक्षा रोडवेज की बसें भी पर्याप्त मात्रा में न चलने से यात्रियों को जान जोखिम में डालकर डग्गामार वाहनों से यहां आना पड़ा। वाहनों को मेला परिसर में प्रवेश नही करने देने के लिए बैरियर में ही उन्हे रोक लिया गया। इसके अलावा किले के ऊपर जाने वाले सड़क मार्ग पर भी बैरियर लगाकर वाहनों को रोक दिया गया। पैलानी तहसील के महाकालेश्वर मंदिर में चल रहे कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव में पहलेश्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सवेरे से ही भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना और दुग्धाभिषेक कर भक्त माथा टेकने पहुंचे। यहां भी श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गयी।

## युवक का शव बांध के गहरे पानी से बरामद

ललितपुर। बांदा स्थित स्वास्थ्य विभाग में वरिष्ठ लिपिक पद पर तैनात बाबू के पुत्र का शव बुधवार को गोविन्द सागर बांध के गहराई वाले क्षेत्र से बरामद कर लिया गया है। वह मंगलवार की देर रात घर से निकल गया था। बुधवार सुबह उसकी स्कूटी गोविंद सागर बांध के पास खड़ी मिली, जबकि उसकी चप्पलें पानी में तैरती पाई गईं। मोहल्ला इलाइट कृष्णा कालोनी निवासी 22 वर्षीय अविनाश सांडिल्य की एक्टिवा गाड़ी बुधवार सुबह गोविंद सागर बांध के मुख्य गेट पर मिली। उसकी चप्पलें बांध के पानी में तैर रही थीं और चश्मा सलूज पर पड़ा मिला। इन वस्तुओं के मिलने से युवक के पानी में छलांग लगाने की आशंका गहरा गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से अविनाश की तलाश शुरू कर दी। गोताखोर पिछले छह घंटे से बांध के पानी में उसकी खोजबीन कर रहे हैं। परिजनों के अनुसार, अविनाश मंगलवार रात करीब तीन बजे बिना किसी को बताए घर से एक्टिवा लेकर निकला था।

अविनाश के दोस्तों ने बताया कि मंगलवार रात करीब 12 बजे उसने वीडियो कॉल पर उनसे बात की थी। बातचीत के दौरान वह कुछ असमंजस भरी बातें कर रहा था। इसके बाद से ही उसका मोबाइल फोन स्विच ऑफ हो गया।

## केन नदी घाट पर दीपोत्सव, गंगा आरती का आयोजन



**बांदा।** जिला गंगा समिति, गौ-रक्षा समिति एवं गंगा समग्र कानपुर प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में दीपोत्सव एवं गंगा आरती का आयोजन हुआ। गंगा उत्सव केन आरती स्थल में भूरागढ़ क्षेत्र अंतर्गत केन जल आरती घाट पर आयोजन किया गया। मंगलवार को केन नदी आरती स्थल पर सुबह 7 बजे से 8 बजे तक अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद श्रीचन्द के नेतृत्व में आदर्श बजरंग इंटर कालेज व प्रभागीय वनाधिकारी ने घाट की सफाई की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय व विशिष्ट अतिथि प्रभागीय वनाधिकारी अरविंद कुमार रहे। 9 से 10 बजे तक फात्मा गर्ल्स इंटर कालेज, जल संरक्षण विषय पर विशेषज्ञों ने बच्चों को जानकारी दी। इसके पश्चात प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम गंगा उत्सव पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को पुरस्कार दिए गये। इस दौरान अनीता गुप्ता, रोशनी प्रजापति, प्रेम गुप्ता, प्रियांशु मिश्रा, पूजा प्रजापति व अन्य लोग मौजूद रहे।

## राजेश सिंह मानव ने महापौर पर लगाया अभद्र व्यवहार का आरोप

**अयोध्या।** श्री आदित्यनाथ गौ सेवा समिति के संरक्षक राजेश सिंह मानव ने महापौर गिरीशपति त्रिपाठी पर आरोप लगाया है, उन्होंने कहा महापौर ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। राजेश सिंह मानव ने महापौर पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं और कहा है कि महापौर अपने अधीनस्थ अधिकारियों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। राजेश सिंह मानव ने कहा कि वे महापौर के पास एक मंदिर परिसर में हैंडपंप और सोलर लाइट लगाने के लिए निवेदन पत्र लेकर गए थे, लेकिन महापौर ने उनके साथ बदसलूकी की। उन्होंने महापौर पर आरोप लगाया कि वे भ्रष्टाचार में शामिल हैं और अपने अधीनस्थ अधिकारियों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। राजेश सिंह मानव ने आमजन से अपील की है कि वे भ्रष्टाचार और अहंकार में डूबे ऐसे जनप्रतिनिधियों का विरोध करें और अपनी आवाज उठाएं। उन्होंने कहा कि अयोध्या की जनता रामभक्त है और कभी अन्याय के आगे झुकने वाली नहीं है।

## जिले में एसआईआर अभियान शुरू, घर-घर पहुंचे बीएलओ

**बांदा।** चुनाव आयोग के निर्देश पर जनपद में एसआईआर अभियान के पहले दिन तहसीलों से प्रपत्र लेकर बीएलओ घर-घर पहुंचे और काम शुरू कर दिया है। गणना प्रपत्र में मतदाता का नाम, एपिक संख्या, भाग संख्या, क्रम संख्या एवं विधान सभा क्षेत्र का नाम पहले से ही लिखा है। बीएलओ दो प्रतियों में गणना प्रपत्र बांट रहें हैं। मतदाता को इन्हें पूरा कर वापस करने को कहा गया है। चुनाव आयोग के निर्देश पर करीब 22 वर्ष बाद विशेष गहन पुनरीक्षण, एसआईआर अभियान चलाया गया है। जिले में लगभग 1395 बीएलओ तैनात किए गये हैं। बीएलओ घर-घर पहुंचे एवं दो प्रतियों में मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किये। सदर तहसीलदार विकास पांडेय ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी जे.रीभा व निर्वाचन विभाग के निर्देश पर प्रपत्र में मतदाता को अपनी जन्म तिथि, आधार संख्या, मोबाइल नंबर, माता-पिता का नाम व उनका एपिक नंबर, पति अथवा पत्नी का नाम व एपिक नंबर भरना होगा। गणना प्रपत्र वितरित करने व भरे हुए वापस लेने की समय सीमा 4 दिसंबर है। 9 दिसंबर वोटर लिस्ट का आलेख्य प्रकाशित किया जाएगा। इसके बाद दावे व आपत्तियां आमंत्रित की जाएंगी। एसआईआर को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और बूथ लेविल अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

## श्रीबालाजी सरकार का सवामनी हवनोत्सव हुआ सम्पन्न



**ललितपुर।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा पर तालाबपुरा डोंडाघाट स्थित श्रीजुगल किशोर हवलदार बालाजी सरकार मन्दिर में हवनोत्सव एवं प्रसाद वितरण किया गया। कल एक दिन पूर्व 4 नवंबर को सर्वप्रथम सुंदरकांड किया गया। इसके बाद 5 नवंबर को सुबह हवनोत्सव किया गया, जिसमें विभिन्न जगह से आये श्रद्धालुजन ने अपनी अर्जियां लगाई गई। 32 सवामनी बालाजी सरकार को अर्पित की गई। बालाजी सरकार का नयनाभिराम श्रृंगार रूपेश शर्मा ने किया गया। हवन के मुख्य यजमान पं.अवध बिहारी चैबे बालाजी महाराज रहे। इस दौरान गुरू राजू महाराज ग्वालियर, आलोक राणा ग्वालियर, मुन्नू महाराज ग्वालियर, सुधात भार्गव, मब्बू महाराज गढ़ाकोटा, राजेन्द्र महाराज छतरपुर के अलावा मंदिर प्रबंधक पं.प्रियदर्शी शेखर, पं.दिनेश शर्मा, लोकेश शर्मा, प्रेम अग्रवाल, रामशरण अग्रवाल, जयप्रकाश सोनी, मुन्ना सोनी, नरेन्द्र साहू, रब्बू चैबे, रामशरण अग्रवाल, इमरत साहू, दिनेश साहू, ज्वाला पटेल, संतोष सोनी, पत्रकार दीपक सोनी, अरविन्द राजा, अशोक झा, भागचंद्र जैन, अजय साहू, चन्दू सोनी, मानू शर्मा, मुकेश कुमार सविता, डब्बू पटवा, भगवानदास साहू, रानू पटवा के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे ।ने शानदार प्रस्तुतियां दी।

## द्हेज लोभियों ने विवाहिता का गला घोंटकर मौत के घाट उतारा, पति गिरफ्तार



**बिजनौर।** घर में सो रही विवाहिता की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। मायके वालों ने पति सहित अन्य ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। सीओ ने बताया कि मृतका के पति कई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाही शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव खारी निवासी अंकित की शादी 04 साल पहले था बढ़ापुर क्षेत्र के गांव रहमापुर निवासी तेजपाल की पुत्री रितू (28 वर्ष) से हुई थी। अंकित पिछले कई सालों से बिजनौर की साकेत कॉलोनी में किराए पर रहता है। शादी के बाद से ही अंकित व रितू में झगड़ा रहने लगा। बीमार होने पर चार दिन पहले रितू अपने मायके चली गई। रितू के पिता तेजपाल ने बताया कि सोमवार की शाम अंकित उसे घर ले आया। घर आने के बाद दोनों में किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ। आरोप है कि रात में किसी समय अंकित ने पत्नी रितू की दुपट्टे से गला घोंट कर हत्या कर दी। मंगलवार की सुबह उसका शव बिस्तर पर पड़ा मिला। मौत की खबर मिलते ही मायके वाले बिजनौर पहुंचे। मृतका के पिता तेजपाल सिंह ने थाना कोतवाली शहर पहुंचकर आरोप लगाया कि दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुरालियों ने उसकी बेटी रितू की हत्या कर दी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति सहित ससुराल पक्षके कई लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी पति अंकित को गिरफ्तार कर कार्रवाही शुरू कर दी है।

## बुलेट और बाइक की टक्कर में चार घायल

**अयोध्या।** नगर कोतवाली के नाका चुंगी क्षेत्र में बुधवार को दूसरी पहर दो बाइकों की भिड़ंत में चार लोग घायल हो गए। गंभीर घायल किशोरी समेत दो को मेडिकल कालेज रेफर किया गया है।

दोपहर बाद नाका चुंगी क्षेत्र में एक मार्ट के सामने बुलेट और बाइक में टक्कर हो गई। हादसे में घायल किशोरी मुन्नी (13 वर्ष) पुत्री सुरेश शर्मा निवासी नाका चुंगी को उसके चाचा उमेश और रितिक (20 वर्ष) निवासी नवीन मंडी गेट को उसके भाई रोशन ने जिला अस्पताल पहुंचाया। जबकि दो को पास स्थित एक निजी नर्सिंग होम ले जाया गया है। हालत गभीर देख जिला अस्पताल के डाक्टर ने मुन्नी और रितिक को दर्शननगर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

## संक्षेप

### फंदे में झूली नवविवाहिता, पिता ने लगााय हत्या का आरोप

**बांदा।** शहर के न्यू मार्केट में नवविवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे में लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और फारेंसिक टीम पहुंची और घटना स्थल का मुआयना कर साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका सलोनी के मायके पक्ष ने ससुरालीजनों पर हत्या करने का आरोप लगाया है।

मायके पक्ष का कहना है कि सलोनी की हत्या कर शव को फांसी पर लटकाया गया है। जिससे मामले को आत्महत्या का रूप दिया जा सके। मृतका के पिता ने बताया कि सलोनी की शादी महज 8 माह पूर्व हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार हुई थी। उन्होने हैसियत के अनुसार दहेज दिया था। परंतु ससुराल के लोग लगातार अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे थे। पिता ने पुलिस से मामले की बारीकी से जांच कर दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। शहर कोतवाली प्रभारी ने कहा कि परिजनों से तहरीर मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पानी की मांग न होने से केन नहर बंद

**बांदा।** जिले में बीते दिनों हुई अतिवृष्टि के चलते फसलों के लिए नहरों से पानी की मांग खत्म हो गयी है।

इसी कारण केन नहर को बीते 29 अक्टूबर से बंद कर दिया गया है। केन नहर प्रखण्ड के अधिशाषी अभियंता अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया कि बीते दिनों हुई बरसात के कारण पानी की मांग शून्य हो गयी है। रोस्टर के अनुसार 10 जनवरी 2026 से नहरों में पानी छोड़ा जाएगा।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**ललितपुर।** थाना बानपुर अंतर्गत ग्राम वीर में भजन-कीर्तन कार्यक्रम उपरान्त साउंड सिस्टम निकालते समय एक युवक करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि गांव के रहने वाले पुष्पेंद्र कुमार पुत्र सुक्का कुशवाहा साउंड सिस्टम चलाने का कार्य करता था। सोमवार को गांव में भजन-कीर्तन कार्यक्रम में उसने अपना साउंड सिस्टम लगाया था। देर शाम कार्यक्रम समाप्त होने पर वह साउंड सिस्टम खोल रहा था। इसी दौरान एम्प्लीफायर में करंट आने से पुष्पेंद्र उसकी चपेट में आ गया और मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़ा। परिजन आनन-फानन में उसे बानपुर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे टीकमगढ़ जिला अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। बताया गया कि मृतक दो भाइयों में छोटा था और करीब सात माह पूर्व ही उसका विवाह हुआ था। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार करते हुए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस के अनुसार घटना की सूचना थाना स्तर पर प्राप्त नहीं हुई है।

### बॉलीवाल एसोशियेशन की तदर्थ कमेटी अध्यक्ष बने शुभांशु अवस्थी

ललितपुर। उत्तर प्रदेश वॉलीबॉल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की अनुशंसा पर एसोसिएशन महासचिव सुनील कुमार तिवारी ने जिला वॉलीबाल एसोसिएशन ललितपुर में तदर्थ कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें बैंक कॉलोनी ललितपुर निवासी शुभांशु अवस्थी प्रधानाध्यापक को नामित किया गया है। बांसी ललितपुर निवासी कपिल दुबे जिला समन्वयक एमडीएम को सदस्य नामित किया है। खेल गतिविधियों के सुचारू संचालन एवं प्रदेशीय गतिविधियों में प्रतिनिधित्व हेतु तत्काल प्रभाव से ये नियुक्तियां की गई हैं। शुभांशु अवस्थी एवं कपिल दुबे द्वारा कार्यभार ग्रहण करके संयुक्त रूप से बताया गया कि आगामी राज्य स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता शीघ्रातिशीघ्र उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, प्रदेश अध्यक्ष एवं महासचिव सुनील कुमार तिवारी की उपस्थिति में आयोजित की जाएगी। जल्द ही विस्तृत कार्यक्रम एसोसिएशन द्वारा जारी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही जिला कार्यकारिणी का गठन करके खेल गतिविधियों को सफलता पूर्वक संचालित किया जाएगा।

## गंगा आरती, भजन संध्या का हुआ भव्य आयोजन

**ललितपुर।** गंगा नदी को भारत की राष्ट्रीय नदी घोषित किए जाने उपलक्ष्य में गंगा उत्सव कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष 4 नवम्बर को आयोजित किया जाता है। इस वर्ष गंगा उत्सव पर जिला गंगा समिति ने ऐतिहासिक सुम्मेरा तालाब के घाट पर गंगा नदी की महिमा और स्वच्छता के प्रति जनजागरण के उद्देश्य से विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया। संध्या समय सुम्मेरा तालाब के घाट पर सैकड़ों दीपों से गंगा आरती का अद्भुत दृश्य दिखाई दिया। लोगों ने गंगा माता की जय के जयकारों के साथ तालाब में दीपदान किया।



दीपों की रौशनी से पूरा तट जगमगा उठा और श्रद्धा का वातावरण बन गया। इस दौरान प्रसिद्ध कथावाचक पं. जगदीश पाठक द्वारा गंगा कथा का वाचन किया गया, जिसमें गंगा नदी के उद्गम, धार्मिक महत्व और पर्यावरणीय संरक्षण पर प्रकाश डाला गया। इसके पश्चात आयोजित भजन संध्या में सुरेन्द्र झा और शिवानी झा की जोड़ी ने भक्ति गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना श्रोताओं को झुमने पे मजबूर कर दिया। समापन गंगा शपथ लेकर किया गया, जिसमें सभी ने गंगा की स्वच्छता और संरक्षण का संकल्प लिया। मौके पर डीएफओ गौतम सिंह, एडीएम नमामी गंगे राजेश श्रीवास्तव, क्षेत्रीय वनाधिकारी भोला सिंह, बासुदेव सिंह, सिद्धगोपाल सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम उपरान्त जिला गंगा समिति के परियोजना अधिकारी केतन दुबे ने सभी का आभार प्रकट किया।

## गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व मना

**ललितपुर।** श्रीगुरुसिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वधान में चल रहे 11 दिन के प्रोग्राम का आज समापन हुआ। सुबह श्रीअखंड पाठ का समापन मनिंदर सिंह मंगे द्वारा हुआ। लंगर की सेवा रमेश चंद आनंद, पत्रकार जसपाल सिंह, सुरजीत सिंह काके, स्त्री साध संगत द्वारा हुई। इस दौरान छोटे बच्चे सर्वजीत सिंह, अक्षित तिवारी, अनाया सलूजा व अन्य बच्चों ने भी गुरुबाणी कीर्तन कर संगत का मनमोह लिया। उपरांत मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दलजीत सिंह व ज्ञानी ईश्वर सिंह व नांदेड हजूर साहब से पधारे ज्ञानी गुरबचन सिंह के रागी जत्थे ने गुरबाणी कथा कीर्तन द्वारा संगत को निहाल करा। धार्मिक कट्टरता के वातावरण में उदित गुरु नानक ने धर्म को उदारता की एक नई परिभाषा दी। उन्होंने अपने सिध्दान्तों के प्रसार हेतु एक संन्यासी की तरह घर का त्याग कर दिया और लोगों को सत्य और प्रेम का पाठ पढ़ाना आरंभ कर दिया। इस दौरान नपाध्यक्ष सोनाली जैन को सरोपा भेट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पूर्व नपाध्यक्ष सुभाष जायसवाल, अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा, जितेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह, मंत्री मनजीत सिंह, चरणजीत सिंह, परमजीत सिंह, गुरमुख सिंह, पर्सन सिंह, वीरेंद्र सिंह, डा.जे.एस.वालिया, डा. सौरभ देवलिया, आनंद सिंह, सतनाम सिंह, जगजीत सिंह, पलविंदर अमरजीत कौर, मीनू सलूजा, रोजी अरोड़ा, ख्याति कालरा, प्रीति अरोड़ा, अशोक स्वर्णकार, गिन्नी परमार, तरनदीप सिंह, गोपी सिंधी, भगत सिंह, मनीष डोडवानी, बलजीत सिंह, तरनजीत, शुभ आनंद, बॉबी आनंद, गुणबीर सिंह, हरजीत सिंह, अंकुर बाबा, पार्षद रमेश गांधी, राजेश दुबे, धर्मेंद्र चैबे आदि मौजूद थे। संचालन महामंत्री सुरजीत सिंह सलूजा ने किया।

## ट्रैक्टर चलाकर रौंद दी मसूर की फसल पर, जमीन पर कब्जे का प्रयास

ललितपुर। महरौनी अंतर्गत ग्राम अण्डेला निवासी अमान पुत्र भईयन रजक ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसने अपनी ललितपुर के मैनबार गांव स्थित आराजी 1186/6 में मसूर की फसल बोई थी, जो करीब 1 माह की हो गयी थी। आरोप है कि उसकी आराजी को मैनवार के विन्द्रावन, गंगाराम व जयराम पुत्रगण शोभाराम व शोभाराम पुत्र दिवू ने 2 नवम्बर की अपराह्न 3 बजे उसकी मसूर की फसल में ट्रैक्टर चलाकर जोतकर नष्ट कर दी, तो जैसे ही उसके परिवार के लोगों को पता चला। शाम 4 बजे उसकी बहू रामदेवी पत्नी खेमचंद्र खेत पर पहुंची और उक्त लोगों को खेत पर जबरन कब्जा करने से रोक तो उक्त लोगों ने एकराय होकर उसकी बहू से मारपीट की, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया। शोरगुल सुनकर बचाव करने पहुंचे कमलेश पुत्र भगवत, माया पत्नी गब्बर, गब्बर पुत्र भैयन ने घटना देखी, जिन्हें उक्त लोगों ने जान से मारने की ध्माकी देते हुये ट्रैक्टर से कुचलने का प्रयास किया। घटना की सूचना 108 एम्ब्युलेंस को दी। जिससे एम्ब्युलेंस से घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोप है कि उक्त लोग गरीबों की लोगों की जमीनों पर कब्जा करते रहते हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3), 324 (2) व एस.सी.एस.टी. एक्ट की धारा 3 (1)(द), 3 (1)(घ), 3 (2)(व्ही.ए.) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन




**बिजनौर।** जिला निर्वाचन अधिकारी जसजीत कौर के निर्देश पर अपर जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एसआईआर कार्यक्रम को सुव्यवस्थित, पारदर्शी, और शुद्धता पूर्वक संपन्न करने के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अपर जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वान्या सिंह ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की आवश्यकता के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 1951 से 2024 तक 8 बार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण किया जा चुका है। प्रदेश में अन्तिम विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण वर्ष 2003 में किया गया था। उन्होंने निर्देश दिए की एसआईआर कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं बूथ लेवल अभिकताओं को प्रशिक्षण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें और इस कार्य में उनका सहयोग भी प्राप्त करें ताकि कार्य पूरे पारदर्शिता और शुद्धता के साथ संपन्न कराया जा सके। अपर जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा प्रत्येक मौजूदा निर्वाचकों को गणना प्रपत्रों का वितरण निर्वाचकों को उनके नाम या उनके रिश्तेदारों के नाम से अंतिम विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2003 से मिलान/लिंक करने में मदद करना मिलान/लिंकिंग के लिए बूथ लेवल अधिकारी अंतिम विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अखिल भारतीय डेटाबेस (ीजजचरू//अवजमते.मबप.हवअ.प ाद/) की सहायता ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की प्रमुख प्रक्रियाएं बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा नए निर्वाचकों को सम्मिलित करने के लिए प्रपत्र-6 एवं घोषणा प्रपत्र एकत्र करना एवं मिलान/लिंकिंग में उन्हें सहायता करना है। गणना प्रपत्र को भरने व ईआरओ/एईआरओ को जमा करने में निर्वाचक की सहायता करना। प्रत्येक निर्वाचक के घर का कम से कम 3 बार भ्रमण करना। निर्वाचक, विशेष रूप से शहरी मतदाता/अस्थायी प्रवासी, गणना प्रपत्र को ऑनलाइन भी भर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित तथा एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत निर्वाचकों की पहचान करना। गणना चरण के दौरान गणना प्रपत्र के अलावा अन्य कोई अभिलेख एकत्र करने की आवश्यकता नहीं है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सभी मान्यता प्राप्त दलों से मिलेंगे और विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताएंगे सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) का प्रशिक्षण बूथ लेवल ऐजेट भी निर्वाचकों से विधिवत भरे हुए गणना प्रपत्र (अधिकतम 50 गणना प्रपत्र प्रतिदिन) एकत्र कर बूथ लेवल अधिकारियों को जमा कर सकते हैं। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी धामपुर स्मृति मिश्रा सहित समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मौजूद थे।

## लंपी खुरपका ने पसारे पांव, आधा दर्जन पशुओं की मौत

सोहावल-अयोध्या। पशु चिकित्सा विभाग की लापरवाही के चलते क्षेत्र में पशुओं में होने वाली जानलेवा लंपी, खुरपका रोग ने पांव पसार लिया है। बीते सप्ताह कमलेश सिंह की बछिया, केशव राम की बछिया, सुरेंद्र गोस्वामी की गाय, शिव कुमार सोनी की बछिया सहित आधा दर्जन पशुओं की मौत होने की पुष्टि पशु मालिकों ने करते हुए बताया कि पुश चिकित्सा विभाग अगर पहले खुरपका, मुंह पका अन्य रोगों का टीका लगाया होता तो आज पशुओं की मौत हो रही है वह ना होती। पशु चिकित्सा प्रभारी सोहावल मनोज कुमार वर्मा और डा. नीरज गुप्ता ने बताया कि यह वायरस जनित बीमारी है। जानकारी होने पर उपचार किया जा रहा है। इससे बचाव के लिये पशु पालकों को सलाह भी दी जा रही है।

## रेलवे फाटक अंडरपास लोगो के लिए बना आफत, निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने की मांग

**नगीना, बिजनौर।** रेलवे फाटक संख्या 470 पर अंडरपास निर्माण कार्य अधर मे लटकने से लोगो के लिए मुसीबत बन गया है। गहरी खुदाई और उसमें बरसात व नाले का पानी जमा होने से लोगों को तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

नेशनल हाईवे 74 कालाखेड़ी रेलवे फाटक संख्या 470 को ज्यादातर बंद रहने के कारण रेलवे विभाग के अधिकारियों ने अंडरपास बनाने का निर्णय लिया था। 22 फरवरी 2025 की सुबह 10 बजे से रेलवे फाटक संख्या 470 को 30 जून 2025 तक निर्माण कार्य पूरा होने तक के लिए बन्द करा दिया गया था। अन्डरपास निर्माण कार्य के रेलवे ठेकेदार ने रेलवे अधिकारियों के साथ मिलकर उद्घाटन कराकर जेसीबी मशीनों से बीच बीच मे एक दो बार खुदाई कार्य भी शुरू किया जा चुका है। आजाद कालोनी लाइन पार के लोगों द्वारा बाद में अंडरपास निर्माण के चैड़ीकरण की मांग को लेकर रेलवे विभाग के संबंधित अधिकारी को ज्ञापन दिया जिससे नाराज होकर लगाकर जमीन की खुदाई कराई। खुदाई काफी गहरी होने पर उसके बराबर पालिका के नाले पर खड़ा एक पुराना पेड़ गिरने से नाला टूट गया। क्षेत्र से आ रहा नालीयों बरसात का गन्दा पानी अन्डरपास के गहरे गड्ढे में भर जाने से तालाब में तब्दील हो गया। अंडरपास के गहरी हुई खुदाई में जमा बरसात का और गंदे नाले का पानी जमा रहने से उसकी दुर्गंध से संक्रामक रोग फैलने का डर सता रहा है। लेकिन रेलवे विभाग व ठेकेदार अंडरपास निर्माण को लेकर लापरवाह बने हुए हैं। उनकी इस लापरवाही से कभी भी कोई बड़ा हादसा घटित हो सकता है। 22 फरवरी 2025 से बन्द पड़े रेलवे फाटक से आजाद कालोनी लाइनपार व आधा दर्जन से अधिक गांवों के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि रेलवे विभाग के सैक्शन सीनियर इन्जिनियर कार्य उ0रे0 नजीबाबाद ने 30 जून 2025 तक निर्माण कार्य पूरा होने का एसडीएम नगीना को पत्र भेजा था जो आजतक नहीं हुआ। आजाद कालोनी लाइन पार



रेलवे ठेकेदार ने अंडरपास की चल रही खुदाई के कार्य को बंद कर दिया और अपना सामान लेकर कार्य बीच में छोड़कर चला गया। अधिकारियों के साथ ठेकेदार का समझौता होने के बाद 30 जून 25 को अंडरपास का निर्माण कार्य पूर्ण होना था। अन्डरपास के लिए रेलवे ठेकेदार ने जेसीबी मशीन के निवासी भाजपा नेता सुनील कुमार सैनी, सचिन शर्मा, पूर्व सभासद जोगेन्दर सिंह, धर्मेन्द्र सिंह आदि लोगो ने इस सम्बन्ध में भारतीय रेल मंत्री व जीएम रेलवे दिल्ली की ओर ध्यान दिलाकर रेलवे फाटक संख्या 470 के अन्डरपास निर्माण कार्य को जल्द पूरा कराने कि मांग की है।

# बेटियों की हौसलाअफजाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला क्रिकेट विश्व चैंपियन बेटियों के साथ मुलाकात कर न सिर्फ उनका हौसला बढ़ाया बल्कि क्रिकेट का नया इतिहास लिखने वाली इन बेटियों के जरिए देश भर की बेटियों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का संदेश दिया। वैसे हम तो देश की बेटियों को पहले ही चैम्पियन घोषित कर चुके थे, लेकिन आधिकारिक नतीजा 2 नवम्बर को सामने आया। महिला क्रिकेट विश्व कप में टीम इंडिया ने, अंततः, परचम लहराया। विश्व चैम्पियन बनी, एक शून्यता भरी गई। फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया ने दक्षिण अफ्रीकी टीम को 52 रन से शिकस्त दी। यकीनन यह जीत और सिरमौर बनने की ललक, तड़प, खेल का जुनून और जज्बा, आक्रामकता सब कुछ अपने निष्कर्ष तक पहुंचे और भारत विश्व चैम्पियन बन गया। बेशक शानदार जीत है, टीम इंडिया ने पहली बार यह सफलता हासिल कर इतिहास रचा है। मील के पत्थर तो कई स्थापित किए जा चुके हैं। अब टीम इंडिया खाली हाथ नहीं है, अंतिम चरण की अभिशप्त टीम नहीं है, पराजय का एहसास विजय में तबदील हो गया है। अब ऑस्ट्रेलिया (7 बार), इंग्लैंड (4 बार), न्यूजीलैंड (एक बार) के बाद भारत भी विश्व चैम्पियन टीम का चौथा देश है। देश गर्व और गौरव के साथ वे पल भी याद कर रहा है, जब 1983 में विश्व चैम्पियन की



ट्रॉफी तत्कालीन पुरुष टीम के कप्तान कपिल देव ने हासिल की थी। पूरा विश्व हैरान था, लेकिन उल्लसित भी था, क्योंकि क्रिकेट की एक नई शक्ति का उदय हुआ था। तब विश्व में कोई भी उम्मीद नहीं करता था कि वेस्टइंडीज की तूफानी टीम को भारत की अपेक्षाकृत कमजोर टीम पराजित कर सकती है, लेकिन टीम इंडिया ने अनहोनियों को साकार किया। उसी से प्रेरित होकर, जीत के जज्बे और जुनून के साथ, एमएस धोनी के नेतृत्व में विराट कोहली, सहवाग, युवराज सिंह, गौतम गंभीर आदि की पीढ़ी ने अपने खेल को ऐसा तराशा कि टीम इंडिया 2 अप्रैल, 2011 को दूसरी बार, एकदिनी क्रिकेट की, विश्व चैम्पियन बनी। इस बार भी तारीख 2 ही थी, शहर भी मुंबई था, बेशक महीना नवम्बर का था और हम महिला क्रिकेट के भी विश्व चैम्पियन बने। टीम इंडिया ने अपनी पराजयों, खालीपन, निराशा, जीत छिटकने के तनावों से बहुत कुछ सीखा। अंततः शीर्ष तक पहुंच कर खुद को साबित किया। बेशक खिताबी जीत सामूहिक होती है, लेकिन शेफाली वर्मा और दीप्ति शर्मा के खेल, अंततः, टर्निंग प्वाइंट और निर्णायक बने। शेफाली को विश्व कप टीम से बाहर रखा गया था। वह रिजर्व खिलाड़ी भी नहीं थी, लेकिन अंतिम मुकाबले के लिए उन्हें अचानक बुलाया गया, क्योंकि सलामी बल्लेबाज प्रतीका रावल चोटिल हो गई थीं। शेफाली ने 87 रन (78 गेंद) की सर्वश्रेष्ठ पारी ही नहीं खेली, बल्कि सलामी जोड़ीदार स्मृति मंधाना के साथ 104 रनों (106 गेंद) की साझेदारी भी निभाई और खेल को एक ठोस शुरूआत दी। महिला एकदिनी क्रिकेट विश्व कप के 13 संस्करणों के इतिहास में यह सिर्फ दूसरी बार हुआ, जब सलामी जोड़ी ने फाइनल मुकाबले में शतकीय साझेदारी की है। शेफाली ने प्रतिद्वंद्वी टीम के दो प्रमुख बल्लेबाजों-लुस और काप-को भी आउट किया। इस तरह शेफाली ने विश्व कप अर्द्धशतक और 2 विकेट चटकाने की दोहरी उपलब्धि भी हासिल की। दीप्ति शर्मा ने विश्व कप में 215 रन ठोंके और 22 सर्वाधिक विकेट लेकर एक और इतिहास रचा। विश्व कप के इतिहास में एक और कीर्तिमान दीप्ति के नाम दर्ज हो गया, लिहाजा उन्हें प्लेयर ऑफ दि टूर्नामेंट के सम्मान से नवाजा गया। शेफाली को प्लेयर आफ दि मैच आंका गया और सम्मानित किया गया। दीप्ति ने ही अफ्रीकी टीम की विस्फोटक बल्लेबाज एवं कप्तान लॉरा वोल्वार्ट (101) को आउट किया और वहीं से खेल टीम इंडिया के पाले में सरक आया। हमारी सलामी बल्लेबाज एवं उपकप्तान स्मृति मंधाना ने भी कुल 434 रन बनाए, जो विश्व कप के एक संस्करण में किसी भी भारतीय बल्लेबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। कुल मिलाकर टीम की हरेक खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर विश्व क्रिकेट में नया इतिहास रच दिया और देश को गर्व और गौरव के पलों से सराबोर कर दिया।

**विचार**

बाद में उत्पन्न होने वाली समस्त इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।

-फ्रेंकलिन.

निंदा करने वाले व्यक्ति को तो अपने आंगन में कुटी छवाकर अपने पास रखना चाहिए। क्योंकि वह बिना साबुन पानी के ही हमारा स्वभाव निर्मल कर देता है।

-संत कबीर.

मनुष्य का अनुमान कभी भी उसकी त्रुटियों से नहीं लगाना चाहिए। त्रुटियां तो मानवता की सामान्य दुर्बलताएं हैं। महान सद्गुण ही मनुष्य के अपने होते हैं।

-स्वामी विवेकानन्द.

जैसे कछुआ अपने अंगों को समेट लेता है, उसी प्रकार जब मनुष्य अपनी इन्द्रियों को विषयों से खींच लेता है, तभी उसकी बुद्धि स्थिर होती है।

-महाभारत.

# रेलगाड़ियों में बिगड़ता सोशल बिहेवियर

**मनोज वार्ष्णेय**

> देश में सबसे ज्यादा सुरक्षित माने जाने वाले रेल सफर की भी यह हकीकत है कि साल 2023 में कुल 24,678 दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 21,803 लोग मारे गये। इन मरने वालों में करीब 73 फीसदी लोग दुर्घटनाओं के दौरान नहीं बल्कि रेलगाड़ियों से गिरकर या गलत ढंग से ट्रैक पर चलने के कारण मौत के शिकार हुए। कहने का मतलब यह है कि बाकी अन्य यातायात के साधनों से कम खतरनाक होने के बावजूद रेलगाड़ियों से हर साल 20 हजार से ज्यादा लोग मारे जाते हैं।

जिस गति से रेलवे तरक्की कर रहा है, उसी गति से रेलवे की बदनामी भी विकास कर रही है। अगस्त 2027 तक भारत में मुंबई से अहमदाबाद तक हाई स्पीड ट्रेन दौड़ने लगेगी, स्पीड होगी 320 किलोमीटर प्रति घंटे। इससे पहले वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन, जो वर्ष 2019 से लगभग 130 किलोमीटर की स्पीड से दौड़ रही है, का जाल पूरे देश में बिछ सा गया है। राजधानी, शताब्दी, गरीब रथ, तेजस जैसी रेलें भी हैं और तो और इस वर्ष मिजोरम में भी रेल पहुंच गई तथा भारत का स्वर्ग कश्मीर भी अब इससे सीधा जुड़ गया है। पर शर्मनाक यह कि जितनी गति इनकी रेल विकास नेटवर्क की है, उससे तेज गति यात्रियों के साथ हो रही बदसलूकी तथा बदइंतजामी की है। पहले जनरल डिब्बों में चोरी, झगड़े आम थे, पर अब यह आरपीएफ के सामने रेलवे स्टेशनों पर हो रहे हैं। सरकार के मुंह मांगे दाम देकर यात्रा करने वाले यात्री अब तक की सबसे तेज दौड़ने वाली वंदे भारत में अपनी जान कब गंवा देगा नहीं जानता। इन ट्रेनों की गत भी उन्हीं पैसेंजर ट्रेनों की सी हो गई है, जो हर स्टेशन पर रुकती हैं और कई बार रेल की स्पीड से तेज यमराज आकर ले जाते हैं बीमार यात्री के प्राण। देश की जीवन रेखा रेलवे में जिसके कारण करोड़ों लोगों का जीवन चल रहा है और देश को सुविधाओं के लिए हजारों करोड़ रुपए मिलते हैं में लगने लगा है कि अब हम अपने सामान और सम्मान के प्रति खुद ही जागरूक और सावधान रहें।

खैर, कोई बड़ी बात नहीं है कि रेल में सीट के आसपास यह लिखा मिले-यात्री अपने सामान के साथ अपने सम्मान की भी खुद ही रक्षा करें। पर ऐसा क्यों होगा यह जानने के लिए दो उदाहरण देख लीजिए। पहला उदाहरण है जबलपुर का। मध्यप्रदेश के जबलपुर रेलवे स्टेशन पर एक यात्री ने समोसा वेंडर से समोसा खरीदा और उसे यूपीआई से पेमेंट किया। लेकिन भुगतान नहीं हो पाया और रेल ने चलने की सीटी दे दी। समोसा विक्रेता ने न सिर्फ अपने पैसे लेने के लिए यात्री का कालर पकड़ा बल्कि उसकी घड़ी उतार ली। अगर इसका वीडियो मोबाइलों पर नहीं दिखता, तो तय था कि यात्री अपनी इज्जत के साथ ही अपने



सामान से भी हाथ धो बैठता और सदमे में रहता। यह बात दीगर है कि उस विक्रेता को रेलवे अफसरों ने दंडित किया। एक घटना और है। हरियाणा के रेवाड़ी में एक महिला श्रद्धालु को स्टेशन पर टीसी द्वारा लात मारने, उसके पति को पीटने का मामला भी सुर्खियों में रहा। यहां भी बाद में कार्रवाई होने की बात है।

> **सुरक्षित रेल यात्रा पर उठते गंभीर सवाल**

जरा वंदे भारत में अव्यवस्था भी देख लीजिए। जोधपुर से दिल्ली जा रही वंदे भारत में कैटरिंग मैनेजर को हार्ट अटैक आया और वह उसी में गिर पड़े। जब उसमें रखे फर्स्ट एड बाक्स को खोला, तो उसमें सिर्फ वह दवाएं थीं, जो आमतौर पर सर्दी-जुकाम में ही काम आती हैं। इससे बड़ी शर्मसार करने वाली दूसरी बात क्या होगी कि उस ट्रेन के एक अफसर की जान चली जाती अगर उसमें चिकित्सा विभाग से जुड़े दो अफसर नहीं होते तो। सफर लग्जरी जरूर हुआ है पर जान जोखिम में डालने की कीमत पर क्यों? जब वंदे भारत की यह हालत है, तो सोचिए उस ट्रेन का क्या हस्र होगा जिसके शौचालय में भी यात्री सफर करते हैं?

रेलवे में यात्रियों का सामान तो पहले ही से असुरक्षित था पर अब सम्मान भी इसी श्रेणी में आ गया है। पर क्यों? दरअसल रेलवे जिस प्रकार से तरक्की कर रहा है, उसी प्रकार से उस पर आश्रित समाज की सामाजिक सुरक्षा नहीं बढ़ रही। पहले हर स्टेशन पर एएच व्हीलर स्टाल हुआ करते थे, जिन पर पुस्तकों के साथ ही अखबार और कुछ खास दवाएं भी मिल जाती थीं। मगर अब यह गायब हो चुके हैं। पहले हर स्टेशन के हर प्लेटफार्म पर लोकल फूड यानी पूरी-सब्जी, फल-फ्रूट आदि के ठेले होते थे, मोची मिल जाते थे, यहां तक की बच्चों के लिए इमरजेंसी में काम आने वाले आइटम भी मिल जाते थे, पर यह सब अब कमाई के लिए गायब हो गए हैं। हर चीज पर सरकार की नजर है और वह ठेका देकर कमाई करना चाहती है और यात्री भी ऑनलाइन सामान रेल में ही मंगाकर अपना सफर पूरा कर रहे हैं। जब यहां पर यह सब नहीं मिल रहे हैं, तो जो भी मिल रहा है, वह लेने के लिए स्थानीय वेंडर पूरी जी जान लगा देते हैं। परिणाम वह अपना एक रुपया भी नुकसान होते देखकर उग्र हो जाते हैं और जबलपुर समोसा कांड जैसे मजमे स्टेशनों पर नजर आ जाते हैं।

रेलगाड़ियों में, स्टेशन पर और उसके आसपास आरपीएफ की माकूल व्यवस्था होने के कारण पहले थोड़ा डर रहता था। मगर अब इनमें मांगने वाले, ट्रांसजेंडर और साधु की आड़ में बदमाश जिस प्रकार से उगाही करते हैं, वह बताता है कि सुरक्षा तो है ही नहीं, साथ ही यात्रा के दौरान कब आपके साथ बदतमीजी हो जाएगी, कहा नहीं जा सकता। इसके पीछे एक कारण यह भी है कि अब टिकट कलेक्टर के पास टिकट चैक करने की भी फुर्सत नहीं होती। साधारण डिब्बे तो जाने दीजिए वह स्लीपर में भी नहीं आता। उसे सिर्फ इस बात का ध्यान रखना होता है कि प्रथम, द्वितीय और थर्ड एसी में कौन सा यात्री अपने स्टेशन के बाद भी सफर कर रहा है। कारण क्या है? सिर्फ यह कि या तो उससे जुमार्ना वसूला जाए या फिर वह गलती के लिए कोई खुद उपाय सुझाए?

सामान और सम्मान के साथ यात्रा करने में यात्रियों के साथ एक जो समस्या आ रही है, वह यह है कि उन्हें इमरजेंसी चिकित्सा भी नहीं मिल पा रही है, जिसके वह हकदार हैं। दरअसल पहले रिजर्वेशन के दौरान चिकित्सक को वरीयता मिलती थी पर अब तो डीआरएम आदि भी उन्हें मांगने पर भी सीट की अनुपलब्धता बताकर मना कर देते हैं। रही सही कसर फर्स्ट एड बॉक्स में क्या रखना है इसकी नई वरीयता सूची नहीं होने के कारण यात्रियों को मुश्किल वक्त में दिल, दस्त, अस्थमा का अटैक, चोट लगने आदि के दौरान या तो अगले स्टेशन आने का इंतजार करना पड़ता है या फिर कोई साथी यात्री उन्हें दवा आदि उपलब्ध करा दे पर निर्भर रहना पड़ता है। यहां यह बात भी नहीं भूलनी चाहिए कि कई बार मदद करना मुसीबत बन जाता है, इसलिए अब दवा आदि छोड़िये भूखे को भोजन भी नहीं देते हैं, सहयात्री जो रेल पटरियों पर विकास की दौड़ लगा रही है, उसे इस तरह की स्थितियों में सम्मानजनक जर्नी का साथी कैसे कहा जा सकता है।

वर्तमान में जब रेल और आम बजट एक हो गए हैं, तब भारत सरकार का सर्वाधिक ध्यान वंदे भारत रेलों पर है। पर इनमें सुविधा पर ध्यान कितना है इसका अंदाज इसी से लग सकता है कि अगर गलती से भी यात्री गेट बंद होने से पहले रेल में नहीं चढ़ पाया, तो उसके लिए मुसीबत आ जाती है और फिर सम्मानजनक यात्रा के लिए उसे क्या कुछ नहीं करना पड़ता। एक बात यह भी है पहले रेल दुर्घटनाएं आम थीं, पर जबसे उन पर कंट्रोल हुआ है, तबसे सबसे मंहगे एसी डिब्बों, मंहगी प्रीमियम ट्रेनों में सोशल दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। इन दुर्घटनाओं में चोरी, मारपीट जनरल बातें हो चुकी हैं। जब स्पीड ट्रेन चलने की तैयारी है, तब आम ट्रेनों की यह हालत है, तो कैसे कह सकते हैं कि हवा से बात करती रेलों में सब कुछ अच्छा होगा?

**सोशल मीडिया**

जो पत्रकार सरेआम हत्या को डेथ मतलब मृत्यु बताते हों, न तो देश को उनसे कोई उम्मीद है और न ही उस दल से जिस दल के नेता हत्या को छिटपुट घटना बताते हों। अखिलेश यादव.



विश्व व समाज को शांति, प्रेम, समानता और मानवता का संदेश देने वाले सिख धर्म के संस्थापक श्री गुरु नानक देवजी के प्रकाश पर्व की हार्दिक शुभ-कामनाएं। अमित शाह.



2005 से पहले वो दिन आपको याद होंगे जब बिहार में बेरोजगारी चरम पर थी, नौकरी व रोजगार के अभाव में राज्य के य वा जहां तहां भटक रहे थे और भविष्य अंधेरे में था। -नीतीश कुमार.



# विज्ञान के निष्कर्ष

**अंतर्दृष्टि**

प्राचीन काल में ऋषि, मुनि एवं योगी तपस्वी कष्ट साध्य साधनाओं के लिए एकांत पर्वत गुफाओं गिरि-कंदरओं को चुनते थे। इनका एक प्रमखु कारण यह है कि प्राकृतितः शांत वातावरण में निवास करने से उत्तेजना नष्ट होने वाली शक्ति की बर्बादी रुकती है और उस बचत को उपयोगी प्रयोजनों में लगाकर प्रगति का पथ प्रशस्त किया जा सकता है। इसी प्रकार रात्रि के प्रकृति पदत्त अनुदान अंधकार का लाभ उठाकर थकान मिटाने का ऐसा लाभ प्राप्त किया जा सकता है जिसके सहारे अधिक काम करने की क्षमता अर्जित की जा सके। योगाभ्यासी अपने व्यक्तित्व को अधिक विकसित करने की साधना करते हैं। भीतर की प्रमुख शक्तियों को जगाने के लिए उनका प्रयोग प्रयास चलता है। इस प्रयोजन के लिए उन्हें ऐसे स्थान में अपना निवास निर्धारित करना पड़ता है जहां अनावश्यक कोलाहल की पहुंच न हो और जहां रात्रि के समय कृत्रिम प्रकाश उत्पन्न न करना पड़े। दिन में सूर्य का और रात्रि में चांद तारों का प्रकाश ही सामान्य और स्वाभाविक निर्वाह के लिए पर्याप्त होना चाहिए। स्तब्धता और अन्धियारी को विनोद, मनोरंजन में भारी बाधक लगती है और ऐसी ऊब उत्पन्न करती है जिससे बचने के लिए हर किसी का जी करता है। फिर वैज्ञानिक दृष्टि से इनकी उपयोगिता दिन-दिन अधिक स्पष्ट होती जा रही है। विज्ञान के अनुसंधान में हमे इस निष्कर्ष पर पहुंचाते हैं कि यदि शान्त, एकान्त स्थान की अपेक्षा हर दृष्टि से लाभदायक उपलब्धियां ही करतलगत होंगी। इसी प्रकार रात्रि को जितने समय जितने कृत्रिम प्रकाश से बचाया जा सके उतना ही उत्तम है। निस्तब्धता एक बात है और तमिस्ना दूसरी। दोनों के सम्मिश्रण से तीसरी स्थिति बनती है। जो सदुपयोग और दुरुपयोग दोनों ही दृष्टि से अपने अद्भुत परिणाम प्रस्तुत करती है।

भूमि खोदकर समाधि में बैठने की साधना योगाभ्यासियों के लिए पुरानी है। मोटे तौर से वह कोई कौतुक कौतुहल जैसी जादुई क्रिया प्रक्रिया मालूम पड़ती है पर तथ्यतः उसमें शरीर को उस स्थिति में रखने का अभ्यास है जिसे आंतरिक सव्याप्त भारतीयता के समतुल्स माना जा सकता है। आयुर्वेदशास्त्र में कायाकल्प चिकित्सा का विधान है। उसमें शरीर के पुनर्गठन की, नवीनीकरण की विधा सम्पन्न की जाती है। कहा जाता है कि इससे वृद्धता दूर होती है और यौवन लौट आता है। इस विधान में भी लंबे समय तक एकान्त और अंधेरे में रहना पड़ता है। औषधि उपचार के अतिरिक्त इस विशेष स्थिति का जो प्रभाव शरीर पर पड़ता है उसका महत्व अधिक माना गया है। तपस्वियों के एकान्त सेवन गुफा निवास की बात तो सर्वविदित ही है।

# इस्तीफे की शालीनता बनी रहे

**व्यंग्यलोक**

देखिए भाई साहब! अब बहुत हो गया ये हमसे नैतिकता दिखाते हुए इस्तीफे की मांग का स्वांग करना। अब शांत हो जाइए प्लीज! वर्ना कहीं आपका गला न पक जाए। अब नैतिकता के आधार पर हमसे इस्तीफे की मांग की आप लक्ष्मण रेखा न लांघिए तो अच्छा रहेगा हम सब के लिए। जनता अब यह शोर सुन बोर होने लगी है। अब अगर वहां उस हादसे के लिए हमने भी आपसे इस्तीफे की इसी तरह मांग की होती तो आपको बहुत बुरा लगता। पर हमने तब नैतिकता की सीमाओं में रहकर आपसे नैतिकता के आधार पर इस्तीफे की मांग की थी। यही हमारा धर्म है। एक दूसरे से इस्तीफा मांगने में शालीनता बनी रहे तो अच्छा लगता है। हम नहीं चाहते कि आपको हमारे सत्ता में होते हुए कुछ बुरा लगे। ऐसे में आपके विपक्ष में होते हुए हमें भी तो कुछ बुरा नहीं लगना चाहिए न! सत्ता में कभी हम, तो कभी आप! जनता तो सत्ता में आने से रही। देखिए, यहां सरकार हम हैं तो वहां आप। ये भी नहीं कि हम आपसे नैतिकता के आधार उस हादसे के लिए आपकी तरह गला फाड़ फाड़ कर इस्तीफा नहीं मांग सकते। आज आपके उसूल हों या न, पर हमारे आज भी कुछ उसूल है। आप हमारे मौसरे भाई हो। हादसे हो जाते हैं। हादसों का काम होना है और हमारा काम नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देने के बदले उन हादसों की निष्पक्ष न्यायिक जांच करवाना। ये बात तो आप भी जानते ही हो कि जब हादसों का कारण अपने ही बंदे हों तो हम उनकी निष्पक्ष जांच करवा अपने पांव पर कुल्हाड़ी कैसे मार सकते हैं? वह तो अधिकतर शरीफों के पांवों को ही लहूलुहान करती रही है न! बंधु! हम तुम उस बिरादरी से हैं जो इस्तीफा देने के बाद के दर्द को बहुत गहरे से समझते रहे हैं। पद से इस्तीफा देने के बाद घरवाले भी नहीं पूछते। नेता तभी तक सुहाता है जब तक वह कुर्सी पर हो। अतः यथार्थ के धरातल पर खड़े होकर हमारी जगह अपने को रख हमारी पीड़ा समझो बंधु! और हमें विश्वास है कि आप भी समझते होंगे। पर कई बार हम सत्ता पाने को लेकर अधिक ही मुंहफट हो जाते हैं। देखो, गिरा वो पुल और इस्तीफा दें हम? अब टकराईं वे रेलें और इस्तीफा दो आप? ये कहां का न्याय है? गिरे कोई, इस्तीफा दे कोई! गिरना जीवन की परिणति है। टकराना जीवन की जरूरत है। अरे जो हम इस्तीफा दे देंगे तो पुल के गिरने की, रेलों के भिड़ने की निष्पक्ष जांच कैसे होगी? अब रही बात पब्लिक कि तो सुनो डियर पब्लिक! हमने इन हादसों के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान कर ली है। अब दिल पर हाथ रख पब्लिक टीवी देखती रहे कि इस्तीफा न देते हुए हम उनके विरूद्ध कैसे कड़े से कड़ा एक्शन लेते हैं?



अशोक गौतम

# बेहतर स्वास्थ्य के लिए सुधारें खानपान की आदत



**खानपान/स्वास्थ्य**

जैसा कि हम सभी जानते हैं स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है। हम स्वस्थ तभी रह सकते हैं जब हमारे खाने पीने की आदतें अच्छी हों। खराब आदतों के कारण मोटापा, अपच, गैस, एसिडिटी, डायबिटीज और इसी तरह की बीमारियां हमें असमय ही घेर लेती हैं। इसलिए खाने के बारे में हमें अपनी अच्छी आदतें बनानी चाहिए।

**भूख लगने पर ही खाएं:** आज कल लोगों की आदतें खाने के विषय में काफी खराब देखी जाती हैं। वे जब जो मिला बस जीभ के स्वाद के लिए कुछ भी, कभी भी खा लेते हैं। अपनी पाचनक्रिया को वो विश्राम नहीं देते। जबकि खाने के बारे में सबसे बड़ा फंडा यह है कि भूख लगने पर ही खाएं बल्कि भूख लगने के बाद एक घंटे तक अगर हम नहीं खाते, तो इससे हमारे शरीर की अतिरिक्त वसा की खपत होती है और शरीर से उसे नुकसान पहुंचाने वाले हानिकर टॉक्सिंस भी खत्म होने लगते हैं। इसलिए भूख लगने पर ही खाएं।

**रात्रि का भोजन जल्दी करें:** आयुर्वेद में ही नहीं बल्कि चिकित्सा पद्धतियों में स्वस्थ रहने के लिए इस बात पर जोर दिया गया है कि रात को सोने से पहले अपने पेट को जितना हो सके हल्का रखें यानी रात के समय हल्का खाना खाएं और रात्रि के सात या आठ बजे से पहले ही खा लेना चाहिए।

**खाने को चबाकर खाएं:** खाने को जितना ज्यादा हम चबाकर खाते हैं, हमारी लार ग्रंथियों की सक्रियता से निकलने वाली लार हमारे भोजन में मिल जाती है। यह जितनी ज्यादा मिलती है, उतनी ही जल्दी हमारे द्वारा खाया गया खाना हजम हो जाता है। इसलिए खाये गये खाने के हर ग्रास का आनंद लीजिए, चबा चबाकर खाइये।

**भोजन में शामिल करें फल और सब्जियां**

तला और भुना, मिठाईयां खाने से स्वास्थ्य पर बुरा असर होता है। विटामिन और खनिज लवणों से भरपूर फल और हरी सब्जियों को अपने भोजन में ज्यादा से ज्यादा शामिल करें, क्योंकि यही हमें खतरनाक बीमारियों से भी बचाये रखती हैं।

**थोड़ा थोड़ा खाएं:** किसी भी चीज की अधिकता बुरी होती है, इसलिए थोड़े थोड़े अतंराल पर थोड़ा थोड़ा खाना चाहिए। क्योंकि ज्यादा मात्रा में खाने से हमारी कार्यक्षमता पर तो बुरा असर होता ही है, हमारी पाचनक्रिया पर भी अतिरिक्त बोझ पड़ता है। सुबह के समय फल खाएं, दोपहर के भोजन में दाल, चावल और सलाद लें। शाम के समय हल्के स्नैक्स और रात के डिनर में खिचड़ी या दलिया या हल्का खाना खाएं।

**पेट को थोड़ा खाली रखें**

यदि आपको चार रोटी की भूख है तो तीन रोटी खाएं यानी अपनी भूख से एक चैथाई कम खाएं। अपने पेट को पानी के लिए खाली रखें, पानी ज्यादा पीएं, खाएं कम। तभी हम एक्टिव रहकर अपनी दिनचर्या के कामों को अच्छी तरह कर सकते हैं।

**जोड और घटा:** यदि घर में आपका मनपसंद खाना बना है, तो इसका यह मतलब नहीं है कि आप बहुत ज्यादा खा लें। इससे आपको दूसरी चीजें खाने का मौका ही नहीं मिलेगा और ज्यादा खाने के बाद आपको आलस भी आता है। यदि आपको किसी ने रात के डिनर में आमंत्रित किया है और आपको लगता है कि आप वहां ज्यादा खा सकते हैं, तो दोपहर का लंच हल्का रखें ताकि खाने में संतुलन बना रहे।

**पसंदीदा भोजन:** यदि आपको बालूशाही या लड्डू बहुत पसंद हैं और आप स्वाद के लिए एक के बाद एक लड्डू या बालूशाही खा जाते हैं, इससे आपकी सेहत को नुकसान हो सकता है। आपको कोई भी चीज कितनी भी पसंद क्यों न हो, उसे कम मात्रा में खाएं, उसे चबा चबाकर खाएं और उसके हर बाइट में खाने का आनंद लें ताकि आप ज्यादा खाने से बच सकें।

**जंक फूड खाने से बचें:** जंक फूड खाने में अच्छे लगते हैं, लेकिन इसे सप्ताह या 15 दिन में एक बार खाने तक ही सीमित रखें। क्योंकि जंक फूड का रेगुलर सेवन हमें कई खतरनाक बीमारियों की ओर ले जाता है। मुंह के स्वाद के लिए बार बार न खाएं। हममें से बहुत से लोग पूरा दिन कुछ न कुछ खाते, चबाते रहते हैं। यह अच्छी आदत नहीं है। अगर आपको लगता है कि दिन में चार बार खाने के बावजूद आप भूखे रह जाते हैं, तो आप छह या आठ बार भी खा सकते हैं। लेकिन कम मात्रा में खाएं। रात में डिनर करने के बाद अगर किसी ने आपको स्वादिष्ट केक या आइस्क्रीम ऑफर की तो आप मना न कर पाए और रात में इतनी ज्यादा कैलोरीज वाली चीज खाने के बाद भी खा लेना, खाने की स्वस्थ आदतों में शामिल नहीं है। इसलिए खाने के विषय में आत्मनियंत्रण जरूरी है। **-राजकुमार दिनकर.**

## आप की बात

### महिलाओं की भागीदारी

एक तरफ ह देश, समाज और अर्थव्यवस्था के लिए बेहद सकारात्मक है कि धीरे-धीरे समाज के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। श्रम शक्ति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ना, शैक्षिक संस्थाओं में अधिक से अधिक लड़कियों का नामांकन, पंचायतों में आधे से अधिक पदों पर महिलाओं का काबिज होना, जैसे तथ्य बताते हैं कि जेंडर जस्टिस के लिए बीते दो-तीन दशकों में किये गये प्रयास अब सार्थक हो रहे हैं और यह दिखने भी लगा है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की नई रिपोर्ट 'वीमेन एण्ड मेन इन इंडिया 2024' उत्साहवर्धक प्रगति के साथ ही अभी भी बरकरार चुनौतियों की ओर संकेत करती है। रिपोर्ट के अहम निष्कर्षों में से एक यह भी है कि देश की श्रम शक्ति, शासन और आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं की मौजूदगी लगातार बढ़ रही है। ध्यान देने वाली बात है कि महिलाओं की श्रम शक्ति भागीदारी 2017-18 के 23.2 फीसदी से बढ़कर 2023-24 में 41.7 फीसदी हो गई। यह बड़ी उपलब्धि है। मगर पुरुषों की 77.2 फीसदी भागीदारी से काफी कम है और विश्व बैंक के अनुसार दुनिया भर में महिलाओं के 50 फीसदी भागीदारी के औसत से बहुत कम है। इससे पता चलता है कि न केवल अवसरों में अंतर है बल्कि व्यवस्थागत हालात भी ऐसे हैं जो महिलाओं को हतोत्साहित करते हैं। किंतु उत्साहित करने वाली बात यह है कि ग्रामीण और शहरी दोनों ही इलाकों में वेतन के बीच अंतर लगातार कम हो रहा है।

जुलाई से सितंबर 2023 और अप्रैल से जून 2024 के बीच शहरी महिलाओं के वेतन में सबसे ज्यादा 5.2 फीसदी इजाफा देखा गया। फिर भी इस बदलाव के साथ-साथ एक अन्य महत्वपूर्ण रुझान देखने को मिला और वह है मुफ्त के घरेलू कामों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ना। समय के इस्तेमाल से जुड़े टाइम यूज सर्वे के मुताबिक 'परिवार के सदस्यों के लिए बिना वेतन घरेलू काम' की अवधि महिलाओं के लिए 236 मिनट है, जबकि पुरुष रोजाना इसमें औसतन 24 मिनट ही देते हैं। इससे दोहरे बोझ की बात पता चलती है। महिलाएं कमाने बाहर भी जा रही हैं और घर के भीतर पूरा काम भी संभाल रही हैं। इससे श्रम शक्ति में भागीदारी की महिलाओं की क्षमता कम हो जाती है और दिखाती है कि सामाजिक मानक घरेलू श्रम की कद्र नहीं करते। यह रिपोर्ट विनिर्माण, व्यापार और अन्य सेवाओं के क्षेत्र में महिलाओं के नेतृत्व वाले प्रतिष्ठानों की संख्या में इजाफा बताती है। यह न केवल महिलाओं में बढ़ती उद्यमिता की भावना को दर्शाता है बल्कि पता चलता है कि उपक्रमों के स्वामित्व में स्त्रियों की हिस्सेदारी बढ़ रही है। महिलाओं का वित्तीय समावेशन भी बढ़ा है मगर आधार कम है। मार्च 2024 में सभी बैंक खातों में महिलाओं के स्वामित्व वाले खाते 39.2 फीसदी थे और कुल जमा में महिलाओं की हिस्सेदारी 39.7 फीसदी था। पूंजी बाजारों तक पहुंच का भी विस्तार हुआ है और महिलाओं के डीमैट खाते 2021 से 2024 के बीच तीन गुना बढ़े हैं।

**आदित्य कुमार वर्मा, लखनऊ.**

### बेरोजगारी का कारण

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है।

**वीरेंद्र कुमार सिंह, लखनऊ**

# कार्तिक पूर्णिमा पर रामनगरी में उमड़ा आस्था का सैलाब

जिला संवाददाता



**अयोध्या।** बुधवार को कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा के दिन पावन सलिला सरयू में लाखों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई और प्रभु श्रीराम और सरयू सलिला का स्मरण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। स्नान ध्यान के बाद प्रभु श्रीराम दर्शन के साथ अयोध्या का पौराणिक कार्तिक मेला सकुशल सम्पन्न हो गया। रामनगरी अयोध्या में जय श्री राम के जयकारे

**● लाखों श्रद्धालुओं ने पुण्य सलिला सरयू में लगाई डुबकी, रामलला का किया दर्शन**

गूंजते रहे। धर्मपथ, रामपथ, सरयू तट, राम पैड़ी, नया घाट सहित अयोध्या की सभी सड़के श्रद्धालुओं से भरी पड़ी रही। जिला प्रशासन नया घाट स्थित नियंत्रण कक्ष से तकनीक के सहारे सभी गतिविधियों पर नजर रखें था। रामनगरी अयोध्या में कार्तिक पूर्णिमा के दिन सरयू में स्नान का विशेष महत्व है और इसी के साथ कार्तिक मेला का समापन हो जाता है। देश के कोने कोने से लाखों श्रद्धालु कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष में आयोजित अयोध्या की चैदह कोसी परिक्रमा, पांच कोसी परिक्रमा और पूर्णिमा स्नान दान के लिए अयोध्या आते हैं। इस बार भी चैदह कोसी परिक्रमा और पांच कोसी परिक्रमा में पचास लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने रामनगरी की पौराणिक परिक्रमा की और आज श्रद्धालुओं की अधिक संख्या से जिला प्रशासन भी हल्कान रहा। अयोध्या को जोड़ने वाले सभी मार्गों पर यातायात प्रतिबंधित था फिर भी अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या प्रशासनिक अनुमान से कहीं अधिक रही। श्रीराम मंदिर एवं हनुमान गढ़ी पर आज दर्शन पूजन अर्चन करने वाले श्रद्धालुओं की अधिक संख्या होने के कारण अधिक आयु के श्रद्धालु प्रवेश द्वार पर ही हनुमंत लला का पांव छू कर पुण्य लाभ अर्जित किए। सरयू के सभी घाटों पर स्नान करने वालों का तांता लगा रहा। हिंदू पंचांग के अनुसार, कार्तिक मास की पूर्णिमा तिथि को मनाए जाने वाले इस पर्व पर सरयू नदी में पवित्र डुबकी लगाने के लिए लाखों श्रद्धालु मंगलवार रात से ही रामनगरी में डेरा डाले हुए थे। पंचांग के अनुसार, पूर्णिमा तिथि 4 नवंबर की रात्रि 10:56 बजे से शुरू हुई और 5 नवंबर (बुधवार) को शाम 6:48 बजे तक रही जिसके कारण ब्रह्म मुहूर्त से ही घाटों पर स्नान का सिलसिला शुरू हो गया। माना जाता है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन सरयू में स्नान करने से और यह तिथि स्नान, व्रत एवं दान की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी दिन भगवान विष्णु ने अपना पहला अवतार लिया था और भगवान शिव ने त्रिपुरासुर असुर का संहार किया था। कार्तिक पूर्णिमा का यह स्नान कार्तिक मेले का प्रमुख और अंतिम पर्व होता है, जिसकी पूणार्हुति के साथ ही महीने भर से चल रहे कल्पवास अनुष्ठान का भी समापन हो जाता है।

## पौराणिक स्थल श्रृंगी ऋषि आश्रम पर उमड़े श्रद्धालु



**गोसाईगंज-अयोध्या।** कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व पर पौराणिक स्थल श्रृंगीऋषि आश्रम पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस अवसर पर हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं ने सरयू में डुबकी लगाई और श्रृंगीऋषि गुफा में मत्था टेककर मन्नतें मांगी।श्रृंगीऋषि आश्रम पर श्रद्धालुओं का आगमन एक दिन पूर्व ही शाम को होने लगा था। इनमें पुरुषों के अलावा महिलाओं व बच्चों की भी भागीदारी रही। भोर से ही मंदिरों के घंटा-घड़ियाल बजने लगे और श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के उद्घोष व श्रृंगी ऋषि के जयकार के बीच पावन सलिला सरयू में स्नान कर पूजन-अर्चन किया।इस जगह का महत्त्व रामायण कालीन से है। अयोध्या के सम्राट राजा दशरथ पुत्र ना होने से दुखी रहते थे। उन्होंने इसकी चर्चा अपने कुलगुरु महर्षि बशिष्ठ जी से की तो कुलगुरु ने उन्हें पुत्रेष्टि यज्ञ करने की सलाह दी।महाराज दशरथ ने मख भूमि पर श्रृंगी ऋषि के गुरुत्व में यज्ञ किया। जिससे उनके चार पुत्र हुए।मान्यता है कि जो भी निःसंतान दम्पति यंहा आकर पुत्र की कामना करते हुए माथा टेकता है,उसकी कामना पूर्ण होती है। चैत्र रामनवमीपवित्र सावन में झूलोत्सव,शरद पूर्णिमा, कार्तिक पूर्णिमा पर लोगो की भारी भीड़ होती है।श्रृंगीऋषि के गुफा के बगल ही इनकी पत्नी मां शांता देवी की गुफा है। यहां रामजानकी मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर, शिवमंदिर, मां दुगार्मंदिर, हनुमान मंदिर समेत नाई मंदिर, प्रजापति मंदिर व मौर्य मंदिर समेत दर्जनों पंचायती मंदिर भी है। यहां पर जाति पांति का कोई भेद नहीं है।श्रृंगी ऋषि आश्रम के महंत महेंद्र गोस्वामी ने बताया कि यह स्थल अयोध्या का प्रथम फाटक होने का गौरव हासिल होने के साथ साथ यह 84 कोसी परिक्रमार्थियों का पड़ाव स्थल भी है। इस स्थल का वैभव काफी विशिष्ट है, इस लिए इस स्थल को पर्यटन मानचित्र में जगह अवश्य मिलना चाहिए।कहाकि अयोध्या के बाद यह जिले का दूसरा प्रमुख धार्मिक स्थल है, इसलिए क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को इस स्थल के सुंदरीकरण के लिए विशेष ध्यान देना चाहिए

## बांसी अकबर में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया गुरु नानक देव जी का जन्मोत्सव



बांसी सिद्धार्थनगर। बांसी के अकबर वार्ड में बड़े ही धूमधाम से ? गुरु नानक देव जी का जन्मोत्सव मनाया गया,सिख धर्म के पहले गुरु नानक देव जी का जन्मोत्सव प्रकाश पर्व बुधवार को नगर के अकबर नगर वार्ड बांसी कस्बा मे स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा मे बड़े ही उल्लास व धूम धाम से मनाया गया।इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।गुरुद्वारा में चल रहे गुरु ग्रंथ साहब के अखंड पाठ का बुधवार को समापन हुआ तत्पश्चात सिमरन ,भजन कीर्तन ,अरदास व गुरु के लंगर का आयोजन हुआ ।इस अवसर पर वक्ताओं ने गुरु नानक देव जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए सद मार्ग पर चलने की अपील किया ।उन्होने कहा कि गुरु नानक देव जी की जयंती प्रकाश पर्व के रुप मे मनाया जाता है क्योंकि उन्होंने कुरीतियों और बुराईयों को दूर कर लोगों के जीवन मे नया प्रकाश भरने का कार्य किया था।उन्होने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए अपने पारिवारिक जीवन व सुख का ध्यान न करते हुए दूर दूर तक यात्रा किया और लोगों को जागरुक किया।उन्होने अपना पूरा जीवन मानवता की सेवा मे लगा दिया। इसके बाद आयोजित लंगर मे ज्ञानी कुलवंत सिंह,पूजा पाल, पूर्व नपा अध्यक्ष अजय कुमार अज्जू श्रीवास्तव , पूर्व नपा अध्यक्ष मोहम्मद इदरीश पटवारी, सभासद बजरंगी वर्मा, कुबेर बारी, रवि अग्रहरि ,राजेंद्र पांडे ,अभय पांडे ,जीवन अग्रहरि , रामकुमार कुंवर , पूर्व नपा अध्यक्ष ध्रुव जायसवाल ,सरदार स्वर्ण सिंह, नरेश चंदवानी,सरदार रावेन्द्र सिंह लबली , सरदार गुरमीत सिंह,सरदार सन्नी सिंह ,राकेश बग्गा ,सरदार करण सिंह, गुरुदत्त चंदवानी,अमन दीप सिंह,नमन दीप सिंह,रोशन,विजय बाधवा,सरदार अजीत सिंह ,कमल वाधवा आदि ने प्रसाद ग्रहण किया।

## पंचायत भवन के अवशेष भुगतान की मांग को लेकर पूर्व प्रधान आमरण अनशन पर



मिल्कीपुर-अयोध्या।हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत जमुआ में करीब पाँच वर्ष पूर्व बनवाए गए पंचायत भवन के अवशेष भुगतान की मांग को लेकर हैरिंग्टनगंज विकास खंड मुख्यालय पर पूर्व ग्राम प्रधान बालगोविंद तिवारी का आमरण अनशन मंगलवार से लगातार जारी था।

अधिकारियों की लापरवाही से आक्रोशित तिवारी का स्वास्थ्य भी दो दिनों से बिगड़ने लगा था।हैरिंग्टनगंज बीडीओ रुप नारायण भारती, एडीओ पंचायत अरविन्द कुमार, सहायक विकास अधिकारी गौतम वर्मा के निर्देश पर पंचायत सचिव मिथलेश ने तीन दिन के भीतर बकाया भुगतान करने का लिखित आश्वासन दिया। लिखित आश्वासन के बाद हैरिंग्टनगंज चैकी प्रभारी उपनिरीक्षक हैरिंग्टनगंज वीरेन्द्र सिंह ने स्वयं शाम 6 बजे नारियल जूस पिलाकर पूर्व प्रधान का अनशन तुड़वाया। इस दौरान मौजूद लोगों ने अधिकारियों से समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग की। लोगों का कहना है कि जनकल्याण के कार्यों में विलंब से गांव का विकास बाधित होता है, इसलिए प्रशासन ऐसी स्थितियों पर संवेदनशीलता से ध्यान दे।

## राम मंदिर ध्वजारोहण समारोह के एक दिन पहले पहुंचे आमंत्रित लोग

**अयोध्या।** आगामी 25 नवंबर को राम मंदिर में होने वाले ध्वजारोहण का कार्यक्रम में आमंत्रित लोग एक दिन पहले ही 24 को अयोध्या पहुंच जाएं। ये अपील श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने की है। उन्होंने कहा है कि ध्वजारोहण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किया जाएगा। मंदिर परिसर में प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए आदि गुरु शंकराचार्य द्वार को भव्यता दी जा रही है। चंपत राय ने कहा कि कार्यक्रम को लेकर लोगों को आमंत्रण कहीं डाक के माध्यम से तो कहीं व्हाट्सएप, ईमेल और मैसेज के माध्यम से भेजा जा रहा है। कुछ प्रमुख स्थानों पर व्यक्तियों के हाथ से भेजे गए हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रवासी भारतीयों को भी बुलाया जा रहा है। उनके आवास की व्यवस्थाएं हो रही हैं। इसके लिए बड़ी मात्रा में होमस्टे, धर्मशाला पर निवास की अनुमति प्रदान की है। जगह-जगह भोजनालय चलाए जाएंगे।



संघ प्रचारक और आयोजन के व्यवस्था प्रभारी गोपाल जी राव ने बताया कि 25 नवंबर को राम जन्मभूमि में सभी मंदिरों के ऊपर शिखर ध्वजारोहण हो रहा है। मुख्य मंदिर का ध्वजारोहण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत करेंगे। जिसको लेकर मंदिर परिसर में निर्माण का कार्य पूर्णता की ओर है। जिसके लिए लगभग ढाई हजार मजदूर और इंजीनियर मिलकर दिन रात कार्य कर रहे है। इसके साथ पुष्प का श्रृंगार व लाइटों से श्रृंगार की योजना चल रही है। उन्होंने कहा कि मंदिर और परकोटे के बीच स्थित कोर्ट यार्ड में 7000 लोगों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। इसमें विशेषता पूर्वी उत्तर प्रदेश के विभिन्न समाज के लोगों को बुलाया गया है। राम मंदिर के शिखर पर फहराए जाने वाले ध्वज का एक मॉडल बनकर आया था। जिसके साथ ध्वजारोहण का प्रयास कर रहे है। ध्वज अहमदाबाद से लाया जाएगा।25 नवंबर को ध्वजारोहण कार्यक्रम करने पहुंच रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परिसर भ्रमण के कार्यक्रम भी तय हो गया है। ट्रस्ट से मिली जानकारी के अनुसार ध्वजारोहण कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री मंदिर में प्रथम तल पर बना राम दरबार समेत सात और मंदिर लक्ष्मण जी के शेषावतार मंदिर और सप्त मंडप समेत परिसर का भ्रमण करेंगे। परकोटा के मंदिर के साथ-साथ लोअर प्लिंथ में रामायण के 80 प्रकार 3डी म्यूरल लगे हैं। उसको भी देखने की उम्मीद है और मंदिर निर्माण में लगे श्रमिकों और निर्माण एजेंसियों के श्रमिकों से भी मिलेंगे।

## लो बीम व हाई बीम विषय पर यातायात प्रभारी ने चालकों को किया जागरुक



**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देश पर चलाये जा रहे यातायात माह नवम्बर के तहत सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात प्रभारी रामयतन यादव ने वाहन चालकों को लो बीम व हाई बीम के उपयोग करने के जानकारी देते हुये जागरुक किया। आज बुधवार को यातायात माह जागरुकता अभियान के तहत यातायात प्रभारी ने चालको को कहा कि हाई बीम का प्रकाश अन्य चालकों की आँखों में चकाचैंध पैदा कर सकता है। जिससे कुछ क्षणों के लिए दृश्यता बाधित हो सकती है। और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ सकता है। लो बीम का सही उपयोग सुरक्षित ड्राइविंग के लिए महत्वपूर्ण है। क्योंकि यह सड़क पर आपकी और दूसरों की दृश्यता को बेहतर बनाता है।

## सेठ घाट पर झिलमिलाए दीप, खीरी में आस्था का अद्भुत संगम



लखीमपुर खीरी। बुधवार की शाम शहर का सेठ घाट श्रद्धा और संस्कृति के उजास से जगमगा उठा। देव दीपावली के पावन अवसर पर हजारों दीपों की ज्योति से तट ऐसा आलोकित हुआ मानो धरती पर स्वर्ग उतर आया हो। कार्यक्रम में विधायक सदर योगेश वर्मा, जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल व पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। तत्पश्चात भारत माता की आरती हुई, जिसमें नगरवासी, जनप्रतिनिधि और भाजपा पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि देव दीपावली का पर्व हमारे सांस्कृतिक वैभव और आस्था का प्रतीक है। जिस तरह आज सेठ घाट पर दीपों का सागर उमड़ा है, उसी तरह जनपद भी उजाले और समृद्धि से आलोकित हो। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जनपदवासियों को देव दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए जिले की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। एसपी संकल्प शर्मा ने कहा कि यह पर्व हमारे संस्कारों और एकता की पहचान है। शहर का सेठ घाट दीपों की पंक्तियों से जगमगा उठा। वातावरण में गूंजते भजनों और बहते दीपों के संग हर चेहरे पर भक्ति और उल्लास झलक उठा।

# अवल अल्लाह नूर उपाया, कुदरत के सब बंदे,,

## विशेष दीवान में अमृतसर से आये भाई अमृतपाल सिंह व साथियो ने किया कीर्तन-गायन




सरदार परमजीत सिंह विक्की



**बाराबंकी।** लाजपत नगर स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के तत्वाधान में सिक्खों के प्रथम गुरु धन-धन श्री गुरु नानक देव जी महाराज का

**● श्री गुरु नानक देव महाराज के प्रकाश पर्व पर देर रात्रि गुरुद्वारा परिसर में हुई आतिशबाजी**

प्रकाशोत्सव बड़े ही धूम-धाम से मनाया गया। गुरुमुख बच्चियो द्वारा विशेष दीवान सजाकर कीर्तन-जस गायन किया गया। इसके उपरान्त स्थानीय हजूरी रागी जत्था भाई तीरथ सिंह व साथियो द्वारा ह्यगुर सिखमन बधाईया जिनि मेरा सतगुर धिता राम राजय, कोइ कर गल सुनावे हर नाम की सो लगाये गुरु सीख मन मिदे, सिधय बोलन चुभ वचन धन नानक तेरी बडी कमाई शब्द कीर्तन किया गया। गुरुमत समागम मे विशेष रुप से अमृतसर से आये ज्ञानी भाई अमृतपाल सिंह एवं उनकें साथियों द्वारा ह्यअवल अल्लाह नूर उपाया, कुदरत के सब बंदे, एक नूर तें सब जग उपजिया, कौन भले को मंदें, शब्द कीर्तन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके अतिरिक्त सतगुर नानक प्रगटिआ मिटी धुंध जग चानण होआ, कल तारन गुरु नानक आया, ह्यएक सुनी पुकार दातार प्रभ गुरुनानक जग माहे पठायाह्लह्ल, ह्यह्यहले यारा हले यारा खुशखबरी, बल-बल जाऊह्यह्य ह्यह्यएक बाबा बाबा अकाल रुप दूजा रबाबी मरदानाह्लह्ल आदि शबद कीर्तन कर साध संगत को गुरु चरणो के साथ जोडा। इसके अलावा गुरु नानक देव जी के जीवन इतिहास से जुड़ी कथाओ का भी गुरुमत समागम में बखान किया गया। गुरु जी के उपदेशो पर चलने एवं रहतां के बारे मे भी बताया गया। समाप्ति के उपरान्त सभी धर्मो के श्रद्धालुओ ने पक्तिं में एक साथ बैठकर गुरु का लंगर ग्रहण किया। शाम को रात्रि दीवान सजाकर भाई अमृतपाल सिंह द्वारा गुरु की महिमा का बखान किया गया। उपरात अरदास चाय का लंगर सभी ने ग्रहण किया। तत्पश्चात गुरुद्धारा परिसर में आतिशबाजी की गयी।

## जिला कृषि अधिकारी ने उर्वरक दुकानों का किया औचक निरीक्षण



**बहराइच ।** जिला कृषि अधिकारी डॉ. सुबेदार यादव द्वारा बलहा एवं मिहींपुरवा क्षेत्र में औचक निरीक्षण कर छापेमारी की कार्यवाही गई। छापेमारी के दौरान 10 उर्वरक प्रतिष्ठानों के निरीक्षण के दौरान संदिग्ध पाये जाने पर उर्वरकों पांच नमूने संग्रहीत किए गए एवं दो विक्रेताओं को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। डॉ. यादव द्वारा समस्त उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि सभी उर्वरक विक्रेता पॉस मशीन से आधार कार्ड से खतौनी को चेक करते हुए शासन द्वारा निर्धारित मूल्य पर उर्वरक की बिक्री करें। उर्वरक वितरण के साथ-साथ स्टॉक एवं वितरण रजिस्टर स्टॉक एवं उर्वरक खरीदने वाले का रिकॉर्ड डे-बाई-डे अद्यतन रखकर निर्धारित मूल्य पर उर्वरक की बिक्री करें ।

जिले उर्वरक विक्रेताओं को सचेत किया गया है कि यदि किसी भी विक्रेता द्वारा अनियमितता बरते जाने एवं सीमावर्ती राज्यों में उर्वरक की कालाबाजारी करने, बिना लाइसेंस एवं संदिग्ध उर्वरक बिक्री करते हुए पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985, उर्वरक (परिसंचरण नियंत्रण) आदेश 1973, आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अनुसार कठोरतम कार्रवाई की सुनिश्चित की जाएगी। जिला कृषि अधिकारी के जिले के कृषकों को सुझाव दिया है कि यदि जनपद में कोई भी व्यक्ति संदिग्ध या बिना लाइसेंस के उर्वरक की बिक्री करता है तो उस दुकानदार के खिलाफ जिला कृषि अधिकारी कार्यालय मे शिकायत दर्ज कराये ताकि सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाही की जा सके।

## प्रनि. भाग्यवती पांडेय के नेतृत्व में मिशन शक्ति अन्तर्गत किया जागरूक




सिद्धार्थनगर। महिला थाना थानाप्रभारी निरीक्षण भाग्यवती पांडेय के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण के क्रम में मिशन शक्ति केंद्र स्थापना के उपरांत नारी सुरक्षा एंव स्वालंबन के लिए समर्पित महिला थाना सिद्धार्थनगर के द्वारा थाना बांसी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सोनखर में बहू बेटी सम्मेलन कार्यक्रम चलाकर महिलाओ को सुरक्षा के बारे मे व हेल्पलाइन नम्बरो व फिल्म दिखाकर, नये कानून के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया । पुलिस अधीक्षक डाक्टर अभिषेक महाजन ने महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता व नये कानून जागरुकता अभियानइ के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक व विश्वजीत शौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में 05 नवम्बर को प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पाण्डेय महिला थाना मय टीम द्वारा थाना क्षेत्र बांसी के सोनखर गाँव की महिलाओ को जो थाने तक नहीं आ सकती हैं बहू बेटी सम्मेलन लगाकर व साइबर जागरुकता अभियान व विडीयो दिखा कर जागरुक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन,108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर एवं नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

# अयोध्या में सुतली बम केधमाके से हड़कंप

## हेलमेट के नीचे रखकर फोड़ा गया बम

अयोध्या। कार्तिक पूर्णिमा के दौरान बुधवार सुबह हनुमानगढ़ी के पास सुतली बम के धमाके से हड़कंप मच गई। यह बम हेलमेट के नीचे रखकर फोड़ा गया था, जिससे हेलमेट के परखचे उड़ गए। घटना के बाद पुलिस-प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। जांच में यह एक नाबालिग की शरारत मिली तो लोगों ने राहत की सांस ली। बुधवार सुबह लगभग 8:30 बजे कार्तिक पूर्णिमा स्नान के बाद मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं का रेला उमड़ रहा था। इस बीच हनुमानगढ़ी के पास राजद्वारा मंदिर पर तेज धमाका हुआ। लोगों ने धमाके के साथ एक हेलमेट हवा में उछलते देखा तो भयभीत हो गए। किसी अनहोनी को लेकर लोग सशंकित हो गए। इस बीच पुलिस ने सक्रियता दिखाकर उधर आ रही भीड़ को रोक दिया।

मौके पर रामजन्मभूमि थाना समेत आसपास तैनात पुलिस पहुंची तो सुतली बम का धमाका होने की पुष्टि हुई। तहकीकात की गई तो पता चला कि राहुल गुप्ता के प्रसाद की दुकान पर काम करने वाले एक नाबालिग ने यह शरारत की थी। वह कोतवाली अयोध्या क्षेत्र का रहने वाला है, जिसे पुलिस पूछताछ के लिए थाने ले गई। हालांकि, गनीमत रही कि पुलिस की सूझबूझ से धमाके के बाद भगदड़ नहीं मची, जिससे बड़ा हादसा टल गया। एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि नाबालिग ने यह शरारत की थी, जिसे पूछताछ के लिए थाने ले जाया गया है। बम निरोधक दस्ते समेत अन्य कई टीमों ने जांच करके नमूने लिए हैं। मामले की छानबीन की जा रही है। इसके बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## पुण्यतिथि पर कथा-पूजन के साथ महा प्रसाद भंडारा आयोजित

गोरखपुर। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गोला क्षेत्र के पटौहा गांव स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के संस्थापक गोलोकवासी रामविलास दास की 15वीं पुण्यतिथि कथा पूजन व महाप्रसाद भंडारे का आयोजन कर मनाया गया। जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने महा प्रसाद ग्रहण किया । कार्यक्रम आयोजक व पंचमुखी हनुमान मंदिर सेवक रामाज्ञा यादव ने बताया कि गोलोकवासी रामबिलास दास एक सच्चे संत थे। जिन्होने फौज में रहकर देश सेवा करने के बाद गृहस्थ जीवन का परित्याग कर गांव के बाहर पंचमुखी हनुमान मंदिर की स्थापना की और जन सहयोग से मंदिर निर्माण कराया। मंदिर पर भगवान का भजन और उनकी सेवा के दौरान कार्तिक पूर्णिमा के दिन गोलोकवासी हो गए। इसलिए प्रति वर्ष कार्तिक पूर्णिमा के दिन उनकी पुण्यतिथि मनाई जाती है। गत वर्षो की भांति इस साल भी कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर कथा पूजन व भंडारे का आयोजन कर उनकी पुण्यतिथि मनाते हुए समाज की सेवा किया गया।

## जिला अस्पताल में ऑक्सीजन पाइप चोरी

**अयोध्या।** जिला अस्पताल के मेल सर्जिकल वार्ड से रातों-रात ऑक्सीजन पाइप उखाड़कर चोरी कर ली गई। यह पाइप तांबे की बनी हुई थी और लगभग तीन से चार मीटर लंबी बताई जा रही है। वार्ड की सिस्टर ने इस घटना की शिकायत प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश सिंह को पत्र लिखकर की है। पत्र में मांग की गई है कि घटना की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। अस्पताल प्रशासन ने सीसीटीवी फुटेज जांचने की बात कही है, लेकिन जिस स्थान से पाइप गायब हुई, वहां कैमरे लगे ही नहीं हैं। यह मामला अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।घटना की जानकारी देते हुए वार्ड सिस्टर ने पत्र में लिखा मेल सर्जिकल वार्ड के बरामदे में लगी ऑक्सीजन पाइप रातों-रात गायब हो गई है। यह पाइप मरीजों के इलाज के लिए आवश्यक है। इस संबंध में तत्काल कार्रवाई करें। अस्पताल कर्मियों ने बताया कि चोरी हुई पाइप तांबे की थी, जो बाजार में महंगी बिकती है।

## समूह बनाकर इकाई स्थापित कर सकेंगे अनुसूचित जाति के युवक युवतियां

**बहराइच ।** जिला समाज कल्याण अधिकारी (वि.) बहराइच श्रद्धा पाण्डेय ने बताया कि केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पी.एम. अजय के घटक ग्रान्ट इन एड योजनान्तर्गत ग्रामीण/शहरी क्षेत्रों के अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के स्वरोजगार एक सुनहरा अवसर है। योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति के इच्छुक अभ्यर्थी कम से कम 03 लोगों का समूह बना कर अथवा कलस्टर के रूप में अपनी इकाई स्थापित कर सकते है। लाभार्थियों को उनके द्वारा चयनित ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जायेगा तथा प्रति व्यक्ति रू. 50 हजार की दर से अथवा परियोजना लागत का 50 प्रतिशत जो भी कम हो सरकारी अनुदान के रूप में देय होगा। परियोजना की कुल लागत का 05 प्रतिशत लाभार्थी का अंशदान एवं शेष धनराशि बैंक के माध्यम से ऋण के रूप में प्रदान की जायेगी। सुश्री पाण्डेय ने बताया कि योजना के लिए उ.प्र. अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि., को नोडल एजेन्सी नामित किया गया है। जनपद निवासी अनुसूचित जाति के 18 से 50 वर्ष आयु की महिला एवं पुरुष जो साक्षर हो एवं पूर्व में अनुगम द्वारा संचालित योजना में बकायेदार एवं दिवालिया घोषित ना हो अर्ह होंगे। योजना के तहत आय सीमा की कोई बाध्यता नहीं है परन्तु रू. ढ़ाई लाख वार्षिक आय वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी।

विस्तृत जानकारी के लिए जनपद स्तर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय तथा ब्लाक स्तर पर खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (स.क.) व ग्राम विकास अधिकारी (स.क.) से सम्पर्क किया जा सकता है। योजना हेतु अर्हता धारक अभ्यर्थी बुटिक, ब्यूटी पार्लर, सर्विस, टेक्निशियन, लाजिस्टिक वाहन चालक, किराना दुकान, जनरल स्टोर, आटो/ई-रिक्शा,, सेवा और नवम्बर 2025 तक गेंद घर स्थित समाज कल्याण भवन में स्थित कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

संक्षेप

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**रायबरेली।** हरचंदपुर थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। इस घटना में उसकी पत्नी और 10 वर्षीय बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी थी। यह हादसा चकसुंडा के पास तब हुआ जब प्यारेपुर निवासी इरफान (30) अपनी पत्नी सायरा बानो और बेटे अशरफ (10) के साथ घर लौट रहे थे। तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। इरफान और सायरा बानो की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान इरफान की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हरचंदपुर थाना अध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी गई है।

## रास्ते के विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**महराजगंज, रायबरेली।** बीते सोमवार को रास्ते के पुराने विवाद में दो पक्ष आमने सामने हो गए और एक दूसरे पर लाठी डंडा से हमला कर दिया जिसमें दोनों ही पक्ष के लोग घायल हुए। मामले में पुलिस ने दोनों पक्ष की एक दूसरे के खिलाफ दी गई तहरीर के आधार पर 8 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। घटना चंदापुर थाना क्षेत्र के अशरफाबाद गांव की है। पुलिस को तहरीर देते हुए लवकुश पुत्र अयोध्या ने बताया कि, वह सोमवार की सुबह अपने दरवाजे पर खड़ा था तभी विपक्षियों ने उसे लाठी डंडे से पीटना शुरू कर दिया उसे बचाने आए परिजनों को भी मारा। वहीं दूसरी ओर से हरिराम पुत्र रोहतम ने तहरीर देकर बताया कि, विपक्षी उसके घर में घुसकर मारपीट करने लगे बचाने आए घर के लोगों को भी मारापीटा। पुलिस ने लवकुश की तहरीर पर रामकेवल, सजीवन, शिवराम पुत्र हरिप्रसाद, हरिप्रसाद पुत्र रोहतम के विरुद्ध दूसरे पक्ष से हरी प्रसाद की तहरीर पर अयोध्या प्रसाद पुत्र अहरवा, लवकुश व मंगा पुत्रगण अयोध्या प्रसाद, शंकरा पत्नी अयोध्या प्रसाद के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

## सपा नेता जमीन पर कब्जा कर रहा है, बेटे को पीटा

**अमेठी।** जिले में सपा नेता शिव प्रताप यादव उर्फ बीआरसी पर एक दलित महिला ने जमीन कब्जाने, मारपीट और धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। खेरौना गांव निवासी गरिमा पासी ने को कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी कि उन्होंने रायपुर फुलवारी में एक जमीन का बैनामा कराया था, लेकिन सपा नेता जबरन कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं और उन्हें निर्माण कार्य नहीं करने दे रहे। महिला ने बताया कि नेता के दबाव में पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारी भी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। पीड़िता के मुताबिक, अब तक दो बार उसके बेटे गौरव पासी के साथ मारपीट की जा चुकी है। इसके सबूत के तौर पर उसने धमकी और मारपीट का वीडियो भी पुलिस को दिखाया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। गरिमा पासी ने कहा जब उन्होंने मामले की शिकायत की, तो उल्टा उन्हें डराया और धमकाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा नेता के खिलाफ पहले भी ग्राम पंचायत की सुरक्षित भूमि पर कब्जे की शिकायतें हो चुकी हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस पूरे प्रकरण पर सीओ मनोज कुमार मिश्र ने कहा कि मामला संज्ञान में नहीं था। यदि ऐसा है तो आरोपों की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# लाखों श्रद्धालुओं ने लगायी आस्था की डुबकी





**डलमऊ, रायबरेली।** डलमऊ कस्बा पूरी रात ह्यहर हर गंगे और गंगा मैया की जयह्य के जयकारों से गूंजता रहा। प्रांतीय कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व के अवसर पर अर्धरात्रि से ही गंगा स्नान शुरू हो गया और लाखों श्रद्धालुओं ने मां गंगा की पवित्र जलधारा में आस्था की डुबकी लगाई। गंगा तट के किनारे बसे इस ऐतिहासिक एवं धार्मिक नगर में आयोजित इस पर्व ने श्रद्धा और उत्साह का अनुपम संगम प्रस्तुत किया। प्राकृतिक कलाकृतियों से सजे और दूधिया रोशनी से जगमगाते गंगा तट के एक दर्जन से अधिक स्नान घाटों पर जनपद रायबरेली तथा गैर जनपदों से आए लाखों श्रद्धालु अर्धरात्रि से ही ह्यमां गंगा की जयह्य के नारों के साथ पवित्र अमृतमयी जल में डुबकी लगाते नजर आए। श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर स्थित मंदिरों और शिवालाओं में जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की, मनौतियां मांगी तथा तीर्थ पुरोहितों को यथाशक्ति दान-दक्षिणा दी। बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर किला घाट, सड़क घाट, वीआईपी घाट, रानी शिवाला घाट, संकट मोचन घाट, पक्का घाट, पटवारी घाट, शुकुल घाट, महावीरन घाट, छोटा मठ घाट, बड़ा मठ घाट, श्मशान घाट सहित अन्य तराई क्षेत्र के घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। अर्धरात्रि से शुरू हुआ यह स्नान देर शाम तक चलता रहा। अनुमानित रूप से 6 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पुण्य अर्जित किया।

**धार्मिक आयोजन और भंडारे :** स्नान के साथ-साथ घाटों पर विशाल भंडारे आयोजित किए गए। कई श्रद्धालुओं ने सत्यनारायण कथा, मुंडन संस्कार और अन्य धार्मिक अनुष्ठान करवाए। मंदिरों में जलाभिषेक और पूजा-अर्चना का दौर पूरे दिन चलता रहा। श्रद्धालु तीर्थ पुरोहितों से आशीर्वाद प्राप्त कर मनौतियां पूरी करने का संकल्प लेते दिखे।

**मेले में खरीदारी व उत्साह :** गंगा स्नान के बाद दूर-दराज से आए श्रद्धालु मेले में लगी दुकानों पर पहुंचे और जमकर खरीदारी की। महिलाओं ने गृह उपयोगी सामान खरीदा। युवतियों ने सजावट की वस्तुओं पर खासा ध्यान दिया। बच्चों ने खिलौने, चाट, चाउमीन, गरम जलेबी व आइसक्रीम का लुत्फ उठाया। युवाओं ने पारंपरिक लाठियों की खरीदारी में विशेष रुचि दिखाई। यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बल प्रदान किया। डलमऊ का गंगा तट एक बार फिर श्रद्धा, संस्कृति और परंपरा का जीवंत केंद्र बन गया।

## कार्तिक पूर्णिमा पर चौरासी बाबा आश्रम में भंडारे का भव्य आयोजन

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** आदि गंगा गोमती नदी के किनारे टीले पर स्थित दत्तात्रेय चैरासी बाबा आश्रम पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को भव्य मेला और भंडारे का आयोजन किया गया। बाबा के निधन के बाद यह पहला भंडारा था, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। ट्रस्ट और सेवादारों ने मिलकर आयोजन को सफल बनाया। भोर से ही श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया। भक्तों ने गोमती नदी में स्नान-ध्यान के बाद बाबा के दर्शन-पूजन किए और प्रसाद ग्रहण किया। दोपहर तीन बजे से शुरू हुआ प्रसाद वितरण देर रात तक चलता रहा। दूर-दराज इलाकों से हजारों श्रद्धालु बरौंसा से पापरघाट मार्ग स्थित बेलहरी के आश्रम पहुंचे।

**बाबा के निधन के बाद पहला भंडारा : जयसिंहपुर।** गौरतलब है कि दत्तात्रेय सदानंद चैरासी के निधन के बाद यह पहला भंडारा है, जो उनके ट्रस्ट और गुरु भाइयों की देखरेख में संपन्न हुआ। हर वर्ष की तरह इस बार भी मेले में धार्मिक माहौल और उत्साह देखने को मिला।

**पत्तल पर बैठाकर मिला प्रसाद : जयसिंहपुर।** भंडारे में श्रद्धालुओं को टाटपट्टी पर बैठाकर पत्तल में प्रसाद परोसा गया। एक बार महिलाओं को तो दूसरी बार पुरुषों को प्रसाद वितरण किया गया। पानी के लिए जगह-जगह टोटी की व्यवस्था की गई थी। सेवादार पूरे दिन व्यवस्था में जुटे रहे।

**दिन-रात सेवादारों ने संभाली व्यवस्था :** भंडारे के सफल आयोजन के लिए सेवादारों ने दिन-रात मेहनत की। शिवेंद्र सिंह, दीपेंद्र कुमार सिंह, कुलदीप सिंह, सुमन सिंह, गिरीश, दीपक सिंह, विनोद, धर्मराज पांडेय, दिनकर पांडेय, लवकुश गुप्ता समेत सैकड़ों भक्त सेवा में लगे रहे। आश्रम पहुंचकर सदर विधायक राजप्रसाद उपाध्याय, ब्लॉक प्रमुख जयसिंहपुर राहुल शुक्ल, ब्लॉक प्रमुख मोतिगरपुर चंद्रप्रताप सिंह, भाजपा नेता चुन्नू सिंह सहित कई जनप्रतिनिधियों ने बाबा के दर्शन किए और मत्था टेका। मेले और भंडारे में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। पुरुष व महिला पुलिसकर्मियों के साथ पीएसी बल तैनात रहा। भीड़ नियंत्रण के लिए मुख्य मार्गों पर बैरिकेडिंग की गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी मौके पर मौजूद रही।

## इलाज के दौरान युवती की मौत पर हंगामा, दोनों पक्षों में हुआ समझौता



**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के कटका बाजार स्थित एक निजी अस्पताल में बुधवार शाम इलाज के दौरान युवती की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति का जायजा लिया। बाद में दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौते के बाद मामला शांत हो गया। कूरेभार थाना क्षेत्र के चंदापुर निवासी राममिलन की 25 वर्षीय पुत्री बबिता बुखार से पीड़ित थी। उसका इलाज कटका बाजार स्थित एक निजी अस्पताल में चल रहा था। पुलिस के मुताबिक मंगलवार को दवा कराने के बाद परिजन बबिता को घर ले गए थे। बुधवार को दोबारा इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे, जहां उपचार के दौरान बबिता की हालत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिजनों ने अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया और चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाया। सूचना पर द्वारिकागंज चैकी इंचार्ज द्रिवेश त्रिवेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति पर नजर रखी। बाद में दोनों पक्षों ने आपस में बातचीत कर सुलह कर ली, जिसके बाद परिजन शव लेकर घर चले गए। चैकी इंचार्ज द्रिवेश त्रिवेदी ने बताया कि फिलहाल परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मिट्टी खनन माफियाओं के हौसले बुलंद लोग परेशान, सरकारी राजस्व को चपत

**रायबरेली।** जिले में मिट्टी खनन माफियाओं का काला कारोबार दिन-ब-दिन पांव पसार रहा है। जिले के मिलएरिया थाना क्षेत्र में आने वाले मलिकमऊ चौराहा स्थित मीरगंज रोड के सामने एक मोहल्ले में अवैध रूप से खनन की गई मिट्टी को डंप किया जा रहा है। यह अवैध कारोबार न केवल स्थानीय निवासियों को परेशान कर रहा है, बल्कि सरकारी राजस्व को भी भारी नुकसान पहुंचा रहा है। जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत के आरोप लग रहे हैं, जबकि खनन विभाग की भूमिका पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।



मीरगंज रोड के सामने बसे इस मोहल्ले में रात के अंधेरे का फायदा उठाकर डम्परों के माध्यम से खनन की मिट्टी डंप की जा रही है। सुबह होते ही जेसीबी मशीनों की मदद से इस मिट्टी को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में लादकर बेचा जाता है। इस प्रक्रिया से उड़ने वाली धूल के कारण मोहल्ले के निवासी भयंकर परेशानी झेल रहे हैं। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सांस की बीमारियों से जूझ रहे हैं। एक स्थानीय निवासी ने बताया, रोजाना सुबह धूल का गुबार छा जाता है। खिड़कियां बंद रखने पर भी घर के अंदर धूल घुस जाती है। बच्चों को स्कूल भेजना मुश्किल हो गया है। मोहल्ले में करीब 50 से अधिक परिवार रहते हैं, जिनमें से अधिकांश गरीब और मजदूर वर्ग के हैं। वे इस अवैध डंपिंग के खिलाफ कई बार थाने और तहसील पहुंच चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही।

**खनन परमिट का दुरुपयोग, राजस्व को चूना :** सबसे चैंकाने वाली बात यह है कि यह मिट्टी अन्य जिलों या क्षेत्रों से खनन परमिट लेकर लाई जा रही है, लेकिन रायबरेली के इस मोहल्ले में डंप और बिक्री की जा रही है। खनन नियमों के अनुसार, मिट्टी का खनन और परिवहन सख्ती से निर्धारित क्षेत्रों तक सीमित होना चाहिए, लेकिन माफिया इसका खुला उल्लंघन कर रहे हैं। इससे सरकारी खजाने को करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है।

**रात के अंधेरे में डम्प, दिन में बिक्री का खेल :** अवैध कारोबार की मोडस आपरेंडी बेहद साफ है। रात 10 बजे के बाद डम्पर सड़कों पर दौड़ते हैं और मीरगंज रोड के सामने खाली प्लॉट में मिट्टी उतार देते हैं। सुबह 6 बजे से जेसीबी मशीनें सक्रिय हो जाती हैं, जो मिट्टी को तोड़-फोड़कर ट्रैक्टरों में भरती हैं। ये ट्रैक्टर आसपास के निर्माण स्थलों या ईंट भट्टों पर मिट्टी बेचने चले जाते हैं। स्थानीय लोग वीडियो और फोटो बनाकर सबूत जमा कर रहे हैं, लेकिन पुलिस की पेट्रोलिंग भी अपर्याप्त साबित हो रही है।

# केएनआई की मुख्य सेमेस्टर परीक्षाएं 13 नवंबर से, समय सारणी जारी



**सुलतानपुर (वीओएल)।** जनपद के एकमात्र नैक ए-ग्रेड स्वायत्तशासी उच्च शिक्षण संस्थान कमला नेहरू स्वायत्तशासी संस्थान में सत्र 2025-26 की मुख्य सेमेस्टर परीक्षाएं 13 नवंबर से प्रारंभ होंगी। इसकी जानकारी संस्थान के प्राचार्य एवं मुख्य परीक्षा नियंत्रक प्रो. आलोक कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि स्नातक एवं परास्नातक प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर की परीक्षाएँ तीन पालियों में सम्पन्न होंगी, जिनकी समय सारणी आधिकारिक रूप से जारी कर दी गई है। उप परीक्षा नियंत्रक अतुल कुमार सिंह के अनुसार प्रथम सेमेस्टर के परीक्षार्थियों की परीक्षा सुबह 08:30 से 10:30 बजे तक, तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा दोपहर 11:30 से 01:30 तक तथा पंचम सेमेस्टर की परीक्षा दोपहर 02:30 से 04:30 तक आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही संस्थागत सप्लीमेंट्री, बैकपेपर एवं भूतपूर्व परीक्षार्थी भी उक्त तिथियों में परीक्षा देंगे। संस्थान में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीएड, बीपीएड, बीबीए, बी.लिब, एलएलबी सहित एमए, एमएससी, एमकॉम, एमएड आदि परास्नातक पाठ्यक्रमों के विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। एलएलबी और बीपीएड पाठ्यक्रमों की परीक्षाएँ तीन घंटे की होंगी। संस्थान परीक्षा नियंत्रक प्रो. प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि छात्रहित में परीक्षा आवेदन फार्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 7 नवंबर कर दी गई है। जो विद्यार्थी निर्धारित तिथि में वेबसाइट पर परीक्षा आवेदन नहीं भर पाए थे, वे 6 और 7 नवंबर को 200 विलंब शुल्क के साथ आवेदन कर सकेंगे। फार्म की हार्ड कॉपी आवश्यक दस्तावेजों सहित संस्थान में जमा करना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि के बाद आवेदन संभव नहीं होगा। प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा की तैयारियाँ पूर्ण हैं।

## पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हार्ट अटैक से ड्राइवर की मौत

**दोस्तपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बुधवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहाँ यात्रा के दौरान हरियाणा निवासी निजी बस चालक की अचानक हार्ट अटैक से मौत हो गई। घटना एक्सप्रेस-वे के किमी 166 पर हुई। मृतक की पहचान जीतेन्द्र (43 वर्ष) पुत्र ओम प्रकाश निवासी सिवाना, थाना झज्जर, हरियाणा के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, हरियाणा से बिहार के लिए एक प्राइवेट बस यात्रियों को लेकर रवाना हुई थी। लंबी दूरी तय करनी थी, इसलिए बस में दो चालक थे। एक चालक वाहन चलाकर बस को आगे बढ़ा रहा था, जबकि दूसरा चालक जीतेन्द्र पीछे रेस्ट कर रहा था। इसी दौरान उसकी अचानक तबियत बिगड़ गई। स्थिति गंभीर देख बस चला रहे चालक दीवान (निवासी सिरसा, हरियाणा) ने बस रोककर यूपीम्व। को सूचना दी। सूचना मिलते ही यूपीडा की टीम मौके पर पहुँची और एंबुलेंस से जीतेन्द्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, दोस्तपुर लाया गया, जहाँ चिकित्सक डॉ. आर.के. पांडेय ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना संबंधित थाने को दी गई, जिसके बाद आवश्यक विधिक प्रक्रिया के उपरांत शव को प्राइवेट एंबुलेंस से हरियाणा भेज दिया गया। घटना से यात्रियों में अफरा-तफरी का माहौल रहा। वहीं बस चला रहे चालक दीवान, औपचारिकता पूरी करने के बाद वाहन लेकर बिहार के लिए रवाना हो गए। अचानक हुई इस घटना ने परिवहन क्षेत्र में यात्रियों व चालकों की स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

## सब जीव एक बराबर हैं, किसी में भेदभाव नहीं करना चाहिए : बाबा बजरंगदास

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** सनातन परम्परा केवल अपने और अपने परिवार के लिए नहीं बल्कि सम्पूर्ण सृष्टि के लिए सोचने वाली परम्परा है। इस विचार को हमें हमेशा याद रखना चाहिए। भारत केवल भूखंड नहीं है। यह दर्शन, दृष्टि और विचार है। पूरी पृथ्वी हमारा परिवार है। सब लोग सुखी रहें। यह हमारी परंपरा रही है। यह बातकाशी हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर गिरीश चन्द्र त्रिपाठी ने कहीं। वे अल्देमऊ नूरपुर में सत्यनाथ मठ पर चल रहे बाबा सत्यनाथ महोत्सव के दूसरे दिन आयोजित राष्ट्रीय परिचर्चा को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय शास्त्रों में बताया गया है कि महिला पुरुष से श्रेष्ठ है। महिला पुरुष को बराबर मानने पर अनेक तरह के असंतुलन पैदा होगें। भारत में प्राचीन काल से ही महिलाएं शक्ति की प्रतीक रही हैं। इनके लिए सशक्तिकरण शब्द का प्रयोग पश्चिम की देन है। नारी सशक्तिकरण नहीं नारी सम्मान की जरूरत है। पारिवारिक मूल्य ही हमारा धर्म हैं। नारी का सम्मान कानून से नहीं हमारे भीतर के भाव बदलने से होगा। विशिष्ट वक्ता बीएनकेवी महाविद्यालय अकबरपुर के हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सत्य प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय संस्कृति का बड़ा हिस्सा अवध क्षेत्र ने निर्मित किया है। अयोध्या की संत परम्परा ने राष्ट्रीय स्तर पर समरसता स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संतों ने समाज की जड़ता, अंधविश्वास और रुढ़ियों को तोड़कर समाज में एकता स्थापित की। संत देवाचार्य ने कहा कि राम चरित मानस यह बताता है कि हमें कैसे जीना है। अपना आचरण हमें खुद ही सुधारना है। आचरण सुधारेगा तो सब कुछ ठीक होने लगेगा। बाबा बजरंगदास ने कहा कि सब जीव एक बराबर हैं। किसी में भेदभाव नहीं करना चाहिए।

# सरस्वती शिशु मंदिर झारखंड में कार्यशाला संपन्न

जिला संवाददाता (vol)

**कादीपुर, सुलतानपुर।** भारतीय शिक्षा समिति पूर्वी उत्तर प्रदेश के अंतर्गत संचालित विद्या भारती के सरस्वती शिशु मंदिर एवं विद्या मंदिरों में कार्यरत आचार्य एवं प्रधानाचार्यों की शैक्षिक परिषद की एक आवश्यक कार्यशाला सरस्वती शिशु मंदिर झारखंड कादीपुर में आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश निरीक्षक शेषधर द्विवेदी जी रहे। अपने प्रेरक उद्बोधन में उन्होंने कहा कि ह्लशैक्षिक परिषद की सक्रियता से ही शैक्षिक उन्नयन संभव है। परिषद जितनी निपुणता और लगन से कार्य करेगी, विद्यालयों का शैक्षणिक स्तर उतना ही उच्च होगा।





कार्यशाला में परिषदों के विभिन्न कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें निम्न बिंदुओं पर विशेष रूप से विचार हुआ शिक्षण में आने वाली समस्याओं का समाधान। सहायक शिक्षण सामग्री का निर्धारण। नवाचार एवं रचनात्मक प्रयोग। विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों की रूपरेखा। शिक्षक सामग्री का संकलन एवं प्रयोग। विद्यालय स्तर पर योजनाओं का सफल क्रियान्वयन। इस अवसर पर उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद के संयोजक नरेंद्र भूषण शुक्ला, सहसंयोजक उमाशंकर मिश्र, पूर्व माध्यमिक परिषद के संयोजक दाऊजी उपाध्याय, प्रारंभिक शिक्षा परिषद के संयोजक अशोक उपाध्याय एवं सुरेंद्र द्विवेदी सहित सैकड़ों की संख्या में प्रधानाचार्य एवं आचार्य उपस्थित रहे। प्रदेश निरीक्षक का स्वागत एवं सम्मान विद्यालय के प्रबंधक गजेंद्र बहादुर सिंह द्वारा किया गया।

## तिरंगा यात्रा की बनायी गयी रणनीति

**कादीपुर, सुलतानपुर।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित होने वाली तिरंगा यात्रा की तैयारी बैठक संपन्न गई। कस्बे के वंदन हाल में आयोजित बैठक को माटी बोर्ड के सदस्य अजीत प्रजापति ने बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए सरदार पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर व्यापक प्रकाश डाला। उन्होंने तिरंगा यात्रा में भारी संख्या में शामिल होने की लोगों से अपील की। विधायक राजेश गौतम ने सरदार पटेल की चर्चा करते हुए कहा कि उनके आदर्श, एकता और राष्ट्र निर्माण की भावना आज भी हमें सशक्त भारत के निर्माण के प्रति प्रेरित करता है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं एवं जनमानस का आवाहन करते हुए 15 नवंबर को होने वाली तिरंगा यात्रा में भारी संख्या में शामिल होने की अपील की।

# गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व लंगर के साथ संपन्न



**लालगंज, रायबरेली।** सिखों के धार्मिक गुरु श्री नानक देव जी का 556वां प्रकाश पर्व लालगंज के गुरुद्वारा में बड़े ही श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्री नानक देव जी के अनुयायियों ने भजन कीर्तन से संगत में भाग लिया। गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सरदार सेवा सिंह ने कहा कि श्री नानक देव जी का प्रकाश पर्व सिख धर्म का सबसे महत्वपूर्ण और पवित्र पर्व है। यह पर्व गुरु नानक देव जी की जयंती के रूप में मनाया जाता है, जो कार्तिक मास की पूर्णिमा तिथि को पड़ता है। सरदार सतपाल सिंह ने कहा कि गुरुद्वारों में गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ किया गया। शबद कीर्तन हुआ। संजय चड्ढा ने बताया कि लंगर का आयोजन किया गया जिसमें सभी धर्म संप्रदाय के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। सरदार कुक्की सिंह ने कहा कि यह पर्व समानता, भाईचारा, और सेवा भावना को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर सरदार सेवा सिंह, सरदार सतपाल सिंह, संजय चढ़ा, सरदार तरन सिंह, डॉक्टरओपी सिंह, उमेश श्रीवास्तव, अनूप बाजपेई, अशोक शुक्ला एडवोकेट, अमरजीत सिंह, जगजीत सिंह, रुद्रांश चड्ढा, बलबीर सिंह, अमरजीत सिंह, अमनदीप सिंह, कुक्की सरदार, राजवीर सिंह आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

## डायल112 पुलिस हेल्पलाइन के सिपाही ने पीड़िता के बेटे को ही पीटा

**महराजगंज, रायबरेली।** पति की प्रताड़ना से पीड़ित पत्नी ने 112 डायल पुलिस हेल्पलाइन में शिकायत की तो मौके पर पहुंचे हेल्पलाइन के सिपाही ने पीड़िता के बेटे को ही पीट दिया। मामले की शिकायत पीड़िता ने क्षेत्राधिकारी व उपजिलाधिकारी से करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। मामला कोतवाली क्षेत्र के कुशलगंज मजरे अली पुर का है। गांव निवासी आरती शुक्ला ने क्षेत्राधिकारी महराजगंज को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि मंगलवार को उसे उसके पति अमित शुक्ला व देवर संदीप कुमार शुक्ला ने मारपीट व प्रताड़ित करके घर से भगा दिया है। पीड़िता ने अपनी सुरक्षा के लिए पुलिस हेल्पलाइन 112 पर फोन करके मदद मांगी। पीड़िता आरती का लिखित आरोप है कि सूचना पर पहुंचे डायल 112 के आरक्षी रतन यादव ने उल्टे उसके पुत्र राज शुक्ला को भद्दी गालियां देते हुए थप्पड़ों से पिटाई कर दी। जिससे उसका बेटा डरा हुआ है। पीड़िता का कहना है कि आए दिन उसके पति अमित कुमार शुक्ला उसे प्रताड़ित करते हुए घर से बेदखल करने की धमकी भी देते रहते हैं। मामले में क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार ने जांच कराकर कार्यवाही का भरोसा दिलाया है।

## पुलिस ने चोरी की दो मोटरसाइकिलों व पुर्जों सहित दो शातिर चोरों को दबोच कर भेजा जेल

**रायबरेली।** थाना कोतवाली नगर व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शातिर मोटरसाइकिल चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से दो चोरी की मोटरसाइकिलें, एक खुला इंजन और अन्य पुर्जे बरामद किए गए हैं। दोनों आरोपियों को मुकदमे में धारा 317(2)/317(5) बीएनएस की बढ़ोत्तरी कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। घटना का विवरण देते हुए कोतवाली प्रभारी शिव संकर सिंह ने बताया कि वादी अभय सिंह पुत्र अजय सिंह, निवासी पटेलनगर थाना मिलएरिया की मोटरसाइकिल 4 अगस्त 2025 को सिविल लाइन चैराहे से चोरी हो गई थी। इसी प्रकार, वादी मोहनलाल पुत्र मंगल, निवासी देदानी थाना भदोखर जनपद रायबरेली की मोटरसाइकिल 31 अक्टूबर 2025 को जिला अस्पताल के पास से चोरी हो गई, जिस पर मुकदमा संख्या 499/2025 धारा 303(2) बीएनएस दर्ज हुआ। थाना कोतवाली नगर एवं एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त टीम ने एक सूचना पर कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र से दोनों वांछित अभियुक्तों को चोरी की मोटरसाइकिलों व पुर्जों सहित राकेश कुमार पुत्र रामऔतार, निवासी जैर मस्जिद खरा टोला थाना जायस जनपद अमेठी व हरीलाल पुत्र राजकुमार सोनकर, निवासी कमरी देहात थाना जायस अमेठी को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी33एपी0196), एक चोरी की मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी33एइ4309) खुली हुई इंजन सहित व एक अदद चोरी का मोटरसाइकिल इंजन बरामद किया है।

## पंच प्यारों की अगुवाई में निकली शोभा यात्रा

**रायबरेली।** गुरुनानक देव जी के 556 वें प्रकाश पर्व के पूर्व आज रायबरेली में भव्य शोभा यात्रा श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की सरपरस्ती व पंच प्यारों की अगुवाई में निकाली गई। फिरोज गांधी नगर गुरुद्वारा से शोभा यात्रा प्रारंभ होकर झूले लाल मंदिर, गोरा बाजार से सिविल लाइन होते हुए एचडीएफसी बैंक से होते हुए फिरोज गांधी गुरुद्वारा में समापन हुआ। शोभा यात्रा में वारसी बैंड के साथ, गुरुनानक जूनियर हाईस्कूल के बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम करते चल रहे थे। गतका पार्टी ने अपने अचंभित कार्यक्रम पेशकर मन मोह लिया। पालकी साहेब के आगे आगे पूरे रूट की सड़क की सफाई श्रद्धालु स्त्रियां बच्चे पुरुष धुलाई करते चल रहे थे साथ ही अलग से महिलाओं, पुरुषो का जत्था कीर्तन करते चल रहा था जिससे सारा वातावरण भक्तिमय हो चला था। छोटे छोटे बच्चे भी विशेष ड्रेस पहनकर शोभा बढ़ा रहे थे। सिख बच्चों के धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम देखकर संगत ने गुरुजी के जयकारे लगाए। शोभा यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा व प्रसाद वितरण, संगत व कई स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा किया गया। पालकी साहब की विशेष सजावट फूलों व बिजली की झालरों द्वारा की गई थी। पूरे रूट की भव्य लाइट द्वारा सुशोभित किया गया था। शोभा यात्रा गुरुद्वारा साहेब पहुंचने के उपरांत आतिशबाजी भी हुई। इसमें प्रमुख रूप से अध्यक्ष जोगिंदर सिंह अरोड़ा, अवतार सिंह छाबड़ा, गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष हरमंदर सिंह सलूजा, सुरेंद्र सिंह मोंगा, ज्ञानी सुखजीत सिंह, परमजीत सिंह गांधी सभासद, गुरजीत सिंह तनेजा, दलजीत सिंह अरोड़ा, अमरीक सिंह अरोड़ा, कुलदीप सिंह अरोड़ा, गुरमीत सिंह मोंगा, कंवलजीत सिंह खनूजा, सिमरपाल सिंह मोंगा सनी, बंटी सलूजा, सुरेन्द्र सिंह बग्गा, कुलदीप सिंह अरोड़ा, गुरबचन सिंह सलूजा आदि उपस्थित थे।



## रिश्वतखोरी के आरोपों में घिरे थानाध्यक्ष पर एसपी मेहरबान

**अमेठी।** थाना बाजार शुकुल के प्रभारी अभिनेष कुमार पर रिश्वतखोरी के गंभीर आरोप लगने के बावजूद अब तक विभागीय कार्रवाई न होना पुलिस महकमे की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। खालिस बाहरपुर ग्राम पंचायत के प्रधान रामराज व उनके प्रतिनिधि अनिल कुमार दुबे ने आरोप लगाया है कि थाना प्रभारी ने दस दिन पूर्व हुए मारपीट के एक मामले में एफआईआर दर्ज करने के एवज में एक लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। पीड़ित पक्ष का कहना है कि प्रभारी ने अपने एक करीबी के बैंक खाते में पैसे जमा करने की बात कही थी। आरोप है कि पीड़ित ने फोन पे से 50 हजार रुपये भेजे थे, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद मामला आईजी अयोध्या रेंज तक पहुँचा, जहां से जांच के आदेश दिए गए हैं। बावजूद इसके, अब तक थाना प्रभारी के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे मामलों में आमतौर पर तत्काल निलंबन या लाइन हाजिरी की कार्रवाई की जाती है, लेकिन इस बार केवल जांच के आदेश देकर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। इससे विभागीय निष्पक्षता पर सवाल उठने लगे हैं।

संक्षेप

## गुरुद्वारे पर गूंजे शबद कीर्तन, हुआ गुरु वाणी का पाठ

**मथुरा।** सिखों के प्रथम गुरु गुरु नानक देव का जन्म दिवस प्रकाश पर्व के रूप में मनाया गया। बुधवार को गुरुद्वारा गुरु नानक बगीची पर श्रद्धा व भक्ति की सरिता धार्मिक कार्यक्रमों से बहती रही। गुरुद्वारे में सिख अनुयाईयों ने सुसज्जित पालकी साहिब में विराजमान गुरु ग्रंथ साहिब के दर्शन कर अरदास लगाई। इस अवसर पर प्रभात फेरी निकाली गई। श्री अखण्ड पाठ के समापन के उपरान्त शबद कीर्तन के कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रम के अन्त में लंगर (भंडारे) में सभी समुदाय के महिला पुरूषों ने बिना भेदभाव के एक साथ प्रदास पाया। गुरु नानक देव जन्मोत्सवः प्रकाशोत्सव के रुप में कार्तिक पूर्णिमा के दिन मनाया गया। नगर के गुरुद्वारों में इस हफ्ते से निकल रही प्रभात फेरी का समापन बुधवार को हुआ। मसानी स्थित गुरुद्वारा गुरु नानक बगीची में त्रिदिवासिये श्री अखण्ड पाठ साहिब के समापन के उपरान्त बाहर से आए रागी जत्थों ने शबद कीर्तन से गुरु नानक देव के जीवन पर प्रकाश डालकर साद संगत को निहाल किया। समाजसेवी जगदीश आहूजा रानी ने साद संगत को प्रकाश पर्व की बधाई देते हुए कहा कि समानता प्रेम विनम्रता और निस्वार्थ पर जोर देने वाले गुरु नानक देव की शिक्षाएं सबके लिए प्रेरणा स्त्रोत है। कार्यक्रम के अन्त में अरदास के उपरान्त लंगर प्रसाद में सभी वर्ग के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। दूसरी तरफ कृष्णा नगर गुरुद्वारे में प्रातः से चल रहे कार्यक्रमों का समापन बुधवार की रात्रि में आतिशबाजी के साथ हुआ। कार्यक्रम के अन्त में लंगर प्रसाद का आयोजन हुआ। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रधान गुरुचरन सिंह, सेकेंटरी हरविंदर सिंह बेदी, जाथेदार सोहन सिंह, ग्रंथी भगत सिंह, कृष्णा नगर प्रधान परमजीत सिंह, इंद्रपाल सिंह, सुनील मल्होत्रा, गुलशन चावला, तरजिन्दर सिंह चावला, गुरजीत चावला, राजू बत्रा आदि उपस्थित थे।

## वंदे मातरम के 150 वर्ष पर भाजपा का विशेष अभियान

**मथुरा।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेशभर में भव्य उत्सव और जनअभियान की शुरूआत की जा रही है। इसी क्रम में भाजपा मथुरा महानगर द्वारा बुधवार को महानगर अध्यक्ष के कैंप कार्यालय होली गेट स्थित अंतापाड़ा पर एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई।प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने बताया गया कि महानगर इकाई द्वारा 7 नवम्बर को महानगर के 12 मंडलों में अलग-अलग स्थानों पर 150 कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक वंदे मातरम गायन एवं सभा का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 8 से 15 नवम्बर 2025 तक महानगर के सभी सेक्टरों पर सामूहिक गायन एवं जनसभा के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं उन्होंने बताया विधानसभा स्तर पर माननीय सांसदों और विधायकों के नेतृत्व में राष्ट्रगीत गायन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, जबकि मण्डल स्तर पर वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति और आमजन की सहभागिता के साथ वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया जाएगा। वहीं श्रीयादव ने कहा कि यह अभियान राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुँचाने और स्वतंत्रता आंदोलन में वंदे मातरम की प्रेरक भूमिका को स्मरण कराने का माध्यम बनेगा। महानगर मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया कि वंदे मातरमदेश की आत्मा और एकता का प्रतीक है, और भाजपा इस संदेश को समाज के हर वर्ग तक पहुँचाने के लिए समर्पित है।

# ब्रज में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनी कार्तिक पूर्णिमा

## सुबह यमुना स्नान और दान पुण्य से कार्तिक मास को विदाई



**मथुरा।** कार्तिक पूर्णिमा का पर्व आज श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। इस पवित्र अवसर पर ब्रज के सभी मंदिरों में भक्तों की भीड़ देखने लायक है। सुबह से ही कार्तिक मास की पूर्णिमा के कारण आज यमुना के घाटों पर श्रद्धालुओं ने यमुना स्नान कर पुण्य अर्जित किया। दानपुण्य भी हुए और उत्साह के साथ यमुना पूजन भी हुआ। द्वारिकाधीश मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ थी। दर्शनों के इंतजार में लोग बाजारों में इंतजार करते देखे गए। दूर-दूर से कार्तिक मास स्नान के लिए महिला पुरूष आए हुए थे। आज कार्तिक व्रत सेवा के समापन के कारण भी कार्तिक मास में भोर में पूजा और नियम व्रत करने

वाले भी आज श्रद्धा के साथ यमुना तट पर पहुंचे। पूजा अर्चना और दीप जलाकर विभिन्न मंदिरों में प्रसाद दान पुण्य भेंट किया। जगह-जगह कार्तिक मास पूर्णिमा पर विविध आयोजन हुए। मंदिरों में दर्शनों के लिए लोग पहुंचे। श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर आज सुबह से भीड़ रही। विभिन्न प्रान्तों के लोग मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे। प्राचीन केशवदेव मंदिर में भी कार्तिक पूर्णिमा पर धार्मिक आयोजन हुए। दर्शनों के लिए भक्त उमड़े। कार्तिक का महीना पुण्य लाभ के लिए श्रेष्ठ मास माना जाता है। भक्त पूरे माह तारों की छांव में पूजा और व्रत रखते हैं। आज के दिन यह संपूर्ण होता है।

वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर, मदन मोहन मंदिर, राधागोविन्द मंदिर, स्कॉन मंदिर, प्रेम मंदिर और चंद्रोदय मंदिर में भी कार्तिक पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। प्रभु बांकेबिहारी के दर्शन के लिए महिला पुरूषों की भीड़ मंदिर में देखी गई। वृन्दावन में कार्तिक पूर्णिमा के चलते आज भारी भीड़ के साथ लोगों को दर्शन करने पड़े। पुलिस व्यवस्थाएं भी जगह-जगह ध्वस्त देखी गई। काफी सख्या में भक्तों के आने के कारण मंदिर ही नहीं वृन्दावन में सभी जगह भीड़ थी। वृन्दावन के यमुना तट पर स्नान करते महिला पुरूष कार्तिक मास की सेवा पूरा कर रहे थे। वृन्दावन के सभी मंदिरों में आज भक्तों की संख्या देखने लायक थी।

## गोवर्धन धाम में उमड़ा भक्तों का सैलाब, मानसी गंगा व राधाकुण्ड में स्नानार्थियों की रही भीड़



**मथुरा।** आज कार्तिक पूर्णिमा को लेकर गिरिराज दानघाटी मंदिर, मुखारबिन्द, चकलेश्वर और जतीपुरा मुखारबिंद पर भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे जिससे कई बार व्यवस्थाएं गड़बड़ाती नजर आयीं। परिक्रमार्थियों की भारी भीड़ और गिरिराज महाराज के जयकारों गोवर्धन नगरी गूंज उठी। बुधवार कार्तिक मास के समापन और पूर्णिमा होने के कारण गोवर्धन में जाम की स्थिति देखी गई। बसस्टैण्ड सेलेकर दानघाटी तक और आगे के बाजारों में भी परिक्रमार्थियों के रेले नजर आए। सप्तकोसीय परिक्रमा मार्ग में भारी भीड़ देखी गई। पवित्र मानसी गंगा में स्नान करते महिला पुरूष आज कार्तिक पूर्णिमा पर्व मना रहे थे। गोवर्धन परिक्रमा मार्ग में कार्तिक पूर्णिमा के कारण आज दिन में भारी भीड़ रही। सर्दी का मौसम होने के कारण धूप में महिला पुरूष और बच्चों ने गिरिराज प्रभु की परिक्रमा की। परिक्रमा मार्ग में गाती बजाती महिलाएं गिरिराज महाराज के जयकारों के साथ श्रद्धाभाव में नजर आयीं। मंदिरों के दर्शन पवित्र मानसी गंगा, कुसुम सरोबर, राधाकुण्ड में लोगों ने डुबकी लगायी। राधाकुण्ड में भी मंदिरों में विविध धार्मिक आयोजन हुए। प्रातः काल से ही लोगों की संख्या बढ़ती नजर आयी।

## जयंत चौधरी की जनसभा की तैयारी में रालोद कार्यकर्ताओं की बैठक

**मथुरा।** राष्ट्रीय लोकदल के मुखिया जयंत चैधरी की 16 नवंबर को कोसीकलां में होने वाली जनसभा को सफल बनाने के उद्देश्य से बुधवार को चैमुंहा स्थित कृष्णा मैरिज होम में रालोद कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व मंत्री ठाकुर तेजपाल सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों रालोद कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान चौमुंहा कार्यकर्ताओं ने चांदी का मुकुट व नोटों की माला पहनाकर



पूर्व मंत्री का स्वागत किया। सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर जयंत चैधरी की सभा को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने का संकल्प लेते हुए हुंकार भरी। इस दौरान चौमुहां ब्लॉक के करीब 42 गांव से जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। पूर्व मंत्री ठाकुर तेजपाल सिंह ने स्थानीय छाता विधायक के कार्यकाल पर तीखे हमले किए। उन्होंने आम जनमानस को हो रही परेशानियों को जनता के सामने रखते हुए छाता विधायक के कार्यकाल पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने छाता शुगर मिल को दोबारा चालू करने के संबंध में किए गए झूठे वादों से जनता को अवगत कराया। ठाकुर तेजपाल सिंह ने कहा कि वर्तमान विधायक के गन्ना मंत्री होने के बावजूद शुगर मिल का चालू न हो पाना एक बड़ी विफलता बताया। उन्होंने कहा कि जयंत चैधरी युवाओं के नेता हैं। युवाओं व किसानों के हित में सोचते हैं। उन्हें मजबूत करने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में कार्यकर्ता कोसीकलां पहुंचे। वह कार्यकर्ताओं की मेहनत की वजह से ही जिंदा हैं, अपने संबोधन के अंत में, पूर्व मंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने और संघर्ष के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य जीतेन्द्र सिंह, पूर्व चेयरमैन छाता जगपाल सिंह, पूर्व चेयरमैन चौमुंहा पाल सिंह, अंगद सिंह, अमरचंद रावत, अभयपाल सिंह, कल्याण सिंह, कुलदीप सिसोदिया, नरेश सिंह, भोली, देवो काका, जसपाल आदि मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाया गया गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व



**फिरोजाबाद।** गुरूद्वारा सिंह सभा में बुधवार को सिखों के पहले गुरु श्री गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान प्रभात फेरी निकाली गई और श्री गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ, कीर्तन के साथ साथ विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। प्रकाश पर्व के अवसर पर आगरा से आए ज्ञानी हरपाल सिंह मेहर एवं फिरोजाबाद के ज्ञानी हरमिंदर सिंह, ज्ञानी करनैल सिंह द्वारा कीर्तन किया गया। तथा गुरु द्वारा साहिब के प्रधान सरदार हरबंश सिंह मल्होत्रा ने गुरु नानक देव जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया और सम्पूर्ण समाप्ति के उपरांत लंगर छकाया गया। रात मे बच्चों के द्वारा शब्द कीर्तन कविताओं का गायन किया गया। संगत मे मुख्य रूप से सदर विधायक मनीष असीजा विधायक शिकोहाबाद डॉ.मुकेश वर्मा जसराना विधायक इंजीनियर सचिन यादव समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सतेंद्र जैन सोली जन आधार कल्याण समिति सचिव प्रवीन कुमार शर्मा एवं नितेश अग्रवाल जैन अमृत कौर सचिन भटेजा सहित स.गुरुचरण सिंह परमजीत सिंह, अमरजीत सिंह त्रिलोचन सिंह सलूजा जितेंद्रपाल सिंह विक्की मल्होत्रा जितेन्द्र पाल सिंह भाटिया, कुलदीप सिंह कुलजीत सिंह बलवंत सिंह सलूजा कमलजीत सिंह होरा रंजीत सिंह सोढ़ी व अन्य सत्संगी मौजूद रहे।

## कुख्यात अपराधी लाखन की 97.43 लाख की अवैध संपत्ति की हुई कुर्की

**मथुरा।** वृन्दावन पुलिस ने मंगलवार रात एक कुख्यात अपराधी मुकेश उर्फ लाखन की 97.43 लाख रुपए मूल्य की अवैध संपत्ति कुर्क की। यह कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत जिला प्रशासन के आदेश पर की गई। पुलिस जांच में सामने आया कि वृन्दावन थाने में गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे में नामजद अभियुक्त मुकेश उर्फ लाखन, निवासी गौरा नगर कॉलोनी वृन्दावन, लंबे समय से संगठित गिरोह बनाकर आपराधिक गतिविधियों में लिप्त था। अभियुक्त ने अवैध तरीके से संपत्ति अर्जित कर पानीघाट चैराहा परिक्रमा मार्ग पर अपनी मां शिवदेवी के नाम पर 167.22 वर्गमीटर क्षेत्रफल में तीन मंजिला ह्लवैष्णवी गेस्ट हाउसह्ल का निर्माण कराया था। इस गेस्ट हाउस की बाजार कीमत 97 लाख 43 हजार रुपए आंकी गई है। क्षेत्राधिकारी सदर संदीप संदीप सिंह और ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सदर अनुभव जे जैन के निर्देशन में पुलिस और प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने गेस्ट हाउस पर कुर्की का बोर्ड लगाया, मुनादी कराई और संपत्ति पर सरकारी कब्जा दर्ज किया। मुकेश का आपराधिक इतिहास काफी लंबा है। उसके खिलाफ डकैती, हत्या के प्रयास, अवैध हथियार, मारपीट, धमकी और गैंगस्टर एक्ट सहित 10 से अधिक मुकदमे वृन्दावन, जमुनापार और अन्य थानों में दर्ज हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, वह क्षेत्र में आतंक फैलाकर अवैध रूप से आर्थिक लाभ कमाता रहा है। सीओ संदीप सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई अपराधियों में कानून का भय पैदा करती है और उनकी अवैध कमाई पर रोक लगाने में सहायक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराध से अर्जित कोई भी संपत्ति सुरक्षित नहीं रहेगी, चाहे वह किसी के भी नाम पर खरीदी गई हो, और ऐसी कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी।

# श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर बिखरी दीपों की छटा

- देव-दीपावली पर जन्मभूमि के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु



**मथुरा।** कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा बुधवार के पुण्य दिवस पर श्रीकृष्ण जन्मस्थान परिसर में भव्य दीपदान के साथ देव-दीपावली महोत्सव मनाया गया।

इस संबंध में जानकारी देते हुऐ श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि संपूर्ण जन्मभूमि परिसर में पुष्प एवं रंगों से बनी रंगोली के मध्य दीपकों से बड़ी ही सुन्दर छटा बिखर रही थी, ऐसा प्रतीत हो रहा था कि जैसे भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि पर दीपों के रूप में स्वयं नक्षत्र एवं तारे उपस्थित होकर भगवान श्रीकृष्ण की पुण्य जन्मभूमि की छटा और शोभा में वृद्धि कर रहे हों। ठाकुरजी की जन्मभूमि की ऐसी अदभुद एवं दिव्य शोभा के दर्शन कर देश-विदेश से पधारे हजारों श्रद्धालु अभिभूत हो उठे। श्रीअन्नपूर्णेश्वर महादेव, श्रीकेशवदेव महाराज, तुलसी वाटिका सहित भागवत-भवन में दीप मालाओं की छटा अद्भुद, अनूठी एवं अभूतपूर्व थी। कार्तिके जन्मसदने केशवस्य च य नराः। सकृत प्रविष्टाः श्रीकृष्णं ते यान्ति परमव्ययम्।।कार्तिक मास में भगवान की जन्मभूमि के दर्शन मात्र से व्यक्ति जीवन-मरण के चक से मुक्त हो जाता है। अतः ऐसे पवित्र कार्तिक मास में पूर्णिमा के दिन देव-दीपावली के शुभ अवसर पर तेतीस कोटि देवता भी भगवान श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर उपस्थित रहते हैं। ऐसे अलौकिक तीर्थ में देव-दीपावली उत्सव में सम्मिलित होना प्रभू कृपा से ही संभव है। देव-दीपावली के अवसर पर श्रीकृष्ण जन्मभूमि के अन्नक्षेत्र में भव्य सन्तसेवा, वैष्णवसेवा की गयी। इस अवसर पर साधु-सन्तजन के साथ-साथ हजारों-हजार श्रद्धालुओं ने ठाकुरजी के प्रसादी स्वरूप भण्डारे को प्राप्त किया। इस अवसर पर श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर विराजमान श्रीगिरिराज महाराज का भव्य पंचामृत अभिषेक कर प्रसाद अर्पित किया गया साथ ही श्रीकृष्ण जन्मभूमि की गौशाला में भवमय गौसेवा की गयी। इस अवसर पर श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के अधिकारी/कर्मचारी एवं श्रीकृष्ण संकीर्तन मण्डल के सेवाभावीजन आदि व्यवस्थाओं में जुटे रहे।

# संस्कृति विवि के छात्रों ने किया आगरा के होटल में शैक्षिक भ्रमण




**मथुरा।** संस्कृति स्कूल आफ टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट के विद्यार्थियों का एक दल ने ग्रांड मरक्योर (एकोर होटल्स) आगरा का शैक्षिक भ्रमण किया। इस औद्योगिक भ्रमण का उद्देश्य आतिथ्य क्षेत्र के छात्रों को पाँच सितारा होटलों में अपनाई जाने वाले संचालन, सेवाओं और प्रबंधन पद्धतियों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। इस भ्रमण के दौरान संस्कृति के विद्यार्थियों ने होटल विभागों, अतिथि प्रबंधन प्रक्रियाओं और आतिथ्य उद्योग में अपनाए जाने वाले पेशेवर मानकों के बारे में व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त किया।

इस दल में संस्कृति स्कूल आफ टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट के 66 छात्र, तीन संकाय सदस्य गगन शर्मा, शुभांगी सक्सेना, और कपिल शर्मा शामिल थे। बीएचएम प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए ग्रैंड मर्क्योर (एकोर होटल्स) का एक औद्योगिक दौरा आयोजित किया गया, जिसमें कुल 34 छात्रों ने भाग लिया। इस दौरे का समन्वय और संचालन श्री गगन शर्मा, सहायक प्रोफेसर द्वारा, विभागाध्यक्ष श्री रतीश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। ग्रैंड मर्क्योर (एकोर होटल्स) पहुँचने पर विद्यार्थियों के इस दल का होटल के एचआर मैनेजर सचिन द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। सत्र की शुरूआत ग्रैंड मर्क्योर (एकोर होटल्स) के इतिहास, ब्रांड विरासत और सुविधाओं पर एक ज्ञानवर्धक प्रस्तुति के साथ हुई। प्रस्तुति के बाद, सुश्री लवीना जैन (एल एंड डी प्रबंधक) और विशाल सिंह ने छात्रों को होटल के विभिन्न विभागों के बारे में बारीकी से जानकारियां दीं। छात्रों ने एक संवादात्मक सत्र में भी भाग लिया जिसमें होटल के अधिकारियों, कर्मचारियों ने अपने पेशेवर अनुभव और परिचालन संबंधी जानकारी विद्यार्थियों से साझा की। छात्रों ने उत्साह के साथ इस शैक्षणिक भ्रमण में में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे उन्हें होटल संचालन और उद्योग मानकों के बारे में बहुमूल्य व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ। इस यात्रा का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें एकॉर होटल्स के प्रबंधन और कर्मचारियों के प्रति उनके उत्साही आतिथ्य और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।

संस्कृति स्कूल आफ टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट के डीन डा. रतिश शर्मा ने बताया कि इस यात्रा ने छात्रों की वास्तविक दुनिया के होटल संचालन और प्रबंधन प्रथाओं की समझ को समृद्ध किया। इसने उन्हें सैद्धांतिक अवधारणाओं को व्यावहारिक अनुप्रयोगों से जोड़ने में भी मदद की, जिससे पेशेवर विकास और भविष्य के उद्योग अनुभव के लिए तत्परता को बढ़ावा मिला। होटल के सचिन, मानव संसाधन प्रबंधक, सुश्री लवीना जैन (प्रबंधन एवं विकास प्रबंधक) और विशाल सिंह को संस्कृति विवि के दल की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रेमानंद के किये दर्शन

**मथुरा।** भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील चैधरी, राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी ने वृंदावन पहुंचकर रसिक संत प्रेमानंद महाराज से मुलाकात की। महाराज जी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील चैधरी एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी वृंदावन स्थित संत प्रेमानंद महाराजजी के आश्रम पहुंचे। आश्रम में संत प्रेमानंद महाराज जी को भगवान श्रीकृष्ण राधा की प्रतिमा भैट कर महाराज जी का स्वागत किया। आश्रम के संतो ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील चैधरी राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी का प्रसादी व दुपट्टा भेंट किया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश महासचिव नरोत्तम लाल पाराशर महानगर अध्यक्ष भरत अग्रवाल महानगर उपाध्यक्ष शेखर शास्त्री भूरा पाराशर मौजूद थे।

## मिशन शक्ति और यातायात जागरूकता अभियान के तहत किया गया जागरूक

**फिरोजाबाद।** जनपद में महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु मिशन शक्ति अभियान फेज-05 व यातायात जागरुक्ता अभियान के तहत लगातार जागरुक किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को थाना शिकोहाबाद के डी0आर0 इंटर कॉलेज में, थाना मक्खनपुर के ग्राम बदनपुर में थाना टूण्डला के स्टेशन रोड़ सब्जी मंडी में व थाना बसईमो0पुर के माल पट्टी में छात्र-छात्राओं अध्यापक बंधुओं एवं अन्य स्टाफ को यातायात




नियमों के पालन तथा महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के विषय में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान ट्रैफिक अभियान भी संचालित किया गया, जिसमें लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही पुलिस टीम द्वारा पम्पलेट बैनर पोस्टर, रैली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन को मिशन शक्ति तथा यातायात जागरूकता से सम्बंधित संदेश दिए गए। पुलिस ने सभी नागरिकों से अपील की, कि अपनी तथा दूसरों की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करें, महिलाओं का सम्मान करें, और हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करें, नशे में वाहन न चलाएं तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करें।

## गैंगलीडर की 34 लाख की संपत्ति की कुर्क



**फिरोजाबाद।** जनपद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में आदतन अपराधियों पर लगातार अन्तर्गत प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को थाना मक्खनपुर पुलिस टीम द्वारा गैगस्टर एक्ट के तहत गैंगलीडर अभियुक्त प्रमोद कुमार की 34 लाख 25 हजार 72 रुपए की चल अचल सम्पत्ती को कुर्क कर जब्तीकरण की कार्यवाही की गई गैंगलीडर अभियुक्त प्रमोद कुमार अपने गैंग के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर मारपीट दहेज हत्या गाली गलौज सरकारी कर्मचारियों के साथ मारपीट चोरी, छिनैती करना जैसे अपराध कारित करता है। जिस पर जनपद के विभिन्न थानों में आधा दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के नेतृत्व में थाना मक्खनपुर पुलिस टीम मय राजस्व टीम द्वारा थाना शिकोहाबाद पर पंजीकृत मुकदमा में गिरोहबंद एंव असामाजिक क्रियाकलाप निवारण अधिनियम जनपद फिरोजाबाद से सम्बन्धित गैंगलीडर अभियुक्त प्रमोद कुमार पुत्र शिवसिंह निवासी नगला बडा मिर्जा थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद की गिरोहबंद एंव असामाजिक क्रियाकलाप निवारण अधिनियम में अचल सम्पत्ति मूल्य 34 लाख 25 हजार 72 रुपए की चल अचल संपत्ति को कुर्क कर जब्तीकरण की कार्यवाही की गई।

## पुलिस लाइन में रक्तदान शिविर आयोजित



**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में ब्लड बैंक पुलिस अस्पताल फिरोजाबाद के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्देश्य सभी के बीच जागरूकता फैलाना व किस प्रकार मात्र रक्तदान से कई लोगों की जान बचायी जा सकती है। शिविर में रिक्रूट आरक्षियों ने स्वेच्छा से रक्तदान शिविर में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर में डॉ0 गरिमा सिंह प्रभारी ब्लड बैंक फिरोजाबाद एवं डॉ अनस डॉ नयन कुङ्म सायनी, मोङ्म मुज्जिमल, आदित्य कुमार शशि कांत हेमलता स्टॉफ नर्स अवधेश स्टॉफ नर्स, वॉवी स्वक्षक, भारती निधि सोनी कुमारी स्नेह अविनाश पुरुषोत्तम उनका स्टॉफ उपस्थित रहा जिसमें पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारीगण तथा रिक्रूट आरक्षियों द्वारा स्वेच्छा से रक्तदान किया गया। रक्तदान करने के पश्चात सभी को प्रशस्ति पत्र वितरित किये गए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी लाइन एवं प्रतिसार निरीक्षक व अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# देव दीपावली पर दीपकों से जगमगायी यमुना

**मथुरा।** देव दीपावली महोत्सव समिति द्वारा कार्तिक पूर्णिमा के पुण्य अवसर पर यमुना के सभी घाटों पर असंख्य दीपक प्रज्वलित कर भव्य आयोजन किया गया। वहीं भगवान परशुराम शोभायात्रा समिति एवं श्री वामन भगवान महोत्सव समिति द्वारा मुख्य आयोजन स्वामी घाट स्थित यमुना मंदिर पर किया गया। जिसका शुभारंभ भगवान परशुराम शोभा यात्रा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित रामगोपाल शर्मा श्री वामन भगवान महोत्सव समिति के संस्थापक पंडित श्याम शर्मा, यमुना भक्त पंकज चतुर्वेदी महाराज, ने वेद ध्वनि के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर आचार्य आचार्य लंबू पंडित के नेतृत्व में स्वस्तिवाचन एवं वैदिक मंगलाचरण किया।

वहीं श्री भगवान परशुराम समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राम गोपाल शर्मा ने बताया आज का यह अवसर अत्यंत पावन है देव दीपावली का। जब काशी की भाँति सम्पूर्ण भारतवर्ष में दीपों की ज्योति से आकाश आलोकित होता है, तब यह दीप केवल प्रकाश का नहीं, बल्कि धर्म, संस्कार और एकता का प्रतीक बनता है। इसी शुभ समय में, श्री बागेश्वर जनसेवा समिति द्वारा पूज्य बागेश्वर धाम सरकार कृ पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज के सान्निध्य में



दिल्ली से वृंदावन तक एक भव्य एवं ऐतिहासिक पदयात्रा निकाली जा रही है। वहीं उन्होंने बताया यह यात्रा केवल पांवों की गति नहीं, बल्कि यह राष्ट्र और धर्म की चेतना का प्रवाह है। 7 नवम्बर से 16 नवम्बर तक चलने वाली यह यात्रा, दिल्ली की धरती से आरम्भ होकर वृंदावन धाम की पवित्र भूमी तक पहुंचेगी, जहाँ श्रीकृष्ण की नगरी में यह सनातन जागरण का दीप प्रज्वलित करेगी। वहीं यमुना भक्त पंकज चतुर्वेदी ने बताया यमुना शुद्धिकरण और हिंदू राष्ट्र की अवधारणा पर प्रभावशाली संबोधन दिया। यमुना तट पर दीपों की रौशनी के बीच उन्होंने कहा कि यमुना केवल एक नदी नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धारा हैं। उन्होंने कहा कि माँ यमुना आज हम सबको पुकार रही हैं। यह पुकार केवल जल की सफाई की नहीं, बल्कि मन की शुद्धि की भी है। जब तक हमारी नदियाँ निर्मल नहीं होंगी, तब तक हमारी संस्कृति भी पूर्ण नहीं हो सकती। भक्त चतुर्वेदी ने जनमानस से आह्वान किया कि हर श्रद्धालु यमुना की सेवा को धर्म का हिस्सा माने और अपने स्तर पर नदी संरक्षण का संकल्प ले। इस अवसर पर कुशल पाल शर्मा गौरव शर्मा केके शर्मा अर्जुन पंडित आशीष शर्मा ललित स्वामी संजय हरियाणा कन्हैया लाल शर्मा लब्बू पंडित के अभिषेक शर्मा अनिल शर्मा हरिशंकर विजय शर्मा कुलदीप शर्मा कुलदीप शास्त्री आदि पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों को शाल दुपट्टा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। वहीं वामन भगवान महोत्सव समिति के संस्थापक श्याम शर्मा ने बताया महोत्सव में कृष्णगंगा घाट से विश्राम, राजा घाट सहित ध्रुव घाट तक एवं यमुना पार के सभी घाटों पर भव्य लाइटिंग व सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बांधा श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़ कर दीप प्रज्वलित किए और यमुना में प्रवाहित किए। नावों में मनोहारी राधा कृष्ण की झांकियां सजाई गई। घाट घाट पर भजन संध्या व रासलीला का आयोजन किया गया।

संक्षेप

## बर्जर पेंट्स ने वित्तीय परिणाम जारी किये

नयी दिल्ली। 30 सितंबर 2025 को समाप्त तिमाही के लिएपरिचालन से प्राप्त राजस्व 2,827.5 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वर्ष की समान तिमाही में यह 2,774.6 करोड़ रुपयेथा। यह पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 1.9% की वृद्धिको दर्शाता है।30 सितंबर 2025 को समाप्त तिमाही के लिए ईबीआईटीडीए (अन्य आय को छोड़कर) 352.3 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 434.2 करोड़ रुपयेथा। यह समान अवधि की तुलना में 18.9% की गिरावटको दर्शाता है। 30 सितंबर 2025 को समाप्त तिमाही के लिएशुद्ध लाभ 206.4 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वर्ष की समान तिमाही में यह 269.9 करोड़ रुपयेथा। यह पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 23.5% की गिरावटको दर्शाता है।30 सितंबर 2025 को समाप्त तिमाही के लिए परिचालन से प्राप्त राजस्व 2,458.5 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वर्ष की समान तिमाही में यह 2,430.7 करोड़ रुपये था।

## टाटा ट्रस्ट की साझेदारी में हुआ नोबेल प्राइज डायलॉग इंडिया 2025 का आयोजन

नयी दिल्ली। नोबेल प्राइज डायलॉग इंडिया 2025 का आयोजन टाटा ट्रस्ट के साथ विशेष साझेदारी में किया गया। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु में आयोजित हुआ, जिसमें नोबेल पुरस्कार विजेताओं, प्रमुख वैज्ञानिकों, विचारकों और छात्रों ने भाग लिया।'दफ्यूचरवीआंट'विषय पर केंद्रित यह संवाद ज्ञान, समावेश, स्थिरता और आशा पर सार्थक एवं प्रेरक चर्चाओं का मंच है। भारत की सबसे बड़ी पूंजी उसके प्राकृतिक संसाधनों में नहीं, बल्कि उसके लोगों की शक्ति और सीखने की क्षमता में निहित है। इसी दृष्टि से टाटा ट्रस्ट्स ने उत्कृष्टता के केंद्रों को सशक्त बनाने की विरासत विकसित की है। नोबेल प्राइज आउटरीच के साथ हमारी साझेदारी इसी साझा विश्वास पर आधारित है कि ज्ञान का उपयोग मानवता की सेवा के लिए किया जाना चाहिए। आज भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

## मेकमायट्रिप ने दिखाया भारत का बढ़ता ट्रैवल फुटप्रिंट

बंगलुरु। मेकमायट्रिप के पहले ट्रैवल का मुहूर्त के शुरूआती छह दिनों के रुझान बताते हैं कि भारतीय यात्री अब पहले से फ्लाइट्स की योजना बना रहे हैं, नई जगहों की खोज के साथ प्रीमियम होटलों का प्राथमिकता दे रहे हैं और आकर्षक डील्स व ऑफर्स के जरिए बचत के अवसरों की तलाश कर रहे हैं। साल के अंत की फ्लाइट्स की अग्रिम बुकिंग दोगुनी हो गई है, जो होटल औरहोमस्टेबुकिंग्स के लिए भी सकारात्मक संकेत है, क्योंकि वे सामान्यतः अगले चरण में होती हैं। इस अवधि में प्रीमियम विकल्पों की ओर रुझान और श्रेणियों का विस्तार मुख्य आकर्षण रहे। यह रुझान 29 अक्टूबर से 3 नवंबर के बीच सामने आये है। यह देखना उत्साहजनक है कि यात्री पहले से योजना बना रहे हैं और अधिक सोच-समझकर निर्णय ले रहे हैं।

## नेस्ले इंडिया ने सर्व सेफ फूड प्रोजेक्ट का किया विस्तार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में सर्व सेफ फूड प्रोजेक्ट के भौगोलिक विस्तार के तहत, नेस्ले इंडिया ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफडीए), उत्तर प्रदेश और नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया (एनएएसवीआई) के साथ अपने सहयोग को आगे बढ़ाते हुए लखनऊ, वाराणसी, कानपुर, गोरखपुर, आगरा और पीलीभीत सहित छह जिलों में 4,200 से अधिक स्ट्रीट फूड वेंडर्स को प्रशिक्षण देने का कार्य किया है। इस पहल के साथ राज्य में कुल प्रशिक्षित वेंडर्स की संख्या 14,000 से अधिक हो गई है। सर्व सेफ फूड प्रोजेक्ट अब तक 26 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों में 92,800 से अधिक स्ट्रीट फूड वेंडर्स को लाभान्वित कर चुकी है। इस पहल के तहत वेंडर्स को स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षित भोजन प्रबंधन, अपशिष्ट निपटान और उद्यमिता से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया है। महामारी के बाद परियोजना में कोविड-19 सुरक्षा उपायों और डिजिटल भुगतान से जुड़ा एक नया मॉड्यूल भी जोड़ा गया है।

# व्यापक स्वर्ण नीति जरूरी

नयी दिल्ली। सोने की कीमतों के नई ऊंचाइयों पर पहुंचने के बीच इसके लिए एक व्यापक नीति की आवश्यकता है क्योंकि भारत दुनिया के सबसे बड़े सर्राफा बाजारों में से एक है जो इस पीली धातु के प्रति सांस्कृतिक लगाव व निवेश मांग से प्रभावित है। बुधवार को जारी एक अध्ययन में यह बात कही गई। भू-राजनीतिक तनाव, आर्थिक अनिश्चितता और कमजोर अमेरिकी डॉलर के कारण सोने की कीमत नई ऊंचाइयों पर पहुंच रही है।

वर्ष 2025 में अब तक की कीमतों में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। अक्टूबर में कुछदिन के लिए कीमतें 4,000 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस से नीचे आ गई लेकिन नवंबर में फिर से 4,000 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस से पार चली गईं। सोने की घरेलू आपूर्ति भारत में कुल सोने की आपूर्ति का केवल एक अंश है। 2024 में कुल आपूर्ति में आयात का योगदान लगभग



86 प्रतिशत होगा। इसमें कहा गया कि भारत सबसे बड़े स्वर्ण बाजारों में से एक है जो सोने के प्रति सांस्कृतिक आकर्षण, निवेश की मांग और मुद्रास्फीति से बचाव तथा सुरक्षित निवेश सहित अन्य आर्थिक कारकों से प्रभावित है। भारत में सोने की कुल उपभोक्ता मांग 2024 में बढ़कर 802.8 टन हो गई जो वैश्विक स्वर्ण मांग का 26 प्रतिशत है। इससे भारत, चीन के बाद दूसरे स्थान पर आ गया। चीन की उपभोक्ता मांग 815.4 टन थी। एसबीआई अध्ययन में कहा गया कि चीन की सोने पर एक राष्ट्रीय नीति है, जिसका एक विशिष्ट उद्देश्य है। यह अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य में सोने के व्यापार, भंडारण, मूल्यांकन और उपयोग के तरीके को नया रूप देने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण रखता है। यह कई आर्थिक एवं भू-राजनीतिक प्राथमिकताओं को एक साथ संबोधित करने के लिए एक समन्वित दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है। रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिका और जर्मनी जैसे देश अपने कुल भंडार का 77 प्रतिशत से अधिक सोने के रूप में रखते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने वित्त वर्ष 2025-26 (10 अक्टूबर तक) में अपने भंडार का 15.2 प्रतिशत सोना रखा जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह 13.8 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2023-24 में 9.1 प्रतिशत था। आरक्षित निधि में परिवर्तन के संदर्भ में, आरबीआई के स्वर्ण भंडार में वित्त वर्ष 2024-25 में 25 अरब अमेरिकी डॉलर और वित्त वर्ष 2026 में 10 अक्टूबर 2025 तक 27 अरब अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई है जिसका मुख्य कारण मूल्यांकन में वृद्धि है। मात्रा के संदर्भ में केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 (अप्रैल-सितंबर) में केवल 0.6 टन सोना जोड़ा।

## चीन से सीमलेस पाइप व ट्यूब का आयात 2024-25 में दोगुना बढ़ा

नयी दिल्ली। चीन से सीमलेस पाइप और ट्यूब का आयात वित्त वर्ष 2024-25 में सालाना आधार पर दो गुना से अधिक होकर 4.97 लाख टन रहा। घरेलू विनिर्माताओं के संगठन एसटीएमएआई ने यह जानकारी दी।

उद्योग जगत के आंकड़ों के अनुसार, देश ने वित्त वर्ष 2023-24 में चीन से 2.44 लाख टन सीमलेस पाइप व ट्यूब का आयात किया था। वित्त वर्ष 2022-23 में आयात 1.47 लाख टन था जबकि वित्त वर्ष 2021-22 में यह 82,528 टन रहा था। गत वित्त वर्ष में चीन के पाइप का आयात वित्त वर्ष 2021-22 की तुलना में लगभग पांच गुना बढ़ा है। घरेलू सीमलेस पाइप उद्योग की सुरक्षा के लिए भारत सरकार द्वारा विभिन्न सुरक्षा उपायों के माध्यम से किए गए मजबूत समर्थन के बावजूद चीन के पाइप आयात में समय के साथ तेजी से वृद्धि हुई है। चीन से आयात पर



अंकुश लगाने में ये प्रयास काफी हद तक अप्रभावी साबित हुए हैं। उद्योग संगठन ने कहा कि चीन की कंपनियां भारतीय बाजार में सीमलेस पाइप की डंपिंग कर रही हैं। साथ ही भारतीय सीमा शुल्क पर अधिक बिलिंग के माध्यम से करों और शुल्कों की चोरी कर रही हैं। कथित तौर पर चीनी आयातक सीमा शुल्क निकासी के समय बढ़ा-चढ़ाकर बिल मूल्य घोषित कर रहे हैं जबकि बाद में उन्हीं उत्पादों को भारतीय बाजार में घरेलू विनिर्माताओं की तुलना में काफी कम दामों पर बेच रहे हैं। यह प्रथा निष्पक्ष व्यापार को कमजोर करती है और भारतीय उत्पादकों को गंभीर नुकसान पहुंचाती है। चीन न केवल बाजार में अत्यधिक सस्ते पाइप पहुंचा भारतीय अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा रहा है बल्कि ताप विद्युत, परमाणु ऊर्जा तथा तेल एवं गैस जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को घटिया सामग्री की आपूर्ति करके गंभीर सुरक्षा चिंताएं भी उत्पन्न कर रहा है। ये गतिविधियां भारत के भविष्य के ऊर्जा व बुनियादी ढांचे के परिदृश्य के प्रमुख घटकों में घुसपैठ करने और संभावित रूप से समझौता करने के रणनीतिक प्रयास का संकेत देती हैं। ऐसे घटनाक्रमों पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है क्योंकि ये भारत की आर्थिक संप्रभुता एवं राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए दीर्घकालिक जोखिम खड़ा कर सकते हैं।

## गृह परिषद ने बुनियादी ढांचा पर जोर देने का आह्वान किया

नयी दिल्ली। हरित भवन रेटिंग देने वाली गृह परिषद ने कहा है कि देश में बुनियादी ढांचे और रियल एस्टेट परियोजनाओं के डिजाइन और निर्माण में स्थायित्व के पहलुओं को नवाचार के माध्यम से समाहित करना जरूरी है, ताकि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटा जा सके।

राष्ट्रीय राजधानी में तीन-चार नवंबर को आयोजित 17वें गृह शिखर सम्मेलन में जलवायु-अनुकूल दुनिया के लिए नवाचार के माध्यम से कार्रवाई पर चर्चा हुई। तेजी से हो रहे विकास के बीच हमें नवाचार के जरिये स्थायित्व को विकास के हर चरण में शामिल करना होगा। यह हमें जलवायु के प्रति अधिक जुझारू बनाएगा। सम्मेलन के दौरान देश-विदेश के नीति-निर्माताओं, शिक्षाविदों और पर्यावरण विशेषज्ञों ने शिक्षा में जलवायु साक्षरता, शहरी स्थायित्व को बढ़ाने वाले नवाचार, कचरा प्रबंधन के लिए संसाधनों के अधिकतम इस्तेमाल वाले समाधान और टिकाऊ डिजाइन के माध्यम से वायु प्रदूषण से निपटने जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया। गृह परिषद की अध्यक्ष और टेरी की महानिदेशक विभा धवन ने कहा, इस साल का विषय बेहद प्रासंगिक है। नवाचार को उद्देश्यपूर्ण होना चाहिए, टिकाऊपन को शुरुआत से ही डिजाइन में शामिल किया जाना चाहिए और सहयोग हर स्तर पर जरूरी है।

## धनशोधन मामलों में ईडी की कोशिशों को सराहा

नयी दिल्ली। वैश्विक स्तर पर आतंकवाद के वित्तपोषण पर नजर रखने वाले संस्थान वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) ने मनी लांड्रिंग यानी धन शोधन मामलों में भारत के प्रवर्तन निदेशालय के कार्यों की सराहना की है।

संस्थान ने वैश्विक सर्वोत्तम गतिविधियों पर अपनी रिपोर्ट में भारत के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मामलों के निपटाने के तरीकों का उल्लेख करते हुए उन मामलों का विस्तार से जिक्र किया गया है जहां ईडी ने मनी लॉड्रिंग के मामलों को कुशलतापूर्वक निपटाया और आर्थिक अपराधियों से संपत्तियां बरामद की। संपत्ति बरामदगी के लिए बेहतर गतिविधियों का मार्गदर्शन शीर्षक से जारी एफएटीएफ की रिपोर्ट वित्तीय अपराधों के विरुद्ध संपत्ति बरामदगी की वैश्विक प्रणालियों को सुदृढ़ करने के लिए एक अद्यतन रूपरेखा प्रदान करती है। इसमें ऐसे मामलों के अध्ययन का हवाला दिया गया है कि कैसे प्रवर्तन एजेंसियों ने निवेश, संपत्ति, बैंकिंग और अपतटीय मनी लांड्रिंग से संबंधित धोखाधड़ी गतिविधियों पर नकेल कसी। एफएटीएफ मार्गदर्शन में भारत के कई उदाहरण दिए गए हैं। इसमें संपत्तियों का पता लगाने और उनकी बरामदगी से जुड़ी अच्छी गतिविधियों का उल्लेख किया गया है। इसमें एक उदाहरण एग्री गोल्ड का मामला है, जहां ईडी और आंध्र प्रदेश राज्य अपराध जांच विभाग के बीच समन्वित कार्वाई के परिणामस्वरूप एक निवेश धोखाधड़ी मामले में 6,000 करोड़ रुपये (69 करोड़ डॉलर) की संपत्ति कुर्क की गई और उन्हें पीड़ितों को वापस लौटाई गई। आईआरईओ समूह से संबंधित एक अन्य मामले में मनी लॉड्रिंग निरोधक अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत।,777 करोड़ रुपये (20.4 करोड़ डॉलर) मूल्य की अचल संपत्तियों की कुर्की की गई। यह भारत के बाहर स्थानांतरित अपराध की आय के बराबर है। यह भारत में मूल्य-आधारित जब्ती के उपयोग की व्यवस्था को दर्शाता है। दिशानिर्देश में भारत के भगोड़े आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 का भी उल्लेख है। यह भगोड़े अपराधियों की संपत्ति को उससे दूर करने के सिद्धांत का एक उल्लेखनीय उदाहरण है।

## जहाज निर्माण परियोजना के लिए 46000 करोड़ के निवेश की घोषणा

पारादीप (ओडिशा)। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने बुधवार को गंजम जिले के बाहुदा में एक नया बंदरगाह और पारादीप के पास महानदी के मुहाने पर एक जहाज निर्माण और मरम्मत केंद्र स्थापित करने की योजना की घोषणा की।

जिसका कुल निवेश 46,000 करोड़ से अधिक होगा। माझी ने पारादीप बंदरगाह के स्थापना दिवस और बंदरगाह शहर में बोइता बंदना उत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए यह घोषणा की। उन्होंने पुरी में एक विश्व स्तरीय क्रूज टर्मिनल स्थापित करने के राज्य सरकार के प्रस्ताव के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और पारादीप बंदरगाह प्राधिकरण संयुक्त रूप से गंजम जिले के बाहुदा में 21,500 करोड़ रुपये के निवेश से एक बड़े बंदरगाह के निर्माण की योजना बना रहे हैं। इसी तरह, पारादीप के पास महानदी के मुहाने पर 24,700 करोड़ रुपये के निवेश से एक जहाज निर्माण और मरम्मत केंद्र स्थापित किया जाएगा, जबकि पुरी में एक विश्व स्तरीय क्रूज टर्मिनल बनाया जायेगा। ये परियोजनाएं राज्य के व्यापार, पर्यटन और उद्योग के प्रमुख क्षेत्रों को एक नई दिशा प्रदान करेंगी। राज्य के आर्थिक विकास में पारादीप बंदरगाह की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए माझी ने कहा कि इस सुविधा को भारत के सर्वश्रेष्ठ बड़े बंदरगाह के रूप में मान्यता दी गई है।

# मत्स्य विभाग से आधुनिक प्रौद्योगिकी अपनाने का आह्वान

### राज्य भर में नये कोल्ड स्टोर बनाने के लिए उपयुक्त भूमि की पहचान करने के निर्देश

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मत्स्य पालन विभाग से मछली उत्पादन में आधुनिक प्रौद्योगिकी अपनाने का आह्वान किया है। मत्स्य पालन विभाग की मंगलवार को हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस व्यवसाय से जुड़े किसानों को लाभान्वित करने के लिए नदियों व जलाशयों के किनारे नई हैचरी और कोल्ड स्टोर स्थापित करेगी।

मुख्यमंत्री ने विभाग को राज्य भर में नए कोल्ड स्टोर बनाने के लिए उपयुक्त भूमि की पहचान करने के निर्देश दिए। सुक्खू ने कहा कि उनकी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दे रही है और इसमें मत्स्य पालन क्षेत्र की महत्वपूर्ण



भूमिका है। उन्होंने विभाग को किसानों को आधुनिक प्रौद्योगिकी अपनाने में मदद करने तथा उनकी आय बढ़ाने का भी निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार मत्स्य पालन से संबंधित विभिन्न उपकरणों की खरीद पर सब्सिडी देकर किसानों की सहायता करती है। विभाग को इस क्षेत्र में आधुनिक पद्धतियों, उन्नत बीज किस्मों और उभरती प्रौद्योगिकियों पर किसानों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए। सुक्खू ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए बांधों व जलाशयों में मछली बीज भंडारण बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही विभाग को इस कार्य के लिए तैयार रहने और अगले वर्ष के लिए आवश्यक बीज का आकलन करने के निर्देश दिए। सुक्खू ने कहा कि राज्य में मछली उत्पादन में वृद्धि हो रही है और 2024-25 में 19,019 मीट्रिक टन उत्पादन दर्ज किया गया था जबकि इस वर्ष अक्टूबर तक 7,773 मीट्रिक टन मछली का उत्पादन हुआ। बयान में कहा गया कि हिमाचल प्रदेश ट्राउट मछली उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। राज्य सरकार प्राकृतिक आपदाओं के कारण हुए नुकसान की भरपाई के लिए ट्राउट मछली पालकों के लिए एक कोष स्थापित करेगी। ट्राउट एक मांसाहारी, मीठे पानी की मछली है जो विभिन्न प्रजातियों में पाई जाती है।

## नवंबर के अंत से भारत में रूसी कच्चे तेल का आयात घटने की संभावना

नयी दिल्ली। भारत नवंबर के अंत से रूसी कच्चे तेल की सीधी खरीद में कटौती करने जा रहा है। यह कदम रूस की दो प्रमुख तेल कंपनियों पर 21 नवंबर से लागू होने वाले नए अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद उठाया जा रहा है। विश्लेषकों ने यह संभावना जताई है।

विश्लेषकों ने कहा कि देश के कुल रूसी तेल आयात में आधे से अधिक हिस्सा रखने वाली भारतीय रिफाइनरी इकाइयां नए अमेरिकी प्रतिबंधों के अनुपालन में रूसी तेल की प्रत्यक्ष खरीद में कटौती कर सकती हैं। इनमें रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल), मंगलौर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) और एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी लिमिटेड



(एचएमईएल) शामिल हैं। अमेरिका ने रूसी पेट्रोलियम कंपनियों- रोसनेफ्ट और ल्यूकऑयल पर 21 नवंबर से कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। इसके तहत इन कंपनियों की सभी अमेरिकी संपत्तियों और वित्तीय लेनदेन पर रोक लगा दी गई है। इसके अलावा अन्य देशों की संस्थाएं भी अगर इनके साथ बड़े लेनदेन करती हैं तो उन पर भी द्वितीयक प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। एमआरपीएल और एचएमईएल ने भी रूसी तेल की भविष्य की खेप स्थगित करने की घोषणा की है। वर्ष 2025 की पहली छमाही में भारत ने रूस से कुल 18 लाख बैरल प्रतिदिन कच्चे तेल का आयात किया जिसमें इन कंपनियों की आधे से अधिक हिस्सेदारी है। हालांकि, रोसनेफ्ट की आंशिक हिस्सेदारी वाली नायरा एनर्जी की वडिनार रिफाइनरी (गुजरात) अपने मौजूदा रूसी तेल खरीद तरीके को बनाए रखेगी। यह रिफाइनरी पहले से ही यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों के दायरे में है और मुख्य रूप से रूसी कच्चे तेल पर निर्भर है।

पेज एक का शेष

### सुरक्षा बलों

बात उठा रहे हैं। वे देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। हमारे सशस्त्र बल इन सब चीजों से ऊपर हैं। उन्होंने कहा भारत के सैनिकों का केवल एक धर्म है सैन्य धर्म। भाजपा आरक्षण के पक्ष में है। हमने गरीबों और समाज के पात्र वर्गों को आरक्षण दिया है। राहुल गांधी ने मंगलवार को बिहार में चुनावी सभाओं के दौरान दावा किया था कि निजी क्षेत्र, न्यायपालिका, नौकरशाही और सशस्त्र बलों में पिछड़ी जातियों, आदिवासी समुदायों और अल्पसंख्यकों का बहुत कम प्रतिनिधित्व है, जबकि 10 प्रतिशत आबादी इन संस्थानों पर नियंत्रण रखती है। सिंह ने कहा कि राहुल गांधी को यह समझना चाहिए कि देश चलाना बच्चों का खेल नहीं है। उन्होंने पुलवामा जैसे आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा की गई ऑपरेशन सिंदूर की कारवाई का उल्लेख करते हुए कहा ऑपरेशन सिंदूर को रोका गया है, खत्म नहीं किया गया।

### पीएम मोदी ने

उनसे मिलने का इंतजार कर रही थी। प्रधानमंत्री ने उनके इंस्टाग्राम बायोडाटा पर जय श्रीराम और उनके हाथ पर हनुमान जी के टैटू का जिक्र किया तो दीप्ति ने मुस्कुराकर कहा कि इससे उन्हें ताकत मिलती है। हरमनप्रीत ने पूछा कि वह हर समय वर्तमान में कैसे रह पाते हैं , इस पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह उनके जीवन का हिस्सा और आदत बन गई है। उन्होंने टीम के सफर के यादगार पलों का भी जिक्र किया जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ 2021 में हरलीन देयोल का शानदार कैच शामिल है जो उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने मजाकिया लहजे में फाइनल में अमनजोत कौर के कैच का भी जिक्र किया जो दो बार संभलने के बाद तीसरी बार में उन्होंने लपका था। उन्होंने कहा कि कैच लपकने से पहले आपको गेंद दिख रही होगी लेकिन बाद में ट्रॉफी दिख गई होगी। क्रांति गौड़ ने प्रधानमंत्री से कहा कि उनका भाई उनका बड़ा प्रशंसक है जिस पर प्रधानमंत्री ने उसे उनसे मिलने का खुला न्यौता दिया। मोदी ने खिलाड़ियों से फिटइंडिया के संदेश का प्रचार करने का भी आग्रह किया, खासकर देश की लड़कियों में। उन्होंने मोटापे की बढती समस्या पर चिंता जताते हुए फिटनेस और व्यायाम के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने खिलाड़ियों से अपने स्कूलों में जाकर युवाओं को खेलने के लिये प्रेरित करने को कहा।

### देव दीपावली

किया, मानो स्वर्ग स्वयं धरती पर उतर आया हो। गोधूलि बेला में उत्तरवाहिनी गंगा की लहरों पर जब दीपों की सुनहरी आभा झिलमिलाई, तो पूरी काशी आलोकित हो गई। एक आधिकारिक बयान के अनुसार देव दीपावली की शुरुआत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नमो घाट पर पहला दीप प्रज्वलित करके की। उनके साथ पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, राज्य मंत्री रवीन्द्र जायसवाल, विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, महापौर अशोक तिवारी ने भी दीप प्रज्वलित करके मां गंगा को नमन किया। इसके बाद सभी विशिष्ट अतिथियों ने क्रूज पर सवार होकर मां गंगा की आरती के साथ घाटों पर सजी देव दीपावली का अद्भुत नजारा लिया। योगी को अपने बीच देखकर जनता ने हर हर महादेव का जयघोष भी किया। मुख्यमंत्री ने हाथ हिलाकर काशी की जनता और पर्यटकों का अभिवादन किया। धर्म के साथ राष्ट्रीयता का संदेश देते हुए दशाश्वमेध घाट पर अमर जवान ज्योति की अनुकृति स्थापित की गई। यहां पर कारगिल युद्ध के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। देव दीपावली महोत्सव को ऑपरेशन सिंदूर के नाम समर्पित किया गया, जिसमें देश की वीर माताओं के आंचल को नमन किया गया। बयान के अनुसार राज्य सरकार ने इस बार 10 लाख दीपों का लक्ष्य रखा था, लेकिन जन सहभागिता से यह संख्या बढ़कर 15 से 25 लाख दीपों तक पहुंच गई।

### मुख्यमंत्री योगी

शागिर्द बनाते हैं, उनकी कब्र पर फातिहा पढ़ते हैं, वे गरीबों का शोषण करवाते हैं। अब यूपी में ऐसा नहीं चलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अगर कोई गरीबों की जमीन पर कब्जा करेगा, अगर कोई सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा करके समाज को डराने-धमकाने का काम करेगा, तो लेने के देने पड़ जाएंगे। यह सरकार जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी दृढ़ता के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि यही नए भारत और नए उत्तर प्रदेश की पहचान है, जहां विकास के साथ धर्म, संस्कृति और परंपरा का संगम है। मुख्यमंत्री ने लाभार्थी परिवारों से मुलाकात की, उन्हें गृह प्रवेश का सामान भेंट किया, नन्हीं बच्चियों को गोद में लेकर दुलार किया और चॉकलेट बांटी। इस दौरान आवास परिसर में सीएम योगी ने वृक्षारोपण भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने लोगों को कार्तिक पूर्णिमा की बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज लाखों श्रद्धालु गढ़मुक्तेश्वर, टिकरी, सुखतीर्थ, बदायूं, प्रयागराज, काशी, अयोध्या में स्नान कर पुण्य लाभ ले रहे हैं। काशी में सायं देव दीपावली पर देवता दीप जलाएंगे। इस पावन अवसर पर लखनऊ में माफिया से मुक्त भूमि पर लाभार्थियों को आवास देना सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि इस प्राइम लोकेशन पर लखनऊ विकास प्राधिकरण ने 10.70 लाख में फ्लैट दिए, इसकी कीमत बाजार में करीब 1 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि 8000 आवेदनों में 5700 आवेदन योग्य लोगों का था, इसमें से 72 को पहले आवंटन मिला है। मुख्यमंत्री ने सभी 72 लाभार्थियों को आवास की सुविधा मिलने पर उन्हें और उनके परिवारों को बधाई देते हुए कहा कि इन लोगों को अब अपना सिर उठाकर सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर मिला है।

### भारतीय मूल

कोलंबिया विश्वविद्यालय के प्रोफेसर महमूद ममदानी के पुत्र हैं। ममदानी का जन्म युगांडा में हुआ था। इस जीत के साथ ही वह अमेरिका के सबसे बड़े शहर में मेयर बनने वाले पहले दक्षिण एशियाई और मुस्लिम व्यक्ति बन गए हैं। ममदानी की ऐतिहासिक जीत को 84 लाख से अधिक की आबादी वाले इस शहर के प्रशासनिक कामकाज में प्रगतिशील राजनीति की वापसी के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें उन्होंने श्रमिक वर्ग के मुद्दों को प्राथमिकता देने का संकल्प जताया है। ममदानी ने न्यूयॉर्क में रहने को किफायती बनाने के लिए मुफ्त बाल देखभाल, मुफ्त बस सेवाएं और सरकार द्वारा संचालित किराने की दुकानों जैसी पहल का प्रस्ताव रखा है। ममदानी ने आधी रात के आसपास डाउनटाउन ब्रुकलिन के एक संगीत स्थल ब्रुकलिन पैरामाउंट में अपने हजारों समर्थकों के सामने जोशीले विजयी भाषण में कहा, भविष्य हमारे हाथों में है। दोस्तों, हमने एक राजनीतिक वंश को उखाड़ फेंका है। आज रात आपने कर दिखायाउ यह बदलाव का जनादेश हैउ एक नयी तरह की राजनीति का जनादेशउ एक ऐसे शहर का जनादेश, जहां रहने का खर्चा हम वहन कर सकते हैं।

### धामी को

कहा कि मुख्यमंत्री धामी ने जिस दृष्टि और निष्ठा के साथ उत्तराखंड को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रूप से आत्मनिर्भर राज्य बनाने का संकल्प लिया है, वह अनुकरणीय है। संत समाज ने मुख्यमंत्री को यह भरोसा दिलाया कि हरिद्वार कुम्भ-2027 को भव्य, दिव्य और विश्वस्तरीय आयोजन के रूप में स्थापित करने के लिए संपूर्ण संत समाज और सभी अखाड़े राज्य सरकार के साथ एकजुट होकर कार्य करेंगे। संतों ने कहा कि कुम्भ केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि भारत की सनातन संस्कृति, परंपरा और वैश्विक आध्यात्मिक चेतना का महोत्सव है। मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में अधोसंरचना विकास, घाटों के सौंदर्यीकरण, तीर्थ सर्किट विस्तार, स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्थाओं से जुड़े जो कार्य योजनाएं बन रही हैं, वे हरिद्वार को विश्व के प्रमुख आध्यात्मिक केंद्र के रूप में प्रतिष्ठित करेंगी। संतों ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी की दूरदर्शी सोच और आस्था से परिपूर्ण नेतृत्व के कारण कुम्भ-2027 भारत की सनातन आत्मा का वैश्विक प्रतीक बनेगा।

### मिर्जापुर : ट्रेन

सिंह ने कहा कि ये यात्री कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए मिर्जापुर आए थे। फुटओवर ब्रिज होने के बावजूद, वे पटरियों से प्लेटफार्म पार कर रहे थे, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीड़ितों के परिजन के प्रति संवेदना व्यक्त की और अधिकारियों को तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर बचाव व राहत कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। राष्ट्रीय और राज्य आपदा मोचन बलों को दुर्घटनास्थल पर पहुंचने का आदेश दिया गया है।

### सड़क हादसों

भदोही जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर एक तेज़ रफ्तार एसयूवी ने मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें दो युवकों की मौत हो गई और कई गंभीर रूप से घायल हो गए। तभी दुर्घटना मंगलवार रात करीब 10 बजे औराई थाना क्षेत्र के कोठरा ओवरब्रिज के पास हुई, जब लक्ष्मीनिया गांव के निवासी सनी यादव, अजय यादव, आर्यन विश्वकर्मा और शिवम मोटरसाइकिल पर जा रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार एसयूवी ने पीछे से मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे दुपहिया वाहन पर सवार लोग सड़क पर गिर गए।

### बीबीडी में

इच्छुक प्रतिभागी आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। यह उत्तर प्रदेश के लिए सौंदर्य प्रतियोगिता जगत में एक नये अध्याय की शुरुआत है, जो राज्य की युवा महिलाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी पहचान बनाने का अवसर प्रदान करेगा। कार्यक्रम में बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट सोनाक्षी दास गुप्ता, मिस इंडिया निकिता पोरवाल, बाई वे इंडिया की ओनर अर्चना निरंजन, हेल्थ जोन के ओनर सचिन साहनी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। एंकरिंग की जिम्मेदारी मशहूर एंकर प्रदीप कुमार शुक्ला ने निभाई। मीडिया को संबोधित करते हुए निकिता पोरवाल ने इस लाइसेंसिंग सहयोग को राज्य की प्रतिभाओं के सशक्तीकरण और मार्गदर्शन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने मिस इंडिया ऑर्गनाइजेशन की सराहना की, जिन्होंने पूरे भारत में राज्य स्तरीय लाइसेंस जारी कर भागीदारी और प्रतिनिधित्व को और व्यापक बनाया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश की युवा प्रतिभाशाली महिलाओं से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की और कैटवॉक एकेडमी को इस नई साझेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। कैटवॉक एकेडमी को फेमिना मिस इंडिया ऑर्गनाइजेशन द्वारा फेमिना मिस इंडिया उत्तर प्रदेश 2025 की आधिकारिक लाइसेंसी के रूप में नियुक्त किया गया है। यह लाइसेंस तीन वर्षों की अवधि के लिए प्रदान किया गया है। यह अवसर राज्य की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा, जिससे भारत की सबसे प्रतिष्ठित सौंदर्य प्रतियोगिता की विरासत अब उत्तर प्रदेश के केंद्र तक पहुंचेगी। अमित सैमसन नानू ने मिस इंडिया ऑर्गनाइजेशन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कैटवॉक एकेडमी इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और उत्कृष्टता के साथ निभाएगी। उन्होंने कहा कि इस सहयोग के माध्यम से उत्तर प्रदेश में फेमिना मिस इंडिया की प्रतिष्ठा और मानकों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही उन्होंने निकिता पोरवाल को मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट सोनाक्षी दास गुप्ता, अमित सैमसन नानू, हेड कैटवॉक एकेडमी और निकिता पोरवाल, फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड (वर्तमान विजेता) ने की, जो आने वाले वर्ष मिस वर्ल्ड 2026 प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। कार्यक्रम में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ-साथ कैटवॉक एकेडमी के अधिकारी भी उपस्थित रहे।




# शर्मा, चक्रवर्ती आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर



दुबई। भारत के युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा व स्पिनर वरूण चक्रवर्ती ने आईसीसी पुरूष टी20 खिलाड़ियों की बुधवार को जारी रैंकिंग में बल्लेबाजों और गेंदबाजों में शीर्ष स्थान कायम रखा है। अभिषेक बल्लेबाजों की रैंकिंग में 925 रेटिंग अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि इंग्लैंड के फिल साल्ट और भारत के तिलक वर्मा उनके बाद हैं।

भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव आठवें स्थान पर हैं। गेंदबाजों में चक्रवर्ती शीर्ष पर हैं जबकि आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड दसवें स्थान पर आ गए हैं।

वेस्टइंडीज के अकील हुसैन दूसरे और अफगानिस्तान के राशिद खान तीसरे स्थान पर हैं।



भारत का कोई अन्य गेंदबाज शीर्ष दस में नहीं है। हरफनमौलाओं की सूची में भारत के हार्दिक पंड्या चौथे स्थान पर हैं।

# अर्शदीप जानते हैं कि हम बड़ी तस्वीर को देखते हुए अलग-अलग संयोजन आजमा रहे हैं : मोर्कल

कैरारा (गोल्ड कोस्ट)। भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने बुधवार को कहा कि अर्शदीप सिंह को चयन मामलों में भले ही परेशानी का सामना करना पड़ा हो लेकिन यह तेज गेंदबाज इस बात को अच्छी तरह से समझता है कि टीम प्रबंधन बड़ी तस्वीर को देखते हुए अलग-अलग संयोजन आजमा रहा है। अर्शदीप को होबार्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अंतिम एकादश में शामिल किया गया था।

उन्होंने शानदार वापसी की और वह मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए थे। उन्हें पहले दो मैचों में अंतिम एकादश में नहीं चुना गया क्योंकि उन्हें और कुलदीप यादव को एक साथ नहीं खिलाया जा सकता और दुबई की परिस्थितियों के कारण सितंबर में एशिया कप में भी वे पहली पसंद नहीं थे। गौरतलब है कि अर्शदीप टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 से अधिक विकेट लेने वाले एकमात्र भारतीय



गेंदबाज़ हैं। मोर्कल ने गुरुवार को यहां होने वाले चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से पहले संवाददाताओं से कहा, अर्शदीप अनुभवी हैं और उन्हें पता है कि हम बड़ी तस्वीर को देख रहे हैं और अलग-अलग संयोजनों को आजमा रहे हैं। उन्हें पता है कि वह विश्वस्तरीय गेंदबाज हैं और उन्होंने पावरप्ले में अधिकतर विकेट लिए हैं। उन्होंने कहा, हम जानते हैं कि वह टीम के लिए कितने अमूल्य खिलाड़ी है लेकिन हमें अन्य संयोजनों पर भी गौर करने की जरूरत है और वह इस बात को समझते हैं। मोर्कल ने हालांकि स्वीकार किया कि अर्शदीप जैसी क्षमता वाले गेंदबाज के लिए यह आसान नहीं रहा है।

उन्होंने कहा यह आसान काम नहीं है लेकिन कभी-कभी कड़े फैसले करने पड़ते हैं। हम बस उनसे यही कहते हैं कि वे कड़ी मेहनत करें और जब भी उन्हें मौका मिले, उसके लिए तैयार रहें। टी20 विश्व कप से पहले अब सीमित



मैच ही बचे हैं। मोर्कल ने कहा इसलिए, हमारे लिए यह देखना ज़रूरी है कि दबाव की परिस्थितियों में खिलाड़ी कैसा प्रदर्शन करते हैं।

## संक्षेप

### शतरंज : दिप्तायन घोष ने नेपोम्नियाची को हराया

पणजी। ग्रैंडमास्टर दिप्तायन घोष ने विश्व शतरंज कप में सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए पूर्व विश्व चैम्पियनशिप चैलेंजर रूस के इयान नेपोम्नियाची को दूसरे दौर के दूसरे गेम में हरा दिया। एकतरफा मुकाबले में घोष ने उन्हें कोई मौका ही नहीं दिया। जीत के बाद उन्होंने कहा यह मेरे शतरंज कैरियर की सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले ग्रैंडमास्टर पी हरिकृष्णा तीसरे दौर में पहुंचने वाले पहले भारतीय बन गए जिन्होंने रूस के अर्सेनी नेस्तेरोव को मात दी। वहीं विश्व जूनियर चैम्पियन वी प्रणव को नॉर्वे के आर्यन तारी ने हराया। अर्जुन एरिगेसी ने लगातार दूसरी जीत दर्ज करते हुए बुल्गारिया के मार्टिन पेट्रोव को मात दी। अब वह 20 लाख डॉलर ईनामी राशि के टूर्नामेंट में अंतिम 64 के दौर में पहुंच गए हैं। विश्व चैम्पियन डी गुकेश भी कजाखस्तान के नोजेरबेक काजिबेक को हराकर तीसरे दौर में पहुंच गए। वहीं आर प्रज्ञानानंदा ने आस्ट्रेलिया के तैमूर कुयबोकारोव से ड्रॉ खेला।

### युवराज ने हांगकांग में क्रिकेट क्लिनिक का किया आयोजन

नयी दिल्ली। भारत की विश्व कप विजेता टीम के सदस्य और पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने लॉरियस स्पोर्ट फॉर गुड पहल की सराहना की है जिसके तहत वह इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एंड्रयू स्ट्रॉस के साथ मिलकर हांगकांग में क्रिकेट क्लिनिक का आयोजन कर रहे हैं। भारत के लिए दो बार विश्व कप जीतने वाले युवराज और स्ट्रॉस बुधवार को स्थानीय हांगकांग क्रिकेट क्लब में इस क्लिनिक का आयोजन कर रहे हैं। युवा खिलाड़ियों को स्पोर्ट फॉर गुड मिशन के तहत इन दोनों दिग्गजों से सामूहिक कोचिंग और सलाह मिलेगी। युवराज ने कहा जब से मैंने खेलना छोड़ा है, तब से मैं लॉरियस का एम्बेसडर हूं। यह एक शानदार जुड़ाव रहा है। जैसा कि आप जानते हैं कि मेरा एक कैंसर फाउंडेशन है और लॉरियस जो कार्यक्रम चलाता है, उसका नाम है स्पोर्ट फॉर गुड। मुझे लगता है कि यह लोगों को एक साथ लाने का बहुत अच्छा तरीका है। उन्होंने कहा खेल में दुनिया को बदलने की शक्ति है, मानसिकता को बदलने की शक्ति है और किसी भी खेल को खेलने के लिए समुदायों को एक साथ लाना, उन्हें एकजुट करना और कुछ अच्छा करना बहुत अच्छी बात है।

### उपमहाद्वीप में स्पिन के लिए अच्छी तैयारी जरूरी : शॉर्ट

गोल्ड कोस्ट। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट मौजूदा टी20 श्रृंखला में भारतीय गेंदबाजों का सामना करने के अवसर का आनंद ले रहे हैं, लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए उपमहाद्वीपीय परिस्थितियों में स्पिन के अनुकूल ढलना महत्वपूर्ण होगा। शॉर्ट मौजूदा सीमित ओवरों की श्रृंखला का अभिन्न हिस्सा रहे हैं क्योंकि ऑस्ट्रेलिया अगले साल फरवरी से मार्च के दौरान भारत और श्रीलंका में होने वाले टी 20 विश्व कप के लिए अपनी टीम को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहा है। शॉर्ट ने चौथे टी20 मैच से पहले कहा, सुधार करने के अपने अलग-अलग तरीके होते हैं। विश्व कप भारत और श्रीलंका में खेला जाना है और इसे देखते हुए स्पिन के खिलाफ खेलना मेरे लिए अच्छी बात है। मुझे लगता है कि इसमें थोड़ी और मेहनत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा हमारी टीम में कई पावर हिटर हैं जैसे टिम डेविड, ग्लेन मैक्सवेल, मिची ओवेन, मार्कस स्टोइनिस, जिन्हें पहले भी भारत में खेलने का अनुभव है और स्पिन के खिलाफ उनके पास पावर गेम है।

# भारत व ऑस्ट्रेलिया आज फिर आमने-सामने

## टी-20 : गिल की निगाह बड़े स्कोर पर, भारत का पलड़ा भारी

**एजेंसी**

कैरारा (गोल्ड कोस्ट)। अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले शुभमन गिल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार को यहां होने वाले चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में बड़ा स्कोर बनाने की कोशिश करेंगे जिसमें भारतीय टीम जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। तीन मैचों के बाद श्रृंखला 1-1 से बराबर है लेकिन ऑस्ट्रेलिया की टीम कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में थोड़ा कमजोर नजर आ रही है।

पिछले मैच में जोश हेजलवुड की अनुपस्थिति से स्पष्ट अंतर नजर आया था जब भारत 186 रनके लक्ष्य को हासिल करके श्रृंखला बराबर करने में सफल रहा था। चौथे मैच में ऑस्ट्रेलिया को ट्रेविस हेड की भी कमी खलेगी क्योंकि सलामी बल्लेबाज को एशेज की तैयारी के लिए शेफील्ड शील्ड में खेलना है। ऑस्ट्रेलिया की टीम के इन दोनों प्रमुख खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में भारत के पास गाबा में अंतिम मैच से पहले 2-। की बढ़त हासिल करने का यह सबसे अच्छा मौका है। हालांकि, भारतीय टीम प्रबंधन को टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल की फॉर्म थोड़ी परेशान कर सकती है, क्योंकि उन्होंने अब तक ऑस्ट्रेलिया के वर्तमान दौरे में छह मैच खेले हैं और एक भी अर्धशतक नहीं लगाया है। एकदिवसीय श्रृंखला की शुरुआत से



अब तक उनके स्कोर का क्रम 10, 9, 24, नाबाद 37, 5 और 15 है। अभी तक केवल एक बार वह अच्छी फॉर्म में दिखे थे। वह कैनबरा में था जब उन्होंने कप्तान सूर्यकुमार यादव के साथ अच्छी साझेदारी की थी।

बारिश के कारण यह मैच रद्द कर दिया गया था। गिल को फुल लेंथ की गेंदों से परेशानी हो रही है, जिनमें मूवमेंट की झलक दिख रही है। चिंता की बात यह है कि गिल अभी तक अपनी चिर परिचित लय में नहीं दिखे हैं। भारत के लिए अच्छी बात यह है कि अभिषेक शर्मा ने विश्व के नंबर एक टी20 बल्लेबाज की अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन किया है और टीम को उनसे एक बार फिर एक और जोरदार पारी की उम्मीद होगी। गिल को एक सप्ताह के भीतर लाल गेंद से खेलना शुरू करना होगा और अगर वह किसी भी प्रारूप में खेल रहे हों तो कुछ रन बनाने से उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पहले और तीसरे मैच में अच्छी शुरुआत के साथ अपनी पुरानी फॉर्म की झलक दिखाई है लेकिन अब वह बड़ा स्कोर बनाना चाहेंगे क्योंकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अगली श्रृंखला से पहले उन्हें एक महीने का ब्रेक मिलेगा। इस बीच, उम्मीद की जा रही है कि सूर्यकुमार पुडुचेरी के खिलाफ मुंबई की ओर से रणजी ट्रॉफी मैच खेलेंगे। अर्शदीप सिंह के शामिल होने से गेंदबाजी विभाग अधिक मजबूत दिखता है, जबकि कुलदीप यादव को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला की तैयारी के लिए वापस भेज दिया गया है। टीम प्रबंधन का मुख्य मुद्दा हमेशा से यह रहा है कि कुलदीप और अर्शदीप दोनों को एक साथ नहीं खिलाया जा सकता।

लेकिन फिलहाल ऐसी कोई समस्या नजर नहीं आती है। वाशिंगटन सुंदर की मौजूदगी में भारतीय बल्लेबाजी मजबूत नजर आती है। वाशिंगटन ने पिछले मैच में 23 गेंद पर नाबाद 49 रन बनाकर भारत को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। ऑस्ट्रेलियाई टीम अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए कप्तान मिशेल मार्श और टिम डेविड पर काफी हद तक निर्भर रहेगी। हेड की अनुपस्थिति में मार्श मैथ्यू शॉर्ट को अपना सलामी जोड़ीदार बना सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया को हालांकि अपने गेंदबाजी विभाग में बदलाव करने पड़ सकते हैं क्योंकि सीन एबॉट अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और बेन ड्वार्शुइस या महली बियर्डमैन में से किसी एक को उनकी जगह पर लाया जा सकता है। मैच दोपहर 1:45 बजे शुरू होगा।

# स्मृति, जेमिमा, हरमनप्रीत भारतीय क्रिकेट की नयी ब्रांड हैं : घावरी



मुंबई। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज करसान घावरी ने महिला वनडे विश्व कप विजेता भारतीय टीम की जमकर प्रशंसा करते हुए बुधवार को हरमनप्रीत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स और स्मृति मंधाना को भारतीय क्रिकेट का नया ब्रांड करार दिया। भारतीय महिला टीम ने रविवार को नवी मुंबई में खेले गए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर पहली बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का कोई टूर्नामेंट जीता। घावरी ने कहा, भारतीय महिला टीम की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। उन्होंने पूरे विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन किया विशेष कर ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आखिरी दो मैच में उनका प्रदर्शन शानदार रहा। वह विश्व कप जीतने की असली हकदार थी। घावरी ने यहां पुलिस जिमखाना में शारीरिक रूप से दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए अंतर-राज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन के दौरान कहा, जैसे पुरुष टीम में विराट, रोहित और गिल हैं, वैसे ही स्मृति, जेमिमा और हरमनप्रीत अब भारतीय क्रिकेट की नई ब्रांड हैं। उन्होंने कहा विश्व कप जीतना बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने न सिर्फ भारत में रहने वाले लोगों बल्कि विदेशों में रहने वाले भारतीयों का सिर भी गर्व से उंचा कर दिया है।

### पाकिस्तान की दक्षिण अफ्रीका पर रोमांचक जीत

फैसलाबाद। पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका की अपेक्षाकृत कमजोर टीम के खिलाफ कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरने के बाद निचले क्रम के बल्लेबाजों के सहयोग से पहले एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दो विकेट से जीत दर्ज की। पाकिस्तान के सामने 264 रन का लक्ष्य था लेकिन अच्छी शुरुआत के बावजूद उसकी पारी लड़खड़ा गई और आखिर में वह अंतिम ओवर में आठ विकेट खोकर लक्ष्य तक पहुंच पाया। इस बीच दक्षिण अफ्रीका ने अंतिम पांच ओवरों में चार विकेट लेकर पाकिस्तान को मुश्किल में डाल दिया था।

# स्वर्ण पदक पर निगाह, यूपी टीम में जगह बनाने की भी होगी चुनौती

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के 45 जिलों के खिलाड़ी 41वीं सब जूनियर, नौवीं कैडेट एवं 42वीं सीनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप में न सिर्फ 94 स्वर्ण पदकों के लिए दमखम दिखाएंगे, बल्कि उनके सामने उत्तर प्रदेश टीम में जगह बनाने की भी चुनौती होगी। उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में लखनऊ जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा इस चैंपियनशिप का आयोजन 6 से 8 नवंबर 2025 तक केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी बहुउद्देश्यीय हॉल में किया जा रहा है। चैंपियनशिप की पूर्व संध्या पर आज प्रतिभागी टीमों में शामिल खिलाड़ियों का वजन किया गया। उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह शैलू व सचिव राजकुमार ने बताया कि चैंपियनशिप में मेजबान लखनऊ सहित 45 जिलों के 800 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। चैंपियनशिप में विभिन्न आयु वर्गो के खिलाड़ी क्योरगी (फाइट) व पूमसे (फॉर्म) की स्पधाओं में 94 स्वर्ण, 94 रजत व 188 कांस्य पदकों के लिए चुनौती पेश करेंगे। चैंपियनशिप में बालक व बालिका वर्गो में क्योरगी में सब जूनियर में 14-14, कैडेट में 10-10 और सीनियर में 8-8 जबकि पूमसे में 30 श्रेणियों में स्पधाएं होंगी। चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता आगामी राष्ट्रीय सब जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप, राष्ट्रीय सीनियर ताइक्वांडो चैंपियपनशिप और आगामी राष्ट्रीय कैडेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

> 41वीं सब जूनियर, नौवीं कैडेट एवं 42वीं सीनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप 6 नवंबर से

### एशियाई कप क्वालीफायर में छेत्री का नाम नहीं

नयी दिल्ली। भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच खालिद जमील ने बुधवार को बांग्लादेश के खिलाफ औपचारिकता के एशियाई कप क्वालीफायर मुकाबले के लिये 23 सदस्यीय संभावित खिलाड़ियों की सूची जारी की जिसमे करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री का नाम नहीं है। यह मैच ढाका में 18 नवंबर को खेला जायेगा। भारत 2027 में सउदी अरब में होने वाले मुख्य टूर्नामेंट में जगह बनाने में नाकाम रहा है। पिछले महीने मडगांव में सिंगापुर ने उसे 2 -1 से हराया था। समझा जाता है कि कुछ और खिलाड़ियों के नाम बाद में इस सूची में जोड़े जायेंगे। आम तौर पर अंतिम टीम में 23 खिलाड़ी होते हैं। अभी यह पता नहीं है कि छेत्री का नाम इसमे होगा या नहीं। उन्होंने संन्यास का फैसला वापिस लेकर क्वालीफायर खेलने का फैसला किया था लेकिन भारत क्वालीफाई नहीं कर सका।

# जोकोविच ने टेनिस की वापसी पर जीत हासिल



**एजेंसी**

एथेंस। नोवाक जोकोविच ने यूनान में 30 साल से भी अधिक समय के बाद किसी शीर्ष स्तर के टेनिस टूर्नामेंट की वापसी पर शुरू में संघर्ष करने के बाद सीधे सेटों में जीत हासिल करके हेलेनिक चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। यूनान में 1994 के बाद पहली बार आयोजित किए जा रहे एलीट स्तर के टूर्नामेंट के पहले दौर में चिली के एलेजांद्रो ताबिलो को 7-6 (3), 6-1 से पराजित किया। पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों ने दबाव में अपनी सर्विस बरकरार रखी, जब तक कि जोकोविच टाईब्रेकर में जीत नहीं गए। दूसरे सेट में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने दो बार ताबिलो की सर्विस तोड़ी और मैच 90 मिनट में अपने नाम कर दिया। इस वर्ष की शुरुआत में अपने परिवार के साथ एथेंस में बसने वाले जोकोविच ने मैच के बाद कहा एथेंस ने खेलना वास्तव में घर जैसा लगता है।

यहां के लोग मेरे साथ बहुत दोस्ताना व्यवहार करते हैं जिसने वास्तव में मेरे दिल को छू लिया। वहीं दूसरी ओर गत चैंपियन कोको गॉफ ने जैस्मीन पाओलिनी पर 6-3, 6-2 से जीत के साथ डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। गॉफ को टूर्नामेंट के अपने शुरुआती मुकाबले में जेसिका पेगुला से तीन सेटों में हार का सामना करना पड़ा था।

उनका अगला मुकाबला शीर्ष रैंकिंग वाली एरिना सबालेंका से होगा। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए उन्हें इस मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। सबालेंका ने पेगुला को 6-4, 2-6, 6-3 से हराकर पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह सुरक्षित कर ली है।

### रिचा घोष को सोने की परत वाली गेंद और बल्ला देगा कैब

कोलकाता। बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) भारत की विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष को महिला विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिये यहां शनिवार को ईडन गार्डंस पर एक भव्य सम्मान समारोह में खास तौर से बनाये गए सोने की परत चढा बल्ला और गेंद प्रदान करेगा। भारत की ऐतिहासिक खिताबी जीत की शिल्पकारों में से एक रिचा ने आठ पारियों में 133 . 52 की स्ट्राइक रेट से 235 रन बनाये। वह टीम के लिये सर्वाधिक रन बनाने वाली पांच बल्लेबाजों में से थी। भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली और महान तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी के हस्ताक्षर वाला बल्ला उन्हें भारतीय क्रिकेट में अतुलनीय योगदान के लिये प्रदान किया जायेगा।

# वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराया

**एजेंसी**

ऑकलैंड। वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड को पहले टी-20 में 7 विकेट से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। ऑकलैंड के ईडन पार्क में बुधवार को न्यूजीलैंड ने बॉलिंग चुनी। वेस्टइंडीज ने 6 विकेट खोकर 164 रन बनाए। कीवी टीम 9 विकेट खोकर 157 रन ही बना पाई।

कप्तान शाई होप की फिफ्टी टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी वेस्टइंडीज ने पहले ही ओवर में ब्रैंडन किंग का विकेट गंवा दिया। किंग ने 3 रन बनाए। एलिक एथनाज 16 और अकीम ऑगस्टे 2 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। कप्तान शाई होप ने फिर रोस्टन चेज के साथ पारी संभाली। होप ने फिफ्टी लगाई और टीम को 100 के करीब पहुंचा दिया। होप 39 गेंद पर 53 रन बनाकर आउट हुए। रोस्टन चेज ने फिर टीम को 150 तक पहुंचाया। चेज ने 28 रन बनाए। आखिर में रोवमन पॉवेल ने 33 रन बनाकर टीम को 164 रन तक पहुंचा



दिया। जेसन होल्डर 5 और रोमारियो शेफर्ड 9 रन बनाकर नॉटआउट रहे। फॉल्क्स और डफी को 2-2 विकेट न्यूजीलैंड के लिए जैकरी फॉल्क्स ने 35 रन देकर 2 विकेट लिए। जैबक डफी ने 19 रन देकर 2 विकेट झटके। काइल जैमिसन और जैम्स नीशम को 1-1 विकेट मिला। कप्तान मिचेल सैंटनर और रचिन रवींद्र कोई विकेट नहीं ले सके। न्यूजीलैंड की खराब शुरूआत 165 रन के टारगेट के सामने कीवी टीम की शुरूआत खराब रही।

# राहुल, कुलदीप व बावुमा की नजर अच्छी तैयारी पर

**एजेंसी**

बेंगलुरु। भारत ए के कप्तान ज षभ पंत पहले मैच की तरह अपनी फॉर्म और फिटनेस बरकरार रखने के इरादे से मैदान पर उतरेंगे जबकि मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव जैसे खिलाड़ी गुरुवार से यहां तेम्बा बावुमा की अगुवाई वाली दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ होने वाले दूसरे चार दिवसीय मैच में लाल गेंद से महत्वपूर्ण मैच अभ्यास हासिल करने की कोशिश करेंगे। पंत ने बीसीसीआई सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस के इसी मैदान पर पिछले सप्ताह खेले गए पहले मैच में विकेटकीपर के रूप में 139.3 ओवर बिना किसी परेशानी के खेले और साथ ही बल्लेबाज के रूप में 133 गेंदें खेली। उन्होंने दूसरी पारी में 90 रन बनाकर अपनी बल्लेबाजी फॉर्म का भी अच्छा परिचय दिया। फिटनेस की चिंता पूरी तरह से पीछे छूट जाने के बाद बाएं हाथ का यह बल्लेबाज अब 14 नवंबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले एक बार फिर अपने खेल के चरम पर पहुंचने की कोशिश करेगा। सिराज, केएल राहुल और कुलदीप स्वदेश लौटने से पहले भारत के ऑस्ट्रेलिया के मौजूदा सफेद गेंद के दौरे का हिस्सा थे और अब वे दक्षिण अफ्रीका ए जैसी प्रतिस्पर्धी टीम के खिलाफ अपने लाल गेंद के कौशल को निखार सकते हैं। पहले मैच में भारतीय टीम ने तीन विकेट से जीत हासिल की थी और दक्षिण अफ्रीका की टीम अब श्रृंखला बराबर करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। बल्लेबाजों के

> भारत ए बनाम दक्षिण अफ्रीका ए चार दिवसीय मैच



नजरिए से, दक्षिण अफ्रीका ए के तेज गेंदबाजों ने पहले मैच के अंतिम दिन शॉर्ट पिच गेंद की रणनीति का अच्छा इस्तेमाल किया और पंत सहित अधिकतर भारतीय बल्लेबाजों को परेशान किया था। दक्षिण अफ्रीका की सीनियर टीम 14 नवंबर से शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला में इस रणनीति पर चलती है या नहीं यह तो समय ही बताएगा लेकिन उसके कप्तान बावुमा यहां फिर से इसको परखने की कोशिश कर सकते हैं। यहां की पिच से तेज गेंदबाजों को लगातार उछाल के रूप में काफी मदद मिल रही है और अगर दक्षिण अफ्रीका अपनी रणनीति पर कायम रहता है तो फिर यहां खेलने वाले भारतीय बल्लेबाजों को दो सप्ताह बाद कागिसो रबाडा और मार्को यानसन जैसे तेज गेंदबाजों का सामना करने से पहले अच्छी तैयारी का मौका मिलेगा। भारत ए के पास भी प्रसिद्ध कृष्णा जैसे तेज गेंदबाज हैं और आकाश दीप भी टेस्ट टीम में वापसी के लिए तैयार हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में शामिल प्रसिद्ध और आकाश ने अपना अंतिम टेस्ट मैच ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट मैच में खेला था। जहां तक दक्षिण अफ्रीका का सवाल है तो पिंडली में खिंचाव के कारण हाल ही में पाकिस्तान दौरे से बाहर रहे बावुमा लय हासिल करने के लिए बेताब होंगे। मैच सुबह 9.30 बजे शुरू होगा।

